यंत्र, मंत्र, तंत्र विद्या

संग्रहकर्ता :

श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी महाराज

श्री १०५ गणनी आर्यिका श्री विजयमती माताजी

विदुषी रत्न, सम्यक्ज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद

शान्ति कुमार गंगवाल
प्रकाशन सयोजक

लल्लूलाल जैन गोधा
प्रबन्ध सम्पादक

●

प्रकाशक :

कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति

कार्यालय : १६३६, घी वालों का रास्ता,
कसेरों की गली, जौहरी बाजार,
जयपुर—३०२००३ (राजस्थान)

☐ प्रथम सस्करण १००० प्रतियाँ

☐ भगवान वाहुवली सहस्त्राब्दि महामस्तकाभिषेक
महोत्सव दिनांक २२ फरवरी, १९८१

☐ मूल्य : [illegible]) रु० मात्र
(डाक व्यय अतिरिक्त)

☐ मुद्रक : **राजस्थान प्रिंटिग वर्क्स,**
किशनपोल बाजार,
जयपुर ।

☐ ब्लाक निर्माता : **जुब्ली ब्लाक वर्क्स,**
जौहरी वाजार, जयपुर, (राजस्थान)

प्राप्ति स्थान :

☐ श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागरजी
महाराज सघ ।

☐ **शान्ति कुमार गंगवाल,**
१९३६, घी वालों का रास्ता,
कसेरो की गली, जौहरी बाजार,
जयपुर—३०२००३ (राजस्थान)

☐ **लल्लूलाल जैन गोधा**
सम्पादक, जयपुर जैन डायरेक्टरी,
४९९, पं० चैनसुखदास मार्ग,
किशनपोल बाजार, जयपुर—३ (राज०)

ॐ
पद्मावती पार्श्वनाथाय नमः
श्री १०८ आचार्य महावीर कीर्ति
मंत्र
यंत्र
तंत्र
ग्रंथ
卐 संग्रह कर्ता 卐
श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथु सागर जी महाराज
श्री गणनी सि० वि० १०५ आर्यिका विजयमती माताजी
श्री णमोकार महामंत्र
णमो अरिहंताणं
णमो सिद्धाणं
णमो आइरियाणं
णमो उवज्झायाणं
णमो लोए सव्व साहूणं
एसो पञ्च णमोयारो, सव्व पाव प्पणासणो।
मङ्गलाणं च सव्वेसिं पढमं होई मङ्गलम्॥

श्री १००८ भगवान पार्श्वनाथ

श्री धरणेन्द्र श्री पद्मावती देवी

श्री बाहुबली स्वामी

श्रवण बेल गोला (मैसूर) मे ५७ फुट ऊ ची विशाल प्रतिमा

विश्व का आकर्षण एव आठवाँ आश्चर्य

श्री दिगम्बर जैनाचार्य निमित्तज्ञान शिरोमणि
१०८ विमलसागर जी महाराज

श्री दिगम्बर जैनाचार्य १०८ सन्मतिसागरजी महाराज

श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथु सागरजी महाराज लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का संग्रह करते हुए।

श्री गणिनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न, सम्यक्ज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद

विजयमती माताजी

शुभाशीर्वाद एवं शुभ-कामनाएँ–

निमित्त ज्ञान शिरोमणी
श्री १०८ आचार्य विमलसागरजी महाराज

"श्री लघु विद्यानुवाद" नामक ग्रन्थ श्री १०८ आचार्य कुन्थु सागरजी ने सकलन कर समाज के प्राणीमात्र को श्री १०८ श्री मन्त्रवादी विद्यानन्दजी की अक्कीवाट की कृति को संभाल कर लिखा है, वह समाज की निधि है। द्वादशांग का एक अंग है, जो लौकिक कार्य के साथ-साथ पारलौकिक, धर्म ध्यान, शुक्ल ध्यान का कारण बने।

श्री १०८ आचार्य विमलसागर

श्री १०८ उपाध्याय मुनि
श्री भरतसागरजी महाराज

अनादिकाल से मानव जीवन विभिन्न शक्तियो के आधार पर टिका हुआ है। शारीरिक, मानसिक, मांत्रिक, तात्रिक यात्रिक और आध्यात्मिक आदि सभी शक्तियो की अपनी-अपनी विभिन्न सत्ता है। शारीरिक, मानसिक शक्ति के आधार पर यदि यह मानव अपने सासारिक जीवन को सुन्दर, उत्तम बना सकता है, तो मात्रिक, तात्रिक एवं यांत्रिक शक्ति के आधार पर यह स्व और पर का उपकार कर जीवन में नई शक्ति का सचार कर सकता है। इन सब मे महान शक्ति की दायिनी, अक्षुण्ण शाश्वत सुख की दायिनी आध्यात्मिक शक्ति है।

भारतीय इतिहास की खोज करने पर ज्ञात होता है, कि भारत के श्रमण महर्षियों ने जीवन मे सभी शक्तियो को पूर्ण स्थान दिया है। मांत्रिक, तांत्रिक, यांत्रिक शक्तियों को जहां आज का युग झूठा, मिथ्या एव पाखण्ड नाम से पुकारता है, वहाँ कुन्द कुन्दादि जैसे महान् अध्यात्म योगियो ने मांत्रिक शक्ति के बल पर "दिगम्बर धर्म को आदि धर्म घोषित करवाकर" श्रमण परम्परा की, श्रमण संस्कृति की रक्षा की है।

मन्त्र विद्या, तन्त्र विद्या, यन्त्र विद्या झूठ या मिथ्या नही हैं। मिथ्या है तो हमारा श्रद्धान है। पहले उसी मन्त्र से शीघ्र कार्य की सिद्धि देखी जाती थी, परन्तु आज तुरन्त या शीघ्रता से मन्त्र सिद्धि नही पायी जाती है, इसका दोष हम मन्त्रो को देते है, परन्तु क्या मन्त्र, तन्त्र गलत है, नही, मन्त्र भी गलत नही है, तन्त्र भी गलत नही है, गलत है, तो हम है और हमारा श्रद्धान है।

वर्तमान समय मे श्री १०८ आचार्य कुन्थुसागर जी महाराज ने लुप्त हुई इस मन्त्र, तन्त्र विद्या को पुन जीवन्त वनाने के लिए वहुत उत्तम प्रयास कर "लघु विद्यानुवाद" नामक पुस्तक का सृजन किया है। मेरी यही शुभ कामना है कि यह पुस्तक हम भूले मानवो को अपनी भूली हुई शक्तियो का स्मरण कराकर सही मार्ग प्रशस्त करने मे पूर्ण सफल एव सक्षम सिद्ध होगी। और ग्रन्थ प्रकाशन मे जो श्री शान्तिकुमार जी गगवाल आदि कार्य कर्त्ता हैं उन सभी को हमारा आशीर्वाद है।

उपाध्याय मुनि श्री भरतसागर

क्षुल्लक श्री १०५ सिद्धसागर जी महाराज

परम पूज्य श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थु सागरजी महाराज ने 'लघुविद्यानुवाद' का सकलित करवा के व स्वतः परिश्रम द्वारा तैयार करके तथा आमुख (भूमिका) लिखकर इस ग्रन्थ को सपादन के योग्य बनाया है। उक्त ग्रन्थ श्री परम पूज्य १०८ आचार्यवर्य महावीर कीर्ति यन्त्र, तन्त्र, मन्त्रादि सग्रह अपर नाम लघु विद्यानुवाद का मैने अवलोकन किया है। यह ग्रन्थ समाज के लिये अनिषिद्ध विषयो मे बहुत उपयोगी रहेगा। महाराज को मै सभक्ति सादर त्रिवार नमोऽस्तु निवेदन करता हूँ, तथा ग्रन्थ प्रकाशन मे तत्पर कार्यरत परम जिनभक्त परायण सगीतज्ञ कपूरचन्दजी पाण्ड्या, शातिकुमारजी गगवाल व अन्य इनके सहयोगी सज्जनवर्ग शुभाशीर्वाद के पात्र है। प्रेस कापी आदिक कार्यो मे इनको पूर्ण सफलता प्राप्त हो।

क्षु० सिद्धसागर

मोजमावाद,
जयपुर (राजस्थान)

राजभवन,
जयपुर
जनवरी ३१, १६८१

सन्देश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री दि० जैन कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति, जयपुर, आचार्य श्री कुन्थुसागर जी द्वारा सग्रहीत लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का वृहत प्रकाशन कर रही है।

जैन धर्म के अनुयायियो एव जनसाधारण के लिये इस ग्रन्थ का प्रकाशन, सग्रहीत, यन्त्र, मन्त्र और तन्त्र विद्या की जानकारी के लिये, उपादेय होगा, ऐसी मै आशा करता हू और इस अभिनत प्रकाशन की सफलता के लिए मगलकामना करता हू।

(रघुकुल तिलक)

श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथु सागर जी महाराज

का

— आशीर्वादात्मक मंगल वचन :—

श्री १००८ भगवान अरह त देव के शासन मे द्वादशाग रूप जिनवाणी कही है और द्वादशाग को धारण करने वाले भगवान महावीर की आचार्य परम्परा मे आने वाले अन्तिम श्रुत केवलि आचार्य भद्र बाहु हुये। वे आचार्य अष्टाग निमित्त ज्ञान के ज्ञाता थे। उसके वाद स्मरण शक्ति के कम हो जाने पर द्वादशाग रूप श्रुत ज्ञान को धारण करने वाले कम हो गये। यहा तक कि कम होते २ धरषेणाचार्य को अ ग रूप का ज्ञान का कुछ अश का ज्ञान था। उनकी महान् कृपा से आज जो श्रुत ज्ञान दृष्टि गोचर हो रहा है वह उन्ही की कृपा दृष्टि है। ग्यारह अग चौदह पूर्व रूप श्रुत ज्ञान है। तदन्तर्गत जिनागम मे विद्यानुवाद दशम पूर्व है। वह विद्यानुवाद पूर्व अनेक यन्त्र मन्त्रो रूप महासागर से भरा हुआ है। जिसको पार करने मे समर्थ केवली, श्रुत केवली ही होते है। उस

विद्यानुवाद पूर्व मे अनेक प्रकार की विद्याये है, वह १२०० सो लघु विद्या, ७०० महा विद्याओ से भरा हुआ है। नाना प्रकार के चमत्कारो से अलकृंत है। ऐसे विद्यानुवाद का वीतरागी निर्ग्रन्थ साधु राज मात्र श्रुत ज्ञान प्राप्ति के अर्थ एकाग्रता से इन्द्रिय विजयी होकर अध्ययन करते है। अध्ययन करने मात्र से नाना प्रकार की विद्याये सम्मुख आकर खडी हो जाती है। साधु राज से कहने लगती है, हमारे लिये क्या आज्ञा है? "साधु भी सन्मुख हुई विद्याओ को कह देते है कि तुमसे हमारा कोई प्रयोजन नही है। ऐसे वीतरागी साधु ही विद्यानुवाद रूप समुद्र को पार करते है निस्पृही होकर। उनका मात्र उद्देश्य वस्तु स्वभाव की प्राप्ति का रहता है और जो शुभोपयोग मे ज्यादातर रहते है और शुद्धोपयोग मे कम रहते है वे भी विशेष धर्म प्रभाव नार्थ धार्मिक विद्याओ से काम लेते है। अन्यथा कभी भी उन विद्याओ

की तरफ दृष्टिपात भी नही करते। इस हुंडा वसर्पिणी पचम काल मे उस महान् सागर रूप विद्यानुवाद का लोप हो गया। क्योंकि वीतरागी साधुओ की दृष्टि वीतरागता की और रही और ये वीतरागता मे बाधक है। इसलिये केवली प्रणीत विद्यानुवाद प्राय नष्ट हो गया। आज समाज मे हस्त लिखित विद्यानुवाद की प्रतिया दृष्टि गोचर है। वे भी इस काल के लोगो के लिए महान् है। मुस्लिम काल मे एव अन्य आनताइयो के काल मे हमारे जैन गृहस्थाचार्य भट्टारको ने उस महान सागर रूप विद्यानुवाद के अश रूप पाठको को बचाया और उनमे विद्याये सिद्ध सिद्ध कर जैन धर्म का रक्षण किया। आज विद्यानुवाद की जो भी प्रतिया उपलब्ध है वे जगह जगह अशुद्ध एव जीर्ण हो गई है। वर्तमान साधु समाज व भट्टारक समाज मे कोई ऐसा नही जो चमत्कारो द्वारा जैन धर्म को प्रभावना करे। आज जैन धर्मनुयायियो की भावनाओ मे विकार आ गया है, और समाज पतन की ओर जा रहा है। वीतराग धर्म की ओर लोगो की आस्था कम हो गई है और मिथ्या धर्मो की और समाज का झुकाव अधिक है। सामाजिक वातावरण अत्यन्त दयनीय है। सभी मिथ्या देव शास्त्र गुरु की पूजा मे सलग्न है। क्योकि लोगो में श्रद्धान पाया जाता है कि इनसे ही हमारा सकट टल जाता है, परन्तु ऐसा होता नही। ऐसे व्यक्तियो के लिये यह लघु विद्यानुवाद की रचना की है। इसमे नाना प्रकार के मन्त्र यन्त्र है। अनेक प्रकार के तन्त्र एव औषधिया है। आज के मिथ्याचरण युक्त समाज के लिये यह हस्तावलबन के समान है। यह ग्रन्थ लोगो को मिथ्यात्व से बचायेगा जो श्रद्धापूर्वक व विधि पूर्वक यन्त्रो मन्त्रो तन्त्रो का आश्रय लेगा उसके मनवाछित लोकिक कार्यो की सिद्धी होगी। आज कल वर्तमान शास्त्र भण्डारो मे मिलने वाले विद्यानुवाद की प्रतियो का लघु अश रूप ग्रन्थ सग्रहित किया है वह तो पूर्वाचार्य श्री मल्लिषेणाचार्य कृत है। उस विद्यानुवाद रूप लघु सागर को हम जैसे मद बुद्धि तैरने को समर्थ नही है। इसलिये सरल भापा मे लघु विद्यानु-वाद बनाया है। मै आशा करता हू कि हमारा जैन समाज इससे लाभान्वित होगा। तभी हमारा परिश्रम कार्यकारी होगा। इस विद्यानुवाद मे वर्णित शान्ति कर्म, पौष्टिक कर्म, वश्य कर्म आक-र्षण कर्म, स्तम्भन कर्म विद्वेषण कर्म, उच्चाटन कर्म के मन्त्र यन्त्र तन्त्र दिये हैं। अनेक जगह अशुद्ध द्रव्यो का प्रयोग भी आया है। लेकिन क्या करे यह मन्त्र शास्त्र है। इसमे मैने अपनी और से इस ग्रन्थ मे कुछ नही लिखा है जिस प्रकार हमको वर्णन मिला उन सबका उल्लेख करना पडा है। हमारा अपना कोई स्वतन्त्र भाव नही है। इस ग्रन्थ मे जो भी मन्त्र तन्त्र यन्त्र है वे हमारे गुरु विश्व वदनीय जैनाचार्य अध्यात्म योगी समाधि सम्राट श्री १०८ आचार्य महावीर कीर्ति जी महाराज के कई गुट के कापियो मे सग्रहित किये हैं। इसके अलावा और भी अनेक पूर्व हस्तलिखित मन्त्र शास्त्रो से संकलन किया है जो सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी की देन है। सोनागिरी पर्वत पर नं० २५ जिनालय श्री मल्लीनाथ प्रभु के

चरणो के सानिध्य मे बैठ कर संग्रह किया है। इस प्रकार का ग्रन्थ जैन परम्परा में आज तक प्रकाशित नही हुआ है। हस्तलिखित तो पाया जाता है किन्तु वो भी प्रक्षेप रूप मे है इस एक ही ग्रन्थ मे गागर मे सागर भरने कहावन रूप प्रयास किया है। मुझे ग्रन्थ के सग्रह करने मे बहुत परिश्रम करना पडा है। लेकिन मुझे पदस्थ ध्यान का अपूर्व लाभ हुआ। पदस्थ ध्यान मन्त्रो की ध्यान साधना से होता है और इसमे मन एकाग्र होता है। मन की एकाग्रता से कर्म निर्जरा होती है। यह भी भगवान की वाणी है। विद्याधर मनुष्य नित्य ही इन मन्त्रो का ध्यान व साधना करते हैं।

प्रस्तुत मन्त्र शास्त्र मे मारण उच्चाटन आदि हानि पहुचाने वाली क्रियाए भी वर्णित है उन क्रियाओ मे साधक किसी भी प्रकार हाथ न लगावे। हमारा वितराग धर्म अहिंसा मयी है। जो मारण कर्म उच्चाटन कर्म दूसरो को हानि पहुंचाने की क्रिया करता है। वह महान् पातकी कहलाता है, और सबसे अधिक हिसा के दोप का भागी होता है।

वीतराग धर्म या (हम) सग्रहकर्ता किसी भी प्रकार से इन क्रियाओ मे साधक को प्रवेश करने की आज्ञा नही देते। शान्ति कर्म पोष्टिक कर्म या दूसरो को हानि पहुचाने रूप क्रियाओ मे प्रवेश करने रूप भाव भी करेगा तो वह वीतराग धर्म के नष्ट करने रूप पाप का अधिकारी होगा। महान् हिंसक होगा। हाँ इन क्रियाओ मे कब प्रवेश करे, जबकि कही सच्चे देव शास्त्र गुरु पर उपसर्ग आया हो अथवा कोई धर्म सकट आया हो, किसी सती की रक्षा करना हो। धर्मात्मा के प्राण सकट मे हो। तब इन क्रियाओ को शुद्ध सम्यगदृष्टि श्रावक है वेही, करे। इस शास्त्र मे जो मन्त्र, यन्त्र और तन्त्र है उनको मिथ्यादृष्टियो के हाथ मे न दे। जो भी ऐसा करेगा उसे बाल हत्या का पाप लगेगा। हमने इस शास्त्र का सग्रह मात्र जैन समाज के हितार्थ किया है। कही कही मन्त्रो की विधि समझ मे नही आने के कारण ज्यो की त्यो लिख दी है और लगभग सभी जगह मन्त्रो की विधि बुद्धि के अनुसार स्पष्ट की है। इस ग्रन्थ को सग्रहित करने मे म त्रो की विधि लिखने मे किसी प्रकार की त्रुटि रही हो तो उसे विशेष म त्र शास्त्र के जानने वाले शुद्ध करे हमने तो अपने अल्प ज्ञानानुसार शुद्ध कर सग्रह किया है।

इस ग्रन्थ के कार्य मे हर समय १०८ आचार्य सन्मार्ग दिवाकर विमलसागरजी महाराज का आशीर्वाद रहा है और श्री गणनी १०५ आर्यिका सिद्धान्त विशारद सम्यक ज्ञानशिरोमणि विजय मती माताजी का ग्रन्थ सग्रह मे कार्य पूर्ण सहयोग व दिग्दर्शन रहा है। माताजी को मेरा पूर्ण आशीर्वाद है।

विभिन्न मुद्राओं के नाम व लक्षण के साथ चित्र व २४ यक्ष यक्षणियों के चित्र भी दिये है। चित्रकार श्री गोतम जी गोधा लशकर वालो ने चित्रों का चित्रण करके ग्रन्थ के एक अंग की पूर्ति की है उनको भी हमारा आशीर्वाद है कि उनकी चित्रकला उत्तरोत्तर वृद्धि गत हो और धर्म प्रभावना करे। इस ग्रन्थ की प्रेस कापी करने मे दर्शना कुमारी पाटनी भोपाल, महावीर कुमार, आशा कुमारी जैन दतिया, होरामणी जयपुर ने सहायता की है, उनको भी हमारा आशीर्वाद है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे कार्य रत्त धर्म स्नेही सगीताचार्य श्री शान्ति कुमार जी गगवाल, श्री लल्लू लालजी गोधा, हीरा लाल जी सेठी, मोतीलाल जी हाडा, कपूरचन्द जी पाण्ड्या, सुशीलकुमार गगवाल, प्रदीपकुमार गगवाल श्रीमती कनक प्रभा जी हाडा, श्रीमती मेमदेवी गगवाल, श्री रमेश चन्द जी जैन को हमारा पूर्ण आशीर्वाद है। ऐसा ही धर्म कार्य आप लोग सदैव करते रहे।

१०८ आचार्य गणधर
कुंथुसागर

१०५ आर्यिका विजयमतीजी का ग्रंथ की उपयोगिता के बारे में प्रकाश एवं आशीर्वाद

परम पूज्य समाधि सम्राट १०८ आचार्य श्री महावीर कीर्ति जी महाराज विश्व की अनुपम निधि थे। आपने न केवल जैन जाति, धर्म व सस्कृति का ही रक्षण किया, अपितु विश्व कल्याण लोक हित का भी सम्मान किया। मन्त्र तन्त्र विद्या पर आपका सर्वाधिक अधिपत्य रहा। और उससे लोक हित का कार्य भी किया। उनके शास्त्रो गुटको, डायरियो में य त्र त त्र विखरी मणियो को एक सूत्र मे पिरोकर कण्ठहार वनाने का प्रयत्न प्रस्तुत ग्रन्थ मे किया हैं। मेरे पास स्वय उनके द्वारा कराये गये नोट भी थे। उनको एवं अन्यत्र से भी चुन चुन कर सग्रह किया है। जिससे इस ग्रन्थ का महत्व न केवल व्यावहारिक जीवन मे ही उपयोगी है अपितु आध्यात्मिक जीवन मे भी लाभकारी, सहयोगी होगा। इसके प्रकाशन का कार्य "कुन्थु विजय ग्रन्थ माला" अत्यन्त लगन से कर रही है। श्री शान्ति कुमार जी गगवाल का पूर्ण सहयोग है। उन्ही के पुरुषार्थ और धैर्य से यह कार्य हो रहा है। यह महान गौरव का विषय है। मेरा उन्हे पूर्ण आशिर्वाद है। वे इस कार्य मे सफलता प्राप्त करे और जिनवाणी प्रचार से निर्मल ज्ञानी वनते हुए पूर्ण ज्ञानी वने। अन्य समस्त कार्य कर्त्ताओ को भी ज्ञानावरणी कर्म के क्षयोपशम विशेष की प्राप्ति हो। मिथ्यात्व का नाश और सम्यक्त्व की प्राप्ति इस ग्रन्थ के माध्यम से पाठको को हो, यही मेरी सद्भावना, आशीर्वाद है।

गणनी १०५ आर्यिका

विजयमती

वयोवृद्ध तपस्विनी पूज्य १०५ आर्यिका श्री धर्ममती माताजी

श्री १०८ आचार्य गणधर कुंथुसागर जी महाराज व श्री गणनी १०५ आर्यिका विजय मती माताजी ने कठोर श्रम कर के जन कल्याणार्थ लघु विधानुवाद ग्रन्थ का संग्रह किया है, जो कि यन्त्र, मन्त्र, तन्त्र विद्या की प्रामाणिक सामग्री लिये हुये प्राचीन अद्भूत अलभ्य यन्त्रों के साथ प्रकाशित किया जा रहा है।

उपरोक्त ग्रन्थराज के लिए मैं आशा करती हूँ कि समाज निश्चित रूप से लाभान्वित होगा। ग्रन्थ प्रकाशन कार्य में संलग्न जयपुर निवासी श्री शान्ति कुमार जी गंगवाल, श्री लल्लूलाल जी जैन, गोधा व इनके सहयोगीगण जो अकथ परिश्रम कर के, लग्न व निष्ठा के साथ इसका प्रकाशन करवा रहे हैं, उन्हें आशीर्वाद देती हूँ कि इनको इस कार्य में पूर्ण सफलता प्राप्त हो।

—आर्यिका धर्ममती

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री
भारत
Minister of Petroleum,
Chemicals & Fertilizers
India.
नई दिल्ली-११०००१, ६ फरवरी, १६८१

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री दि० जैन कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति द्वारा गोम्मटेश्वर भगवान बाहुबली, श्रवणबेलगोला सहस्त्राब्दि महामस्तकाभिषेक महोत्सव के पुण्य अवसर पर श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागर जी महाराज द्वारा सग्रहीत लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का प्रथम बार प्रकाशन किया जा रहा है। मै इस ग्रन्थ की सफलता की मंगल कामना करता हू।

—प्रकाश चन्द सेठी

आवरण पृष्ठ का मध्य चित्र परिचय

विक्रम सवत् १३७३ मे आलमशाह अलाउद्दीन देहली नगर में राज्य करता था। अपने धर्म का पक्का था, और अन्य धर्मावलबी लोगो को जबरन मुसलमान बनाता था। एक दिन नगर निवासियो में जो जैनी थे, उनको भी यह हुक्म सुनाया गया कि या तो मुसलमान बन जाओ या अपने किसी धर्म गुरू के द्वारा कोई चमत्कार दिखाओ। सब जैनी इस आपत्ति को देख कर घबराये और बादशाह से छः महीने की मोहलत मागी। बादशाह ने छः महीने की छूट दी, और सब जैन लोग अपने किसी चमत्कार दिखा सकने वाले दिगम्बर गुरू की खोज करने में लग गये। खोजते हुए दक्षिण भारत मे पहुचे। कोल्हापुर (महाराष्ट्र) के निकट आचार्य दि. गुरू **विद्यासागर जी महाराज** तपस्या कर रहे थे। देहली से आने वाले श्रावको ने महाराज के दर्शन किये और उनसे अपने धर्म पर आये संकट को दूर करने की जानकारी दी, तथा उनसे प्रार्थना करके धर्म को वचाने की विनती की। विद्यासागरजी महाराज ने तुरन्त स्वीकृति प्रदान की और तपस्या के लिये ध्यान मे बैठ गये। छ. महीने के समय मे जब सिर्फ तीन दिन बाकी रह गये तो श्रावको ने फिर महाराज से कहा कि वे देहली चलकर विपत्ति से छुटकारा दिलावे। महाराज ने कहा कि घवराइये नही सब अच्छा होगा और सव श्रावको को आज्ञा दी कि आज रात सव लोग यही सो जाऐ। गुरू आज्ञा के अनुसार सब श्रावक वही सो जाते है। रात्रि मे दि. आचार्य **विद्यासागरजी महाराज मन्त्र शक्ति** के प्रयोग द्वारा सोते हुये श्रावको सहित देहली पहुच जाते है। सुबह सव जागते है तो आश्चर्य से देखते है कि यह तो देहली की भूमि है। सब लोग अपने बादशाह को बताते है कि दि जैन धर्म के गुरू आ गये है, वे अपने धर्म का चमत्कार दिखावेगे। बादशाह के खचाखच भरे दरवार में जैन धर्म गुरू पहुचते है। बादशाह अलाउद्दीन का मोलवो बडा मन्त्र वादी था उसने महाराज के कमडल मे मन्त्र प्रभाव से मछलिया कर दी और बादशाह से कहने लगा कि बादशाह ये अहिंसावादी साधु है और अपने कमंडल मे मछलिया रखता है। बादशाह ने महाराज से कमडल दिखाने को कहा। महाराज विद्यासागर जी ने अपने ज्ञान से यह जान लिया कि इस कमडल मे मोलवी ने मछलिया पैदा कर दी है। महाराज ने अपने मन्त्र का प्रयोग किया और कमंडल मे मछलियो के स्थान पर कमल के फूल बना लिये। महाराज बादशाह से कहने लगे कि आपका मोलवी झूंठ बोलता है, मेरे कमडल मे मछलिया नही वरन्, कमल के फूल है। बादशाह ने कहा कि कमंडल उल्टा करके दिखाओ। **विद्यासागर जी महाराज** भरे दरबार मे अपना कमडल उल्टा करके दिखाते है। कमडल मे से कमल के फूल धडाधड जमीन पर गिरने लगते है, सब लोग जैन धर्म के चमत्कार को देखकर आश्चर्य करते है और धर्म की जय जयकार करते है। जैनी लोग महाराज विद्यासागर जी की जय जय कार करते है। बादशाह भी नत मस्तक होता है। धर्म की रक्षा होती है।

महाराज विद्यासागर जो **बड़े मन्त्रवादी थे,** इनकी समाधि अक्कीबाट स्व ग्राम मे हुई थी। अब भी इनके समाधि स्थान पर वडा चमत्कार है।

॥ इति ॥

आचार्य महावीर कीर्ति का जीवन परिचय

समाधि सम्राट श्री १०८ आचार्य महावीर कीर्ति का जन्म वैशाख वदि ९ वि० स० १९६७ मे फिरोजावाद मे हुआ था। पिता का नाम रतनलाल जी माता का नाम बू दादेवी था। आपने २० वर्ष की अवस्था मे पिगासन अजमेर मे श्री १०८ चन्द्रसागर जी से सप्तम प्रतिमा ग्रहण की थी। सम्वत् १९९५ मे मेवाड के टाका टोका स्थान पर आचार्य श्री १०८ वीरसागर जी से क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की थी। ३२ वर्ष की अवस्था मे उदगाव (दक्षिण) मे श्री १०८ आचार्य आदीसागर जी सागली (महाराष्ट्र) के द्वारा नग्न दिगम्बर मुद्रा धारण की थी। अपने दीक्षा गुरु आदीसागर जी के स्वर्गारोहण के पश्चात् शेडवाल (कर्नाटक) मे एक लाख जन समुदाय के उपस्थिति मे आपको आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया या।

आप अनेक विषयो तथा भाषाओ के उच्च कोटि के विद्वान थे। सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी और अग्रेजी भाषाओ के साथ ही गुजराती, कन्नडी, मराठी आदि प्रान्तीय भाषाओ का भी अध्ययन कर १८ भाषाओ के ज्ञाता हो गये थे। आपकी यह विशेषता थी कि जिस प्रदेश मे आपका विहार हो जाता था उसी प्रदेश की भाषा मे प्रवचन होता था।

आचार्य श्री ने जैन धर्म तथा सस्कृति की प्रभावना के लिये प्रायः सम्पूर्ण भारत मे विहार किया था। दक्षिण भारत मे अनेक वर्षों तक विहार करने के बाद उत्तर भारत के मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, बगाल, बिहार आदि अनेक प्रमुख स्थानो में आपका विहार तथा चातुर्मास हुये। आपके चातुर्मास अधिकतर सिद्ध क्षेत्रो, अतिशय क्षेत्रो पर ही होते थे।

विहार के समय आपके ऊपर अनेक घातक हमले हुए। घोर उपसर्ग और शारीरिक पीडा भी कई बार सहन करनी पडी। किन्तु आपने समस्त उपद्रवो को बडी ही शाति और सयम के साथ सहन किया तथा अपने कर्त्तव्य से रचमात्र भी विचलित नही हुए। आप जैसे आचार्य तेजस्वी निर्भीक वक्ता अत्यात्मवेत्ता, मन्त्र, तन्त्र के ज्ञाता आत्मजयी पर दु ख कातर, स्वपर हितकारी, धर्म के प्रति अटूट श्रद्धावान देखने मे कम ही आये हैं। इसी कारण आप अत्यधिक लोक प्रिय हुए। आपके द्वारा १९ मुनि, ९ आर्यिका, ७ क्षुल्लक, ५ क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान की गई। इसके अलावा ८ लोगो को ब्रह्मचारी व ४ को ब्रह्मचारिणी व्रत दिये तथा १ से ७ प्रतिमा तक के अनेक श्रावक श्राविकाओ को व्रती वनाया गया।

आपके प्रमुख शिष्यो मे वर्तमान मे १०८ आचार्य श्री विमल सागर जी, १०८ आचार्य श्री सन्मति सागर जी, १०८ एलाचार्य श्री विद्यानन्द जी, १०८ आचार्य श्री सभव सागर जी, १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागर जी व श्री गणनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न, सिद्धान्त विशारद, विजयमती माताजी शामिल है, जिनके द्वारा सारे देश मे धर्म का प्रचार होते हुए, प्राणी मात्र इन गुरुओ के सानिध्य को पाकर मुक्ति मार्ग पर वढ रहे हैं।

प्रस्तावना

प्रस्तुत ग्रन्थ आचार्य प्रवर समाधि सम्राट, उग्र तपस्वी, मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र क्रिया के पारगामी श्री १०८ महावीर कीर्ति जी महाराज के प्रवर शिष्य तपोनिधि प्रशात मूर्ति आचार्य गणधर श्री १०८ कुन्थुसागर जी महाराज व श्री गणनी, सिद्धान्त विशारद, सम्यकज्ञान शिरोमणि विजयमती माता जी ने अपने गुरू वर्य आचर्य श्री महावीर कीर्ति जी एव प्राचीन गुटको मे से वडे परिश्रम से सचित कर लिखा है।

यन्त्र मन्त्र, तन्त्र विद्यानुवाद के अंग है। इनका महत्व आज के भौतिक युग में भी उतना ही है, जितना पूर्व युगो मे रहा है, लेकिन आज कल के युग मे इन महान प्रयोगों के जानकार नही है, और न इनके साधनो की प्रक्रिया से ही परिचित है। इसीलिये न इनके प्रति उनकी आस्था जागृत होती है, और न बिना आस्था व अध्य व्यवसाय के किसी कार्य की सिद्धि होती है। फलस्वरूप अज्ञानता प्रमाद के कारण उन मन्त्र, यन्त्र, तन्त्रों के स्वरूप जो फल स्वछेय सिद्धिया होती थी नही हो पाती है। विषय का ज्ञान नही होने से लोग फिर इन मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र को ही गलत बताने लगते है।

मन्त्रो की साधना के लिए चाहे वह कोई मन्त्र हो, नव प्रकार की शुद्धियाँ आवश्यक है। इसके साथ ही मन्त्र के प्रति साधक की पूर्ण आस्था होना परमावश्क है। इसके बिना साधना की सिद्धि सम्भव नही है। नव शुद्धिया—(१) द्रव्य शुद्धि (२) क्षेत्र शुद्धि (३) काल शुद्धि (४) भाव शुद्धि (५) आसन शुद्धि (६) विनय शुद्धि (७) मन शुद्धि (८) वचन शुद्धि (९) काय शुद्धि होती है। साधक को माला (जो तीन तरह की होती है) कमल जाप्य, हस्तांगुली माला जाप्य, वस्त्र आसन और दिशा बोध भी होना आवश्यक है। किस साधना के लिए कैसे वस्त्र हो, कैसा आसन हो, कैसी मुद्रा हो और किस दिशा की ओर मुख करे, इन सब बातों का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है।

साधक को अपनी शुद्धि करने के लिए सकलीकरण, निर्विघ्नता के लिए सरक्षीकरण भी करना पडता है। इसके बिना साधना में अनेक विघ्न आ जाते है, और इससे इष्ट सिद्धि नही हो पाती है। मन्त्रों द्वारा आत्म शान्ती जागृत की जाती है। मन्त्र की व्युत्पत्ति ही ऐसी है, मन्त्र शब्द मन धातु से ष्टन् प्रव्यय लगाने से बनता है। मन्यते आत्म देशोनन्

रति मन्त्र अर्थात् जिससे आत्मा का आदेश जाना जावे उसे मन्त्र कहते है। तन्त्र उन मन्त्रो की प्रक्रिया है और यन्त्रो का आकार अर्थात् मन्त्रो की आकृतिया सम्पूर्ण द्वादशाग जिन-वाणी को सुरक्षित रखने के चार्ट है, जिनके देखने मात्र से तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण ज्ञान हो जाता है। इन यन्त्रो का सीधा सम्बन्ध मन्त्रो और सिद्धियो से है। विधि श्रद्धा और विवेक के साथ इनकी साधना करने मे सिद्धियाँ निश्चित रूप से प्राप्त हो जाती है। सग्राहक आचार्य श्री व माता जी ने इन सब बातो का इस ग्रथ मे सग्रह समन्वित किया है और उन्होने इसे पाच खडो मे विभाजित किया है।

साधको का लक्ष्य मन्त्रो की साधना प्रारम्भ करने से पूर्व, सकलीकरण, सरक्षीकरण और साधना करने की मुद्राये, विधिया, विविध सिद्धियो के लिये मन्त्रो का विधि सहित विवेचन यन्त्रो के आकार, चौबीस भगवान के यक्ष यक्षणियो के (चित्र सहित) वर्णन व आयुर्वेद का विषय विवेचन इन खन्डो मे किया गया है। इस तरह यह ग्रन्थ यन्त्र मन्त्र और तन्त्रो की विशेष विवेचना करने वाला एक महान् और अपूर्व ग्रन्थ (लघु विधानुवाद) बन गया है। इसके सग्रह करने मे पूज्य श्री १०८ आचार्य श्री कुन्थुसागर जी महाराज व श्री १०५ आर्यिका विजयमती माता जी ने अथक श्रम करके लुप्त एव सुप्त विद्या को प्रकाश मे लाये है, उसके लिये सम्पूर्ण मानव समाज आपका उपकृत व आभारी रहेगा और यावच्चन्द्र दिवाकर आपका नाम अमर रहेगा।

इस ग्रन्थ को प्रकाशन कराने मे धर्मोत्साही गुरु भक्त सगीताचार्य श्री शान्तिकुमार जी गगवाल, प्रकाशन सयोजक एव धर्म प्रेमी श्री लल्लूलाल जी जैन गोधा (सम्पादक जयपुर जैन डायरेक्टरी) जो कि इस ग्रन्थ के प्रबन्ध सम्पादक है व इनके सहयोगी कार्यकर्ताओ को मै धन्यवाद दिये बिना नही रह सकता, क्योकि इन्ही लोगो के सहयोग व प्रेरणा से इतना बडा कार्य इतनी जल्दी सम्भव हो सका है। कुन्थु विजय ग्रन्थ माला समिति के सभी सदस्यो का मै अभिनन्दन करता हूँ कि जिनके प्रयास से ही समिति का प्रथम प्रकाशन ही इतना प्रभावक प्रकाशित हुआ है कि जिसका प्रकाश देश के सभी क्षेत्रो मे दूर-दूर तक फैलेगा और चिरकाल तक रहेगा।

मुझे प्रकाशन सयोजक श्री शान्तिकुमार जी गगवाल ने बतलाया कि पडित जी ऐसे महान ग्रन्थ के प्रकाशन का कार्य करने की न हम मे शक्ति थी और न क्षमता, मगर फिर भी प्रकाशित हो रहा है, आश्चर्य है ? मैने कहा कि इसमे आश्चर्य की कोई बात नही है, आपको सभी बडे आचार्यो के आशीर्वाद के साथ साथ श्री १०८ आचार्य गणधर कुन्थुसागर जी महाराज व श्री गणनी १०५ आर्यिका विदुषी रत्न सम्यक्ज्ञान शिरोमणि, सिद्धान्त विशारद्, विजयमती माता जी का पूर्ण आशीर्वाद है और साथ ही साधुओ के प्रति अटूट भक्ति ही कार्य कर रही है, भक्ति मे अपूर्व शक्ति है।

समाज रत्न पं० राजकुमार शास्त्री,
साहित्य तीर्थ, आयुर्वेदाचार्य
निवाई (टौक) राजस्थान
सचालक—अखिल विश्व जैन मिशन

प्रकाशन संयोजक के दो शब्द

समाधि सम्राट स्वर्गीय १०८ आचार्य श्री महावीर कीर्त्तिजी महाराज, निमित्त ज्ञान शिरोमणि, १०८ आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज, १०८ आचार्य श्री सन्मति सागरजी महाराज, १०८ आचार्य गणधर श्री कुंथु सागर जी महाराज, श्री गणनी १०५ आर्यिका, विदुषी रत्न सम्यक ज्ञान शिरोमणि सिद्धान्त विशारद विजयमती माताजी व सभी साधुओ के चरण कमलो मे त्रिवार नमोस्तु अर्पित कर ग्रन्थ प्रकाशन के कार्य के बारे मे दो शब्द लिख रहा हू ।

१०८ आचार्य गणधर श्री कुंथुसागर जी महाराज एव १०५ गणनी आर्यिका श्री विजयमती माताजी के मैंने प्रथम बार दर्शन, वर्ष १९७२ मे जयपुर में किये थे । उस समय आप श्री संघ सहित जयपुर स्थित राणाजी की नशिया (खानिया) मे पधारे हुए थे। आप श्री की तपोमयी त्याग प्रतिभा से मै बहुत प्रभावित हुआ और मेरे मानस मे यह भावना जाग्रत हुई कि ऐसे गुरुओ का पूरे चातुर्मास मे समागम मिले तो समग्र समाज लाभान्वित हों। जिस मनूष्य की जैसी सच्ची भावना होती है वैसा ही उसे फल मिलता है। कहा भी है "भावना भव नाशिनी", "भावना भव फासनी" । आखिरकार मेरी सच्ची भावना का फल मुझे मिला, और चातुर्मास स्थापना दिवस को मेरी यह भावना पूर्ण हुई, जब महाराजश्री व माताजी ने राणाजी की नशिया (खानियाँ) मे ही चातुर्मास स्थापित करने की उद्घोषणा की। मेरी भावना की सफलता को पाकर मैं खुशी मे फूला नही समाया । महाराज श्री के साथ २२ साधुओ ने चातुर्मास किया था जिसमें ३ मुनि, ५ क्षुल्लक और १४ माताजी थे)।

आप श्री ने जैसे ही चातुर्मास स्थापना की घोषणा की, तत्काल ही वहाँ पर मुनि भक्तो, सुश्रावको और कतिपय युवकों ने सघ के चातुर्मास की व्यवस्थाओ के लिए एक चातुर्मास प्रबन्ध समिति का चयन किया। इस समिति का मत्री पद मुझे दिया गया । मेरे लिये इस पद का भार वहन करना बहुत ही कठिन था, क्योंकि मुझे इससे पूर्व मुनि सघ की

व्यवस्थाओ का कोई अनुभव नही था। साथ ही बैंक सेवा मे होने से, समय की भी कमी थी। लेकिन महाराज श्री व माताजी के आशीर्वाद व, मार्ग दर्शन व वात्सल्य से, यह चातुर्मास कई विशेष कार्यक्रमो के साथ बहुत ही व्यवस्थित ढग से अत्यन्त आनन्द के साथ सम्पन्न हुआ, जिसे आज भी जयपुर निवासी याद करते रहते हैं।

चातुर्मास के बीच ही जयपुर स्थित महावीर पार्क मे अपार जन समूह के बीच १० अक्टूबर १९७२ को बडा बाठेडा (उदयपुर) निवासी ब्रह्मचारीजी श्री झमकलालजी की दीक्षा, आप श्री के कर कमलो से सम्पन्न हुई। दीक्षा के पश्चात् उन्हे १०५ क्षुल्लक श्री आदी सागरजी के नाम से सम्बोधित किया। वास्तव मे यह आप श्री व माताजी श्री के तप का ही प्रभाव था। यह इस चातुर्मास की सबसे उल्लेखनीय घटना थी। इस समय आपने सभी को वीतराग मार्ग पर बढने की प्रेरणा दी। आप श्री के कर कमलो द्वारा जयपुर से विहार के रोज गगनी १०५ आर्यिका विजयमती माताजी द्वारा लिखित समाधि सम्राट १०८ आचार्य महावीर कीर्तिजी के पावन जीवन चरित्र की पुस्तक का विमोचन समारोह भी हुआ।

धीरे-धीरे चातुर्मास का समय व्यतीत हो गया और आप श्री ने तीर्थराज सम्मेद शिखर की ओर विहार करने की घोषणा कर दी। जयपुर से विहार करते समय १९ नवम्बर १९७२ को महाराज श्री व माताजी ने मुझे आशीर्वाद प्रदान किया, और कहा कि आपने चातुर्मास के दौरान चतुर विध सघ की जो तन, मन, धन से सेवा की है। ऐसी सेवा मुनि सघो की आप सदैव करते रहे। देव-शास्त्र-गुरु की सेवा करके भक्ति का सदैव लाभ लेते रहे। महाराज व माताजी के श्री मुख से यह सुनकर मै धन्य हो गया। मेरा हृदय गद्गद् हो गया और खुशी से आखो से अश्रु धारा बहने लग गई। महाराज श्री व माताजी सघ सहित जयपुर निवासियो को भक्ति का मार्ग बतलाकर प्रस्थान कर गये। इस दुखद वियोग से मेरे मन मे रह रहकर प्रश्न उत्पन्न हो रहे थे कि न मालूम इन गुरुओ के चरणो के दर्शन करने का सौभाग्य फिर कब प्राप्त होगा। लेकिन महाराज श्री व माताजी का विशेष वात्सल्य व आशीर्वाद मुझे हमेशा मिलता रहा। आपके चातुर्मासो के दौरान मुझे विभिन्न स्थानो पर जाने का मौका मिला। इनमे तीर्थराज श्री सम्मेद शिखर जी, श्री सिद्ध क्षेत्र सोना गिरिजी, आरा (बिहार) शाहगढ मध्यप्रदेश) शामिल है। आप श्री व माताजी के साथ तीर्थराज सम्मेद शिखरजी व सिद्ध क्षेत्र सोनागिरि जी की वन्दना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आपके चातुर्मासो के समय विभिन्न स्थानो पर भक्ति सगीत के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्र पर भक्ति सगीत का कार्यक्रम सुनकर महाराज श्री व माताजी ने मुझे सगीताचार्य व बहिन श्रीमती कनकप्रभा जी हाडा को आध्यात्मिक सगीत विदुषी का पद प्रदान किया। इन कार्यक्रमो मे जैन सगीत कोकिला रानी, एव आध्यात्मिक सगीत विदुषी श्रीमती कनक प्रभा जी हाडा व आदरणीय श्री मोतीलाल जी हाडा का विशेष सहयोग मिला है। श्री मोतीलालजी हाडा व बहिन श्रीमती कनक प्रभाजी हाडा भी महाराज श्री व माताजी के श्रद्धालु भक्त हैं। इस सहयोग के लिये मैं आपका विशेष आभारी हूँ और आशा करता हूँ कि आपका यह सहयोग हमेशा मिलता रहेगा।

अभी हाल ही में गत चातुर्मास में हम लोग महाराज श्री व माताजी के दर्शनार्थ अकलूज जिला शौलापुर (महाराष्ट्र) गये थे। महाराज श्री ने व माताजी ने बातचीत के दौरान मुझे यह आज्ञा प्रदान की, कि हमने सोनागिरि जी सिद्ध क्षेत्र पर "लघु विद्यानुवाद" का संग्रह किया है। यह ग्रन्थ यन्त्र मन्त्र पर प्रमाणिक सामग्री लिये हुए है। आप इस ग्रन्थ की प्रेस कापी को जयपुर ले जाये और इसे भगवान बाहुवली महा मस्तक-भिषेक के पावन महोत्सव के अवसर पर प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करो। साथ ही इस कार्य की सफलता के लिये महाराज श्री व माताजी ने आशीर्वाद भी प्रदान किया।

मैंने ग्रथ प्रकाशन कराने के कार्य को स्वीकार करते हुए महाराज श्री व माताजी से यह निवेदन किया कि यह कार्य मेरे लिये बहुत कठिन है। मैं इसे कैसे कर पाऊंगा। तब महाराज श्री ने प्रसन्न मुद्रा मे कहा, हम क्या कर सकते है, इसके प्रकाशन कराने का श्रेय आपको ही मिलने वाला है।

महाराज श्री व माताजी के सानिध्य मे भक्ति का लाभ लेकर हम लोग बाहुवली यात्रा करते हुए २-११-८० को जयपुर आने के पश्चात् इसका प्रकाशन कराने के कार्य को प्रारम्भ किया। महाराज श्री व माताजी द्वारा संग्रहित इस ग्रन्थ की प्रेस कापी मैंने १३ नवम्वर १९८० को श्री लल्लूलाल जी जैन (गोधा) सम्पादक जयपुर जैन डायरेक्टरी को दिखाकर विचार विमर्श किया। श्री गोधा ने जयपुर जैन डायरेक्टरी का प्रकाशन भगवान महावीर के २५०० वे निर्वाण महोत्सव के अवसर पर किया था। उस समय श्री गोधा जी द्वारा सम्पादित व प्रकाशित इस डायरेक्टरी की सर्वत्र प्रशंसा व सराहना हुई थी।

श्री गोधा जी भी महाराज श्री व माताजी से प्रभावित थे। आप महाराज श्री व माताजी द्वारा सग्रहित प्रेस कापी को देखकर अत्यधिक प्रभावित हुए और मुझे इस ग्रन्थ को शीघ्र प्रकाशन मे पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया और साथ ही मेरे अनुरोध पर ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे प्रवन्ध सम्पादक का पद भी स्वीकार किया।

श्री गोधा का महाराज श्री व माताजी से सर्वप्रथम सम्पर्क जयपुर स्थित राणाजी की नशिया (खानिया) जयपुर मे १८ जून १९७२ को हुआ था। आप महाराज श्री व माताजी को संघ सहित जयसिंहपुरा खोर (कानी खोह) भी ले गये थे। महाराज श्री व माताजी ने आहार, सामायिक, प्रवचन आदि के पश्चात् श्री गोधाजी को साहित्यिक एव धार्मिक क्षेत्र मे आगे आने की प्रेरणा दी थी।

आप श्री के आशीर्वाद से कुछ माह पश्चात् ही श्री गोधाजी ने दिगम्बर जैन मन्दिर जयसिंहपुरा खोर का सम्पूर्ण जीर्णोद्धार करवाया। साहित्यिक क्षेत्र में जयपुर जैन डायरेक्टरी जैसे एकमात्र संदर्भ ग्रथ जो कि जयपुर जैन समाज के इतिहास में प्रथम बार प्रकाशित हुआ है उसे प्रकाशन एवं सम्पादन जैसे दुरह कार्य को सम्पन्न कर अपनी कार्यकुशलता, कार्यक्षमता एवं प्रतिभा का परिचय दिया है। यह सब महाराज श्री व माताजी के आशीर्वाद का ही फल

है। इसके अतिरिक्त भारतवर्ष के दिगम्बर जैन धार्मिक तीर्थ स्थलो का सडक व रेलमार्गों से किलोमीटर की दूरी सहित मार्गदर्शन (नक्शा) पृथक्-पृथक् बनाकर जैन समाज के लिये सराहनीय कार्य किया है। वैसे भी श्री गोधाजी जयपुर जैन समाज मे धार्मिक एव सामाजिक कर्मठ युवक कार्यकर्त्ताओ मे से एक है।

मै श्री गोधाजी का अत्यन्त आभारी हू कि जिन्होने व्यस्त कार्यक्रमो मे से समय निकाल कर ग्र थ प्रकाशन कार्य मे रुचि लेकर सहयोग प्रदान किया है।

मै १०५ क्षुल्लक श्री सिद्ध सागरजी महाराज, मोजमावाद का भी बडा आभारी हू कि वृद्धा अवस्था मे भी आपने अमूल्य समय मे से समय निकालकर ग्रथ का अवलोकन करके समय समय पर मुझे मार्ग दर्शन दिया।

श्री हीरालालजी सेठी को भी धन्यवाद देता हू कि आपके अमूल्य समय मे से समय निकालकर ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे सहयोग दिया है। श्री सेठीजी महाराज व माताजी के श्रद्धालु भक्तो मे से है। आपकी धार्मिक प्रवृत्ति होने से आप मुनि सघो के कार्यों मे रुचि लेकर कार्य सम्पन्न कराने मे सहयोग देते रहते है। महाराज श्री के जयपुर चातुर्मास के समय आप चातुर्मास प्रवन्ध समिति मे व्यवस्थापक के पद पर कार्य करके मुझे काफी सहयोग दिया था। निर्वाण वर्ष मे २४ तीर्थ करो की जन्म जयन्तिया मनाने मे भी आपने मेरे साथ कार्य करके अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया था।

श्री कपूरचन्द जी पाण्डया (सचालक एव सस्थापक) श्री पूजा प्रचारक समिति जयपुर को भी धन्यवाद देता हू कि जिन्होने अपने अमूल्य समय मे से समय निकालकर ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे सहयोग दिया है।

श्री सुशील कुमार गगवाल (बी काम) द्वारा की गई सेवाओ को भी मै नही भूला सकता कि जिन्होने कार्यालय मे अत्यधिक व्यस्त होने के बावजूद भी कठोर परिश्रम करके अपने कर्त्तव्य को निभाया है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे हमारे आर्टिस्ट श्री पुरुषोत्तमजी शर्मा को धन्यवाद देता हू कि जिन्होने अपनी कला से महाराज श्री व माताजी के चित्रो के बनाने के अलावा ग्रथ राज छपे सभी यन्त्रो को बनाने मे प्राथमिकता देकर ब्लाक बनाने योग्य बनाकर सहयोग प्रदान किया है।

श्री पुरुषोत्तमदासजी, अमोलकदासजी कोटावाला, जो कि मैसर्स राजस्थान प्रिन्टिग वर्क्स के मालिक है अत्यन्त आभारी हू कि जिन्होने प्रदेश मे बिजली सकट की बडी मे भी ग्रथ को छापने का कार्य समय पर करवाकर कार्य कुशलता का परिचय दिया है। साथ ही प्रेस के व्यवस्थापक, कम्पोजिटर्स, मशीनमेनो के सहयोग को भी कदापि नही भुलाया जा सकता, जिन्होने आस्था के साथ ग्र थ को पूर्ण करने मे दिन रात एक कर दिया।

मै श्री कन्हैयालालजी काला, श्री धनुपकरजी, श्री मोतीलाल जी हाडा, बहिन श्रीमती कनक प्रभाजी हाडा, श्री रमेशचन्दजी, जैन, श्री सतीशकुमार गगवाल, श्री पारसलाल जी पाटनी,

श्री बाबूलालजी गगवाल, श्री हरकचन्दजी गगवाल का भी आभारी हूं कि जिन्होने ग्रथ प्रकाशन के कार्य मे रुचि लेकर समम २ पर मेरा साथ दिया है। अन्य जिन २ महानुभावो न सहयोग दिया है, उन सभी को धन्यवाद देता हूं।

मै पण्डित राजकुमारजी शास्त्री निवाई वालो का आभारी हूं जिन्होने ग्रन्थ राज की प्रस्तावना लिखने की कृपा की है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे मेरी धर्म पत्नि श्रीमती मेमदेवी गगवाल व सुपुत्र प्रदीप कुमार गगवाल का भी बडा आभारी हूँ कि मुझे गृह कार्य से मुक्त रख कर तथा समय २ पर प्रेस कापी तैयार करने मे व अन्य सभी कार्यो मे सहयोग दिया है।

ग्रन्थ प्रकाशन कार्य मे सभी दातारो को भी मै अपनी ओर से 'कुन्थु विजय ग्रथ माला' समिति की ओर से धन्यवाद देता हू और आशा करता हू कि समिति के भविष्य मे भी इस प्रकार के प्रकाशनो के लिये आप लोगो का सहयोग मिलता रहेगा।

ग्रन्थ राज के प्रकाशन मे सभी कार्यो को बहुत ही सावधानी पूर्वक देखा गया है ताकि ग्रन्थ राज अपने आप में उपयोगी साबित हो सके। इसकी भाषा प्राचीन गुटकों से सकलित की हुई है और वैसी ही प्रकाशित कराई गई है।

अन्त मे आचार्य श्री व माताजी के कर कमलो में यह ग्रन्थ समर्पित करते हुये मै आज अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हू, कि आपकी आज्ञानुसार मैने इस कार्य को करके सफलता प्राप्त की है। मेरे लिये यह कार्य बहुत ही मुश्किल था, लेकिन आप श्री व माताजी के आशीर्वाद से अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार सभी कार्य सुन्दर से सुन्दर कराने का प्रयास किया है। इस तरह के कार्य का मेरा यह प्रथम प्रयास है। अतः इसमे कमियाँ रहना स्वाभाविक है। इसके लिये मै आपसे कर बद्ध क्षमा चाहता हू। आशा है आप क्षमा करेंगे और भविष्य मे इस प्रकार के कार्य मे पूर्ण सफलता प्राप्त हो, इसके लिये आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

साधु वर्ग, विद्ववत जन, पाठकगण जो भी इसमे त्रुटियाँ रही हो, कृपया सग्रह कर्त्ता को सूचित कराने का कष्ट करे। जिससे आगामी प्रकाशन मे उनको दूर किया जा सके।

मै आचार्य श्री १०८ विमलसागर जी महाराज, उपाध्याय मुनि श्री १०८ भरतसागर जी महाराज, १०५ क्षुल्लक श्री सिद्ध सागर जी महाराज का भी बहुत २ आभारी हूँ कि जिन्होने ग्रन्थ राज की उपयोगिता व कार्य की सफलता के लिए प्रकाशनार्थ दो शब्द लिखकर भिजवाने का कष्ट किया है।

श्री रघुकुलजी तिलक, राज्यपाल राजस्थान सरकार का भी आभार मानता हूँ कि जिन्होने ग्रन्थ की उपयोगिता के बारे मे प्रकाशनार्थ अपना शुभ सदेश भिजवाया है।

पुनः नमोस्तु,
एवं आशीर्वाद की भावना के साथ
गुरु भक्त, सगीताचार्य
शान्तिकुमार गंगवाल, बी. काम
जयपुर (राजस्थान)

प्रबन्ध सम्पादक के दो शब्द

श्री १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी व श्री १०५ गणिनि आर्यिका श्री विजयमती माताजी द्वारा सग्रहित 'लघु विद्यानुवाद' ग्रन्थ को मुद्रित करवाने के लिए सलाह करने हेतु श्री शान्तिकुमारजी गंगवाल मुझसे १३ नवम्बर १९८० को मिले । विचार विमर्श के दौरान इस ग्रन्थ को शीघ्र सुन्दर मुद्रित कराने हेतु प्रबन्ध सम्पादक के रूप मे दायित्व वहन करने का प्रस्ताव मेरे समक्ष रखा । ग्रन्थ का अवलोकन करने पर मुझे बडा आश्चर्य हुआ, क्योकि मैने इस प्रकार का ग्रथ पहिले कभी नही देखा था । यह कार्य काफी कठिन था कि इसको अल्प समय मे छपवाकर भगवान बाहुवली महामस्तकाभिषेक महोत्सव के पुण्य अवसर पर प्रकाशित करके महाराज श्री की भावना को मूर्तरूप दिया जा सके । यह ग्रन्थ उन महाराज श्री व माताजी द्वारा सग्रहित था, जिनसे कि मैं भी परिचित था, व उनके सम्पर्क मे आने का मुझे भी सौभाग्य मिल चुका था । ग्रन्थ देखकर मै बडा प्रभावित हुआ तथा मैंने मेरे सारे व्यस्त कार्यक्रमो को छोडकर ग्रन्थ छपवाने का आश्वासन श्री गगवाल जी को देकर कार्य को शीघ्र कराने मे जुट गया ।

इस ग्रन्थ के मुद्रित कराने से पूर्व मैने भगवान महावोर के २५०० वे निर्वाण महोत्सव के अवसर पर जयपुर जैन डायरेक्टरी का सम्पादन कर प्रकाशित किया था, जो कि जयपुर जैन समाज के इतिहास मे मेरा प्रथम प्रयास था ।

ग्रन्थ मे सकलित सामग्री मेरे सामान्य ज्ञान की परिधि से बाहर है, तथा मै इस सामग्री के बारे मे बिल्कुल अनभिज्ञ था, लेकिन महाराज श्री के आदेशानुसार गगवाल जी को मैंने भी इस कार्य मे सहयोग देने का आश्वासन देकर प्रबन्ध सम्पादक के पद को स्वीकार करते हुये ग्रन्थ को प्रकाशन करने मे समय लगाया ।

ग्रन्थ के मुद्रण मे कई त्रुटियो का रहना स्वाभाविक है, और त्रुटिया रही भी होगी, वे सव मेरी अल्प बुद्धि के कारण है, अत साधु वर्ग, विद्वतजन, पाठकगण से क्षमा चाहता हू ।

वसन्तपचमी, दिनाक ९-२-१९८१
माध शुक्ल, ५ वि स. २०३७
जयपुर

लल्लूलाल जैन गोधा
सम्पादक,
जयपुर जैन डायरेक्टरी

जिनके प्रयत्नों से यह ग्रन्थ मुद्रित हो सका--

श्री शान्ति कुमार गंगवाल
प्रकाशन संयोजक

श्री लल्लूलाल जैन, गोधा
प्रबन्ध सम्पादक

श्री मोतीलाल हाडा

श्री सुशील कुमार गंगवाल

←श्री कपूरचन्द पांड्या

श्री हीरालाल सेठी→

←श्री रमेशचन्द जैन

←श्रीमती कनक प्रभा हाडा

श्रीमती मेमदेवी गंगवाल→

लघु विद्यानुवाद

इस खण्ड में

(पृष्ठ १ से २४ तक)

ग्रन्थ--प्रशस्ति

आचार्य श्री शत-अठ "महावीर कीरति" हुये महान् ।
परम्परा में 'विमल' गुरु है, जैन जगत की शान ।।
इनके महा तपस्वी शिष्य है, आचार्य मुनि श्री कुन्थु ।
कठिन साधना से जिनकी, प्रस्तुत यह अद्भुत ग्रन्थ ।।
श्रेष्ठ तपस्विनी माताजी श्री विजय मतीजी साथ ।
ग्रन्थराज की तैयारी में, धन्य बटाया हाथ ।।
सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी पर यह, सिद्ध हुआ है काज ।
गुरु बाहुबल से बाहूबली को है अर्पित आज ।।
लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ का नाम दिया है सुन्दर ।
अद्भुत ग्रन्थ बना गुणकारी, उपकारी और हितकर ।।
गोधा लल्लूलाल और श्री शान्तिकुमार गंगवाल ।
संपादन, संयोजन कीना, धन्य है दोनों लाल ।।
यन्त्र मन्त्र और तंत्र है विद्या क्या, और क्या उपयोग ।
ग्रन्थ में इस पर सुन्दर चित्रण, पढ़े कटे सब रोग ।।
और भी उपयोगी सामग्री, चित्र, भरे हैं इसमें ।
जीवन सुन्दर जीने का है, 'राज' भरा है जिनमें ।।
सम्वत् दो हजार सैंतीस में, फागुन माह महान् ।
अभिषेक बाहुबली महा मस्तक का, सुन्दर अवसर जान ।।
कर्नाटक की धन्य धरा पर, लाखों लोग है आये ।
इस अवसर पर ग्रन्थ राज को गुरु जग सम्मुख लाये ।।

रचयिता - (राजमल जैन, जयपुर)

卐 मंगला चरण 卐

वृषभादि जिनान् वन्दे, भव्य पंकज प्रफुल्लकान् ।
गौतमादिगणाधीशान्, मोक्ष लक्ष्मी निकेतनान् ।। १ ।।
वन्दित्वा कुंदकुंदादीन्, महावीर कीर्ति तथा ।
लघुविद्यां प्रवक्षामि पूर्वाचार्या नुरूपतः ।। २ ।।

लघुविद्यानुवाद

अर्थ . मोक्ष लक्ष्मी के घर है ऐसे प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से लगाकर अन्तिम तीर्थंकर महावीर स्वामी पर्यंत चतुर्विशति तीर्थंकर प्रभु को नमस्कार करता हूँ ।

भव्य रूपी कमलो को प्रफुल्लित करने वाले, गौतमादि गण नायको को नमस्कार करता हूँ। आचार्य परम्परा मे आने वाले कुन्दकुन्दादिक आचार्य देव है, उनको नमस्कार करता हूँ और मेरे गुरुदेव श्री महावीर कीर्ति जी महाराज है उनको नमस्कार करके लघु-विद्यानुवाद को कहूँगा, जो पूर्वाचार्यो के द्वारा कहा गया है ।

मन्त्र साधन करने वाले के लक्षण

निर्जित मदनाटोपः प्रशमित कोपो विमुक्त विकथालापः ।
देव्यर्चनानुरक्तो जिनपद भक्तौ भवेन्मंत्री ।।

जिसने कामदेव को जीता है, और जिनके क्रोधादि कषाये शान्त है, जो विकथाओं से दूर रहने वाला है, देवियों की पूजा करने मे जिसका चित्त अनुरक्त है, और जिनेन्द्र प्रभु के चरण कमलो की भक्ति करने वाला है, वह मन्त्री हो सकता है याने मन्त्र साधन करने वाला हो सकता है ।

मंत्राराधन शूरः पाप विदूरो गुणेन गम्भीरः ।
मौनी महाभिमानी मन्त्री स्यानीदृशः पुरुषः ।।

जो मन्त्राराधना करने मे शूरवीर है, पाप क्रियाओं से दूर रहने वाला है, गुणों मे गम्भीर है, मौनी है, महान् स्वाभिमानी है, ऐसा पुरुष ही मन्त्रवादि हो सकता है ।

गुरुजन हितोपदेशो गततन्द्रो निद्रयापरित्यक्ताः ।
परिमित भोजनशीलः स स्यादाराधको मंत्राः ।।

जिसने गुरुजनो से उपदेश को प्राप्त किया है, तन्द्रा जिसकी खत्म हो चुको है और जिसने निद्रा लेना छोड दिया है, जो परिमित भोजन करने वाला है, वही मन्त्रो का आराधक हो सकता है ।

निर्जित विषय कषायोधर्मामृत जनित हर्षगत कायः ।
गुरुतर गुण सम्पूर्णः समवेदाराधको देव्याः (मन्त्राः) ।।

जिसने सम्पूर्ण विपय कपायो को जीत लिया है, धर्मामृत का सेवन करने से जिमकी काय हर्षयुक्त है, उत्तस गुणो से सयुक्त है, ऐसा पुरुष ही मन्त्राराधना कर सकता है ।

शुचिः प्रसन्नोगुरुदेव भक्तो दृढ़ व्रतः सत्य दया समेतः ।
दक्षः पटुर्बीज पदावधारी मन्त्री भवेदीदृश एवलोके ।।
एते गुणायस्य न सन्ति पुंसः क्वचित् कदाचिन्न भवेत् स मन्त्री ।
करोति चेद्दर्प वशात् स जाप्यं प्राप्नोत्यनर्थंफणिशेखरायाः ।।

जिसका वाह्य और अभ्यन्तर से चित्त शुद्ध है, प्रसन्न है, देव शास्त्र गुरु का भक्त है, व्रतो को दृढता से पालन करने वाला है, सत्य बोलने वाला है, दया से युक्त है, चतुर है, मन्त्रों के वीज रूप पदो को धारण करने वाला है ऐसा व्यक्ति ही लोक मे मन्त्राराधना कर सकता है।

उपरोक्त गुणो से जो पुरुष युक्त नही है, वह मन्त्र साधन का अधिकारी किसी भी हालत मे नही होता है। अगर अभिमान से सयुक्त होकर मन्त्र साधना कोई करता है तो वह मन्त्रो के अधिष्ठाता देवो के द्वारा अनर्थ को प्राप्त होता है। ऐसी श्री मल्लिषेणाचार्य की आज्ञा है ।

अथ सकलीकरणम्

दृष्टे मृष्टे भुवि न्यस्ते, सन्निविष्टः सु विष्टरे ।
समीपस्थापना द्रव्यो, मौनमार्कामिकं दधे ।।

ॐ क्ष्वी भू शुद्धयतु स्वाहा । ॐ ह्री अर्हं क्ष्म ठ आसन निक्षिपामि स्वाहा । ॐ ह्री ह्यु ह्यू णिसिहि णिसिहि आसने उपविशामि स्वाहा । ॐ ह्री मौन स्थिताय मौनव्रत गृण्हामि स्वाहा ।

शोधये सर्वपात्राणि, पूजार्थानपि वारिभिः ।
समाहितो यथाम्नायं, करोमि सकलीक्रियाम् ।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतर जलेन पात्रशुद्धि करोमि स्वाहा ।

इस मन्त्र से हाथ मे पानी लेकर सर्व पूजा के बर्तनो की शुद्धि करे, पश्चात्

ओ३म् ह्लीं अर्हं झ्रो झ्रौ वं मं हं सं तं पं झ्वीं क्ष्वीं हं सः अ सि आ उ सा समस्त तीर्थ जलेन शुद्ध पात्रे निक्षिप्त पूजाद्रव्याणि शोधयामि स्वाहा ।

सर्व पूजा द्रव्यो का शोधन करे। पश्चात्—

मैं अग्नि मण्डल मे पर्यङ्कासन से बैठा हुआ हूँ और मेरे चारो ओर हवा से प्रज्वलित अग्नि से यह सप्त धातुमय शरीर जल रहा है, ऐसा चितवन करे । पश्चात्—

ॐ ॐ ॐ रं रं रं झ्रौं झ्रौं झ्रौं अ सि आ उ सा दर्भासने उपवेशनं करोमि स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ कर दर्भ के आसन पर बैठे । पश्चात्—

ॐ ह्लीं ओं क्रों दर्भैराच्छादनं करोमि स्वाहा ।

ॐ ह्लीं अर्हं भगवतो जिनभास्करस्य बोधसहस्त्र किरणैर्ममनोकर्मैंधनद्रव्यं शोषयामि धे धे स्वाहा । नोकर्म शोषणम् ।

यह पढ कर ऐसी विचार करे कि मेरे कर्म शोषण हो रहे है । पश्चात्—

ॐ ह्लां ह्लीं ह्लूं ह्लौं ह्लः ॐ ॐ ॐ रं रं र ह्म्ल्व्यूं ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल संदह संदह कर्ममलंदह दह दुखं पच पच पापं हन हन ह्लूं फट् घे घे स्वाहा । इति कर्म दहन ध्यानम् ।

इस को पढ कर विचार करे कि हमारे सर्व कर्म जल गये है ।

ॐ ह्लीं अर्हं श्री जिनप्रभंजन मम कर्मभस्म विधूननं कुरु कुरु स्वाहा ।

इस मन्त्र को पढ कर यिचार करे कि कर्म जल कर उनकी राख उड़ गई है । इति भस्मापसरणम् ।

ॐ पंच ब्रह्ममुद्राग्रन्यस्तगुर्वमृताक्षरैः ।।
क्षरत्सुधौघैः सिंचामि सुधा मंत्रेण मूर्धनि ।।

अब यहाँ पर पच गुरु मुद्रा बनाकर और उसको मस्तक पर उल्टा रखकर अमृत बीज मत्र से अपनी शुद्धि करे। निम्नलिखित अमृत मंत्र से हाथ मे लिये हुए जल को मत्रित कर अपने शिर पर डाले—

ॐ अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृत स्रावय स्रावय स स क्ली क्ली ब्लूं ब्लूं द्रा द्रां द्री द्री द्रावय द्रावय हं झ झ्वी क्ष्वी ह सः अ सि आ उ सा मम सर्वाङ्ग शुद्धि कुरु कुरु स्वाहा । इति अमृत प्लावनम् ।

शून्याक्षरादि गुरु पंच पदान्कनीय ।
स्याद्यंगुली त्रितयपर्वसु चाग्र भागे ।।
अंगुष्ठ तर्जनीकया क्रमशः कराभ्याम् ।
विन्यस्य हस्तयुगलं मुकुली करोमि ।।

यहाँ पर दोनो हाथो को मिलाकर मुकुलित करे अर्थात् हाथ जोडे और हाथ जोडे जोड़े ही निम्नलिखित मत्र के अनुसार अङ्गन्यास (अङ्ग रक्षरण) करे अर्थात् जिस स्थान का नाम आया है उस स्थान का स्पर्श करे।

ॐ ह्रां णमो अरहताण स्वाहा। ॐ ह्रीं णमो सिद्धाण स्वाहा।
ॐ ह्रूं णमो आयरियाण स्वाहा। ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाण स्वाहा।
ॐ ह्रः णमो लोए सव्व साहूण स्वाहा। (करन्यास मत्र)
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः व म ह स तं पं अ सि आ उ सा स्वाहा।
(हस्त द्वय मुकुलीकरण मत्र)

अर्हं नाथस्य मंत्र हृदय सर सिजे सिद्ध मंत्रं ललाटे।
प्राच्यामाचार्य मंत्रं पुनर्वटुवटे पाठकाचार्य मंत्रं ।।
वामे साधो स्तुति मे शिरसि पुनरिमानं स योनीभिदेशे।
पार्श्वाभ्यां पंच शून्यैः सह कवच शिरोऽङ्गन्यास रक्षा करोमि ।।

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं रक्ष रक्ष स्वाहा। (हृदय कवचं)
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाण रक्ष रक्ष स्वाहा। (मुखम)
ॐ ह्रूं णमो आइरियाण रक्ष रक्ष स्वाहा। (दक्षिणाग)
ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं रक्ष रक्ष स्वाहा। (पृष्ठागम्)
ॐ ह्रः णमो लोए सव्व साहूण रक्ष रक्ष स्वाहा। (वामाग)
ॐ ह्रां णमो अरहताण रक्ष रक्ष स्वाहा। (ललाट भाग)
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाण रक्ष रक्ष स्वाहा। (उर्ध्वभाग)
ॐ ह्रूं णमो आइरियाण रक्ष रक्ष स्वाहा। (शिरो दक्षिण भागं)
ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाण रक्ष रक्ष स्वाहा। (शिरो अपर भाग)
ॐ ह्र णमो लोए सव्वसाहूण रक्ष रक्ष स्वाहा। (शिरो वाम भागं)
ॐ ह्रां णमो अरहंताण रक्ष रक्ष स्वाहा। (दक्षिण कुक्षं)
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाण रक्ष रक्ष स्वाहा। (वाम कुक्षं)
ॐ ह्रूं णमो आइरियाण रक्ष रक्ष स्वाहा (नाभि प्रदेश)
ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाण रक्ष रक्ष स्वाहा (दक्षिण पार्श्व)
ॐ ह्रः णमो लोए सव्व साहूण रक्ष रक्ष स्वाहा (वाम पार्श्व)

इति अङ्गन्यास

विन्यस्य करतर्जन्यां, पंच ब्रह्म पदावलि ।
बध्नाभि स्वात्मरक्षायै, कूट शून्याक्षरैर्दिशः ।।

नीचे लिखे मत्रो से दिशा बंधन करे ।

ॐ क्षा ह्रा पूर्वे । ॐ क्षी ह्री अग्नौ । ॐ क्षी ह्री दक्षिणे । ॐ क्षें ह्रे नैऋते । ॐ क्षै है पश्चिमे । ॐ क्षो ह्रो वायव्ये । ॐ क्षौं ह्रौं उत्तरे । ॐ क्ष ह्रं ईशाने । ॐ क्षः ह्रः भूतले । ॐ क्षी ह्री उर्द्ध्वे । ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते समस्त दिग्बधन करोमि स्वाहा ।

ऊपर लिखे मत्रो से क्रम क्रम पूर्वक एक-एक दिशा में तर्जनी अगुली घुमावे । तर्जनी अगुली पर अ सि आ उ सा केशर से लिखे, दाएं हाथ की तर्जनी पर लिखना चाहिए ।

ॐ ह्राँ णमो अरहंताणं अर्हद्भ्यो नमः ।
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धेभ्यो नमः ।

परमात्म ध्यान मंत्र का यहाँ ध्यान करे ।

जिनेन्द्र पादार्चित सिद्ध शेषया ।
सिद्धार्थ दर्वायिव चंदनाक्षतान् ।।
उपासकानामपि मूर्ध्नि निक्षिपन् ।
करोमि रक्षां मम शान्ति का नाम् ।।

ॐ नमोऽर्हते सर्वं रक्ष रक्ष ह्रूँ फट् स्वाहा ।

इस मत्र से पुष्प या पीली सरसों को ७ बार मत्रित करे और सर्व दिशा मे फेके । तथा मत्र बोलते हुए सब दिशाओ में ताली बजावे व तीन बार चुटकी बजावे ।

सिद्धार्थानभिमंत्रितान्सह्य वैरादाय यज्ञ क्षितौ ।
स्वां विद्यामभिरक्षणाय, जगतां शांत्यै सतां श्रेयसे ।।
सर्वासु प्रचुरान् दिशासु, पर विद्याछेदनार्थं ।
किराभ्यर्हत्याग विधि, प्रसिद्ध कलि कुंडाख्येन मंत्रेण च ।।

ॐ ह्री अर्हं श्री कलि कुंड स्वामिन् स्फ्रां स्फ्री स्फ्रूं स्फ्रें स्फ्रै स्फ्रों स्फ्रं स्फ्रं स्फ्रः ह्रूक्ष्रू फट् इतीन् घातय घातय विघ्नान् स्फोटय् स्फोटय् । पर विद्यां छिन्द छिन्द आत्म विद्यां रक्ष रक्ष ह्रूँ फट् स्वाहा ।

इस मन्त्र से जौ और सरसों मंत्रित कर दाहिनी दिशा में डाले ।

इत्थं सदैव सकलीकरणं यथाव ।
त्स सदैव सकलीकरणं यथाव ।

त्सं भावयतिमशेष मलंघ्य शक्तिः ।
भूतो रागादि विष किल्विष दुःख मुग्रं ।
निर्जित्य निश्चय सुखान्यनु भूयतेऽसौ ॥

॥ इति सकलीकरण ॥

मन्त्र साधन की विधि

॥ १ ॥ जो पुरुष मन्त्र साधन के लिए जिस किसी स्थान मे जावे, प्रथम उस क्षेत्र के रक्षक देव से प्रार्थना करे कि मैं इस स्थान मे, इतने काल तक ठहरूँगा, तव तक के लिए आज्ञा प्रदान करो, और किसी प्रकार का उपसर्ग होवे तो निवारियो—क्योंकि, हमारे जैन मुनि भी जव कही किसी स्थान मे जाकर ठहरते हैं तो उसके रक्षक देव को कहते हैं कि इतने दिन तक तेरे स्थान मे ठहरेंगे तू क्षमा भाव रखियो। इस वास्ते गृहस्थियो को अवश्य ही उपरोक्तानुसार रक्षक देव से आज्ञा लेनी चाहिये ।

॥ २ ॥ जव मन्त्र साधन करने के वास्ते जावो तब जहाँ तक हो ऐसे स्थान मे मन्त्र सिद्ध करो जहाँ मनुष्यो का गमनागमन न हो जैसे अपने जैन तीर्थ, मागी तुङ्गीजी, सिद्ध वर कूट, रेवा नदी के तट पर या सोनागिरीजी या और जो अपने जैन तीर्थ एकान्त स्थान मे हैं, या वगीचो के मकानो मे, पहाडो मे तथा नदी के किनारे पर या निर्जन स्थान मे, ऐसे स्थानो मे मन्त्र सिद्ध करने को जाना चाहिये। जब उस स्थान मे प्रवेश करो, वहाँ ठहरो तो मन, वचन, काय से उस स्थान का जो रक्षक देव या यक्ष आदि है उसका योग्य विनय मुख से यह उच्चारण करे कि हे इस स्थान के रक्षक देव मैं, अपने इस कार्य की सिद्धि के वास्ते तेरे स्थान मे रहने के लिये आया हूँ तेरी रक्षा का आश्रय लिया है, इतने दिनो तक मैं तेरे स्थान मे रहने के लिये आया हूँ, तेरी रक्षा का आश्रय लिया है, इतने दिनो तक निवास के लिये आज्ञा प्रदान कीजिये । अगर मेरे ऊपर किसी तरह का सकट, उपद्रव या भय आवे तो उसे निवारण कीजिये ।

॥ ३ ॥ जव मन्त्र साधन करने जावो तो एक नौकर साथ ले जाओ, जो रसोई की वस्तु लाकर, रसोई वनाकर तुमको भोजन करा दिया करे। तुम्हारा धोती–दुपट्टा धो दिया करे, जव तुम मन्त्र साधन करने बैठो, तव तुम्हारे सामान की चौकसी रखे ।

॥ ४ ॥ जो मन्त्र साधन करना हो पहले विधि पूर्वक जितना–जितना हर दिन जप सके उतना हर दिन जप कर सवा लाख पूरा कर मन्त्र साधना करे, फिर जहाँ काम पडे उसका जाप जितना कर सके १०८ वार या २१ वार या जैसा मन्त्र मे लिखा हो, उतनी वार जपने से कार्य सिद्ध होवे। मन्त्र शुद्ध अवस्था मे जपे। शुद्ध भोजन खाये। और मन्त्र मे जिस शव्द के दो–दो का अ क हो उस शव्द का दो बार उच्चारण करे।

	शान्ति कर्म	पौष्टिक कर्म
१	शान्ति कर्म	पौष्टिक कर्म
२	पश्चिम बरुण दिशा	नैऋत्य दिशा
३	अर्द्ध रात्रि	प्रभात काल
४	ज्ञान मुद्रा	ज्ञान मुद्रा
५	पर्यङ्कासन	पंकजासन
६	स्वाहा पल्लव	स्वधापल्लव
७	श्वेत वस्त्र	श्वेत वस्त्र
८	श्वेत पुष्प	श्वेत पुष्प
९	श्वेत वर्ण	श्वेत वर्ण
१०	पूरक योग	पूरक योग
११	दीपन आदि नाम	दीपन आदि नाम
१२	स्फाटिक मणि	मुक्ता मणि
१३	मध्यमांगुली	मध्यमांगुली
१४	दक्षिण हस्त	दक्षिण हस्त
१५	वाम वायु	वाम वायु
१६	शरद ऋतु	हेमन्त ऋतु
१७	जल मण्डल मध्य	जल मण्डल
१८	अर्द्ध रात्रि	प्रभात काल

नोट .—प्रत्येक दिन मे

हो वहा धूप के साथ जपे यानि धूप आगे रखे ।

करे,
कर
छू
राने
या
न्त्र
]
रा
न
को
जप
ग्रह
त्र
गृह
।
की
नी
स
।
रे,
न
में

।। ५ ।। जब मन्त्र जपने बैठे, पहले रक्षा–मन्त्र सकलीकरण कर अपनी रक्षा कर लिया करे, ताकि कोई उपद्रव अपने जाप्य मे विघ्न न डाल सके। अगर रक्षा–मन्त्र जप कर मन्त्र जपने बैठे तो साँप, बिच्छू, भेडिया, रीछ, शेर, बकरा उसके बदन को न छू सके—दूर ही रुके। मन्त्र पूर्ण होने पर जो देव-देवी साप वगैरह बनकर उसको डराने आवे तो जो रक्षा मन्त्र जप कर जाप करने बैठे उसके अंग को वह छू नही सके—सामने से ही डरा सके। जब मन्त्र पूर्ण होने को आवे तब देव पूर्ण देवी विक्रिया से साँप वगैरह डराने आवे तो डरे नही। चाहे प्राण जावे तो डरे नही तो मन्त्र सिद्ध होय। मनोकामना पूर्ण होय। यदि बिना मन्त्र रक्षा के [रक्षा–मन्त्र के] जपने बैठे तो पागल हो जावे। इस वास्ते पहले रक्षा–मन्त्र जप कर, पश्चात् दूसरा मन्त्र जपना चाहिये।

।। ६ ।। मन्त्र जहाँ तक हो सके ग्रीष्म ऋतु मे करना चाहिये ताकि धोती दुपट्टा मे सर्दी न लगे। मन्त्र सिद्ध करने मे धोती दुपट्टा दो ही कपड़े रक्खे। वे कपडे शुद्ध हों, उनको पहने हुये पाखाने नही जावे, खाना नही खावे, पेशाब नही जावे, सोवे नही, जब जप कर चुके तो उन्हे अलग उतार कर रख देवे, दूसरे वस्त्र पहन लिया करे, यह वस्त्र नित्य हर दिन स्नान कर बदन पौछ कर पहना करे। यह वस्त्र सूत के पवित्र वस्तु के हो। ऊन, रेशम वगैरह अपवित्र वस्तु के न हो। स्त्री सेवन न करे। गृह कार्य छोड़कर एकान्त मे मन्त्र जप सिद्ध करे।

।। ७ ।। मन्त्र मे जिस रग को माला लिखी हो उसी रग का आसन यानि बिस्तर आदि। धोती दुपट्टा भी उसी रग का हो तो और भी श्रेष्ठ है, यदि माला उसी रग की न होवे तो सूत की माला उस रग की रग लेवे। जब मन्त्र जपने बैठे तो इतनी बातों का ध्यान रखे।

।। ८ ।। पहले सब काम ठीक करके मन्त्र जपे।

।। ९ ।। आसन सबसे अच्छा डाभ का लिखा है, या सफेद या पीला या लाल—जैसा जिस मन्त्र मे चाहिये वैसा बिछावे।

।।१०।। ओढने की धोती–दुपट्टा सफेद उम्दा हो या जिस रग का जिस मन्त्र में चाहिये। वैसा हो।

।।११।। शरीर की शुद्धि करके परिणाम ठीक करके धीरे–धीरे तसल्ली के साथ जाप्य करे, अक्षर शुद्ध पढे।

।।१२।। मन्त्र पद्मासन मे बैठकर जपे। जिस प्रकार हमारी बैठी हुई प्रतिमाओं का आसन होता है, बाँया हाथ गोद मे रखकर दाहिने हाथ मे जपे। जो मन्त्र बायें हाथ में जपना लिखा हो तो वहाँ दाहिना हाथ (गोद) में रखकर बाये हाथ में जपे।

।।१३।। जहां स्वाहा लिखा हो वहाँ धूप के साथ जपे यानि धूप आगे रखे।

।।१४।। जहाँ दीपक लिखा हो, वहाँ घी का दीपक आगे जलाना चाहिये ।

।।१५।। जिस–जिस अँगुली से जाप्य लिखा हो उसी अँगुली और अँगूठे से जाप्य जपे । अंगुलियो के नाम आगे लिखें हैं—

अँगुलियों के नाम :–

अँगूठे को अँगुष्ठ कहते हैं ।

अँगूठे के साथ की अगुलो को तर्जनी कहते हैं ।

तीसरी बीच की अँगुलो को मध्यमा कहते हैं ।

चौथी यानि मध्यमा के पास की अँगुली को [अँगुष्ठ से चौथी को] अनामिका कहते ।

पाँचवी सबसे छोटी अँगुली को कनिष्ठा कहते हैं ।

अंगुष्ठेन तु मोक्षार्थं धर्मार्थं तर्जनी भवेत् ।
मध्यमा शान्तिकं ज्ञेया सिद्धिला भायऽनामिका ।।१।।

जाप्य विधि मे मोक्ष तथा धर्म के वास्ते अँगुष्ठ के साथ तर्जनी से, शान्ति के लिये मध्यमा तथा सिद्धि के लिये अनामिका अगुली से जाप्य करे ।

कनिष्ठा सर्व सिद्धार्थ एतत् स्याज्जाप्य लक्षणाम् ।
असंख्यातं च यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत् ।।२।।

कनिष्ठा सर्व सिद्धि के वास्ते श्रेष्ठ है, ये जाप के लक्षण जाने बिना मर्यादा किया हुआ सब जाप्य निष्फल होता है अर्थात् किसी मन्त्र का २१ बार जाप्य लिखा है तो वहाँ २१ से कम या अधिक जाप्य नही करना, ऐसा करने से वह निष्फल होता है । मन्त्र सिद्ध नही होता ।

अंगुल्यग्रेण यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलंघने ।
व्यग्रचित्तेन यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत् ।।३।।

अगुली के अग्र भाग से जो जाप किये जाये तथा माला के ऊपर जो तीन दाने मेरू के हैं, उनको उल्लघन करके जो जाप्य किया जाय तथा व्याकुल चित्त से जो जाप्य किया जाय वह सब निष्फल होता है ।

माला सुपंचवर्णानां सुमाना सर्व कार्यदा ।
स्तम्भने दुष्टसंत्रासे जपेत् प्रस्तरकर्कशान् ।।४।।

सब कार्यो में पाँचो वर्णों के फूलो की माला श्रेष्ठ है, परन्तु दुष्टो को डराने मे तथा स्तम्भन करने व कीलने मे कठोर (सख्त) वस्तु के मणियो की माला से जाप्य करे।

धर्मार्थी काममोक्षार्थी जपेद वै पुत्र जोविकाम्। (स्त्रजम्)
शान्तये पुत्र लाभाय जपे दुत्तममालिकाम् ॥५॥

मन्त्र साधन करने वाला धर्म के लिये तथा काय और मोक्ष के लिये तथा शान्ति के लिये और पुत्र प्राप्ति के वास्ते मोती आदि की उत्तम माला से जाप्य करे। शान्ति से यह तात्पर्य है कि जैसे रोगी आदि के लिये रोग की शान्ति करना या दैवी वगैरह किसी का उपद्रव हो उसकी शान्ति करना। अन्य कामो मे नीवापोता को माला से जाप्य करे।

शान्ति अर्द्ध रात्रि वारुणि दिक् ज्ञानमुद्रापंकजासन।
मौक्तिकमालिका स्वच्छे स्वेते पू० चं० क्रां० ॥६॥ स्वरे

शान्ति के प्रयोग मे मन्त्र जाप्य करने वाला आधी रात के समय पश्चिम दिशा की ओर मुख करके ज्ञान-मुद्रा सहित कमला सन युक्त मोतियो की माला से स्वच्छ स्वेत बाएँ योग पूरक च० क्रा० का उच्चारण करता हुआ जाप्य करे।

स्तम्भनं पूर्वाह्ने वज्रासने पूर्वदिक् शंभुमुद्रा।
स्वर्णमणिमालिका पीताम्बर वर्ण ठः ठः ॥७॥

स्तम्भन [रोकना तथा कीलना] के प्रयोग मे पूर्वाह्न अर्थात् दुपहर से पहले काल में वज्रासनयुक्त पूर्व दिशा की तरफ मुख करके स्वर्ण के मणियो की माला से पीले रग के वस्त्र पहने हुये ठः ठ पल्लव उच्चारण करता हुआ जाप्य करे।

शत्रूच्चाटने च रुद्राक्षा विद्वेषारिष्टजंप्नजा।
स्फाटिकी सूत्रजामाला मोक्षार्थानां (र्थीनां) तू निर्मला ॥८॥

दुश्मन का उच्चाटन करने के लिये रुद्राक्ष की माला, वैर मे जिया पोते की माला, मोक्षाभिलाषियो को स्फटिक मणि की तथा सूत्र की माला श्रेष्ठ है।

उच्चाटनं वायव्यदिक् अपराह्नकाल कुक्कुटासन।
प्रवालमालिका धूम्रा च फटित् तर्ज न्यगुष्ठयोगेन ॥९॥

उच्चाटन इसके प्रयोग मे वायव्य कोण [पश्चिम और उत्तर के वीच में] की तरफ मुख करके अपराह्न [दुपहर के बाद] मे कुक्कुटासनयुक्त मूँगे की माला से धुँवे के रग व फट् पल्लव लगाकर अँगूठा और तर्जनी से जाप करे।

वशीकरणे पूर्वाह्ने स्वस्तिकासन उत्तरदिक् कमलमुद्रा।
विद्रुममालिका जपा कुसुम वर्ण वषट् ॥१०॥

वशीकरण अर्थात् वश मे करना [अपने अधीन करना] इसके प्रयोग मे पूर्वाह्न, दोपहर के पहले काल मे स्वस्तिकासन युक्त उत्तर दिशा की तरफ मुख करके कमल मुद्रा सहित मूँगे की माला से जपे। कुसुमवर्ण वषट्पल्लव उच्चारण करता हुआ जाप्य करें।

आसन डाव रक्त वर्ण यन्त्रोद्धार ! रक्त पुष्प वाम हस्तने डाव के आसन पर बैठ कर लाल कपडे सहित यन्त्रोद्धार" ....लाल फूल रखता हुआ बाये हाथ से जाप्य करे।

आकृष्टि पूर्वाह्न दण्डासनं अंकुश मुद्रा दक्षिणदिक्।
प्रवालमाला उदयार्कवर्ण वौषट् स्फुट अंगुष्ठमध्यमाभ्यंतु ॥

आकृष्टि—बुलाना इसके प्रयोग मे पूर्वाह्न (दोपहर से पहले) काल मे दण्डासनयुक्त अंकुश मुद्रा–सहित दक्षिण दिशा की तरफ मुख करके मूँगे की माला से उदयार्कवर्ण .... वौषट उच्चारण करता हुआ अंगूठे और बीच की अंगुली से जाप्य करे।

निषिद्धसन्ध्यासमय भद्र पीठासन ईशानदिक् वज्रमुद्रा।
जीवापोतामालिका धूम्र बहुभ कनिष्ठांगुष्ठयोगेन ॥

निषिद्ध कर्म या मारण कर्म समय मे भद्र पीठासन युक्त ईशान [उत्तर और पूर्व दिशा के बीच] की तरफ मुख करके वज्र–मुद्रा युक्त जीवापोता माला से धूप खेता हुआ या होम करता हुआ अंगूठे और कनिष्ठा से जाप करे।

नोट —जो वगैर रक्षा–मन्त्र जप के मन्त्र साधन करते है अक्सर व्यन्तरो से डराये जाकर अधबीच मे मन्त्र साधन छोड देने से पागल हो जाते है इसलिये जब कोई मन्त्र सिद्ध करने बैठे तो मन्त्र जपना आरम्भ करने से पूर्व इनमे से कोई रक्षा–मन्त्र जरूर जप लेना चाहिये। इससे मन्त्र साधन करने मे कोई उपद्रव नही हो सकेगा और कोई व्यन्तर वगैरह रूप बदल कर ध्यान मे विघ्न नही डाल सकेगा। कुण्डली के अन्दर आ नही सकेगा।

इन मन्त्रो का जाप्य भगवान की वेदी के सामने करना चाहिए या देव स्थान मे जाप्य करना चाहिये या घर मे एकान्त स्थान मे जाप्य करे। किन्तु घर मे होम और पुण्याहवाचन करके णमोकार मन्त्र का चित्र और जिनेन्द्र भगवान का चित्र, दीप और धूपदानी समक्ष रख कर, आसन पर बैठकर और शुद्ध वस्त्र पहनकर जाप्य करे। उस स्थान पर बच्चो आदि का उपद्रव या शोर नही होना चाहिए। मन्त्र की जाप्य अत्यन्त शुद्ध, भक्ति के साथ करनी चाहिए। मन्त्र मे किसी प्रकार की आकुलता, चिन्ता, दुःख, शोक आदि भावनाएँ नही रहनी चाहिए। जाप्य करते समय मन को स्थिर रखना चाहिए पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके जाप्य देनी चाहिए। जाप्य मे बैठने से पहले समय की मर्यादा कर लेनी चाहिए। पद्मासन से बैठना चाहिए, मौन रखना चाहिए। जितने दिन जाप्य कर, उतने दिन एकाशन, किसी रस का त्याग, वस्त्र आदि का परिमाण करे। जमीन, चटाई या तख्ते पर सोवे, जाप्य समाप्त होने

तक ब्रह्मचर्य व्रत रखे मन्त्र की जाप्य पुष्य हस्त और मल आदि शुभ नक्षत्रो मे आरम्भ करना चाहिये। सुबह दोपहर और शाम को जाप्य करे। सुबह ५ बजे उठकर स्नानादि से निवृत होकर शुद्ध वस्त्र पहन कर जाप्य दे। श्वेत वस्त्र पहने। यदि घर मे जाप्य करनी हो तो भगवान का दर्शन-पूजन करने के पश्चात् करनी चाहिए। दोपहर को शुद्ध वस्त्र पहनकर तथा सध्या को मन्दिर मे दर्शन करने के पश्चात् शुद्ध वस्त्र पहनकर जाप्य करे।

जाप्य तीन प्रकार का होता है

मानसिक, वाचनिक (उपाशुक) और कायिक।

मानसिक जाप : मन मे मन्त्र का जप करना यह कार्य सिद्धि के लिए होता है।

वाचनिक जाप .—उच्च स्वर मे मन्त्र पढना, यह पुत्र प्राप्ति के लिए होता है।

कायनिक जाप :—बिना बोले मन्त्र पढ़ना, जिसमे होठ हिलते रहे। यह धन प्राप्ति के लिए होता है या किया जाता है।

इन तीनो जाप्यो मे मानसिक जाप्य श्रेष्ठ है जाप उगलियो पर या माला द्वारा करना चाहिये। माला चाहे सूत को हो या स्फटिक, सोना, चाँदी या मोती आदि की हो सकती है।

विश्व शान्ति के लिए आठ करोड़ आठ लाख आठ हजार आठ सौ आठ जाप करे। कम से कम सात लाख जाप करे। यह जाप नियमबद्ध होकर निरन्तर करे, सूतक पातक मे भी छोड नही। विश्व शान्ति जाप के लिए दिनो का प्रमाण कर लेना चाहिए।

पुत्र प्राप्ति, नवग्रह शान्ति, रोग-निवारण आदि कार्यो के लिए एक लाख जाप करे। आत्मिक शान्ति के लिए सदा जाप करे। दिनो का कोई नियम नही है. स्त्रियो को रजस्वला होने पर भी जाप करते रहना चाहिए, स्नान करने के पश्चात् मन्त्र का जाप्य मन मे करे, जोर से नही बोले और माला भी काम में न ले।

जप पूर्ण होने पर भगवान का अभिषेक करके यथा शक्ति दान पुण्य करे।

आसन-विधान

बॉस की चटाई पर बैठकर जाप करने से दरिद्र हो जाता है, पाषाण पर बैठकर जाप करने से व्याधि पीडित हो जाता है। भूमि पर जाप्य करने से दु.ख प्राप्त होता है, पट्टे पर बैठकर जाप करने से दुर्भाग्य प्राप्त होता है, घास की चटाई पर बैठकर जाप करने से अपयश प्राप्त होता है, पत्तों के आसन् पर बैठकर जाप करने से भ्रम हो जाता है, कथरी पर बैठकर जाप करने से मन चचल होता है, चमडे पर बैठकर जाप करने से ज्ञान नष्ट हो जाता है, कंबल पर बैठकर जाप करने से मान भंग हो जाता है। नीले रग के वस्त्र पहनकर जाप करने से बहुत दु.ख हो जाता है। हरे रग के वस्त्र पहनकर जाप करने से मान भग हो जाता है। श्वेत वस्त्र पहन कर जाप करने से यश की वृद्धि होती है। पीले रग के वस्त्र पहन कर जाप

करने से हर्ष वढता है। ध्यान मे लाल रग के वस्त्र श्रेष्ठ हैं। सर्व धर्म कार्य सिद्ध करने के लिए दर्भासन (डाव का ग्रासन) उत्तम है।

गृहे जपफलं प्रोक्त वने शत गुणं भवेत्।
पुण्यारामे तथारण्ये सहस्र गुणितं मतम्।
पर्वते दश सहस्रं च नद्यां लक्ष मुदाहृतम्।
कोटि देवालये प्राहुरनन्तं जिन सन्निधौ ।।

अर्थात् घर मे जो जाप का फल होता है उससे सौ गुना फल वन मे जाप करने से होता है। पुण्य क्षेत्र तथा जगल मे जाप करने से हजार गुणा फल होता है। पर्वत पर जाप करने से दस हजार गुणा, नदी के किनारे जाप करने से एक लाख गुणा, देवालय (मन्दिर) मे जाप करने से करोड गुणा ग्रौर भगवान के समीप जाप करने से ग्रनन्त गुणा फल मिलता है।

अंगुली-विधान

अंगुष्ठ जपो मोक्षाय, उपचारे तु तर्जनी
मध्यमा धन सौख्याय, शान्त्यर्थं तु अनामिका।
कनिष्ठा सर्व सिद्धि दा तर्जनी शत्रु नाशाय।
इत्यपि पाठान्तरोऽस्ति हि।

मोक्ष के लिए ग्रगुठे से जाप करें, उपचार (व्यवहार) के लिए तर्जनी से, धन और सुख के लिये मध्यमा ग्रगुलि से, शान्ति के लिए ग्रनामिका से ग्रौर सब कार्यों की सिद्धि के लिए कनिष्ठा से जाप करे। पाठान्तर से कही शत्रु नाश के लिए तर्जनी ग्रगुली से जाप करे।

माला-विधान

दुष्ट या व्यंतर देवो के उपद्रव दूर करने, स्तम्भन विधि के लिए, रोग शान्ति के लिए या पुत्र प्रान्ति के लिये मोती की माला या कमल वीज माला से जाप करने चाहिये। शत्रु उच्चाटन के लिए रुद्राक्ष की माला, सर्म कर्म के लिए या सर्व कार्य की सिद्धि के लिए पच वर्णों के पुष्पो से जाप करने चाहिये। हाथ की ग्रगुलियो पर जाप करने से दस गुना फल मिलता आँवले की माला पर जप करने से सहस्र गुना फल मिलता है। लौंग की माला से पाँच हजार गुणा, स्फटिक की माला पर दस हजार गुणा, मोतियो की माला पर लाख गुणा, कमल वीज पर दस लाख गुणा, सोने की माला पर जाप करने से करोड गुणा फल मिलता है। माला के साथ भाव शुद्धि विशेप होनी चाहिये।

मन्त्र शास्त्र में अकडम चक्र का प्रयोग

अथ अकडम चक्र प्रयोग— नाम पुरुष के नाम के पहले अक्षर से मन्त्र के नाम अक्षर तक गिनना। मन्त्र सिद्ध असिद्ध देखे।

अर्थ :—पुरुष के नामाक्षर तक गिणाई पहले सिद्ध, बिजई साध्य, तीजई सु सिद्ध, चउ अरि शत्रुता इणी।

अनुक्रम से बारह स्थान कूं जो बारह कोठे है उनमे गिनकर शुभ अशुभ सिद्ध असिद्ध देखो। १–५–९ कोठा के अक्षर आवे तो देर से सिद्ध, २–६–१० कोठा के अक्षर सिद्ध हों या न भी हों, ३–७–११ कोठा के अक्षर जल्दी सिद्ध हों, ४–८–१२ कोठा के अक्षर शत्रुता कार्य न हो।

५	८	५	८	३	४१	७	६	७	६	४	१	१
पंच	पाठा	पचई	ग्राठार	तिन्ह	चोरिका	सत्व	छक्का	सतई	छकाई	चऊ	रिक्का	एकेन

पुरुष द्राम्या स्त्री शून्ये नपुंसक एकेन् जीवा द्राम्या धातु शून्येन मूल ३ एकेन लाभः द्राम्या न लाभ शून्येन हानि ४ एकेन ग्राकाश द्राम्या पाताल शून्येन मत्यु लोक ॥

॥ इति ॥

एक–एक कोठा मे ४–४ अक्षर १८ ग्रङ्क है। १२ कोठे १२ राशि रग का विवरण है।

ग्रकडम चक्रम्

कोई पाठ मन्त्र किसी व्यक्ति को फलप्रद होगा कि नही यह जानने के लिए उस मन्त्र या पाठ का नाम का पहला अक्षर और व्यक्ति के नाम के पहले अक्षर का इस चक्र मे नीचे लिखे शब्द बोलकर मिलान करने पर मालूम हो जायेगा कि पहले व्यक्ति के नाम से कार्य के नाम के पहले अक्षर को गिनना तो मालूम होगा। सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध, ग्ररि।

मन्त्र साधन मुहूर्त्त का कोष्टक

नक्षत्र	उत्तफा॰ ह॰ अश्वि॰ श्र॰ वि॰ मृ॰
वार	र॰ सो॰ बु॰ गु॰ शु॰
तिथि	२।३।५।७।१०।११।१३।१५

इस कोष्टक को देखकर, पचाङ्ग से मिलान कर मन्त्र साधन करने का मुहूर्त्त देख लेना चाहिये, तब मन्त्र साधना की ओर अग्रसर हो, नही तो सफलता नही मिलेगी।

॥ ० ॥

मन्त्र सिद्ध होगा या नहीं उसको देखने की विधि

जिस मन्त्र की साधना करना हो उस मन्त्र के अक्षरो को ३ से गुणा करे, फिर अपने नाम के अक्षरो को और मिला देवे, उस सख्या में १२ का भाग देवे, शेष जो रहे, उसका फल निम्नानुसार जाने :—

५—६ बाकी बचे तो मन्त्र सिद्ध होगा।

६—१० बचे तो देर से सिद्ध होगा।

७—११ बचे तो अच्छा होगा।

८—१२ बचें तो सिद्ध नही होगा।

कोई मन्त्र अगर अपने नाम से मिलाने पर ऋणी या धनी आता हो, तो उस मन्त्र के आदि मे ॐ ह्री श्री क्ली इनमे से कोई भी बीज मन्त्र के साथ जोड़ देने पर मन्त्र अवश्य सिद्ध हो जायगा।

॥ ० ॥

मन्त्र जपने के लिये आसन

पर्यकासन :—इसे सुखासन भी कहते है। दोनो जघाओं के नीचे का भाग पाँव के ऊपर करके बैठे यानि पालथी मार कर बैठे और दाहिना व बायां हाथ नाभि कमल के पास ध्यान मुद्रा मे रखे।

वीरासन :—दाहिनाँ पैर बाँयी जघा पर व बायाँ पैर दाहिनी जंघा पर रख कर स्थिरता से बैठे।

वज्रासन :— वीरासन की मुद्रा मे पीठ की तरफ से लेकर दाहिने पैर का अ गूठा दाहिने हाथ से और वाँये पैर का अ गूठा वाँये हाथ से पकडे तो वज्रासन होता है।

पद्मासन दायाँ पैर बाँयी जघा पर रखे और वायाँ पैर दाँयी जघा पर, एडियाँ परस्पर मिली हो, दोनो घुटने जमीन से स्पर्श न करे तो पद्मासन होता है।

भद्रासन —पुरुप चिह्न के आगे पाँव के दोनो तलुये मिलाकर उनके ऊपर दोनो हाथ की अ गुली परस्पर एक के साथ एक करने के वाद दोनो अ गुलियाँ ठोक तरह से दीखती रहे इस प्रकार हाथ जोडकर वैठना भद्रासन है।

दण्डासन :—जिस आसन मे वैटने से अ गुलियाँ, गुल्फ व जंघा भूमि से स्पर्श करे, इस प्रकार पाँवो को लम्वे कर वैठना दण्डासन कहा जाता है।

उत्किटिकासन —गुदा और ऐडी के सयोग से दृढता पूर्वक वैठे तो उत्किटिकासन कहा जाता है।

गो दोहिकासन —गाय दुहने को वैटते है, उस तरह वैठना, ध्यान करना गो–दोहिकासन है।

कायोत्सर्गासन —खडे–खडे दोनो भुजाओ को लम्वी कर घुटने की तरफ बढाना या वैठे–वैठे काया को अपेक्षा नही रख कर ध्यान करना कायोत्सर्गासन कहलाता है।

मन्त्र शास्त्र में मुद्राओं की विधि

(१) वाम हस्तस्योपरिदक्षिणकर कृत्वा कनिष्ठिकागुष्ठाभ्या मणिवध वेष्ट्य शेषागुलिर्ना विस्फारित वज्रमुद्रा। [चित्र स० १]

(२) पद्माकारो कृत्वा मध्ये अगुष्ठौ कर्णिकारो विन्यस्येदिति 'पद्ममुद्रा'। [चित्र सं० ५]

(३) वामहस्ततले दक्षिण हस्तमूल निवेश्य कर शाखा विरलीकृत्य प्रसारयेदिति 'चक्रमुद्रा' [चित्र स० ७]

(४) उत्तानहस्तद्वयेन वेणीवध विधाया गुष्टाभ्यां कनिष्ठ तर्जनीभ्यां मध्ये सगृह्य अनामिके समीकुर्यातामिति 'परमेष्ठीमुद्रा'।

(५) यद्वा करागुली अर्द्धीकृत्य मध्यमा मध्ये कुर्यादिति 'द्वितीया परमेष्ठी मुद्रा'। [चित्र सं० २०]

(६) उत्तानो किंचिदा कु चित कर शाखौ पाणी विधाया धारये दिति 'अञ्जुलि मुद्रा'। अथवा पल्लव मुद्रा'। [चित्र स० ६]

(७) परस्पराभिमुखौ ग्र थितांगुलिकौ करौ कृत्वा तर्जनीभ्यामनामिके गृहीत्वा मध्यमे प्रसार्य तन्मध्ये अंगुष्ठ द्वय निक्षिपेत् इति (सौमय मुद्रा) सौभाग्य मुद्रा ।। ७ ।।

(८) किंचिद्गर्भितौ हस्तौ समौ विधाय ललाट देशे योजनेन सुक्तासुक्ति मुद्रा ।

(९) मिथपराङ्ग मुखौ करौ सयोज्यांगुली विदूर्भ्यात्म सम्मुख कर द्वयपरावर्तनेन 'मुद्गर मुद्रा' ।

(१०) वामकर सहितांगुलि हृदयाग्रे निवेश्य दक्षिण मुष्टिबद्ध तर्जनीमूर्द्धी कुर्यादिति तर्जनी मुद्रा ।।१०।।

(११) अंगुलोत्रिक सरलीकृत्य तर्जन्यं गुष्ठौमीलयित्वा हृदयाग्रे धार्येदिति प्रवचन मुद्रा ।

(१२) अन्योन्य ग्र थितांगुलिषु कनिष्ठानामिकयो मध्यमा तर्जन्योश्च सयोजनेन गोस्तनाकार-धेनुमुद्रा । [चित्र स० २१]

(१३) हस्त तलिकोपरि हस्तलिका कार्याइति आसन मुद्रा ।

(१४) दक्षिणांगुष्ठेन तर्जनीमध्यमे समाक्रम्यपुनर्मध्यमा मोक्षणेन नाराचमुद्रा ।।

(१५) करस्थापनेन जनमुद्रा ।

(१६) वामहस्तपृष्ठोपरि दक्षिण हस्त तले निवेशने अंगुष्ठ द्वय चालनेन 'मीन मुद्रा' ।

(१७) दक्षिणहतस्य तर्जनी प्रसार्य मध्यमा ईषद्वक्रीकरणे अंकुस मुद्रा । [चित्र स० ६]

(१८) बद्धमुष्टयो. करयो. संलग्न स मुखांगुष्ठयो हृदय मुद्रा । [चित्र स० १३]

(१९) तावेवमुष्टी समीकृत्वार्द्धांगुष्ठ शिरसिविन्यस्येदिति 'शिरोमुद्रा' ।

(२०) मुष्टिबद्ध विधाय कनिष्ठमगुष्ठप्रसारयेत् इति 'शिखामुद्रा' ।

(२१) पूर्ववत् मुष्टि बध्वा तर्जन्यो प्रसारयेदिति 'कवचमुद्रा' ।

(२२) कनिष्ठा मंगुष्ठेन सपीड्यशेषांगुली प्रसारयेदिति 'क्षरमुद्रा' ।

(२३) तत्रदक्षिण करेण मुष्टि बध्वा तर्जनी मध्यमे प्रसारयेत् इति 'अस्त्र मुद्रा' ।

(२४) हृदयादीना विन्यास मुद्रा प्रसारितोन्मुखाभ्यां हस्ताभ्या पादागुलि तलान्मस्तकस्पर्शा-'न्महामुद्रा' ।

(२५) हस्ताभ्यामजुलि कृत्वा नाभिकामूलं पर्वांगुष्ठ सयोजनेन 'मावाहिनी मुद्रा' ।

(२६) इयमेवाधोमुखी 'स्थापनी मुद्रा' । [चित्र स० ११]

(२७) संलग्नमुष्ट्युछितांगुष्ठौ करौ 'सन्निधानी मुद्रा' । [चित्र स० १२]

(२८) तामेवंगुष्ठो 'निष्ठुरा मुद्रा' एतातिस्र 'अवगाहनादि मुद्रा' ।

(२९) अन्योन्यग्रथितांगुलीषु कनिष्ठानामिकयोर्मध्यमा तर्जन्यो विस्तारित तर्जन्या वामहस्त तलचालनेन त्रासनी नेत्रास्त्रयो 'पूज्यमुद्रा' ।

(३०) अंगुष्ठे तर्जनी सयोज्य शेषांगुली. प्रसारणेन 'पाशमुद्रा' । [चित्र स० ३]

(३१) स्वहस्तोर्द्ध्वांगुली वामहस्त मूले तस्यैवांगुष्ठं तिर्यग् विधाय तर्जनी चालनेन 'ध्वजमुद्रा' ।

(३२) दक्षिण हस्तमुत्तान विधायाधः कर शाखा प्रसारयेदिति 'वरमुद्रा' ।

(३३) वामहस्तेन मुष्टि वध्वा कनिष्ठिकां प्रसार्य शेषांगुली रंगुष्ठे न पीडयदिति 'शंखमुद्रा' ।

(३४) परस्परभिमुख हस्ताभ्यां वेणी वध विधाय मध्यमे प्रसार्य संयोज्य च शेषांगुलिभि–र्मुष्टि विधाय 'शक्ति मुद्रा' ।

(३५) हस्तद्वयेनागुष्ठ तर्जनीभ्यावलके विधायपरस्परांत: प्रवेशनेन् 'शृंखला मुद्रा' ।

(३६) मस्तकोपरीहस्तद्वयेन शिखराकार- कुड्मल क्रियतेस एव मदरमेरु मुद्रा (पचमेरु मुद्रा) [चित्र स० ४]

(३७) वामहस्तमुष्टेरुपरि दक्षिणमुष्टिं कृत्वागात्रेणसहकिञ्चिदुन्नामयेदिति 'गदा मुद्रा' ।

(३८) अधोमुख वामहस्ताङ्गुलीर्घण्टाकाराः प्रसार्यदक्षिणेनमुष्ठि वध्वा तर्जनी मूर्ध्वां कृत्वा वामहस्ततलेनियोज्यघण्टावच्चालने न 'घण्टा मुद्रा' ।

(३९) उन्नतपृष्ठ हस्ताभ्यां सपुट कृत्वा कनिष्ठिकेनिष्कास्ययोजयेदिति 'कमण्डलु मुद्रा' ।

(४०) पत्ताकावत् हस्त प्रसार्य अङ्गुष्ठयोजनेन् 'परशु मुद्रा' ।

(४१) ऊर्ध्वदण्डौ करौ कृत्वापद्मवत् करशाखा: प्रसारयेदिति 'वृक्ष मुद्रा ।

(४२) दक्षिण हस्त सहतागुलिमुन्नमय्य सर्पफणावत् किञ्चिदाकुञ्चयदिति 'सर्पमुद्रा'

(४३) दक्षिणकरेणमुष्टि वध्वा तर्जनी मध्यमे प्रसारय्येदिति खड्गमुद्रा ।

(४४) हस्ताभ्या सपुट विधायांगुली: पद्मवद्विकास्य मध्यमे परस्पर सयोज्यातन्मूललग्नांगुष्ठौ कारयेदिति 'ज्वलनमुद्रा'

(४५) वद्धमुष्टेर्दक्षिण करस्यमध्यमांगुष्ठ तर्जन्यास्तन्मूलात्क्रमेण प्रसारयेदिति 'दण्ड मुद्रा' ।

वज्र मुद्रा (चित्र स० १)

शङ्ख मुद्रा (चित्र स० २)

पास मुद्रा (चित्र सं० ३)

पचमेरु मुद्रा (चित्र सं० ४)

सरोज मुद्रा (चित्र स० ५)

अंकुश मुद्रा (चित्र सं० ६)

चक्र मुद्रा (चित्र स० ७)

(चित्र सं० ८)

आवाहन मुद्रा सुखासन (पल्लव मुद्रा) (चित्र सं० ९)

स्थभन मुद्रा (शंख मुद्रा) द्वितीय (चित्र सं० १०)

स्थापन मुद्रा सुखासन (चित्र सं० ११)

असंनीधिकरण मुद्रा (चित्र सं० १२)

हृदयमुद्रा (चित्र सं० १३)

द्वितीय अंकुश मुद्रा सुखासन उल्टा (चित्र सं० १४)

और भी अन्य मुद्रा (चित्र स० १५)

ज्ञानमुद्रा (चित्र सं० १६)

(चित्र सं० १७)

अस्त्र मुद्रा, सिद्धासुखासन (चित्र सं० १८)

कायोत्सर्ग, अस्त्र मुद्रा (चित्र सं० १९)

परमेष्ठी मुद्रा (पंचगुरुमुद्रा) (चित्र नं. २०)

(धेनु) सुरभि मुद्रा, गोस्थानाकार मुद्रा (चित्र सं. २१)

मंत्र जाप के लिये मंडलों का ध्यान
मंडलों का नक्शा
नाभि मंडल
चन्द्र प्रभाऽनाहत
अग्नि मंडल
पृथ्वी मंडल
वरुण मंडल
आकाश मंडल
वायु मंडल
पद्म प्रभाऽनाहत
जल मंडल
जल मंडल

इस खण्ड में

(पृष्ठ २५ से २४७)

———

अथः द्वितीय मन्त्राधिकार

स्वर और व्यंजनों के स्वरूप

अ :—वृत्तासन, हाथी का वाहन, सुवर्ण के समान वर्ण, कुंकुम गंध, लवण का स्वादु, जम्बूद्वीप मे विस्तीर्ण, चार मुख वाला, अष्ट भुजा वाला, काली आँख वाला, जटा मुकुट से सहित, सितवर्ण, मोतियों के आभरण वाला अत्यन्त बलवान, गम्भीर, पुल्लिग, ऐसा 'अ' कार का लक्षण है।

आ :—पद्मासन, गज, व्याल, वाहन, सितवर्ण, शख, चक्र–कमल, अंकुश का आयुध है, दो मुख वाला, आठ हाथ वाला, सर्प का भूषण है, जिसको शोभनादि महाद्युति को धारण करने वाला, तीस हजार योजन, विस्तार वाला, स्त्रीलिग है, जिसका ऐसा 'आ' कार का लक्षण है।

इ :—कछुवे का वाहन, चतुरानन, सुवर्ण जैसा वर्ण, वज्र का आयुध वाला, एक योजन विस्तार वाला, द्विगुणा उत्सेध वाला, कषायला स्वाद वाला, वज्र, वैडूर्य वर्ण के अलकार को धारण करने वाला, मन्द स्वर वाला, और नपुंसक लिग वाला, और क्षत्रिय है। ये 'इ' कार का लक्षण है।

ई :—कुवलय का आसन, वराह का वाहन, मन्द गमन करने वाला, अमृत रस का स्वाद वाला, सुगन्धित, दो भुजा वाला, फल और कमल का आयुध वाला, श्वेत वर्ण वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणा उत्सेध वाला, दिव्य शक्ति का धारण करने वाला, स्त्रीलिग वाला। 'ई' कार का लक्षण है।

उ :—त्रिकोणा आसन वाला, कोक वाहन, (   ) दो भुजा वाला, मूसल गदा के आयुध वाला, धुआँ के वर्ण वाला, कठोर, कडवा स्वाद वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणीत उत्सेध वाला, कठोर, वश्याकर्षण वाला ऐसा 'उ' कार का लक्षण है।

ऊ :—त्रिकोण आसन वाला, ऊँट का वाहन वाला, लाल वर्ण वाला, कषायला रस वाला, निष्ठुर गध से सहित, दो भुजा वाला, फल और शूल के आयुध को धारण करने वाला, नपुंसक लिग वाला, सौ योजन विस्तार वाला है, ऐसा 'ऊ' कार का लक्षण है।

ऋ :—ऊँट के समान ऊँट के वर्ण वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणित ऊँट के मुख का स्वाद वाला, नाग का आभरण वाला, सर्व विघ्न मय। ऐसा 'ऋ' कार का लक्षण है।

ॠ —पद्मासन मयूर का वाहन वाला, कपिल वर्ण माला, चार भुजा वाला, सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणित आयाम वाला, मल्ल (चमेली) के गध जैसा मधुर स्वाद वाला, सुवर्ण के आभरण को धारण करने वाला, नपु सक लिग वाला। ऐसा 'ॠ' का लक्षण है।

ऌ —घोडे का स्वभाव वाला, घोडे जैसे स्वर वाला, घोडे के समान रस वाला सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणि आयाम वाला, शूर का वाहन वाला, चार भुजा वाला, मूसल, अकुस कमल, कोदण्ड, आयुध वाला, कुवलय का आसन वाला, नाग का आभरण वाला, सर्वविघ्नकारि नपु सक लिंग वाला। ऐसा 'ऌ' कार का स्वरूप है।

ॡ :—मौलि (मुकुट) मुक्ताओ से सहित और यज्ञोपवित धारण किये हुये, कुण्डला भरण सहित, दो भुजाओ वाला (कमल की माला से सहित) कमल कु त (माला) का आयुध से सहित, मल्लिका के गन्ध वाला, पचास योजन विस्तार वाला, द्विगुणा आयाम वाला, नपु सक, क्षत्रिय, उच्चाटन करने वाला। ऐसा 'ॡ' कार का लक्षण है।

ए :—जटा-मुकुट को धारण करने वाला, मोतियो के आभरण वाला यज्ञोपवित पहने हुये, चार भुजा वाला, शख, चक्र, फरसा, कमल के आयुध सहित, दिव्य स्वाद से सहित, सुगन्धित से युक्त, सर्व प्रिय शुभ लक्षण से सहित, वृत्तासन को धारण करने वाला, और नपुंसक है। इस प्रकार 'ए' का लक्षण हुआ।

ऐ :—त्रिकोणासन से सहित, गरुड वाहन, दो भुजाओ वाला, त्रिशूल, गदा का आयुध वाला, अग्नि के समान वर्ण वाला, निष्ठुर, गन्ध से सहित, क्षीर के स्वाद वाला, घर्घर स्वर वाला, दस योजन विस्तार वाला, द्विगुणित लम्बावश्य आकर्षण शक्ति वाला। ऐसा 'ऐ' कार का लक्षण है।

ओ :—बैल का वाहन, तपाया हुआ सोना के समान वर्ण वाला, सर्वायुध से सम्पन्न, लोकालोक मे व्याप्त, महाशक्ति का धारक, तीन नेत्र वाला, बारह हजार विस्तार वाला, पद्मासन वाला, महाप्रभु, सर्वदेवताओ से पूज्य, सर्व मन्त्र का साधन, सर्व लोक से पूजित, सर्व शान्ति करने वाला, सभी को पालन या नाश करने मे समर्थ, पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि से सहित, यजमान, आकाश, सूर्य, चन्द्रादि के समान कार्य करने वाला, सम्पूर्ण आभरणो से भूषित, दिव्य स्वाद वाला, सुगन्धित, सवो का रक्षण करने वाला, शुभ देह से सयुक्त, स्थावर जगम आश्रय से सहित, सर्व जीव दया से सयुक्त (परम अव्यय) पाँच अक्षर से गर्भित। ऐसा 'ओ' कार का लक्षण है।

औ :—वृत्तासन वाला, कोक (चकवा) वाहन, कुंकुम गन्ध से सयुक्त पीले वर्ण वाला, चार भुजा वाला, वज्र, पाश के आयुध वाला, कषायला स्वाद वाला, श्वेत माल्यादि लेपन से सहित, स्तम्भन शक्ति युक्त सौ योजन विस्तार वाला, द्विगुणित आयाम वाला। ऐसा 'औ' कार का लक्षण है :

अ —पद्मासन, सितवर्ण, निलोत्पल (नीला कमल) गन्ध से सयुक्त कौस्तुभ के

के आभरण से सहित, दो भुजाओं वाला, कमल, पास के आयुध वाला, शुभ गन्ध से सयुक्त यज्ञोपवित को धारण करने वाला, प्रसन्न बुद्धि वाला, मधुर स्वाद वाला, सौ योजन विस्तार वाला, दो गुणित आयाम है जिसका ऐसा 'अ' कार का लक्षण है।

अः :—त्रिकोण आसन वाला, पीले वस्त्र वाला, कुंकुम के समान गन्ध वाला, धूम्र वर्ण वाला, कठोर स्वर वाला, निष्ठुर दृष्टि वाला, खारा स्वाद से सयुक्त, दो भुजाओ वाला शूल का आयुध धारण करने वाला, निष्ठुर गति वाला, अशोभन आकृति वाला, नपुसक शुभ कर्म है कार्य जिसका। ऐसा 'अः' कार का लक्षण है।

क :—चतुरस्रासन, चतुरादत्त भवाहन, पीले वर्ण का सुगन्ध माल्यादि लेपन सहित स्थिर गति वाला, प्रसन्न दृष्टि वाला, दो भुजा वाला, वज्र मूसल के आयुध सहित, जटा—मुकुट धारी सर्वाभरण से भूषित, हजार योजन विस्तार वाला, दस हजार योजन का उत्सेध पुल्लिग, क्षत्रिय, इन्द्रादि देवता का स्तम्भन करने वाला, शान्तिक, पौष्टिक वश्याकर्षण कर्म का नाश करने वाला। ऐसा 'क' कार का लक्षण है।

ख :—पिगल वाहन, मयूर के कण्ठ के समान वर्ण वाला, दो भुजा वाला, तोमर, शक्ति के आयुध से सहित, सुन्दर यज्ञोपवित को धारण करने वाला, सुस्वर वाला, तीस योजन विस्तार वाला, आकाश मे गमन करने वाला, क्षत्रिय, सुगन्ध माल्यादि लेपन से सहित, आग्नेय पुराकपन, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि करने वाला, अणिमादि दैवत, पुल्लिग। ऐसा 'ख' कार का लक्षण है।

ग :—हस का वाहन, पद्मासन माणिक्या भरण से सहित, इंगिलीक वर्ण वाला, श्वेत वस्त्र वाला, सुगन्ध माल्यादि लेपन से सहित, कुंकुम चन्दनादिक है प्रिय जिसको क्षत्रिय, पुल्लिग, सर्व शान्ति करने वाला, सौ योजन विस्तार वाला, सर्वाभरण भूषित दो भुजा से सहित, फल और पास को धारण करने वाला, यक्षादि देवता, अमृत स्वाद वाला, प्रसन्न दृष्टि वाला। ऐसा 'ग' कार का लक्षण है।

घ :—ऊँट का वाहन, उल्लू का आसन, दो भुजा, वज्र, गदा, आयुध, धूम्र वर्ण, हजार योजन विस्तीर्ण हंस के समान स्वर वाला, कठोर, गन्ध वाला, खारा स्वाद वाला, महाबलवान, उच्चाटन, छेदन, मोहन, स्तम्भनकारी, पचासत योजन विस्तिर्ण, नपुंसक, रौद्र शक्ति वाला, क्षत्रिय, सर्व शान्तिकर महावीर्य को धारण करने वाले देवता। ऐसा 'घ' कार का लक्षण है।

ङ :—रूपाशिन, दुष्ट स्वर वाला, दुर्दृष्टि, दुर्गन्ध, दुराचारी, कोटी योजन विस्तिर्णं हजार योजन उत्सेध, शासन को करने वाला, रात्रि प्रिय, छः भुजा वाला, मूसल, गदा, शक्ति मुष्टि, भुशुडि, परसा के आयुध को धारण करने वाला, नपुंसक यमादि देवतं। ऐसा 'ङ' कार का लक्षण है।

च :—शोभन, हंस वाहन, शुक्ल वर्ण, सौ करोड हजार योजन विस्तार वाला, वज्र

वैडुर्य मुक्ता भरण भूपित, चार भुजा वाला, शुभ चक्र फल, कमल के आयुध वाला, जटा मुकुट धारी, मुस्वर वाला, सुमन प्रिय ब्रह्माणि यक्षादि दैवत को प्राप्त। ऐसा 'च' कार का लक्षण है।

छ :— मगर का वाहन, पद्मासन, महाघण्टा के समान वाला, उगते हुये सूर्य के समान प्रभाव वाला, हजार योजन विस्तार वाला, आकर्पणादि रौद्र कर्म के करने वाला, सुमन के समान मुगन्ध वाला, काले वर्ण का, दिव्य आभरण से सहित चार भुजा वाला, चक्र, वज्र, शक्ति, गदा के आयुध से सहित सर्व कार्य की सिद्धि करने वाला गरुड देवता। ऐसा 'छ' कार का लक्षण है।

ज —शूद्र, पुल्लिग, चार भुजा वाला, परसु, पाश, कमल, वज्र के धारण करने वाला, अमृत का स्वाद वाला, जटा मुकुटधारी मौक्तिक वज्राभरण भूषित व श्याकर्षण शक्ति वाला, सत्यवादी, सुगन्ध प्रिय, सोदल कमल के समान वारुणादिदेव के समान। ऐसा 'ज' कार का लक्षण है।

झ :—पुरुष, वैश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, के समान वश्याकर्षण करने वाला कुवेरादि दैवत दो भुजाओ वाला, शख, चक्र के आयुध को धारण करने वाला मौक्तिक वज्राभरण भूपित सत्यवादी, पीला वर्ण का, पद्मासन, सुगन्धि अमृत स्वादु। ऐसा 'झ' कार का लक्षण है।

ञ :—कौवा के वाहन वाला, गन्धवान, काष्टासन वाला, काला वर्ण वाला दूत कर्म है, कार्य जिसका नपु सक सौ योजन विस्तिर्ण, चार भुजा वाला, त्रिशूल परसु के आयुधों के धारण करने वाला, निष्ठुर और गदा को धारण करने वाला महाक्रूर स्वर वाला, सर्व जीवो को भय पैदा करने वाला, शीघ्र गति वाला, व्यभिचार कर्म से संयुक्त, क्षार (खार) स्वाद वाला, शीघ्र गमन के स्वभाव वाला रौद्र दृष्टियम् दैवत। ऐसा 'ञ' कार का लक्षण है।

ट :—वृत्तासन, कबूतर के वाहन वाला, कपिल वर्ण वाला, दो भुजा वाला, वज्र, गदा, मन्द गति वाला, लवण के समान स्वाद वाला, शीतल स्वाद वाला, व्याल यज्ञोपवित को धारण करने वाला, चन्द्र दैवत। ऐसा 'ट' कार का लक्षण है।

ठ :—चतुर स्रासन गज वाहन वाला, शख के समान दो भुजा वाला, वज्र, गदा के आयुध को धारण करने वाला, जम्बूद्वीप प्रमाण, अमृत स्वाद वाला, पुल्लिग, रक्षा, स्तम्भन, मोहन, कार्य के सिद्ध करने वाला, सर्वाभरण भूषित, क्षत्रिय दैवत। ऐसा 'ठ' कार का लक्षण है।

ड :—चतुर स्रासन, शख के समान, जम्बू द्वीप प्रमाण, क्षीरामृत स्वाद वाला, पुल्लिग, दो भुजा वाला, वज्र पद्म के आयुध को धारण करने वाला, रक्षा, स्तम्भन, मोहनकारी, कपूंर गन्ध वाला, सर्वाभरण भूपित है। केला के स्वाद वाला, शुभ स्वर वाला, कुवेर दैवत। ऐसा 'ड' कार का लक्षण है।

ढ :—चतुरस्रासन, मोहन के समान, जम्बू द्वीप प्रमाण, पुल्लिग, आठ भुजा वाला, पशु, पाश, वज्र, मूसल, भिदपाल, मुद्गर, चाप, हल, नाराचायुध को धारण करने वाला, सुस्वादं, सुस्वर, सिह नाद के समान महाध्वनि करने वाला, लाल वर्ण वाला, ऊपर मुख वाला, दुष्ट निग्रह शिष्ट परिपालन करने वाला, सौ योजन विस्तार वाला, हजार योजन आवृत्त वाला, तदर्द्ध परिणाहं जटा मुकुट को धारण करने वाला, सुगन्ध से सयुक्त, निश्वास वाला, किन्नर ज्योतिष के द्वारा पूजित, महोत्सवयुक्त, कालाग्नि शक्ति, वश्याकर्षण, निमिषार्द्ध साधन, विकलाग, अग्नि दैवत। ऐसा 'ढ' कार का लक्षण है।

ण —त्रिकोणासन, व्याघ्र वाहन, सौ हजार योजन आयाम, पचास हजार योजन विस्तार वाला, छ भुजा वाला, शशि तोमर, भुशुंडि, भिदपाल, पशु त्रिशूल के आयुधको धारण करने वाला, कठोर गन्ध से सहित, श्राप या अनुग्रह करने में समर्थ, काले वर्ण का, रौद्र दृष्टि, खारा स्वाद वाला, नपु सक, वायु दैवतं। ऐसा 'ण' कार का लक्षण है।

त :—पद्मासन, हाथी वाहन, शौर्य ही जिसका आभरण है, सौ योजन विस्तार वाला, पचास योजन आयाम, चम्पा के गन्ध वाला, चार भुजा वाला, पशु, पाश, पद्म, शख के आयुध वाला, पुल्लिग, चन्द्रादि देवता से पूजित , मधुर स्वाद वाला, सुगन्ध प्रिय। ऐसा 'त' कार का लक्षण है।

थ :—बैल का वाहन, आठ भुजा वाला, शक्ति तोमर, पशु, धनुष, पाश, चक्र, गदा, दण्ड आयुध वाला, काला वर्ण वाला, काला वस्त्र वाला, जटा मुकुटधारी, करोड योजन आयाम आधा करोड विस्तार वाला, क्रूर दृष्टि वाला, कठोर स्वर वाला, गन्ध वाला, धतूरा के रस का प्रिय, सर्व का मार्थ साधन अग्नि दैवत। ऐसा 'थ' कार की शक्ति व लक्षण है।

द :—भैंस का वाहन, काला वर्ण, तीन मुख वाला, छः भुजा वाला, गदा, मूसल, त्रिशूल, भुशुंडि, वज्र, तोमर का आयुध वाला, करोड योजन आयाम वाला, आधा करोड़ योजन विस्तिर्ण, दिगम्बर (नग्न) लोहा के आभरण वाला, उर्द्ध दृष्टि, सर्प का यज्ञोपवित-धारी, निष्ठुर ध्वनि है जिसकी मकरन्द मुन्मोक्षण, मन्त्र साधन मे विशेष, यम देवता से पूजित काला रंग वाला, नपुंसक। ऐसा 'द' कार का लक्षण है।

ध :—पुल्लिग, कषायला वर्ण वाला, तीन नेत्र वाला, चतुरायुत योजन, विस्तीर्ण, रौद्र कार्य करने वाला, छ. भुजा वाला, चक्र, पाश, गदा, भुशुडि, मूसल, वज्र, शरासन का आयुध धारण करने वाला, काला वर्ण, काला सर्प का यज्ञोपवित धारण करने वाला, जटा मुकुटधारी, हुँकार का महाशब्द करने वाला, मशहूर, कठोर, धूम्र प्रिय, रौद्र दृष्टि, नैऋत्य देव से पूजित। ऐसा 'ध' कार का लक्षण है।

न :—काला वर्ण का, नपुसक, त्रिशूल, मुद्गर के आयुध वाला, द्विभुजा युक्त, उर्द्ध केश से व्याप्त, चर्मधारी, रौद्र दृष्टि वाला, कठोर स्वाद वाला, काला सर्प का प्रिय, कौए के समान स्वर वाला, सौ योजन उत्सेध वाला, पचास योजन आयाम वाला, निर्यास, गुग्गल, तिल,

तेल के धूप का प्रिय, दुर्जन प्रिय, रौद्र कर्म का धारण करने वाला, यमादि देव से पूजित। ऐसा 'न' कार का लक्षण है।

प —असित वर्ण, पुल्लिग, जाति पुष्प के गन्ध का प्रिय, दस सिर वाला, वीस हाथ वाला, अनेक आयुधो के धारण करने वाली मुद्रा से युक्त करोड योजन विस्तार वाला, द्विगुणित आयाम वाला, मन्त्र, कोटि योजन शक्ति का धारी, गरुड वाहन वाला, कमल का आसन, सर्वाभरण भूषित, सर्प का यज्ञोपवित धारी, सर्व देवता से पूजित, सर्व देवात्मक, सर्व दुष्टो का विनाशक, (अलयानिल) चन्द्रादि देवता से पूजित। ऐसा 'प' कार का लक्षण है।

फ :—विजली के समान तेज वाला, पुल्लिग, पद्मासन, सिह वाहन, दस करोड योजन आयाम वाला, पॉच करोड योजन का विस्तार वाला, दो भुजा वाला, पशु, चक्र के आयुध वाला, केतकी के गन्ध का प्रिय, सिद्ध विद्याधर से पूजित, मधुर स्वाद वाला, व्याधि विष, दुष्ट, ग्रह विनाशन, सर्व महारति, महादिव्य शक्ति, शान्तिकर, ऐशान्य देव से पूजित। ऐसा 'फ' कार का लक्षण है।

ब —इ गिलि का भ, दस करोड योजन का उत्सेध, उसका आधा विस्तार, मुक्ति का भरण धारण करने वाला, जनेव धारी, दिव्या भूषित, आठ भुजा वाला, शख, चक्र, गदा, मूसल, कॉडकण, शरासन, तोमर आयुध को धारण करने वाला, हस वाहन वाला, कुवलयासन का धारी, वैर फल का स्वादी, घन स्वर वाला, चम्पा के गन्ध वाला, वश्याकृष्टि प्रसग प्रिय, कुवेर देव से पूजित। ऐसा 'ब' कार का लक्षण है।

भ —नपु सक, दस हजार योजन उत्सेध, पॉच हजार योजन विस्तीर्ण, (विस्तार वाला), निष्ठुर मन वाला, कठोर, रुक्ष, स्वाद प्रिय, शीघ्र गति गमन प्रिय, ऊपर मुख वाला, तीन नेत्र वाला, चार भुजा वाला, चक्र, शूल, गदा, शक्ति के आयुधो को धारण करने वाला, त्रिकोणासन वाला, व्याघ्र वाहन, लोहिताक्ष, तीक्ष्ण, उर्द्ध केश वाला, विकृत रूप वाला, रौद्र काति, अर्द्ध खिले हुये नेत्र, शरण सिद्धि कर, नैऋत्य देव से पूजित। ऐसा 'भ' कार का लक्षण है।

म – उगते हुये सूर्य के समान प्रभा, अनन्त योजन प्रभा शक्ति, सर्व व्यापि, अनन्त मुख, अनन्त हाथ, भूमि, आकाश, सागर, पर्यन्त दृष्टि, सर्व कार्य साधक, अमरी करण द्रीपर्न सर्व गन्ध माल्यानु लेपन से सहित, घूप चरु का क्षत प्रिय, सर्व देवता रहस्य करण, प्रलयाग्नि शिखि काति से युक्त, सर्व का नायक, पद्मामासन, अग्नि देवता से पूजित। ऐसा 'ल' कार का लक्षण हुआ।

य —नपु सक, भूमि, आकाश, दिशा विशेप वाला, सर्व व्यापि, अरूपी, शीघ्र, मन्द गति युक्त, प्रमोद से युक्त, व्यभिचार कर्म प्रिय, सर्व देवता, अग्नि, प्रलयाग्नि, तीव्र ज्योति, सर्व विकल्प वाला, अनन्त मुख, अनन्त भुजा, सर्व गर्भ करता, सर्व लोक प्रिय, हरिण वाहन, वृत्तासन, अंजन के समान वर्ण वाला, महामधुर ध्वनि से युक्त वायव्य देवता से पूजित। ऐसा 'य' कार का लक्षण है।

र :—नपु सक, सर्व व्यापि, बारह सूर्य के समान प्रभा, ज्वालामाल, करोड़ योजन द्यु ति, सर्व लोक के कर्त्ता, सर्व होम प्रिय, रौद्र शक्ति, स्त्री णाम पच सायक, पर विद्या का छेदन करने वाला, आत्म कर्म साधन वाला, स्तम्भन, मोहन कर्म का कर्त्ता, जम्बू द्वीप में विस्तीर्ण, भैंस का वाहन, त्रिकोणासन, अग्नि देवता से पूजित। ऐसा 'र' कार का लक्षण है।

ल —पीला वर्ण, चार हाथ वाला, वज्र, शक्र, शूल, गदा के आयुधो को धारण करने वाला, हाथी का वाहन वाला, स्तम्भन मोहन का कर्त्ता, जम्बू द्वीप मे विस्तीर्ण, मद गति प्रिय, महात्मा, लोकालोक मे पूजित, सर्व जीव धारी, चतुरस्त्रासन, पृथ्वी का जय करने वाला, इन्द्रदेव के द्वारा पूजित। ऐसा 'ल' कार का लक्षण है।

व :—श्वेत वर्ण बिन्दु से सहित, मधुर क्षार रस का प्रिय, विकल्प से नपुंसक, मगर का वाहन, पद्मासन, वश्याकर्षण, निर्विष शान्ति करण वरुणादि से पूजित। ऐसा 'व' कार का लक्षण है।

श :—लाल वर्ण दस हजार योजन विस्तीर्ण पांच हजार योजन आयाम, चदन गंध, मधुर स्वाद, मधुरस प्रिय, चक्रवा का रूढ, कुवलयासन, चार भुजा, शख, चक्र, फल कमल, का आयुध धारी, प्रसन्न दृष्टि, सुभानस, सुगन्ध, धूप प्रिय, लाल वर्ण के हार से शोभिता भरण, जटा मुकुटधारी, वश्या कर्षण, शातिक, पौष्टिक कर्त्ता, उगते हुए सूर्य के समान, चन्द्रादि देव से पूजित। ऐसा 'श' कार का लक्षण है।

ष :—पुल्लिग, मयूर शिखा के समान वर्ण, दो भुजा, फण, चक्र का आयुध वाला, प्रसन्न दृष्टि, एक लाख योजन विस्तिर्ण पचास हजार योजन आयाम, अम्लरस प्रिय, शीतल गध, कछुआँ का आसन कछुआँ पर बैठा हुआ प्रिय दृष्टि वाला, सर्वाभरण भूषित, स्तभन, मोहनकारी, इन्द्रादि देवता से पूजित, ऐसा 'ष' कार का लक्षण है।

स :—पुल्लिग, शुक्ल वर्ण, चार भुजा, वज्र, शख, चक्र, गदा का धारी, एक लाख योजन विस्तीर्ण, मधुर स्वर. मौक्तिक वज्र, वैडुर्य आदि के भूषण से सहित, सुगन्धित माल्यनु-लेपन से सहित, सित वस्त्रप्रिय, सर्व कर्म का कर्त्ता, सर्व मत्र गण से पूजित महा मुकुटधारी, वश्याकर्षण का कर्त्ता, प्रसन्न दृष्टि, हँसवाहन, कुबेर देव से पूजित। ऐसा 'स' कार का लक्षण है।

ह :—नपुसक सर्व व्यापी, सितवर्ण, सितगध प्रिय, सित माल्यानुलेपन से सहित, सिताबर प्रिय, सर्व कर्म का कर्त्ता, सर्व मत्रो का अग्रणी, सर्व देवता से पूजित, महाद्यु ति से सहित, अचित्य गति, मन स्थायी, विजय को प्राप्त, चिंतित मनोरथ विकल्प से रहित, सर्व देव महा कृष्टित्व अतीत अनागत वर्तमान त्रैलोक्य काल दर्शक, सर्वाश्रयादि देवता से पूजित, महा-द्यु तिमान, ऐसा 'ह' कार का लक्षण है।

क्ष :—पुल्लिग, पीले वर्ण का, जवुद्वीप ध्याय ध्येय, सख्यात द्वीप समुद्र मे व्यापक एक

मुख, मरुत गाभीर्य, आठ भुजा वाला, वज्र पाश, मूशल, भुशडि, भिडि, पाल, गदा, शख, चक्र आयुध धारी, हाथी का वाहन वाला, चतुरस्त्रासन, सर्वाभरण भूषित, जटा मुकुटधारी, सर्व लोक मे पूजित, स्तभन कर्म का कर्त्ता, सुगन्ध माल्य प्रिय, सर्व रक्षाकर, सर्वप्रिय काल ज्ञान मे माहेश्वर, सकल मन्त्र प्रिय, रुद्राग्नि देवता से पूजित। ऐसा 'क्ष' कार का लक्षण है।

स्वरों और व्यंजनों की शक्ति

मंत्र पाठ

"णमो अरिहताण णमो सिद्धाण, णमो आयरियाण।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्व–साहूण ।।"

विश्लेषण

ण्+अ+म्+ओ+ग्र+र्+इ+ह्+अ+म्+त्+आ+ण्+अ+म्। ण्+अ+म्+ओ+स+इ+द्+ध्+आ+ण्+अ+म्। ण्+अ+म्+ओ+आ+य्+अ+र्+इ+य्+आ+ण्+अ+म्। ण+अ+म्+ओ+उ+व्+अ+ज्+झ्+आ+य्+आ+ण्+अ+म्। ण्+अ+म्+ओ+ल्+ओ+ए+स्+अ+व्+व्+अ+स्+आ+ह्+ऊ+ण्+अ+म्।

इस विश्लेपण मे से स्वरो को पृथक् किया तो—

अ+ओ+अ+इ+ग्रं+आ+ग्र+अ+ओ+इ+आ+ग्र+अ+ओ+आ+अ+इ+ आ+ग्र+अ+ओ+उ+अ+आ+आ+ग्र+अ+ओ+ओ+ए+अ+अ ए ई
औ अ

+आ+ऊ+ग्र।

पुनरुक्त स्वरो को निकाल देने के पश्चात् रेखांकित स्वरो को ग्रहण किया तो—
अ आ इ ई उ ऊ [र्] ऋ ऋ [ल्] ऌ ॡ ए ऐ ओ औ ग्र अ.
व्यञ्जन

ण्+म्+र्+ह्+त+ण्+ण्+म्+स्+द्+ध्+ण्+ण्+म्+य्+र्+य्+ण्+ण्+म्+व्+ज्+झ्+य्+ण्+ण्+म्+ल्+स्+व्+व्+स्+ह्+ण्।
घ

पुनरुक्त व्यजनो को निकालने के पश्चात्—

ण्+म्+र्+ह+ध्+स्+य्+र्+ल्+व्+ज्+घ्+ह।

ध्वनि सिद्धान्त के आधार पर वर्गाक्षर वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है।

अत घ्=कवर्ग, झ्=चवर्ग, ण=टवर्ग, ध्=लवर्ग, म्=पवर्ग, य, र, ल, व,स=श, ष, स, ह,।

अतः इस महामन्त्र की समस्त मातृका ध्वनियाँ निम्न प्रकार हुई। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ लॄ ए ऐ ओ औ अं अः क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् झ् ञ् ट् ठ् ड् ढ ण्, त् थ् द् ध् न्, प् फ् ब् भ् म्, य् र् ल् व् श् ष् स् ह् !

उपर्युक्त ध्वनियाँ ही मातृका कहलाती है। जयसेन प्रतिष्ठा पाठ में बतलाया गया है—

अकारादिक्षकारान्ता वर्णा प्रोक्तास्तु मातृकाः।

सृष्टिन्यास स्थितिन्यास-संहृतिन्यासतस्त्रिधाः ॥३७६॥

अर्थात्—अकार से लेकर क्षकार [क+ष+अ] पर्यन्त मातृका वर्ण कहलाते है।

इनका तीन प्रकार का क्रम है।—सृष्टि क्रम, स्थिति क्रम और सहार क्रम।

णमोकार मत्र में मातृका ध्वनियो का तीनों प्रकार का क्रम सन्निविष्ट है। इसी कारण यह मत्र आत्म कल्याण के साथ लौकिक अभ्युदयों को देने वाला है। अष्ट कर्मों के विनाश करने की भूमिका इसी मन्त्र के द्वारा उत्पन्न की जा सकती है। सहार क्रम कर्म विनाश को प्रगट करता है। तथा सृष्टि क्रम और स्थिति क्रम आत्मानुभूति के साथ लौकिक अभ्युदयो की प्राप्ति मे भी सहायक है। इस मन्त्र की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि इसमे मातृका ध्वनियो के तीनो प्रकार के मन्त्रो की उत्पत्ति हुई है। बीजाक्षरों की निष्पत्ति के सम्बन्ध मे बताया गया है 'हलो बीजानि चोक्तानि स्वराः शक्तय ईरिता." ॥३७७॥ अर्थात् ककार से लेकर हकार पर्यन्त व्यजन बीजसंज्ञक है और अकारादि स्वर शक्तिरूप है। मन्त्र बीजो की निष्पत्ति बीज और शक्ति के संयोग से होती है।

सारस्वत वीज. माया, बीज, शुभनेश्वरी बीज, पृथिवी बीज, अग्नि बीज, प्रणव बीज मारुत बीज, जल बीज, आकाश बीज, आदि की उत्पत्ति उक्त हल् और अचो के संयोग से हुई है। यो तो बीजाक्षरो का अर्थ बीज कोश एवं बीज व्याकरण द्वारा ही ज्ञात किया जाता है परन्तु यहाँ पर सामान्य जानकारी के लिए ध्वनियो की शक्ति पर प्रकाश डालना आवश्यक है।

अ—अव्यय, व्यापक, आत्मा के एकत्व का सूचक, शुद्ध-बुद्ध, ज्ञान रूप शक्ति द्योतक, प्रणव बीज का जनक।

आ - अव्यय शक्ति और बुद्धि का परिचायक, सारस्वत बीज का जनक, माया बीज के साथ कीर्ति धन और आशा का पूरक।

इ—गत्यर्थक, लक्ष्मी प्राप्ति का साधक, कोमल कार्य साधक, कठोर कर्मों का बाधक व ह्री बीज का जनक।

ई—अमृत बीज का मूल कार्य साधक, अल्पशक्ति द्योतक, ज्ञान वर्धक, स्तम्भक, मोहक, जृम्भक।

उ—उच्चाटन वीजो का मूल, शक्तिशाली, श्वास, नलिका द्वारा जोर का धक्का देने पर मारक।

ऊ—उच्चाटक और मोहक वीजो का मूल, विशेष शक्ति का परिचायक, कार्य ध्वस के लिए शक्ति दायक।

ऋ—ऋद्धि वीज, सिद्धि दायक, शुभ कार्य सम्वन्धी वीजो का मूल, कार्य सिद्धि का सूचक।

लृ—सत्य का सचारक, वाणी का ध्वसक, लक्ष्मी वीज की उत्पत्ति का कारण, आत्म सिद्धि मे कारण।

ए—निश्चल पूर्ण, गति सूचक, अरिष्ट निवारण वीजो का सूचक, पोषक ओर सवर्द्धक।

ऐ—उदात्त, उच्च स्वर का प्रयोग करने पर वशीकरण वीजो का जनक, पोषक और सवर्द्धक, जल वीज की उत्पत्ति का कारण, सिद्धि प्रद कार्यों का उत्पादक वीज, शासन देवताओ का आव्हान न करने मे सहायक, क्लिष्ट और कठोर कार्यो के लिए प्रयुक्त वीजो का मूल, ऋण विद्युत का उत्पादक।

ओ—अनुदात्त—निम्न स्वर की अवस्था मे माया वीज का उत्पादक, लक्ष्मी और श्री का पोषक, उदात्त, उच्च स्वर की अवस्था मे कठोर कार्यों का उत्पादक वीज, कार्य साधक निर्जरा का हेतु, रमणीय पदार्थो के प्राप्ति के लिए आयुक्त होने वाले वीजो मे अग्रणी, अनुस्व-रान्त वीजो का सहयोगी।

औ—मारण और उच्चारण सम्वन्धी वीजो मे प्रधान, शीघ्र कार्य साधक निरपेक्षी अनेक वीजो का मूल।

अं—स्वतन्त्र शक्ति रहित कर्माभाव के लिए प्रयुक्त ध्यान मन्त्रो मे प्रमुख शून्य या अभाव का सूचक, आकाश वीजो का जनक, अनेक मृदुल शान्तियो का उद्घाटक, लक्ष्मी वीजो का मूल।

अः—शान्ति वीजो मे प्रधान निरपेक्षा अवस्था मे कार्य असाधक सहयोगी का अपेक्षक।

क—शान्ति वीज, प्रभावशाली सुखोत्पादक, सम्मान प्राप्ति की कामना का पूरक, काम वीज का जनक।

ख—आकाश वीज, अभाव कार्यो की सिद्धि के लिए कल्पवृक्ष, उच्चाटन वीजो का जनक।

ग—पृथक करने वाले कार्यो का साधक, प्रणव और माया वीज के साथ कार्य सहायक।

घ—स्तम्भक वीज, स्तम्भन कार्यो का साधक, विघ्न विघातक, मारण और मोहक वीजो का जनक।

ङ—शत्रु का विध्वसंक, स्वर मातृका बीजों के सहयोगानुसार फलोत्पादक विध्वसक बीज जनक।

च—अगहीन खण्ड शक्ति द्योतक स्वर मातृका बीजों के अनुसार फलोत्पादक-उच्चाटन बीज का जनक।

छ—छाया सूचक, माया बीज का सहयोगी बन्धनकारक, आप बीज का जनक, शक्ति का विध्वसक, पर मृदु कार्यों का साधक।

ज—नूतन कार्यो का साधक, आधि व्याधि विनाशक, शक्ति का संचारक, श्री बीजों का जनक।

ञ—स्तम्भक और मोहक, बीजो का जनक, कार्य साधक, साधना का अवरोध माया बीज का जनक।

ट—बह्नि बीज, आग्नेय कार्यो का प्रसारक और निस्तारक, अग्नि तत्व युक्त विध्वसक कार्यो का साधक।

ठ—अशुभ सूचक बीजो का जनक, क्लिष्ट और कठोर कार्यों का साधक, मृदुल कार्यों का विनाशक, रोदन कर्त्ता, अशान्ति का जनक साक्षेप होने पर द्विगुणित शक्ति का विनाशक, वह्नि बीज।

ड—शासन देवताओं की शक्ति का प्रस्फोटक, निकृष्ट कार्यो की सिद्धि के लिए अमोघ सयोग से पञ्चतत्वरूप बीजो का जनक, निकृष्ट आचार-विचार द्वारा साफल्योत्पादक अचेतन क्रिया साधक।

ढ—निश्चल माया बीज का जनक, मारण बीजो में प्रधान, शान्ति का विरोधी, शान्ति वर्धक।

ण—शान्ति सूचक, आकाश बीजों में प्रधान, ध्वंसक बीजो का जनक, शक्ति का स्फोटक।

त—आकर्षक बीज, शक्ति का आविष्कारक, कार्य साधक, सारस्वत बीज के साथ सर्व सिद्धिदायक।

थ—मंगल साधक, लक्ष्मी बीजों का सहयोगी, स्वर मातृकाओं के साथ मिलने पर मोहक।

द—कर्म नाश के लिए प्रधान बीज आत्म शक्ति का प्रस्फोटक वशीकरण बीजों का जनक।

ध—श्री और क्ली बीजों का सहायक, सहयोगी के समान फलदाता, माया बीजों का जनक।

न—आत्म सिद्धि का सूचक—जल तत्व का स्रष्टा, मृदुतर कार्यो का साधक, हितैषी आत्म नियन्ता।

प—परमात्मा का दर्शक जलत्व के प्राधान्य से युक्त समस्त कार्यो की सिद्धि के लिए ग्राह्य।

फ—वायु और जल तत्व युक्त महत्वपूर्ण कार्यो की सिद्धि के लिए ग्राह्य स्वर और रेफ युक्त होने पर विध्वसक, विघ्न विघातक, 'फट्' की ध्वनि से युक्त होने पर उच्चाटक कठोर कार्य साधक।

व—अनुस्वार युक्त होने पर समस्त प्रकार के विघ्नो का विघातक और निरोधक, सिद्धि सूचक।

भ—साधक विशेपत मारण और उच्चाटन के लिए उपयोगी, सात्विक कार्यो का निरोधक, परिणत कार्यो का तत्काल साधक, साधना मे नाना प्रकार से विघ्नोत्पादक, कल्याण मे दूर, कटु मधु वर्णो से मिश्रित होने पर अनेक प्रकार के कार्यों का साधक, लक्ष्मी वीजो का विरोधी।

म—सिद्धि दायक, लौकिक और पारलौकिक सिद्धियो का प्रदाता सन्तान की प्राप्ति मे सहायक।

य—शान्ति का साधक, सात्विक साधना की सिद्धि का कारण, महत्वपूर्ण कायो की सिद्धि के लिए उपयोगी, मित्र प्राप्ति या किसी अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति के लिए अत्यन्त उपयोगी ध्यान का साधक।

र—अग्नि वीज, कार्य साधक समस्त प्रधान वीजो का जनक, शक्ति का प्रस्फोटक और वर्द्धक।

ल—लक्ष्मी प्राप्ति मे सहयोग श्री वीजो का निकटत, सहयोगी और सगोत्री कल्याण सूचक।

व—सिद्धि दायक आकर्षक ह, र और अनुस्वार के सयोग से चमत्कारो का उत्पादक, सारस्वत वीज, भूत-पिशाच-शाकिनी वाधा का विनाशक, रोगहर्ता लौकिक कामनाओ की पूर्ति के लिए अनुस्वार मातृका सहयोगापेक्षी, मगल साधक, विपत्तियो का रोधक और स्तम्भक।

श—निरर्थक सामान्य वीजो का जनक या हेतु उपेक्षा धर्म युक्त शान्ति का पोपक।

प—आव्हान वीजो का जनक, सिद्धि दायक, अग्नि स्तम्भक, जल स्तम्भक, सापेक्ष ध्वनि ग्राहक, सहयोग द्वारा विलक्षण कार्य साधक, आत्मोन्नति से शून्य, रुद्र वीज का जनक, भयकर और वीभत्स कार्य के लिए प्रयुक्त होने पर साधक।

स—सर्व समीहित साधक, सभी प्रकार के वीजो मे प्रयोग योग्य शान्ति के लिए परम आवश्यक, पौष्टिक कार्यो के लिए परम उपयोगी, ज्ञानावरणीय-दर्शनावरणीय आदि कर्मो का विनाशक, क्लीं वीज का सहयोगी, काम वीज का उत्पादक आत्म सूचक और दर्शक।

ह—शान्ति पौष्टिक और माङ्गलिक कार्यो का उत्पादक, साधन के लिए परमोपयोगी स्वतन्त्र और सहयोगापेक्षी, लक्ष्मी की उत्पत्ति मे साधक, सन्तान प्राप्ति के लिए अनुस्वार युक्त होने पर जाप मे सहायक, आकाश तत्व युक्त कर्म नाशक सभी प्रकार के बीजो का जनक।

———

मन्त्र निर्माण के लिये निम्नांकित बीजाक्षरों की आवश्यकता

ॐ ह्रा ह्री ह्रूँ ह्रः हा ह स क्ली ब्लू द्रां द्री द्रूं द्र. क्ष्वी श्री क्ली अर्हं अं फट्। वषट्। सवौषट्। घे घे। ठ ठः खः ह्ल्व्यूँ व्रं व्र य ऋं त थं पं आदि बीजाक्षर होते है।

बीजाक्षरों की उत्पत्ति

बीजाक्षरों की उत्पत्ति णमोकार मन्त्र से ही हुई है। कारण सर्व मातृका ध्वनि इसी मन्त्र से उदभूत है। इन सब-में प्रधान "ॐ" बीज है। यह आत्म वाचक है, मूल भूत है। इसको तेजो बीज, काम बीज और भाव बीज मानते है। प्रणव वाचक पंच परमेष्ठी वाचक होने से 'ॐ' समस्त मन्त्रों का सार तत्त्व है।

श्री ………………कीर्त्ति वाचक
ह्री ……………कल्याण
श्री ………………शान्ति
ह …………मगल
ॐ ………… सुख
ह …………विद्वेष रोष वाचक

प्रौ प्री………………स्तम्भन
क्ली ………………लक्ष्मी प्राप्ति वाचक
सर्व तीर्थकरों के नाम…………मंगलवाचक
श्वी ………………योग

यक्ष–यक्षणियों के नाम…… कीर्त्ति और प्रीति वाचक।

मन्त्र शास्त्र के बीजो का विवेचन करने पर आचार्य ने उनके रूपो का निरूपण करते हुये बताया है कि—

अ आ ऋ ह श य क ख ग घ ङ	यह वर्ण वायु संज्ञक है।
इ ई ऋ च छ ज झ ञ क्ष र थ	यह वर्ण अग्नि तत्व सज्ञक है।
लृ व ल उ ऊ त ट द ड ण	यह वर्ण पृथ्वी तत्व सज्ञक है।
ए ऐ थ ध ठ ढ श न स	यह वर्ण जल तत्व सज्ञक है।
ओ औ अं अः प फ ब भ म	यह वर्ण आकाश तत्व संज्ञक है।

वर्ण के लिंग

अ उ ऊ ऐ ओ औ अ, क ख ग घ, ट ठ ड ढ, त थ, प फ ब, ज झ, य स ष ल क्ष— इन वर्णो का लिंग पुल्लिग है। (सज्ञक है)

आ ई च छ ल व........ ..इन वर्णो का लिंग स्त्री लिंग है। (सज्ञक है)

इ ऋ ॠ ऌ ॡ ए अः ध भ म र ह द ज ण ङ न, इनका नपु सक लिग है।

ध्वनि (उच्चार) के वर्ण, मन्त्र शास्त्रानुसार

स्वर और ऊष्म ध्वनि	ब्राह्मण वर्ण सज्ञक
अन्तस्थ और क वर्ग ध्वनि	क्षत्रिय वर्ण संज्ञक
च वर्ग और प वर्ग ध्वनि	वैश्य वर्ण सज्ञक
ट वर्ग त वर्ग ध्वनि	शूद्र वर्ण सज्ञक
वश्य आकर्षण और उच्चाटन मे	हू का प्रयोग
मारण मे	फट् का प्रयोग
स्तम्भन, विद्वेषण और मोहन मे	नम का प्रयोग
शान्ति और पौष्टिक मे	वषट् का प्रयोग

मन्त्र के आखिर मे 'स्वाहा' शब्द रहता है। यह शब्द पाप नाशक, मङ्गलकारक तथा आत्मा की आन्तरिक शान्ति दृढ करने वाला है। मन्त्र को शक्तिशाली करने वाले अन्तिम ध्वनि मे ।

स्वाहा–स्त्रीलिग
वषट्, फट्, स्वधा–पुल्लिग
नम नपु सक लिग
} उन वर्णो के इस प्रकार लिंग माने गये हैं।

बीजाक्षरों का वर्णन

ॐ, प्रणव, ध्रुव ब्रह्मबीज, तेजोबीज, वा ॐ तेजोबीज,

ऐं--वाग्भव बीज, ह—गगन बीज,

लं—काम बीजं,
भी—शक्ति बीज,
हं स.—विषापहार बीज,
क्षी—पृथ्वी वीजं,
स्वा—वायु बीजं,
हा—आकाश बीजं,
ह्राँ—माया बीजं,
भौ—अ कुश बीजं,
ज—पाश बीज,
फट् त्रिसर्जन बीजम्, चालन बीजम्,
वौषट् पूजा-ग्रहणं—आकर्षण बीजम्,
सवौषट् - आमन्त्रण बीजम्,
ब्लू—द्रावण,
क्लू —आकर्षणं,
ग्लौ—स्तभनं,
ह्री- महाशक्ति,
वषट्—आह्वननम्,
र - जलनम्,
क्ष्वी—विषापहार बीजम्,
उ—चन्द्र बीजम्
घे घै ग्रहण बीजम्,
वै विद्यौ - विद्वेषण बीजम्,
ट्रा ट्री क्ली ब्लू स =रोष बीजम् वा पच वाणीद्र,
स्वाहा—शातिकं मोहक वा —
स्वधा—पौष्टिकं मोहक वा
नम—शोधन बीजम्

ह्रूँ—ज्ञान बीजं,
य—विसर्जन बीजं उच्चारणं,
प - वायुबीज,
जु—विद्वेषण बीज,
झ्वी—अमृत बीजं,
क्ष्वी—भोग बीज,
ह्रौ - ऋद्धि सिद्धि बीजं,
ह्राॅ - सर्व शान्ति बीजम्,
ह्री—सर्व शान्ति बीजम्,
ह्रूँ—सर्व शान्ति बीजम्,
ह्रौ - सर्व शान्ति बीजम्,
ह्र —सर्व शान्ति बीजम्,
हे - दण्डं बीजम्,
ख—स्वादन बीजम्,
भ्रौ—महाशक्ति बीजम्,
हल्व्यूं—पिड बीजम्,
ह्रं--मगल सुख बीजम्,
श्री—कीर्ति बीजम्, वा कल्याण बीजम्
क्ली—धन बीजम्, कुबेर बीजम्,
तीर्थङ्कर नामाक्षर—शाति, मागल्य, कल्याण व विघ्नविनाशक बीजम्,
अ—आकाश या धान्य बीजम्
आ - सुख बीजम् तेजो बीजम्
ई गुण बीजम् तेजो बीजम्
वा उ - वाय बीजम्

क्षा क्षी क्षु क्षे क्षै क्षो क्षौ क्षं क्षः—रक्षा, सर्व कल्याण, अथवा सर्व शुद्धि बीज है ।

त—थ—द— कालुष्य नाशक, मङ्गल वर्धक, सुख कारक मङ्गल

व ·· · ·· द्रवण वीजम् ।

य·· · ·· ····रक्षा वीजम् ।

मं······ ·· ····मङ्गल वीजम् ।

झ······· ···· ···शक्ति वीजम् ।

स···· ··· ····शोधन वीजम् ।

मन्त्र सिद्धि के लिये जैन शास्त्रो मे ४ प्रकार के आसन कहे गये है—

(१) श्मशान पीठ।

(२) शव पीठ।

(३) अरण्य पीठ ।

(४) श्यामा पीठ ।

णमोकार मन्त्र मे से ही वीजाक्षरो की उत्पत्ति हुई है । जैसे—

(ॐ) समस्त णमोकार मन्त्रो से

(ह्री) की उत्पत्ति णमोकार मन्त्र के प्रवम चरण से—

श्री	,,	,,	,,	,,	द्वितीय चरण से
क्षी क्ष्वी	,,	,,	,,	,,	प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से
ग्ली	,,	,,	,,	,,	प्रथम पाद मे से प्रतिपादित
द्रां द्री	,,	,,	,,	,,	चतुर्थ और पचम चरण से
ह	,,	,,	,,	,,	प्रथम चरण से
र्हं	,,	,,	,,	,,	वीज हे तीर्थङ्करो के यक्षिणी द्वारा अत्यन्त शक्तिशाली और सकल मन्त्रो मे व्याप्त है ।
-ह्रां -ह्री -ह्रूं -ह्रौ -ह्र			,,	,,	प्रथम धरणी से उत्पन्न हुए है ।
क्षा क्षी क्षू क्षे क्षै क्षो क्षौ क्ष			,,	,,	प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से उत्पन्न हुये है ।

बीजाक्षर मन्त्र

(१) ॐ —इसे 'प्रणव' नाम से ही प्रसिद्धि है। अरिहन्त अशरीर (सिद्ध) आचार्य, उपाध्याय, मुनि (साधु) इनके पहले अक्षर लेकर सन्ध्यक्षर ॐ वना है। यह परमेष्ठीवाचक है।

(२) ह्रँ —यह मन्त्र राज, मन्त्राधिप, इस नाम से प्रसिद्ध है। सब तत्वो का नायक वीजाक्षर तत्व है। इसे कोई बुद्धि तन्व, कोई हरि, कोई व्रह्म, महेश्वर या शिव तत्व या कोई सावं, सर्वव्यापी या ईशान तत्व इत्यादि अनेक नामो से पुकारता है। इसे 'व्योम बीज' भी कहते है।

(३) ह्रीं —मन्त्र का नाम 'माया वर्ण', माया बीज और शक्ति वीज ही कहते है।

(४) क्ष्वीं —मन्त्र का नाम सकल सिद्ध विद्या या महा विद्या है, इसे 'अमृत वीज' ही कहते है।

(५) श्री —मन्त्र का नाम छिन्न मस्तक महाबीज है। इसे 'लक्ष्मी वीज' ही कहते है।

(६) क्लीं :—मन्त्र का नाम काम वीज है।

(७) ऐं —मन्त्र का नाम 'काम वीज' और 'विद्या वीज' ही है।

(८) 'अ' :

(९) क्ष्वीं —मन्त्र का नाम क्षिति वीज है।

(१०) स्वा —मन्त्र का नाम वायु वीज है।

(११) "ह्लां'	(१२) 'ह्लूं'	(१३) 'ह्लौ'	(१४) 'ह्ल'
(१५) 'क्लं'	(१६) 'क्रौं'	(१७) 'श्री'	(१८) 'श्रूं'
(१९) 'क्षां'	(२०) 'क्षीं'	(२१) 'क्षं'	(२२) 'क्ष'

युग्माक्षरी

(१) अर्ह (२) सिद्ध (३) ॐ ह्रीं (४) आ, सा

त्रयाक्षरी

(१) अर्हत (२) ॐ अर्ह (३) ॐ सिद्ध

चतुराक्षरी

(१) अरहत या अरिहत (२) ॐ सिद्धेभ्य (३) असिसाहु

पंचाक्षरी

(१) असि आउसा (२) ह्लां ह्ली ह्लूं ह्लौं ह्ल (३) अर्हत सिद्ध

त—थ—द— कालुष्य नाशक, मङ्गल वर्धक, सुख कारक मङ्गल

व "   " " द्रवण वीजम् ।

य" " ... ""रक्षा वीजम् ।

मं... " ... .मङ्गल वीजम् ।

झ....... .... " शक्ति वीजम् ।

स.... . ...शोधन वीजम् ।

मन्त्र सिद्धि के लिये जैन शास्त्रो मे ४ प्रकार के आसन कहे गये है—

(१) श्मशान पीठ ।

(२) शव पीठ ।

(३) अरण्य पीठ ।

(४) श्यामा पीठ ।

णमोकार मन्त्र में से ही वीजाक्षरो की उत्पत्ति हुई है । जैसे—

(ॐ) समस्त णमोकार मन्त्रो से

(ह्री) की उत्पत्ति णमोकार मन्त्र के प्रवम चरण से—

श्री	,,	,,	,,	,,	द्वितीय चरण से
क्षी क्ष्वी	,,	,,	,,	,,	प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से
ग्ली	,,	,,	,,	,,	प्रथम पाद मे से प्रतिपादित
द्रां द्री	,,	,,	,,	,,	चतुर्थ और पचम चरण से
ह	,,	,,	,,	,,	प्रथम चरण से
र्ह	,,	,,	,,	,,	वीज हे तीर्थङ्करो के यक्षिणी द्वारा अत्यन्त शक्तिशाली और सकल मन्त्रो मे व्याप्त है ।
-ह्रां -ही -हूँ -ही -ह.			,,	,,	प्रथम धरणी से उत्पन्न हुए हैं ।
क्षा क्षी क्षू क्षे क्षै क्षो क्षौ क्ष			,,	,,	प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण से उत्पन्न हुये है ।

बीजाक्षर मन्त्र

(१) ॐ .—इसे 'प्रणव' नाम से ही प्रसिद्धि है। अरिहन्त अशरीर (सिद्ध) आचार्य, उपाध्याय, मुनि (साधु) इनके पहले अक्षर लेकर सन्ध्यक्षर ॐ बना है। यह परमेष्ठीवाचक है।

(२) र्ह —यह मन्त्र राज, मन्त्राधिप, इस नाम से प्रसिद्ध है। सब तत्वो का नायक बीजाक्षर तत्व है। इसे कोई बुद्धि तत्व, कोई हरि, कोई ब्रह्म, महेश्वर या शिव तत्व या कोई साव, सर्वव्यापी या ईशान तत्व इत्यादि अनेक नामो से पुकारता है। इसे 'व्योम बीज' भी कहते है।

(३) ह्रीं —मन्त्र का नाम 'माया वर्ण', माया बीज और शक्ति बीज ही कहते है।

(४) क्ष्वीं —मन्त्र का नाम सकल सिद्ध विद्या या महा विद्या है, इसे 'अमृत बीज' ही कहते है।

(५) श्री —मन्त्र का नाम छिन्न मस्तक महाबीज है। इसे 'लक्ष्मी बीज' ही कहते है।

(६) क्लीं :—मन्त्र का नाम काम बीज है।

(७) ऐं —मन्त्र का नाम 'काम बीज' और 'विद्या बीज' ही है।

(८) 'अ' :

(९) क्ष्वीं —मन्त्र का नाम क्षिति वीज है।

(१०) स्वा —मन्त्र का नाम वायु बीज है।

(११) "ह्रां' (१२) 'ह्रूं' (१३) 'ह्रौं' (१४) 'ह्र:'

(१५) 'क्लं' (१६) 'क्रौं' (१७) 'श्री' (१८) 'श्रू''

(१९) 'क्षां' (२०) 'क्षी'' (२१) 'क्षं' (२२) 'क्ष'

युग्माक्षरी

(१) अर्हं (२) सिद्ध (३) ॐ ह्री (४) आ, सा

त्रयाक्षरी

(१) अर्हत (२) ॐ अर्हं (३) ॐ सिद्धं

चतुराक्षरी

(१) अरहत या अरिहत (२) ॐ सिद्धेभ्य (३) असिसाहु

पंचाक्षरी

(१) असि आउसा (२) ह्रा ह्री ह्रू ह्रौं ह्र: (३) अर्हत सिद्ध

(४) णमो सिद्धाण (५) नमो सिद्धेभ्य (६) नमो अर्हंते
(७) नमो अर्हद्भ्य (८) ॐ आचार्येभ्य

षडक्षरी मन्त्र

(१) अरहत सिद्ध (२) नमो अरहते (३) ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रौ ह्र
(४) ॐ नमो अर्हंते (५) ॐ नमो अर्हद्भ्य (६) ह्री ॐ ॐ ह्री ह स
(७) ॐ नम सिद्धेभ्य (८) अरहत सिसा

सप्ताक्षरी

(१) णमो अरहताण (२) ॐ ह्री श्री अर्हं नम
(३) णमो आयरियाण (४) णमो उवज्झायाण
(५) नमो उपाध्यायेभ्य (६) नम सर्व सिद्धेभ्य
(७) ॐ श्री जिनाय नम

अष्टाक्षरी

(१) ॐ णमो अरहताण (२) ॐ णमो आइरियाण
(३) ॐ नमो उपाध्यायेभ्य (४) ॐ णमो उवज्झायाण

नवाक्षरी

(१) णमो लोए सव्वसाहूण (२) अरहत सिद्धेभ्यो नम

दशाक्षरी

(१) ॐ णमो लोए सव्वसाहूण (२) ॐ अरहत सिद्धेभ्यो नम

एकादशाक्षरी

(१) ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रौं ह्र असिआउसा
(२) ॐ श्री अरहत सिद्धेभ्यो नम.

द्वादशाक्षरी

(१) ह्रा ह्री ह्रू ह्रौं ह्र असि आउसा नम.
(२) ह्रा ह्री ह्रू ह्रौ ह्र असि आउसा स्वाहा
(३) अर्हं सिद्ध सयोग केवलि स्वाहा

त्रयोदशाक्षरी मन्त्र

(१) ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रौं ह्र अ सि आ उ सा नम

(२) ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा स्वाहा
(३) ॐ अर्हं सिद्ध केवलि सयोग स्वाहा

चतुर्दशाक्षरी

(१) ॐ ह्रीं स्वर्हं नमो नमोऽर्हताणं ह्रीं नमः
(२) श्रीमद् वृषभादि वर्धमाना तेभ्यो नमः

पंचदशाक्षरी

(१) ॐ श्रीमद् वृषभादि वर्धमानान्तेभ्यो नम ।

षोडाक्षरी

(१) अर्ह सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुभ्यो नमः ।

द्वाविंशत्यक्षरी

(१) ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अर्हंसिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुभ्यो नमः ।

त्रयोविंशत्यक्षरी

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्र असि–आ–उसा अर्हं सर्व सर्व शान्ति कुरुः कुरु स्वाहा ।

पंचविंशत्यक्षरी

ॐ जोग्गे मग्गे तच्चे भूदे भव्वे भविस्से अक्खे पक्खे जिण परिस्से स्वाहा ।

एकत्रिंशत्यक्षरी

ॐ सम्यकदर्शनाय नम. सम्यकज्ञानाय नम. सम्यकचारित्राय नमः सम्यक् तपसे नमः ।

सत्ताईस अक्षरी मन्त्र ऋषि मण्डल

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रुं ह्रूं ह्रे ह्रै ह्रौ ह्रः ९ बीजाक्षर

असि आउसा सम्यकदर्शन ज्ञान चारित्रेभ्यो ह्रीं नम. $\frac{१८}{२७}$ शुद्धाक्षर

णमोकार मन्त्र

(१) पंच त्रिशंत्यक्षरी ३५ श्री णमोकार मन्त्र

णमो अरिहताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं ॥ १ ॥

एक सप्तत्यक्षरी ७१

(१) ॐ अर्हन्मुख कमलवासिनि पापात्मभयकरि श्रुत ज्ञान ज्वाला सहस्त्र - प्रज्वलिते सरस्वति ममपाप हन हन दह दह क्षा क्षी क्षू क्षौ क्ष क्षीखर धवले अमृत मम्भवे व वं ह ह स्वाहा ।

षट् सप्तत्यक्षरी ७६

ॐ नमो भगवते चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय शशाक शख गोक्षीर हार नीहार विमल धवल गात्राय घाति कर्म निर्मूलोच्छेदन करायजाति जरा मरण शोक विनाशन कराय ससार कान्तारोन्मूलन कराय अचिन्त्य बल पराक्रमाय अप्रतिहत शासनाय अप्रतिहत चक्राय त्रैलोक्य वशंकराय सर्व सत्व हितकराय भव्यलोक वशकराय सुरा सुरोरगेन्द्र मणिगण खचित मुकुट कोटि तट घटित पादपीठाय त्रैलोक्यमहिताय अष्टादश दोष रहिताय धर्म चक्राधीश्वराय सर्व विद्या परमेश्वराय कुविद्या अध्नाय चतुस्त्रिंशदतिशय सहिताय द्वादशगण परिवेष्टिताय शुक्लध्यान पवित्राय अनन्त ज्ञानाय अनन्त दर्शनाय अनन्तवीर्याय अनन्त सुखाय सर्वज्ञाय सिद्धाय बुद्धाय शिवाय सत्यज्ञानाय सत्यब्रह्मणे स्वयभुवे परमात्मने अच्युताय दिव्यमूर्ति प्रभामण्डलमडिताय कण्ठताल्वोष्ठ पुटव्यापार रहित तत्तदभीष्ट वस्तु कथक निशेषभाषा प्रतिपालकाय देवेन्द्र धरणेन्द्र चक्रवर्त्यादि शतेन्द्र वदित पादार विदाय पच कल्याणाष्ट महा प्रातिहार्यादि विभवालकृताय वज्रवृषभनाराच सहनन चरम दिव्य देहाय देवाधिदेवाय परमेश्वराय तत्पादपंकजाश्रय निवेशिनि देविशासन देवते त्रिभुवन जन सक्षोभिणी त्रैलोक्य सहार कारिणि स्थावर जंगम कृत्रिम विषम विषसहार कारिणि सर्वाभिचार कर्मापहारिणि पर विद्या छेदिनि पर मत्र प्रणाशिनि अष्टमहानाग कुलोच्चाटिनि कालदष्ट्र मृतकोत्थापिनि सर्व रोगापनोदिनी ब्रह्मा विष्णु रूद्रेंद चन्द्रादित्य ग्रह नक्षत्र तारा लोकोत्पाद ... ...भय पीडा प्रमर्दिनी त्रैलोक्य महिते भव्यलोकहितंकरि विश्वलोक वशकरि महाभैरवि भैरव रूपधारिणि भीमे भीम रूपधारिणि महारौद्रै रूपधारिणी सिद्धे सिद्ध रूपधारिणि प्रसिद्ध सिद्ध विद्याधर यक्ष राक्षस गरूड गधर्व किन्नर किं पुरुष दैत्योरगेन्द्रामर पूजिते ज्वाला माला कराले तत्तदिगन्तराले महामहिष वाहिनि त्रिशूल चक्र झष पाश शर शरासन फलवरद प्रदान विराजमान षोढशार्द्ध भुजे खेटक कृपाण हस्ते त्रैलोक्याकृत्रिम चैत्यालय निवासिनि सर्व सत्वानुकम्पनि रत्नत्रय महानिधि सांख्य सौगत चार्वाक मीमासक दिगम्बरादि पूजिते विजयवर प्रदायिनि भव्यजन सरक्षिणि दुष्ट जन प्रमर्दिनि कमल श्री गृहीत गर्वावलिप्त ब्रह्म राक्षस ग्रहापहारिणि शिवकोटि महाराज प्रतिष्ठित भीम लिगोत्पाटन पटु प्रतापिनि समस्त ग्रहाकर्षिणि (ग्रहानुवन्धिनि ग्रहानुछेदिनि ग्रह काला मुखि) नगर निवासिनि पर्वत वासिनि स्वयभूरमण वासिनि वज्र वेदिकाधिष्ठित व्यतरावास वासिनि मणिमय सूक्ष्म घटनाद किंचिद्रणित नूपुर युक्त पादार विन्दे वज्र वैडूर्य मुक्ताफल

हरिन्मणि मयूरवमाला मण्डित हेम किंकिणि झणत्कार विराजित कनक ऋजुसूत्र भूपित नितम्बिनि वारद नीरद निर्मलायमान सूक्ष्म दुकूल परीत दिव्य तनुमध्ये सध्यापरागारूण मेघ समान कौसुम्भ वस्त्र धारिणि बालार्क रूक् सन्निभायमान तपनीय वसनाच्छादिते इन्द्र चन्द्रकादि मौक्तिकाहार विराजित स्तन मण्डले तारा समूह परित्तोत्तमागे यमराज लुलायमान महिपासुर मर्दन दक्षभूत महामहिप वाहिनि ताराधर तारे नीहार पटीर पय. पूर कर्पूर शुभ्रायमान विमल धवल गात्रे भयकाल रूद्र रौद्रावलोकित भाल नेत्रानल विस्फुलिंग समूह सन्निभ ज्वालावेष्टित दिव्य देहिनि कुल शैल निर्भेदिनि कृत सहस्र धारायुक्त महा प्रभा मण्डल मण्डित कृपाणि भ्राज दोर्दण्डे देवि ज्वालामालिनि अत्र एहि २ र पिण्ड रूपे एहि २ नव तत्त्व देहिनि महामहित मेखला कलित प्रतापे एहि २ ससार प्रमर्दिनि एहि २ महामहिषवाहने एहि २ कटक कटि मूत्र कुण्डलाभरण भूषिते एहि २ घनस्तनि किंकिणि नूपुरनादे एहि २ महामहित मेखला सूत्रे एहि २ गरूड गंधर्व देवासुर समिति पूजित पादपकजे एहि २ भव्यजन सरक्षिणि एहि २ महादुष्ट प्रमर्दिनि एहि २ मम ग्रहाकर्षिणि एहि २ ग्रहानुवन्धिनि एहि २ ग्रहानुच्छेदिनि एहि २ ग्रहकाल कालामुखि एहि २ ग्रहोच्चाटिनि एहि २ ग्रह मारिणि एहि २ मोहिनि एहि २ स्तम्भिनि एहि २ समुद्रधारिणि एहि २ धुनु २ कम्प २ कम्पावय २ मण्डल मध्ये प्रवेशय २ स्तम्भ २ ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रौ ह्र आह्वानन गृण्ह २ जल गृण्ह २ गध गृण्ह २ अक्षत गृण्ह २ पुष्प गृण्ह २ चरू गृण्ह २ दीप गृण्ह २ धूप गृण्ण २ फल गृण्ह २ आवेश गृण्ह २ ॐ ह्म्ल्व्र्यूं महादेवि ज्वालामालिनि ह्री क्ली ब्लूं द्रा द्री ह्रां ह्री ह्रू ह्रौ ह्र हा देव ग्रहान् आकर्षय २ ब्रह्मा विष्णु रूद्रेन्द्रादित्य ग्रहान्नाकर्षय २ नाग ग्रहान्नाकर्षय २ यक्ष ग्रहान्नाकर्षय २ गधर्व ग्रहान्नाकर्षय २ ब्रह्मराक्षस ग्रहान्नाकर्षय २ भूत ग्रहन्नाकर्षय २ व्यन्तर ग्रहान्नाकर्षय २ सर्व दुष्ट ग्रहान्नाकर्षय २ शतकोटिदेवतानाकर्षय २ सहस्रकोटि पिशाच देवतानाकर्षय २ कालराक्षस ग्रहानाकर्षय २ प्रेतासिनी ग्रहानाकर्षय २ वैतालो ग्रहानाकर्षय २ क्षेत्रवासी ग्रहानाकर्षय २ हन्तुकाम ग्रहानाकर्षय २ अपस्मार ग्रहानाकर्षय २ क्षेत्रपाल गहानाकर्षय २ भैरव ग्रहानाकर्षय २ ग्रामादि देवतानाकर्षय २ गृहादि देवतानाकर्षय २ कुलादिदेवतानाकर्षय २ चण्डिकादि देवतानाकर्षय २ शाकिनि ग्रहान्-आकर्षय २ डाकिनी ग्रहानाकर्षय २ सर्व योगिनी ग्रहानाकर्षय २ रणभूत ग्रहानाकर्षय रज्जूनिग्रहानाकर्षय २ जलग्रहानाकर्षय २ अग्नि ग्रहानाकर्षय २ मूक ग्रहानाकर्षय २ मूर्ख-ग्रहानाकर्षय २ छल ग्रहानाकर्षय २ चोरचिताग्रहानाकर्षय २ भूत ग्रहानाकर्षय २ शक्ति-ग्रहानाकर्षय २ चाडाली ग्रहानाकर्षय २ मातगग्रहानाकर्षय २ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्रभव भवान्तर स्नेह वैर वध सर्व दुष्ट ग्रहानाकर्षय २ कम्प २ मृत्योरक्षय २ ज्वर भक्षय २

अनलविषंहर २ कुमारीरक्ष २ योगिनीभक्षय २ शाकिनी मर्दय २ डाकिनी मर्दय २ पूतनी कम्पय २ राक्षसी छेदय २ कोलिकामुद्रा दर्शय २ सर्व कार्यकारिणी सर्व ज्वर मर्द्दिनिसर्व शिक्षाजन प्रतिपादिनि एहि २ भगवति ज्वालामालिनि एकाहिक द्वाहिक त्र्याहिक चातुर्थिकं वात्तिक श्लेष्मिक पैत्तिक २ श्लेष्मिक सान्निपातिक (वेला) ज्वरादिक पात्रे प्रवेशय २ ज्वलि ज्वलि ज्वालावय २ मुच २ मुचावय २ शिरं मुच २ मुख मुच २ ललाट मुच २ कठं मुच २ बाहू मुंच २ हृदय मुच २ उदर मुच २ कटि मुच २ जानुं मुंच २ पाद मुंच २ आछेदय २ क्रो भेदय २ ह्ली मर्दय २ क्षी बोधय २ ह्म्ल्व्य्र्ँ घूर्मय २ र र र र र रां रा स घ पातय २ पर मत्रान् स्फोटय २ ॐ ह्ला ह्ली ह्लं ह्लौ ह्ल घे घे फट् स्वाहा। अस्मिन् दलमध्ये प्रवेशय २ पात्रे गृहण २ आवेशय २ ग्रासय २ पूरय २ खण्ड २ कट कट कंपावय २ ग्राहय २ शीर्ष चालय २ भाल चालय २ नेत्रं चालय २ वदन चालय २ कण्ठं चालय २ बाहूं चालय २ हस्त चालय २ हृदय चालय २ गात्र चालय २ सर्वांग चालय २ लोलय २ कप २ कम्पावय २ शीघ्र अवतर २ गृण्ह २ ग्राहय २ अचेलय २ आवेशय २ ॐ क्ष्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनी ह्ली क्ली ब्लूं द्रा द्री क्षा क्षी क्षू क्षौ क्ष हा सर्व दुष्ट ग्रहान् स्तभय २ हा पूर्व बधय २ दक्षिण बधय २ पश्चिम बधय २ उत्तर बंधय २ ठः ठ हु फट् २ घे घे ॐ र्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनी ह्ली क्ली ब्लूं द्रां द्री ज्वल र र र र र र र रा रा प्रज्वल २ हु ज्वल ज्वल धग २ धू धूं धूमाधकारिणी ज्वल ज्वल ज्वलित शिखे प्रलय धग धगित वदने देव ग्रहान् दह २ नाग ग्रहान् दह २ यक्ष ग्रहान् दह २ गधर्व ग्रहान् दह २ वह्म र क्षस ग्रहान् दह २ सर्व भूत ग्रहान् दह २ व्यन्तर ग्रहान् दह २ सर्व दुष्ट ग्रहान् दह २ शतकोटि देवतान् दह २ सहस्र कोटि पिशाच राजान् दह २ घे घे स्फोटय २ मारय २ दहनाक्षि प्रलय धग धगित मुखि ॐ ज्वालामालिनि ह्ला ह्ली ह्लू ह्लौ ह्ल हा सर्व दुष्ट ग्रह हृदय हू दह दह पच पच छिदि २ भिदि २ ह ह हा हा हे हे हू फट् २ घे २ ॐ भ्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनि ह्ली क्ली ब्लू द्रा द्री भ्रा भ्री भ्रू भ्रौ भ्रः हाः सर्व दुष्ट ग्रहान् ताडय २ हू फट् २ घे २। ॐ म्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनि ह्ली क्ली ब्लू द्रा द्री म्रा म्री म्रू म्रौ म्रः हा सर्व दुष्ट ग्रहाणां वज्रमय सूच्या अक्षिणी स्फोटय २ अदर्शय २ हू फट् २ घे २। ॐ य्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनि ह्ली क्ली ब्लू द्रा द्री हा आ क्रो क्षी य्रा य्री य्रू य्रौ य्रः हा सर्व दुष्ट ग्रहान् प्रेषय २ घे २ हू जः ज ज ॐ घ्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनि ह्ली क्ली ब्लूं द्रा दी घ्रा घ्री घ्रूं घ्रौ घ्र हा घ घ खं ख खड्गै रावण सद्विद्यया घातय २ सच्चन्द्रहासः शस्त्रेण छेदय २ भेदय २ जठरं भेदय २ भं भ ख ख ह ह हू २ फट् २ घे २ ॐ म्म्ल्व्य्र्ँ ज्वालामालिनि ह्ली क्ली ब्लू द्रा द्री झ्रा झ्री झ्रूं झ्रौ झ्र हा सर्व दुष्ट ग्रहान् वज्रपाशेन बधय २ मुष्टि वधेन वधय २

हू फट् २ घे २। ॐ ख्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिनि ह्री क्ली ब्लूं द्रा द्री खा खी खू खौं खः हा. सर्व दुष्ट ग्रहाणा अगभग कुरु २ ग्रीवा भजय २ हू फट् २ घे २। ॐ छ्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिनि ह्री क्ली ब्लूं द्रा द्री छ्रा छ्री छ्रू छ्रौं छ्र हा सर्व दुष्ट ग्रहाणा अन्त्राणि छेदय २।

हूँ फट् फट् घे घे। ॐ ठ्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिनी ह्री क्ली ब्लू द्रा द्री ठ्रा ठ्री ठ्रूं ठ्रौ ठ्र. हा सर्व दुष्ट ग्रहान् विद्युत्पापाण अस्त्रेण ताडय २ भुम्या पातय २ फट् फट् घे घे। ॐ व्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिनि ह्री क्ली ब्लू द्रां द्री व्रा व्री व्रूं व्रौं व्र हा सर्वदुष्ट ग्रहान समुद्रे मज्जय २ हू फट् फट् घे घे। ॐ ड्म्ल्व्र्यूं ज्वालामालिनि ह्री क्ली ब्लू द्रा द्री ड्रा ड्री ड्रू ड्रौं ड्र हा सर्व डाकिनी मर्दय २ हूँ फट् फट् घे घे झ्रौ झ्र सर्व शाकिनि मर्दय २ हूँ फट् फट् घे घे सर्व योगिनिस्तर्जय तर्जय सर्व शत्रून् ग्रासय २ ख खं ख ख ख ख खादय खादय स त व म हा झ सर्व ग्रहान् उत्थापय २ नट नट नृत्य नृत्य स्वाहा य य सर्व दैत्यान् ग्रस ग्रस विध्वसय २ दह दह पच पच पाचय २ धर २ धम २ घुरु २ पुरू २ फुरू २ सर्वोपद्रव महाभय स्तभय २ झम् २ ह ह दर दर पर २ खर २ खड्गरावण सद्विद्यया घातय २ पातय २ चन्द्रहास शस्त्रेण छेदय २ भेदय २ झ ञ ह हं ख ख घ घ द द फट् फट् घे घे हा हा आ क्रौ क्ष्वी क्षौ ह्री क्ली ब्लू द्रा द्री क्रौ क्षी क्षी क्षी क्षी ज्वालामालिन्या ज्ञापयति स्वाहा ।। अय प ति ससिद्धि ।

॥ इति ॥

इस ज्वालामालिनीपठति सिद्ध माला मत्र को ७२ दिन तक दीप धूप रखकर नित्य ही १ वार पढने मात्र से सिद्ध हो जायगा, फिर प्रत्येक व्याधि मे पानी मत्रित करके देने से अथवा झाडा देने से सर्व व्याधि दूर हो, और भूत, प्रेत, शाकिनि आदि तथा परविद्या का प्रभाव नष्ट होता है।

सरस्वती मन्त्र:

मन्त्र :—ॐ अर्हन् मुख कमल वासिनी पापात्म क्षयंकरी श्रुत ज्ञाना ज्वाला सहस्त्र ज्वलने सरस्वती मत्पापं हन २ दह २ पच २ क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः क्षीर वर धवले अमृत संभवे (पल्लवे) अमृतं श्रावय २ वं वं वं वं हुं हुं फट् स्वाहा।

विधि —केशर घिसकर गोली ३६० वनाकर दीपोत्सव के दिन अथवा शरद पूर्णिमा के दिन अर्हन्त प्रतिमा के सम्मुख साधन करे। १००० जप करे। उपरोक्त से १ गोली को

२१ बार मंत्रित करके प्रात उस गोली को खावे, इस प्रकार ३६० दिन में ३६० गोली खावे तो महान विद्यावान हो। किन्तु खट्टा खारा नही खावे। प्रतिदिन स्मरण करने से बुद्धि का वैभव बढता है।

द्वितीय विधि :—इस मत्र को कासी की थाली में लिखे सुगधित द्रव्यों से, फिर सुगन्धित पुष्पों से १००८ वार मत्र का जाप करे, शरद पूर्णिमा के दिन मेवा की खीर बनाकर रखे। दूसरे दिन वही मेवा की खीर खावे और कुछ नही खावे, तो सरस्वती प्रसन्न रहे। बुद्धि प्रबल होती है। यह प्रयोग शरद पूर्णिमा के दिन करे। जप सुगन्धित पुष्पो से करे।

। शांतिमन्त्र लघू ।

मन्त्र :—ॐ ह्रीं श्री शांति नाथाथ जगत् शांति कराय सर्वोपद्रवशांति कुरु २ ह्रीं नमः स्वाहा।

विधि —इस मत्र का जाति पुष्प से नित्य ही १०८ बार जप करने से सर्व मनो वांछित प्राप्त होता है।

शांति मन्त्र

मन्त्र :—ॐ नमोऽर्हंते भगवते श्री शांति नाथाय सकल विघ्न हराय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अमुकस्य सर्वोपद्रव शांति लक्ष्मी लाभं च कुरु २ नमः (स्वाहा)

विधि —इस मत्र का सोलह दिन मे १६००० जप करके दशांस होम करे, शुक्ल पक्ष के पखवाडे मे १६ दिन का जो पखवाडा हो, उसमें प्रत्येक दिन १००० जप सुगन्धित पुष्पो से करे तो सर्व कार्य की सिद्धि हो। उपसर्ग, उपद्रव, सर्व दूर हो, सर्व शांति होती है। लक्ष्मी लाभ, यश लाभ होता है।

नवग्रह जाप्य

१ रवि महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पद्मप्रभतीर्थंकराय कुसुलयक्ष मनोवेगा यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रो ह्रीं ह्रः आदित्यमहाग्रह (मम कुटुंबवर्गस्य) सर्व

दुष्टग्रह रोग कष्टनिवारणं कुरु कुरु सर्वशाति कुरु कुरु सर्व समृद्धि कुरु कुरु इष्ट संपदा कुरु कुरु अनिष्ट निश्सनं कुरु कुरु धनधान्य समृद्धि कुरु कुरु काममांगल्योत्सवं कुरु कुरु हूं फट् ।

इस मत्र का जप ७००० हजार करे, तो रवि गृह शात होते है ।

२ सोम महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते चंद्रप्रभतीर्थंकराय विजय यक्ष ज्वालामालिनी यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः सोममहाग्रह मम दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरु कुरु हूं फट् ॥

इस मत्र का ११००० हजार जप करे ।

३ मंगल महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते वासुपूज्यतीर्थंकराय षण्मुखयक्ष गांधारी यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः मंगलकुज महाग्रह मम-दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारणं सर्वशांति च कुरु कुरु हूं फट् ।।

इस मत्र का जप १०००० करे ।

४. बुध महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते मल्लीतीर्थंकराय कुवारेयक्ष अपराजिता यक्षी सहिताय ॐ आँ क्रों ह्रीं ह्रः बुधमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोग कष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरु कुरु हूं फट् ॥

इस मन्त्र का जाप १४००० करे ।

५. गुरू महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते वर्धमान तीर्थंकराय मातंगयक्ष सिद्धायिनीयक्षी सहिताय ॐ क्रों ह्रीं ह्रः गुरुमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरु कुरु हूं फट् ॥

ग्रह की शाति के लिये इस मन्त्र का जप १६००० हजार करे ।

६. शुक्र महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पुष्पदंत तीर्थंकराय अजितयक्ष महाकालीयक्षी सहिताय ॐ आं क्रों ह्रीं ह्रः शुक्रमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरू कुरू हूं फट् ॥

इस मन्त्र का जप १६००० हजार करे।

७. शनि महाग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते मुनि सुव्रततीर्थंकराय बरुणयक्ष बहुरुपिणीयक्षी सहिताय ॐ आं क्रों ह्रीं ह्रः शनिमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारण सर्व शांति च कुरू कुरू हूं फट् ॥

इस मन्त्र का जप २३००० हजार करे।

८. राहु महाग्रह मंत्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते नेमितीर्थंकराय सर्वाण्हयक्ष कुष्मांडीयक्षी सहिताय ॐ आं क्रों ह्रीं ह्रः राहुमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरु कुरु हूं फट् ॥

इस मन्त्र का १८००० जप करे।

९. केतुमहा ग्रह मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पार्श्वतीर्थंकराय धरणेंद्रयक्ष पद्मावतीयक्षी सहिताय ॐ आं क्रों ह्रीं ह्रः केतुमहाग्रह मम दुष्टग्रह रोगकष्ट निवारणं सर्व शांति च कुरु कुरु फट् ॥

इस मन्त्र का ७००० जप करे।

नोट —प्रत्येक ग्रह के जितने जप लिखे हो उतना जप करके नवग्रह विधान करे। दशमांस होम करे तो ग्रह की शान्ति होती है।

शान्ति मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते प्रक्षीणाशेषदोष कल्मषाय दिव्य तेजोमूर्तये नमः

श्री शांतिनाथाय शांति कराय सर्व पापप्रणाशनाय सर्व विघ्न विनाशनाय सर्व रोगाय मृत्यु विनाशनाय सर्वपरकृत क्षुद्रोपद्रव विनाशनाय सर्व क्षाम डामर विनाशनाय ॐ ह्लां ह्लीं ह्लूं ह्लौ ह्लः असि आउसा मम सर्व शांति कुरु कुरु स्वाहा ।

विधि —इस शान्ति मन्त्र को शुक्ल पक्ष के सोलह दिन के पखवाडे मे प्रत्येक दिन १००० जप करे। सोलह दिन मे सोलह हजार जप दीप, धूप विधि से करे, फिर शान्ति विधान कराकर, १६००० जप का दशास होम करे, तो सर्व प्रकार के रोग, सर्व प्रकार के डाकिनी, शाकिनी, भूत, प्रेतादि बाधा दूर होती है। लक्ष्मी लाभ होता है, मनवाछित सिद्धि प्राप्त होती है।

वर्द्धमान मन्त्र

ॐ णमो भय वदो वड्ढ माणस्स रिसहस्स चक्कं जलंतं गच्छइ आवासं पायालं लोयाणं भूयाणं जये वा विवादे वा थंभणेवा रणांगणेवा रायं गणेवा मोहेण वा सव्व जीवसत्ताणं अपराजिदोमम् भवदु रक्ख २ स्वाहा ।

विधि —इस वर्द्धमान महाविद्या को उपवास करके एक हजार जप सुगन्धित पुष्पो से जप करे, दशमास होम करे, तो ये मन्त्र सिद्ध हो जाता है। फिर कही से भय आने वाला हो अथवा आ गया हो, तो सरसो हाथ मे लेकर सर्व दिशाओ मे फेक देने से आगत उपद्रव, भय, परकृत विद्याएँ सर्व स्तम्भित हो जायेगे। घर मे स्मरण मात्र से ही शाति हो जायगी। विशेष फल गुरु गम्य है।

जिनेन्द्र पंच कल्याणक के समय प्रतिमा के कान में देने वाला सूर्य मन्त्र

ॐ ह्लीं क्ष्रूं ह्लूं सुं सुः क्ष्रौ ह्लीं ऐं अर्हं नमः सर्व अर्हन्त गुणभागी भवतु स्वाहा ।

विधि —प्रतिष्ठाचार्य इस मन्त्र को २१ वार कान मे पढे।

मन्त्र :—**ॐ ह्लीं श्रीं क्लीं ह्लां ह्लौं श्रीं श्रौं जय जय द्रां कलि द्रा क्ष सां मृंजय जिनेभ्योः ॐ भवतु स्वाहा ।**

विधि :—इस मन्त्र को दर्पण सामने रखकर ५ वार कान मे पढे।

मन्त्र :—ॐ ह्रीं क्रौं सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रातर गात्राय चतुरशिति गुण गणधर चरणाय अष्ठचत्वारिंशत गणधर वलाय षट्त्रिंशत गुण संयुक्ताय णमो आइरियाणं हं हं स्थिरं तिष्ठ २ ठः ठः चिरकालं नंदतु यंत्र गुण तंत्र गुणं वेदयुतं अनंत कालं वर्द्धयन्तु धर्माचार्या हुं रुं कुरु २ स्वाहा, स्वाधा ।

विधि :—इस मन्त्र को भी प्रतिमा के सामने सात बार पढे ।

प्रत्येक शासन देव सूर्य मन्त्र

मन्त्र :—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रां श्रीं वं सर्वज्ञाय प्रचण्डाय पराक्रमाय वटुक भैर वाय अमुक क्षेत्रपालाय अत्र अवतर २ तिष्ठ २ सर्व जीवानां रक्ष २ हूं फट् स्वाहा ।

विधि :—इस मन्त्र से जिस क्षेत्रपाल की प्रतिष्ठा करनी हो, उस क्षेत्रपाल की मूर्ति के कान मे २७ बार पढे ।

पद्मावती प्रतिष्ठावायक्षिणी प्रतिष्ठा सूर्य मन्त्र

मन्त्र :—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं ऐं श्री पद्मावती देवी (व्यै) अत्र अवतर २ तिष्ठ २ सर्व जीवानां रक्ष २ हूं फट् स्वाहा ।

विधि —कोई भी देवी की प्रतिष्ठा करनी हो तो इस मन्त्र को जिसकी प्राण प्रतिष्ठा होनी है, उस मूर्ति के दोनो कानो में २७–२७ बार पढना चाहिये ।

धरणेन्द्र अथवा यक्ष प्रतिष्ठा सूर्य मन्त्र

मन्त्र :—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं ऐं श्री धरणेन्द्र देवताये अत्र अवतर २ अत्र तिष्ठ २ सर्व जीवानां रक्ष २ हूं फट् स्वाहा ।

विधि —इस मन्त्र को यक्ष मूर्ति के कान मे २७–२७ बार कान मे पढने से प्रतिष्ठा हो जायगी ।

मन्त्र :—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं वद् २ वाग्वादिनीभ्योनमः ।

विधि :—कुमकुम कपूर के साथ सूर्य ग्रहण मे जिह्वाग्रे लिखित्तस्य नरस्य वाग्वादिनी सतुष्टा भवति ।

मन्त्र :—ॐ ह्रीं श्रीं वद् २ वाग्वादिनी भगवति सरस्वती ह्रीं नमः ।

विधि —१२००० जप इस मन्त्र का करके दशाश होम करे, सूर्य या चन्द्र ग्रहण मे वेला, वच, मालकागणी, इन चीजो को १०८ बार मन्त्रीत करके जिस बालक को खिलावे उसकी बुद्धि का विकास होता है।

॥ ० ॥

गणधर वलय से सम्बन्धित ऋद्धि मंत्र व फल

ॐ णमो अरहंताणं णमो जिणाणं ह्रां ह्री ह्रूं ह्रौ ह्रः अप्रतिचक्रे फट् विचक्राय स्वाहा ॐ ह्री अर्हं असि आउ सा ह्रौं २ स्वाहा। एतत् सर्व प्रयोजनीयम्, विसूचिकाशान्ति र्भवति ॥ १ ॥

ॐ णमो अरहंताणं णमो जिणाणं ह्रां पुष्प १०८ जपेत्, ज्वरनाशनम् ॥ २ ॥

णमो परमोहिजिणाणं ह्रां शिरोरोगनाशनम् ॥ ३ ॥

णमो सव्वोहिजिणाणं ह्रां अक्षिरोगनाशनम् ॥ ४ ॥

णमो अणंतोहिजिणाणं कर्णरोगं नाशयति ॥ ५ ॥

णमो कुट्ठबुद्धीणं शूल-गुल्म-उदररोगं नाशयति ॥ ६ ॥

णमो बीजबुद्धीणं श्वास-हिक्कादि (हीचकी) नाशयति ॥ ७ ॥

णमो पदाणुसारीणं परैः सह विरोधं कलहं नाशयति ॥ ८ ॥

णमो संभिन्नसोयाणं कासं नाशयति ॥ ९ ॥

णमो पत्तेयबुद्धाणं प्रतिवादिविद्याच्छेदनम् ॥ १० ॥

णमो सयंबुद्धाणं कवित्वं पाण्डित्यं भवति ॥ ११ ॥

णमो बोहिबुद्धाणं अन्यतरगृहीते श्रुते एक संधो भवति ५२ दिनं यावज्जपेत् ॥ १२ ॥

णमो उज्जुमईणं शान्तिकं भवति, दिन २४ यावज्जपेत् ॥ १३ ॥

णमो विउलमईण वहुश्रुतत्वम्, लवणाम्लवर्जं भोजनम् ॥ १४ ॥

णमो दसपुव्वीणं सर्वाङ्गवेदी भवति ।। १५ ।।

णमो चऊदसपुव्वीणं जापः १०८ स्वसमय-परसमयवेदी ७ भवति ।।१६।।

णमो अट्ठंगनिमित्त कुसलाणं जीवित-मरणादिकं जानाति ।। १७ ।।

णमो विउव्वणरिद्धिपत्ताणं काम्यवस्तूनि प्राप्नोति, दिन २८ जापः ।। १८ ।।

णमो विज्जाहराणं उद्देशप्रदेशमात्रं खे गच्छति ।। १९ ।।

णमो चारणाणं चिन्तामुष्टिपदार्थ स्वरूपं जानाति ।। २० ।।

णमो पण्हसमणाणं आयुर्वसानं जानाति ।। २१ ।।

णमो आगासगामीणं अन्तरिक्षे योजनमात्रं गमयति ।। २२ ।।

णमो आसीविषा (सा) णं विद्वेषणं पार्श्वष्टकमंत्रक्रमेण ।। २३ ।।

णमो दिट्ठीविसाणं स्थावर जङ्गम-कृत्रिमविषं नाशयति ।। २४ ।।

णमो उग्गतवाणं वाचास्तंभनम् ।। २५ ।।

णमो दित्ततवाणं रविवाराद् दिनत्रयं मध्याह्ने जापः, सेनास्तम्भ ।। २६ ।।

णमो तत्ततवाणं जलं परिजप्य पिबेत् अग्निस्तम्भं ।। २७ ।।

णमो महातवाणं जलस्तम्भनम् ।। २८ ।।

णमो घोरतवाणं विष-सर्प्प-मुखरोगादिनाशः ।। २९ ।।

णमो घोरगुणाणं लूतागर्भपिटकादि नाशयति ।। ३० ।।

णमो घोरगुणपरक्कमाणं दुष्टमृगादीनां भयं नाशयति ।। ३१ ।।

णमो घोरगुण बंभचारीणं ब्रह्मराक्षसादि नाशयति ।। ३२ ।।

णमो आमो सहिपत्ताणं जन्मान्तरवैरेण पराभवं न करोति ।। ३३ ।।

णमो खेलोसहिपत्ताणं सर्वानपमृत्यूनपहरति ।। ३४ ।।

णमो जल्लोसहिपत्तम्णं अपस्मारमवलेपं चित्तविप्लवं नाचयति ।। ३५ ।।

णमो विप्पोसहिपत्ताणं गजमारो शाम्यति ।। ३६ ।।

'णमो सव्वोसहियत्ताणं' मनुष्यमरकं नाशयति ।। ३७ ।।

'णमो मणवलीणं' अश्वमारी शाम्यति ।। ३८ ।।

'णमो वचोवलीणं' अजमारी शाम्यति ।। ३९ ।।

'णमो कायबलीणं' गोमारी शाम्यति ।। ४० ।।

'णमो अमयसवीणं' समस्तमुपसर्गं शाम्यति ।। ४१ ।।

'णमो सप्पिसवीणं' एकाहिक-द्वयाहिक-त्र्याहिक चातुर्थिक-पाक्षिक मासिक-सांवत्सरिक-वातादिसमस्तज्वंर नाशयति ।। ४२ ।।

णमो खीरसवीणं गोक्षीरं परिजत्यपिबेत् दिन २४ क्षयं कांस गण्डमाला-दिकं च नाश्यति ।। ४३ ।।

'णमो अक्खीणमहाणसाणं' आकर्षणं ।। ४४ ।।

'णमोलोए सब्वसिद्धायदणाणं' राजपुरूषादिवश्यं ।। ४५ ।।

ॐ नमो भगवदो महदि महावीर वड्ढमाणबुद्धिरिसीणं चेतः समाधिम व स्थायां प्राप्नोति ।। ४६ ।।

ॐ णमो जिणे तरे उत्तरे उत्तिण्णभवण्णवे सिद्धे २ स्वाहा ।

पूर्वसेवा—करजापः ११००० ततः । १००८ अथवा जघन्यतः १०८ उभयं गरूडाक्षतैजपिः इति सिद्धा भवति । ततो महति संघादि कार्ये प्रयुज्जते अनागाढे न प्रयोज्यम् । रौद्रकर्मणि 'ॐ णमो जिणे चक्कवाले' इति बिशेष । शेषं समानमेव ।

प्रयोगश्चेत्यम् ....

३ तथा स्वकार्येऽव्यादौ जलदौः स्थूये जापः शतत्रयंत्तन प्रतीक्षते । ततः स्वोत्सङ्गाच्छ्वेता मार्जारिका निर्गच्छति । सा च गच्छन्ती धीरैरनुगम्यते । यत्र झाटादौ गत्वान्तर्घते तत्र एकहस्ते खनिते जलं भवति ।

अवृष्टयादावागाढे कार्ये गूहलिकां कृत्वा चांदनं चतुररत्त चतुर्द्वारप्राकारं

कृत्वा मध्ये चंदन टिक्ककक्कं कृत्वा गरूडाक्षतैर्जातिक लिकाभिर्वा १०८ जाप दिन ६ न प्रतीक्षते कार्यं सिद्धयति ।

अथ अप्रस्तुता अपि मन्त्रा नान्दीपदगर्मत्वात् प्रकाश्यन्ते केचित—नमो 'अरहन्ताणं इत्यादि नमो लोए सव्वसाहूण' पर्यन्तमादौ पठयते ॐ णमो ।

जिणाणं २ णमो ओहिजिणाणं ३ णमो परमोहिजिणाणं ४ णमो सव्वोहिजिणाणं ५ णमो अणंतोहि जिणाणं ६ णमोकु ट्ठबुद्धीणं ७ णमो बीज(य)बुद्धीणं ८ णमो पयाणुसारीणं ९ णमो संभिन्नसोयाणं १० णमो सयंबुद्धाणं ११ णमो पत्तेयबुद्धाणं १२ णमो उज्जुमईणं १३ णमो विउलमईणं १४ णमो दसपुव्वीणं १५ णमो चउदस- पुव्वीणं १६ णमो अट्ठंगमहानिमित्तकुसलाणं झ्रौं झ्रौं सत्यं कथय कथय स्वाहा । अष्टोत्तरशतजापेन यत्किञ्चित्पृच्छयते तत् सर्वं कथ्थयति भवति च ।

अत्रापि पूर्वपाठः । १ ॐ णमो आमोसहिपत्ताणं २ णमो जल्लोसहिपत्ताणं ३ णमो खेलोसहिपत्ताणं ४ णमो विप्पोसहिपताणं ५ णमो सव्वोसहिपत्ताणं झ्रौं २ स्वाहा ।

गुल्म-शूल-प्लोह-दद्रु (दाद्) गड-गण्डमाला-कुष्ट-सर्वज्वरातिसार लूता व्रण विषाणि अन्येऽप्यष्टोत्तरशत व्याधय उञ्जनेन जलपानेन नश्यन्ति ।

पूर्ववतः पाठः । १ ॐ णमो उग्गतवाणं २ णमो दित्तवाणं ३ णमो तत्ततवाणं ४ णमो महातवाणं ५ णमो धोरतवाणं ६ णमो धोरगुणाणं ७ णमो घोरपरक्कमाणं ८ णमो धोरगुणबभयारीणं झ्रौं झ्रौं स्वाहा । युद्ध तस्करादिषोऽशभयनाशो युद्धे विजयश्च ।

पूर्ववत् पाठः । १ ॐ णमो खीरासवीणं २ णमो सटिपरासवीणं' ३ णमो महुसवीणं ५८ णमो अमयसवीणं स्वाहा । सर्वौषधी (धि) उत्पादन-वंधन-नियो-जनभिमन्त्रण कला पानीय स्थावरजङ्गमजाठरयोगज कृत्तिमादिसर्वविष सर्ववृश्चिकादि विषहरणं जलपानामृतध्यानेन ॥ १० ॥

स्तुतिपदानि ३२, २४, १८—१६—१३—१२—८ यावत् पञ्च भविष्यति इहचात्यन्तगोप्यान्याम्नायान्तराणयपि सन्तीति बृद्धाः ।

तथाहि [ॐ णमो अरिहंताणं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अप्रतिचक्रे फट् दिचक्राय ह्री अर्हं असिआउसा झ्रौं झ्रौं स्वाहा ॐ नमो भगवते अरिहंताणं णमो ओहि जिणाणं ह्रां ह्री ह्रूं ह्रौं ह्रः अप्रतिचक्रे फट् विचक्राय ह्रीं अर्हं असिआउसा झ्रौं झ्रौं स्वाहा । पूर्वोक्तयंत्रस्वरूपं ध्यात्वा कार्योत्सर्गं दत्वा एतं मंत्रमष्ट्रोत्तरशतवारं जपेत । ज्वरस्तम्भनं भवति ।। २ ।।]

ॐ णमो बीज (य) बुद्धीणं । एतन्मंत्रमष्टोत्तराशतवारं कायोत्सर्गेण यन्त्रस्वरूपं ध्यात्वा जपेत । काशश्चासहिक्कारोगोऽपयाति ।। ३ ।।

ॐ णमो परमोहिजिणाणं । एतःमन्त्रं ध्यात्वा कायोत्सर्गेण तिष्ठेत् । शिरोरोगोऽपयाति ।। ४ ।।

ॐ णमो णमो सव्वोहिजिणाणं अक्षिरोगोऽपैति ।। ५ ।।

ॐ णमो-णमो अणंतोहिजिणाणं कर्णरोगनाशः ।। ६ ।।

ॐ णमो-णमो कुट्ठबुद्धीणं शूल-गुल्म-कृमिनाशः ।। ७ ।।

ॐ णमो-णमो पत्तेयबुद्धाणं । प्रतिवादि पक्षस्य विद्याच्छेद ।। ८ ।।

'ॐ णमो सयंबुद्धाणं' झ्रौ झ्रौं स्वाहा । प्रतिदिवसं सिद्धभक्ति कृत्वा अष्टोत्तरशतदिनानि यावत् अष्टोत्तरशतं जपेत् कवित्वमागमवेदित्वं च भवति ।। ९ ।।

ॐ णमो बोहिबुद्धाणं झ्रौं-झ्रौं स्वाहा । पञ्चविंशतिदिनानि यावच्छतं जपेत् एक संधो (१) भवति ।। १० ।।

ॐ णमो दसपुव्वाणं झ्रौं झ्रौं स्वाहा । एकान्तर भोजनं कृत्वा दिनास्त् समये दिन ८० यावज्जपेत्, परसमयागमवेदित्वं भवति ।। १३ ।।

ॐ णमो अट्ठंगमहानिमित्तकुसलाणं झ्रौं झ्रौं स्वाहा । त्रिधा ब्रह्मचर्येण दिन २४ चतुर्विशतितीर्थकरस्तवानन्तर श्री खंडकुंकुमसितसर्षपकुष्टोगोक्षीरेण

पिष्टा सव्यकरेणालिख्य पश्चादुपरिसुगन्धपुष्पैरेकान्तेऽधरात्रवेलायां जपेत् नष्ट-विनटचिन्ता सुख-दुःख जीवित-मरणादीन् सम्यग् जानाति ।

ॐ णमो विउव्वणइड्ढिपत्ताण झ्रौं झ्रौ स्वाहा । दिन २८ पञ्चोपचारक्रमेण रक्तकणवीरपुष्पैर्जपेत् १०८ । काम्यवस्तूनि प्राप्नोति ।। १५ ।।

ॐ णमो विज्जाहराणं झ्रौं झ्रौ स्वाहा । दिन २५ यावत् जाती पुष्पैः १०८ जपेत् देशतोऽन्तरिक्ष गामी ।।१६।।

ॐ णमो चारणाणं झ्रौं ण्रौं स्वाहा । स्नात्वा नदी तीरे वार २५ जपेत् । कायोत्सर्ग कृत्वा नष्टमुष्टिचिन्तास्वरूपं जानाति ।। १७ ।।

ॐ णमो पण्हसमणाणं झ्रौ झ्रौ स्वाहा दिन २८ यावत् श्वेतकणवीर पुष्पै, १०८ जिनगृहे चन्द्रप्रभपादमूले जपेत् । आयुरवसानं कथयति ।। १८ ।।

ॐ णमो आगासगमणाणं झ्रौ झ्रौं स्वाहा । दिन २८ जपेत् । अलवणकाञ्जिकेनभोजनम् । योजनमेकं खे याति ।। १९ ।।

ॐ णमो दिट्ठी विसाणं झ्रौ २ स्वाहा । गमनस्तम्भः ।। २० ।।

ॐ णमो दित्ततवाणं झ्रौ २ स्वाहा रवौ मध्यान्हे दिन ३ जपेत् चौरस्तयः ।। २१ ।।

ॐ णमो महातवाणं झ्रौं २ स्वाहा । शुद्धजलं १०८ अभिमन्त्रय पिबेत्, अग्निस्तम्भः ।। २२ ।।

ॐ णमो मणोबलीणं झ्रौं २ स्वाहा । दिन २ जपेत् १०८, जलस्तम्भ ।। २३ ।।

ॐ णमो धोरतवाणं झ्रौं २ स्वाहा बिष विषर्पादिरोगजयः ।। २४ ।।

ॐ णमो महाधोरतवाणं झ्रौ २ स्वाहा । दुष्टा न प्रभवन्ति ।। २५ ।।

ॐ णमो धोरपरक्कमाणं झ्रौं २ स्वाहा । लूतादिदोषायनयः ।। २६ ।।

ॐ णमो धोरबंभयारीणं झ्रौं झ्रौं २ स्वाहा । ब्रह्मराक्षसनाशः ।। २७ ।।

ॐ णमो आमोसहिपत्ताणं जन्मान्तरावस्थायां वैरकारणेन प्राप्तग्रह—मेकदिन—मात्रेण न स्पृशति ।। २८ ।।

ॐ णमो खेलोसहिपत्ताणं । सद्योऽपमृत्युनाशः ।। २९ ।।

ॐ णमो जल्लोसहिपत्ताणं। शुद्ध नदीजले १०८ जपित्वा तज्जलं पिबेत्, दिनत्रयेणापस्मारादिरोगनाशः ॥ ३० ॥

ॐ णमो विप्पोसहिपत्ताणं झ्रौं २ स्वाहा नरमारीशमः ॥ ३१ ॥

ॐ णमो मणोबलीणं (झ्रौं झ्रौं स्वाहा) दिन २ जपेत् अजमारीशमो-अष्टशतम् ॥ ३२ ॥

ॐ णमो वयणबलीणं झ्रौं २ स्वाहा दिन ३ जपेत् गोमारी-शमः ॥ ३४ ॥

ॐ णमो अमयासवाणं (झ्रौं २ स्वाहा,) समस्तोपसर्गनाशः ॥ ३५ ॥

ॐ णमो सप्पिरासवलद्धीणं झ्रौं २ स्वाहा। एकाहिक—द्व्याहिक—त्र्याहिक—चातुराहिक—षण मासिक वार्षिक—वातिका—पैत्रिक—श्लैष्मि-कादीनां दिनत्रयेण शमः ॥ ३९ ॥

ॐ णमो खीरासबलद्धीणं झ्रौं २ स्वाहा कायोत्सर्गे स्थित्वा १०८ जपेत् ततः क्षीरमभिमंत्रय दिन २४ पिबेत्, अष्टादशकुष्टव्रणोपशमः ॥ ३७ ॥

ॐ णमो जिणाणं जायमाणाणं न य पूईं न य सोणियं न य पच्चइ न य फुट्ट इ व्रणं ठः ठः। रक्षा लवणं जलक्किन्नंवार २१ अभिमन्त्र्य बध्यते ॥ ३८ ॥

ॐ णमो जिणाणं णमो पण्हसमणाणं णमो वेसमणस्स णमो रयण चूडाए णमो पुण्य भद्दमाणिभद्दाण णमो सव्वाणुभूईणं रयणुतर पुप्फचूलाणं णमो अट्ठण्हं वाईणं सिद्धिसंतिपुट्ठिसिद्धाणुवयणं आणाइक्कमणिज्ज स्वाहा। गोरोयणा १० मणसिलापत्तं कुंकुम च पोसपुण्णिमाए चउत्थेण ११ अट्ठसयं जाओ दायत्वो पुस्सजोगे वा परिजवितेणं गुलिया समालभिन्ना सव्वकज्जसाहणी होइ विसाणं असज्जझया होइ ॥ ४४ ॥

अण्डकोष वृद्धि व खाख बिलाई मन्त्र

मन्त्र :—ॐ नमो नलाई-ज्यां बैठ्या हनुमंत आई पके न फुटे चले बाल जति

रक्षा करे। गुरु रखवाला शब्द सांचा पिंड काचा चलो मन्त्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम आदेश गुरु को।

विधि :—नीम की डाली से २१ बार झाडे तो अण्डकोष वृद्धि तथा खाख बिलाई ठीक हो।

मस्सा नासक मन्त्र

मन्त्र :—**ॐ उमती उमती चल चल स्वाहा।**

विधि :—शुभ मुहूर्त मे ११०० जाप कर इस मन्त्र को सिद्ध करले। फिर २१ बार पढ़कर लाल सूत मे एक गाठ दे, और हर २१ बार पढकर एक गाठ दे। इस तरह तीन गांठ देने पर ६३ बार मन्त्र पढ लिया जायेगा। इस सूत्र को दाहिने पैर के अंगूठे मे बाँध देने से खूनी बबासीर की पीडा दूर होती है।

व्रणहर मन्त्र

मन्त्र :—**ॐ णमो जिणाणं जावयाणं पुसोणि अं ए एणि सव्व पायेण वणमा पच्चं उमा धुव उमा फुट् ॐ ॐ ठः ठः स्वाहा।**

विधि :—इस मन्त्र से राख अभिमन्त्रित कर व्रण जिनको वण भी कहते है। जो बालको के शरीर पर हो जाते हैं उन पर अथवा शीतला के व्रणो पर लगावे, तो मिट जाते है।

बाला (नहरवा) का मन्त्र

मन्त्र :—**ॐ नमो मरहर दे शंक सारी गांव महामा सिधुर चांद से बालै कियो विस्तार बालो उपनो कपाल भांय या हुंतियो गींहु ओ तोड़ कीजै नै उबाला किया पाचे फुटे पीड़ा करे तो विप्रनाथ जोगी री आज्ञा फुरे।**

विधि :—कुमारी कन्या के हाथ से कते सूत की डोरी करके ७ गाठ मन्त्र पढकर दे, पैर के बाध दे। बाला ठीक हो जायगा।

घाव की पीड़ा का मन्त्र

मन्त्र :—**सार सार बिजै सार बांधू सात बार फूटे अन्न उपजे धाव सीर राखे श्री गोरखनाथ।**

विधि .—इस मन्त्र को ७ बार पढकर घाव पर फू के तो पीडा कम हो घाव भरे।

कर्ण पिशाचिनी देवी का मन्त्र

मन्त्र :—ॐ ह्रीं अर्हं णमो जिणाणं लोगुत्तमाणं, लोगनाहाणं, लोगहियाणं, लोगपईवाणं, लोगपज्जोयगराणं मम शुभाशुभं दर्शय कर्णपिशाचिनी नमः स्वाहा।

विधि —प्रतिदिन स्नान कर, शुद्ध वस्त्र पहनकर पूर्व की ओर मुँहकर रुद्राक्ष की माला से जाप शुरू करे। दसो दिशाओ मे एक एक माला फेरे २१ दिन तक। फिर जब जरूरत हो तो रात के समय एक माला फेर कर जमीन पर सो जाय, चन्दन घिस कान पर लगावे। स्वप्न मे प्रश्न का सम्पूर्ण उत्तर प्राप्त होगा, कान मे बीच मे चटका चलेगा, घबराये नही।

क्लीं बीजमन्त्र

आकर्पण तन्त्र मे सबसे पहले क्ली वीजमन्त्र को सिद्ध कर लेना चाहिए। इसके सिद्ध होने के वाद ही आकर्पण मन्त्रो व तन्त्रो का प्रयोग करना चाहिये। उसके अभाव मे

सफलता प्राप्त करना सम्भव प्रतीत नही होता। क्ली वीज मन्त्र को काय वीज यानि काय कला वीज कहते है। त्रिकोण की ऊर्ध्वमुख तथा अधोमुख स्थापन से जो आकृति वनती है।

उसे योनि मुद्रा कहते है। इसके बीच मे क्ली बीजाक्षर की स्थापना करके ध्यान करना चाहिये। इस मन्त्र का जाप करते समय निम्न बातो को ध्यान मे रखना आवश्यक है :—

१. सर्व प्रथम भृकुटी के बीच मे योनि मुद्रा की कल्पना करके उसके बीच में क्ली बीजाक्षर की स्थापना कर उसका ध्यान करना चाहिये ।
२. ध्यान मे इसका वर्ण लाल रग का बनाकर ध्यान करना चाहिये।
३. प्रातःकाल दो घण्टे तक इसका ध्यान करना चाहिये।
४. स्वस्थ मन शाँत चित्त होकर ही ध्यान व जप किया जाना चाहिये।
५. दाहिने दाथ की कनिष्ठा अ गुली पर माला फेरनी चाहिये।
६ दण्डासन का उपयोग व दक्षिण दिशा की ओर मु ह रखना च।हिये।
७. प्रवाल (मू गा) की माला का प्रयोग करना चाहिये।
८ ६ महिने मे यह बीज मन्त्र सिद्ध हो जाता है। उसके वाद वशीकरण व आकर्षण आदि मन्त्र का प्रयोग करना चाहिये।

वाक् सिद्धि मन्त्र

मन्त्र :—ॐ नमो लिंगोद्भव रुद्र देहि में वाचा सिद्धं बिना पर्वतं गते, द्रां, द्रीं, द्रूं, द्रें, द्रौं, द्रः।

विधि —मस्तक पर बाया हाय रखकर एक लक्ष जाप करे तो वचन सिद्ध हो।

मन्त्र :—ॐ णमो अरिहंताणं धम्म नाय गाणंधम्म सार हीणं धम्म वर चाउरंग चक्क पट्ठीणं मम् परमैश्वर्यं कुरु कुरु ह्रीं हंसः स्वाहा।

विधि —पूर्व की ओर मुख करके सफेद आसन, सफेद माला व सफेद वस्त्र पहनकर शुभ मुहूर्त मे जाप शुरू करे। मस्तक पर वाँया हाथ रखकर एक लक्ष जाप कर, फिर एक माला रोज जपे तो वाक् सिद्धि होती है।

दाद का मन्त्र

मन्त्र :—गुरुभ्यो नमः देव देव पूरी दिशा मेरुनाथ दलक्षना भरे विशाह तो राजा वैरधिन आज्ञा राजा वासुकी के आन हाथ वेगे चलाव।

विधि —इस मन्त्र से पानी २१ बार मन्त्रीत कर पिलाने से दाद का रोग दूर होता है।

卐 भजन 卐

—संकलन कर्त्ता–श्री शान्तिकुमार गंगवाल

कुंथु सागर, गुरुवर हमारे, हमको दर्शन दे रहियो ।
मन मन्दिर में आजइयो ॥ टेक ॥
रेवा चन्द्र के राज दुलारे, माता के हो प्राण पियारे ।
हमको दर्शन दे रहियो, मन मन्दिर मे आजइयो ॥१॥
बीस वर्ष में दीक्षा धारी, छोड़ी है धन दोलत सारी ।
शरण हमें स्वामी ले रहियो, मन मन्दिर में आजइयो ॥२॥
भेष दिगम्बर तुमने धारा, सकल भेद विज्ञान संवारा ।
भेद ज्ञान दरशा जइयो, मन मन्दिर मे आजइयो ॥३॥
मंडल को है शरण तुम्हारी, पूरी करना आश हमारी ।
मोक्ष मार्ग बतला जइयो, मन मन्दिर में आजइयो ॥४॥

॥ आरती ॥

सतोषी लाल की दुलारी, मै आरती उतारू तुम्हारी ॥टेक॥
कामा नगरी मे जन्म लियो है, जन्म लियो है माता जन्म लियो है ।
माता जी हो प्यारी-प्यारी, मै आरती उतारू तुम्हारी ॥१॥
यह संसार दुःखमय जाना, दुःखमय जाना, माता दुःखमय जाना ।
भारत देश उजियारी, मै आरतो उतारू तुम्हारी ॥२॥
बालापन मे दीक्षा धारी, दीक्षा धारी, माता दीक्षा धारी ।
मुक्ति दीजे भव पारि, मै आरती उतारू तुम्हारी ॥३॥
आप विदुषि हो माता जी, जय माता जी, जय माता जी ।
ज्ञान का है भण्डार भारी, मै आरती उतारू तुम्हारी ॥४॥
गणनी विजयमती माता जी, जय माता जी, जय माता जी ।
मंडल है शरण तुम्हारी, मै आरती उतारू तुम्हारी ॥५॥

दि० जैन मन्दिर, जयसिंहपुरा खोर पर १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी महाराज प्रवचन करते हुये। श्री लल्लूलाल गोधा महाराज श्री का करबद्ध प्रवचन सुनते हुए।

दि० जैन मन्दिर, जयसिंहपुरा खोर की मूल वेदी मे बैठे हुये १०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी महाराज एव गणनी १०५ आर्यिका श्री विजयमती माताजी, प्राचीन भव्य मूर्तियो के दर्शन करते हुये, पास मे श्री लल्लूलाल गोधा सम्पादक जयपुर जैन डायरेक्टरी मन्दिर व मूर्तियो के बारे मे जानकारी देते हुए।

आचार्य श्री के चातुर्मास के समय आरा (बिहार) मे भक्ति सगीत का कार्यक्रम करते हुए जैन संगीत कोकिला रानी एव आध्यात्मिक संगीत विदुषी वहिन श्रीमती कनक प्रभाजी हाडा, साथ मे बाये से दाये श्री शान्ति कुमार गगवाल, श्री मोतीलाल हाडा श्री राजेन्द्र कुमार बाकी वाला, प्रदीप कुमार गंगवाल, जयपुर (राजस्थान) बैठे हुए है।

तृतीय खण्ड

(पृष्ठ २४९ से ५६०)

इस खण्ड में

तृतीय यंत्राधिकार

मन्त्र लिखने की विधि व बनाने की विधि

                                                    ९   १६   ७   ८

श्लोक :—इच्छा कृतार्द्ध कृत रूप हीनं। धने गृहे, षोडश सप्त चाष्टौ।

   १५   १०–० १   २ ७ ६ ३ ८ १ ४ ५

तिथि दशाशे प्रथमे च कोष्टे। द्वि सप्त षट् त्रि अष्ट कु वेद वाण।

अर्थ :—जितने का यन्त्र बनाना हो उस सख्या का आधा करना, उसमे से एक कम करना, पुन एक–एक कम कर लिखना, धने गृहे—९ वा कोठे मे लिखना, फिर १६ वें कोठे मे लिखना, फिर ७ वे कोठे मे लिखना, फिर ८ वें कोठे मे लिखना, फिर १५ वे कोठे मे कोठे मे लिखना, फिर १० वे कोठे मे लिखना, इतना लिख जाने के बाद जो कोठे खाली रह जाये उन कोठो मे क्रमश: २, ७, ६, ३, ८, १, ४, ५ । (कु वेद-वाण)

उदाहरणार्थ यन्त्र नीचे मुजब देखो जैसे कि हमको बनाना है ८४ का यन्त्र—

यन्त्र ८४ का

३४	४१	२	७
६	३	३८	३७
४०	३४	८	१
४	५	३६	३९

८४——२=४२–१=४१ इस ४१ सख्या को कोष्टक का जो प्रथम खाना है चार लाइन वाला, उसके दूसरे खाने मे ४१ सख्या को रक्खे। फिर श्लोक मे लिखा है कि, धने गृहे, राशियो मे सबसे अन्तिम वाली राशी धन राशी है। इसलिए धन राशि को ९वां नं० दिया है। सो कोष्टक मे भी नोवा खाना है उसमें एक सख्या घटा कर ४० रख देवे। इस प्रकार श्लोक मे जो जो नबर पूर्वक सकेत दिया है, उन २ खाने मे एक २ सख्या को कम करते हुए रख देना। इस प्रकार रखते हुए यत्र बना लेना। इसी विधि से अन्य प्रकार जिसको जितनी संख्या का यत्र बनाना हो वह इसी प्रकार बनावे। ये १६ खाने वाले यत्र की विधि है।

नो खाने वाले यन्त्र की विधि —एक नो खाने वाला कोष्टक बनावे फिर उसको विधि के अनुसार सख्या भर देवे ।

यन्त्र १५ का

८	१	६
३	५	७
४	६	२

उदाहरणार्थ :—जैसे हमको १५ का यत्र वनाना है तो दूसरे नम्बर कोठे मे १ लिखे फिर ६ नम्बर के कोठे मे २ लिखे, फिर ४ नम्बर के कोठे मे ३ लिखे, फिर ७ नम्बर कोठे मे ४ लिखे फिर ५ नम्बर कोठे मे ५ लिखे, फिर ३ नम्बर कोठे मे ६ लिखे, फिर ६ नम्बर कोठे

यन्त्र १८ का

६	२	७
४	६	८
५	१०	३

यन्त्र २१ का

१०	३	८
५	७	६
६	११	४

यन्त्र २४ का

११	४	६
६	८	१०
७	१२	५

मे ७ लिखे, फिर १ नम्वर के कोठे मे ८ लिखे, फिर ८ नम्वर के कोठे मे ६ लिखे, इस प्रकार यत्र कोष्टक भरने से १५ का यत्र तैयार हो जाता है। इसी प्रकार नो कोठे के यत्र लिखने की विधि है। अन्य १८ या २१ का या ३३ जो भी जरूरत हो, वह इसी प्रकार लिखकर तैयार करे।

यन्त्र लेखन विधि समाप्त ।

यन्त्र महिमा वर्णन

जिण चोवीसेपय प्रणमेवि, सह गुरु तणा वचन निसुणेवि ।
यंत्र तणो महिमा अतिघणो, भावे बोलूं भवियण सुणो ॥ १ ॥
सोले कोठे लखिये वीश, सघला भय टाले जगदीश ।
अठावीसवाँ रोग भय हरै, छत्रीशे द्युति जय करे ॥ २ ॥
त्रीशे वलि सायंणि (शाकिनी) नाशंति, वत्रीशे सुख प्रसवते हुंति ।
देवध्वजा जो लखिये इसे, पर चक्र भय न होवे किमे ॥ ३ ॥
घर वारणें जो लखिये एह, कामण नव पराभवे तेह ।
शाकणि संहारनि हुवे तिहां, चोतीसो यंत्र लखिये जिहाँ ॥ ४ ॥
चालीशे शीश रोग टले, पागे वयरी हेला दले ।
अनेवली ठाकरवे बहुमान, वसुधावलि वाधारे मान ॥ ५ ॥
वासठें बंध्या गर्भ जु धरै, ऐसा वयण सद्गुरु उच्चरैं ।
चौसठ रो महिमा छे घणो, मार्गे भय न होवे कोई तणों ॥ ६ ॥
वारिभय रिपू शाकिणी तणा, चौशठना नहीं प्रणं ।
बावत्तरी भूरू भूरि जेह, भुंभे नर जय पाये तेह ॥ ७ ॥
पच्चासी पंथे भय हरे, अठयोत्तरि सो शिव सुख करे ।
वीशोत्तर सौ नयणे निरखंत, प्रसव वेदन तेब विहुत ॥ ८ ॥
बावनशोनो ऊली नीर, मुख धोवे होवे वाहलो वीर ।
सत्तरि भय नो महिमा अनन्त, तुच्छ बुद्धि किम जाणे जंत ॥ ९ ॥
एक सो बहुत्तरो यंत्र प्रभाव, बालक ने टाले दुष्ट भाव ।
बिहुमोनो यंत्र लखिये वाट, वाणिज्य घणा होय हाट मझार ॥ १० ॥
त्रणशें नर नारी नो नेह, विणठो बांधे नहीं सन्देह ।
चारशे घर भय न विहोय, कण उत्पत्ति घणी खेत्रे जोय ॥ ११ ॥
पाँच सै महिला गर्भज धरै, पुरुष हने पुत्र संतति करे ।
छशे यन्त्र होय सुखकार, सातशे झगड़े होय जयकार ॥ १२ ॥

नवसे पंथे न लागे चोर, दश में दुख न परभवें घोर ।
इग्यारसे छेजे जीव दुष्ट, तेह्ना भय टाले उत्कृष्ट ।। १३ ।।
बन्दी मोक्ष वार से होय, दश सहसे पुनः तेंहिज होय ।
बली सयलनी रक्षा करे, एम यन्त्र तणी महिमा विस्तरे ।। १४ ।।
पच्चास से राजा दिक मान, शाकिनि दोष निवारण जान ।
कण्ठे तथा मस्तक जे धरे, अशुभ कर्म तें शुद्ध जे करे ।। १५ ।।
बावनना मो मस्तके तथा, कठे क्षेत्रपालनो हित सदा ।
पणयालीस सिर कण्ठे होय, सर्व वश्य धापें तस जोय ।। १६ ।।
कुंकुम गोरोचन्दन सार, मृग मद सों चौदस रविवार ।
पवित्र पणे पुण्य मूल नक्षत्र, एकमना लखिये जो यन्त्र ।। १७ ।।
पार्श्व जिनेश्वर तणे पसाय, अलिय विघन सब दूर पलाय ।
पंडित अमर सुन्दर इम कहे, पूजे परमारथ सब लहे ।। १८ ।।
।। इति छन्द महिमा ।।

अथ यंत्र महिमा छंद का भावार्थ :

बीसा यत्र सोलह कोठे मे लिखकर पास मे रखने से तमाम तरह के भय का नाश होता है। २८ (अट्ठाइसा) यत्र रोग भय को नष्ट करता है। ३६ (छत्तीसा) यत्र द्युति सट्टा करने वाले पास रखकर करे तो विजय होती है। ३० (तीसा) यत्र से शाकिनी भय नष्ट होता है। ३२ (वत्तीसा) यत्र से कष्ट के समय उपयोग करने से सुख से प्रसव होता है। ३४ (चौतीसा) यत्र देवध्वजा पर लिखा जाय तो शुभकारक है। पर चक्र अथवा किसी के द्वारा भय प्राप्त होने वाला हो तो उसे मिटाता है। मकान के वाहर दीवार पर लिखने से पराभव नही होता। कामण टुमण का जोर नही चलता। शाकिनी आदि पलायण हो जाती है। ४० (चालीसा) यत्र से सिरदर्द मिट जाता है। वैरी पावो मे गिरता है। गांव मे परगने में मान-सम्मान वढता है। ६२ (वासठ) के यत्र से वन्ध्या स्त्री भी मान-सम्मान गर्भ स्थिर धारण करती है। चौसठिया यत्र की महिमा वहुत है। मार्ग मे सर्व प्रकार के भय से वच जाता है। ७२ (वहत्तरिया) यंत्र से भूतप्रेत का भय नष्ट होता है,

सग्राम में विजय पाता है। ८५ (पिच्चासिये) यत्र से मार्ग का भय मिटता है। अट्ठोत्तरिये यंत्र से शिव सुख दाता सर्व कष्ट को नष्ट करने वाला है। २० (बिशोत्तर) सो यत्र बड़ा होता है जिससे प्रसव सुख रूप होता है। वेदना मिटती है। ५२ (बावन सौ) यत्र को पानी से धोकर मुख धोवे तो भाईचारा स्नेह बढता है। भाई बहिन के आपस मे प्रेम रहता है। १७० (एक सौ सत्तरिये) यत्र की महिमा बहुत है। इसका वर्णन तुच्छ बुद्धि से मनुष्य नही कर सकता। १७२ (एक सौ बहत्तरिया) यत्र से बालक को लाभ होता है, भय मिटता है। २०० (दो सौ) का यत्र दूकान के बाहर दीवार पर या मागलिक स्थापना के पास लिखने से व्यापार बढता है। ३०० (तीन सौ) के यंत्र से नर नारी का प्रेम बढता है और टूटा हुआ स्नेह फिर जुड जाता है। ४०० के यंत्र से घर मे भय नही होता। खेत पर लिखने से वा लिखकर खेत मे रखने से उत्पत्ति अच्छी होती है। ५०० के यत्र से स्त्री को गर्भ धारण हो जाता है, और साथ ही पुरुष भी बाधे तो सतति योग भी होता है। बनता है। ६०० (छ. सौ) के यत्र से सुख सम्पत्ति की प्राप्ति होती है। ७०० के यत्र बाधने से झगड़े टटो मे विजय करता है। ९००(नोसौ)के यंत्र से मार्ग मे भय नही होता, तस्कर का भय मिटता है। १०००(सहस्रिये) यन्त्र से पराजय-परभव नही होता और विजय पाता है। ११०० (ग्यारह सौ) के यत्र से दुष्टात्मा की ओर से भय क्लेश होता हो तो वह मिट जाता है। १२०० (बारह सौ) के यत्र से बन्दीवान् मुक्त हो जाता है। १०००० (दस सहस्त्रिये) यत्र से बन्दीवान मुक्त हो जाता है। ५०००० (पचास सहस्त्रिये) यत्र से राज मान मिलता है, कष्ट मिटता है। इस तरह प्राचीन छन्द का भावार्थ है। इसमें बताये बहुत से यंत्र हमारे सग्रह मे नही है, लेकिन यत्र महिमा और उनमे होने वाले लाभ का पाना छन्द भावार्थ से समझ में आ सकेगा। जिनको आवश्यकता हो यत्र शास्त्र के निष्णात से लाभ उठावे।

यंत्र लेखन गन्ध ।। यत्र अष्ट गध से और यक्ष कर्दम से लिखे जाते है और कलम के लिए भी अलग विधान है ।। अनार की चमेली की और सोने की कलम से लिखना बताया है सो यत्र के बयान मे जिस प्रकार की कलम या गंध का नाम आवे वैसी तैयारी कर लेना चाहिये। लिखते समय कलम टूट जाय तो यत्र से लाभ नही हो सकेगा और लिखते समय गधादि भी कम न हो जाय जिसका उपयोग पहले ही कर लेना चाहिये ।। अष्ट गध मे अगर, तगर, गोरोचन, कस्तूरी, चन्दन, सिन्दूर, लाल चंदन कपूर इनको एक खरल में घोट कर तैयार कर लेना चाहिये। स्याही जैसी रस बना लेनी चाहिये ।। = ।। अष्ट गध का दूसरा प्रकार कपुर, कस्तुरी, केशर, गोरोचन, सधरफ, चन्दन और गेहुँला। इस तरह आठ वस्तु का बनता

है । अष्टगध का तीसरा विधान' केशर, कस्तुरी, कपूर, हिंगुल, चन्दन, लाल चन्दन, अगर, तगर लेकर घोटकर तैयार कर लेना । पच गध का विधान केशर, कस्तुरी, कपूर, चन्दन, गोरोचन इन पाच वस्तु का मिश्रण कर रस बना बेना ॥=॥ यक्ष कर्दम का विधान, चन्दन, केशर, कपूर, अगर, तगर, कस्तुरी, गोरोचन, हिगुल रत्ता जणी, अम्वर सोने का वर्क, मिरच, ककोमु इन सबको लेकर स्याही जैसा रस बना लेवे ॥ ऊपर बताए अनुसार स्याही जैसा रस तैयार कर पवित्र कटोरी या अन्य किसी स्वच्छ पात्र मे लेना । ध्यान रखिये कि जिसमे भोजन किया हो अथवा पानी पिया हो तो वह कटोरी काम मे नही आ सकेगी । स्याही यदि तत्कालिक बनाई हो अथवा पहले बनाकर सुखाकर रखी हो तो उसे काम मे ले सकते है । सब तरह के गध या स्याही की तैयारी मे गुलाब जल काम मे लेना चाहिये और अनार की या चमेमी की कलम एक अ गुल से याने ग्यारह तेरह अंगुल लम्बी होनी चाहिए और याद रखिये कि ग्यारह अ गुल से कम लेना मना है । सोने का निब हो तो वह भी नया होता चाहिए जिससे पहले कभी न लिखा हो । जिस होल्डर मे निब डाला जाय उसमे लोहे का कोई अ श नही होना चाहिए । इस तरह की तैयारी व्यवस्थित रूप से की जाय ॥ भोजपत्र स्वच्छ हो, दाग रहितहो, फटा हुआ नहीहो ऐसा स्वच्छ देखकर लेना और यत्र जितना वडा लिखना हो उससे एक अ गुल अधिक लम्बा, चौडा लेना चाहिए । भोजपत्र न मिले तो अभाव मे आवश्यकता पूरी करने को कागज भी काम ले सकते है ॥=॥ यत्र लेखन योजना ॥=॥ जब यत्र का साधन नया सिद्धि करने के लिए बैठे उससे पहले यन्त्र को लिखने की योजना को समझ ले । बिना समझे या अभ्यास किये वगैर यत्र लिखोगे तो उसमे भूल हो जाना सभव है । मान लो भूल हो गयी लिखे हुए अक को काट दिया या मिटा दिया और उसकी जगह दूसरा लिखा हो वह भी यत्र लाभदायक नही होगा यदि अक लिखते समय अधिक या एक के बदले दूसरा लिखा गया तो वह भी एक प्रकार की भूल मानी गयी है । अत इसी तरह से लिखा गया हो तो उसका कागज या भोजपत्र, जिस पर लिख रहे हो उसको छोड दो और दूसरा लेकर लिखने लगो इस तरह एक भी भूल न होने पाए । इसीलिए पहले लिखने का अभ्यास कर लेना चाहिए ॥ यत्र लिखते समय यत्र मे देख लो कि सबसे छोटा या कम गिनती वाला अक किस खाने मे है ॥ और जिस खाने मे हो उसी खाने से लिखना शुरू किया जाय और वृद्धि वाले अक से लिखते जाओ । जैसे यत्र मे सबसे छोटा अक पजा है तो पाच का अक जिस खाने मे है उसी खाने से लिखने की शुरूआत करो और बाद मे वृद्धि पाते हुए याने छ सात, आठ, जो भी सख्या लिखे हुए को पहली अधिक हो उसे लिखते हुए यत्र पूरा लिख लो । ऐसा कभी मत करना कि यत्र के खाने अकित किए बाद प्रथम के खाने मे जो अक हो उसे लिखकर बाद मे जो खाने है

उनमे लाइन सिर लिखते जाओ। यदि इस तरह से यत्र लिखा गया हो तो वह यत्र लाभ नही पहुचा सकेगा। इसलिए यंत्र लिखने की कला बराबर सीख लेनी चाहिए। और लिखते समय बराबर सावधानी से लिखना योग्य है "यत्रो की योजना" यत्र मे जो विविध प्रकार के खाने होतें है जिसमे से कई यत्र तो ऐसे होते है कि जिनमे लिखे अंको को किसी भी तरह से गिनते हुए अन्त की सख्या एक ही प्रकार की आवेगी। बहुधा इस प्रकार के यत्र आप देखेगे इस तरह की योजना से यह समझ मे आता है कि यंत्र अपने बल को प्रत्येक दिशा मे एकता रखता है और दिशा मे भी निज प्रभाव को कम नही होने देता ॥ यत्रो मे भिन्न भिन्न प्रकार के खाने होते है, और वह भी प्रमाणित रूप से व अको से अकित होते है। जिस प्रकार प्रत्येक अक निज बल को पिछले अक मे मिला दश गुना वढा देना है। तदनुसार यह योजना भी यत्र शक्ति को वढाने के हेतु की गयी, समझना चाहिये। जिन यंत्रो मे विशेष खाने हो और उन खानो मे अकित किए हुए अको को किधर से भी मिलान करने से एक ही योग की गिनती आती हो तो इस तरह के यत्र अन्य हेतु से समझना चाहिए और ऐसे यत्रो का योगाक करने की भी आवश्यकता नही होती है। ऐसे यत्र इस तरह देवो से अधिष्ठित होते है कि जिनका प्रभाव बलिष्ट होता है—जैसे भक्तामर आदि के यत्र है। इसलिए जिन यत्रो मे योगाक एक मिलता हो उनके प्रभाव मे या लाभ प्राप्ति के लिए शंका करने की आवश्यकता नही है॥ **यंत्र लेखन विधान** ॥ ८॥ यत्र लिखने बैठे तब यदि यत्र के साथ विधान लिखा हुआ मिलेगा तो उस पर ध्यान देना चाहिए और खासकर यत्र लिखते मौन रहना उचित है। सुखासन से आसन पर बैठना सामने छोटा बडा पाटिया या बाजोठ हो तो उस पर रखकर लिखना परन्तु निज के घुटने पर रखकर कभी न लिखना चाहिए। क्योकि नाभि के नीचे का अग ऐसे कार्यों मे उपयोगी नही माना है ।

प्रत्येक यत्र के लिखते समय धूप, दीप आदि अवश्य रखना चाहिए और यन्त्र विधान मे जिस दिशा की तरफ मुख करके लिखना बताया हो देख लेवे। यदि न लिखा मिले तो सुख-सम्पदा प्राप्ति के लिए पूर्व दिशा की तरफ और सकट-कष्ट, आधि-व्याधि के मिटाने को उत्तर दिशा की तरफ मुख करके बैठना चाहिए। तमाम क्रिया करे तो शरीर शुद्धि कर स्वच्छ कपडे पहिन करके विधान पर पूरा ध्यान रखना॥ ॥ **यंत्र चमत्कार** ॥—यत्र का बहुमान कर उनसे लाभ प्राप्त करने की प्रथा प्राचीन काल से चली आती है। वार्षिक पर्व दिवाली के दिन दुकान के दरवाजे पर या अन्दर जहाँ देव स्थापना हो वहाँ पर पन्दरिया चोतीस पेसठिया यत्र लिखने की प्रथा है। जगह-जगह वहुत देखने मे आती है। विशेष मे यह भी देखा है कि गर्भवती स्त्री कष्ट पा रही हो और छुटकारा न होता हो तो विधि सहित यत्र लिखकर उस

स्त्री को दिखाने मात्र से ही छुटकारा हो जाता है। और किसी स्त्री को डाकिनी शाकिनी सताती हो तो यत्र को हाथो पर या गले मे बाँधने मात्र से या सिर पर रखने से व दिखाने मात्र से आराम हो जाता है ।। प्राचीन काल मे ऐसी प्रथा थी कि किले या गढ की नीव लगाते समय अमुक प्रकार का यत्र लिख दीपक के साथ नीव के पास मे रखते थे। इस समय भी बहुत से मनुप्य यत्र को हाथ मे वाँधे रहते हैं, और जैन समाज में तो पूजा करने के यत्र भी होते हैं जिनका नित्य प्रति प्रक्षाल कराया जाता है। और चद। से पूजा कर पुष्प चढाते हैं। इस तरह से यत्र का वहुमान प्राचीन काल से होता आया है जो अब तक चल रहा है ।। साथ ही श्रद्धा-वान लोग विशेष लाभ उठाते है। श्रद्धा रखने से आत्म विश्वास बढता है। साथ ही श्रद्धा भी फलती है। जिस मनुष्य को यत्र पर भरोसा होता है उसे फल भी मिलता है। एक निष्ठ रहने की प्रकृति हो जानी है और इतना हो जाने से आत्म वल, आत्म गुण भी बढता है। परिणाम मजबूत होते है और आत्म शुद्धि होती है। इसलिए विश्व स रखना चाहिए।

यंत्र लेखन कैसे करवाना ।।—।। जो मनुष्य मन्त्र शास्त्र यत्र शास्त्र के जानकार और अक गणित जानने वाले ब्रह्मचारी, शीलमान, उत्तम पुरुष हो, उनसे लिखवाना चाहिए और ऐसे सिद्ध पुरुष का योग न पा सके तो जिस प्रकार का विधान प्रति मन्त्र के साथ लिखा हो उसी तरह से तैयारी कर मन्त्र लेखन करे। और लिखते ही यत्र को जमीन पर नही रखना और जिसके लिए बनाया हो उसे सूर्य स्वर या चन्द्र स्वर मे देना चाहिए ।। लेने वाला बहुमान पूर्वक ग्रहण करते समय देव के निमित्त फल भेट करे तो अच्छा है। यत्र लेने के बाद सोने के चाँदी या ताँवे के माद लिए मे यत्र को रख देना भी अच्छा है। मदि माद लिया न रखना हो तो वैसे ही पास मे रख सकते है। यत्र को ऐसे ढग से रखना उचित है कि वह अपवित्र न हो सके मृत्यु प्रसग मे लोकाचार मे जाना पडे तो वापसी आने पर धूप खेने से पवित्रता आ जाती है ।। – ।।

शकुनदा पन्दरिया यन्त्र ।।१।।

पदरिया यन्त्र आपके सामने है इसमे एक से नौ अक तक की योजना है। इसलिए इसको सिद्ध चक्र यन्त्र भी कहते है। इस यन्त्र पर शकुन लिए जाते है। तावे के पत्रे पर या कागज पर अप्ट गध से अच्छे समय मे यत्र लिख लिख लिया जाय और जहा तक हो सके (आम) आवे के पाटिया का वना हुआ पाटला हो उस पर स्थापित करे। आवे का पाटिया न मिल सके तो जैसा भी मिले उस पर स्थापित कर धूप से निज हाथो को स्वच्छ कर नवकार मन्त्र नौ वार वोलकर तीन चावल या तीन गेहूँ के दाने लेकर ऊपर छोड़ देवे। जिस अक पर

कण अर्थात् दाने गिरे उसका फल इस तरह समझ लेवे। चोके छक्के दीसे नही। शकुन वीचारी

यन्त्र नं. १

४	३	८
९	५	१
२	७	६

आवे, बीये अट्ठे सात तिये बात सुनावे। रुके पञ्जे नव निधि पावे ॥ इस तरह फल का विचार कर कार्य की सिद्धि को समझ लेना ॥१॥

द्रव्य प्राप्ति पन्दरिया यन्त्र ॥२॥

इस यत्र से वहुत से लोग इसलिए परिचित है कि दिवाली के दिन दुकान मे पूजन विधान मे लिखते है। जब कार्य की सिद्धी के लिए लिखना है तो सिन्दूर से लिखना चाहिए।

यन्त्र न. २

४	३	८
९	५	१
२	७	६

पहले छोटे खाने शुद्ध कलम से बनाकर एक अक छट्टे खाने है वहा से शुरुआत करे। सातवे खाने मे दो का अंक दूसरे मे तीन का अक इस तरह चढते अंक लिखना चाहिये और बाद मे चन्दन या कु कुम से पूजा कर पुष्प चढाना धूप खेय कर नैवेद्य फल चढा कर हाथ जोड लेना चाहिये यही इसका विधान है। यत्र लिखते समय जहाँ तक हो सके श्वास स्थिर रख मौन रहकर लिखना चाहिए और हो सके तो नित्य धूप खेव कर नमन कर लेना चाहिए ॥२॥

वशीकरण पंदरिया यन्त्र ॥३॥

यह पदरिया यत्र भोज पत्र या कागज पर पच गध से लिखना चाहिए। विशेषकर शुक्ल पक्ष मे पूर्व तिथि के दिन शुभ नक्षत्र मे घी का दीपक सामने रख, धूप खेयकर चमेली की

यन्त्र न० ३

६	७	२
१	५	९
८	३	४

यन्त्र न० ४

२	७	६
९	५	१
४	३	८

कलम से लिखना और इस यत्र को पास रखना चाहिए। शीघ्र से सिद्ध करना है तो जिस काम पर कावू करना है प्रात काल मे यन्त्र को धूप से खेवे और कार्य का नाम लेवे। यन्त्र को नमन कर पास मे रख ले कार्य सिद्धि हो जाती है ॥३॥

उच्चाटन निवारण पन्दरिया यन्त्र ॥४॥

यह यन्त्र उच्चाटन या उपद्रव को नाश करने मे सहायक होता है। प्राचीन समय से ऐसी पद्धति चली आती है कि इस यत्र को दिवाली के दिन दुकान के दरवाजे पर लिखते है और इस यत्र को लिखने का कारण यही है कि भय का नाश हो और सुख सम्पदा आवे। लिखते समय धूप दीप रखना और सिन्दूर से चमेली की कलम से लिखना चाहिए। दरवाजे के सिरे पर कोई मागलिक स्थापन हो तो उसके दोनो तरफ लिखना। स्थापना न हो तो दरवाजे मे जाते दाहिनी तरफ ऊपर के भाग मे लिखना चाहिए। इस यन्त्र को जव किसी मनुष्य को भय उत्पन्न हुआ हो और उसे वास्तविक भय के सिवाय वहम भी हो रहा हो तो उसके निवारण के लिए भोज पत्र पर अष्ट गध से लिखकर पास मे रखने से स्थिरता आयेगी, वहम दूर होगा। यत्र को दशाग धूप से खेना चाहिए ॥४॥

प्रसूति पीडा हर यंत्र (पंदरिया यंत्र)

प्रसूति को प्रसव के समय पीडा हो और शीघ्र छुटकारा न हो तो कुटुम्ब में चिंता बढ जाती है। जब ऐसा समय आया हो तो इस यत्र को सिन्दूर से या चन्दन से अनार की

यन्त्र न० ५

८	३	४
१	५	९
६	७	२

कलम से मिट्टी की कोरी ठीकरी जो मिट्टी के टूटे हुए बर्तन की हो। इसमें लिखकर लोबान से खेबकर प्रसूति वाली को बताने से प्रसब शीघ्र हो जायगा। प्रसूति स्त्री यत्र को एक दृष्टि से कुछ देर देखती रहे, और इतने पर से प्रसव शीघ्र नहौ होवे तो चदन से लिखे हुए यंत्र को स्वच्छ पानी से उस ठीकरी पर के यंत्र को धोकर वह पानी पिला देवे तो प्रसूति पीड़ा मिट जायगी ॥५॥

मृत्यु कष्ट दूर पंदरिया यन्त्र ॥६॥

यह यत्र उन लोगो के काम का है जो जीवन की जोखिम का काम करते है। जल में, स्थल मे, व्योम मे या वराल यत्र से आजीविका चलाते हो या ऐसा कठिन काम हो कि

यन्त्र न० ६

८	१	६
३	५	७
४	९	२

जिनके करते समय आपत्ति आने का अनुमान किया जाता है। इस यत्र की तरह के कार्य करने

वाले इस यत्र को यक्ष कर्दम से लिखकर अपने पास रखे तो अच्छा है। इस यन्त्र को अनार की कलम से लिखना चाहिए और दिवाली के दिन मध्य रात्रि मे लिखकर पास मे रखे तो और भी अच्छा है। दिवाली के दिन नही लिखा जाय तो अच्छा दिन देखकर विधान के साथ लिख मादलिये मे रख पास मे रखे ॥६॥

पिशाच पीड़ा हर यन्त्र नं. ॥७॥ (सत्तरत्रिया यंत्र)

पिशाच, भूत-प्रेत, डाकिनी-शाकिनी इत्यादिक कष्ट पहुचाता हो तो उसे निवारण करने के लिये ऐसे यन्त्र को पास मे रखना चाहिये। भोजपत्र या कागज पर यक्ष कर्दमसेअनार या चमेली की कलम से अमावस्या, रविवार और मूल नक्षत्र इन तीनो मे एक जिस दिन हो

यन्त्र न० ७

॥	७	२	७॥
४	५॥	२॥	५
६॥	१	८	१॥
६	३॥	४॥	३

स्वच्छ होकर मौन रह कर इस यन्त्र को लिखे लोबान व धूप दोनो का धुआ चलता रहे। उत्तर दिशा या दक्षिण दिशा की तरफ लाल या श्याम रग के आसन पर बैठ कर लिखो। विशेष वात सात रग के रेशम का धागा से यन्त्र को लपेट देवे और मादलिये मे रख ले या कागज मे लपेट अपने पास रखे। विशेप जिसके लिये वनाया हो उसका नाम यन्त्र के नीचे लिखे कि "शाकिनी पीडा निर्वाणार्थ या भूत पीडा निर्वाणार्थ। जिसकी ओर से पीडा होती हो उसका नाम लिखे। किसी मनुष्य को कोई शत्रु या क्रूर मनुष्य सताता हो, कष्ट पहु चाता हो, हैरान करता हो, परेशान करता हो तो यन्त्र लिखे अमुक द्वारा उत्पन्न पीडा के निवार्णार्थ ऐसा लिखाना चाहिए और तैयार करने के वाद पास मे रखे तो कष्ट हो रहा होगा उससे शाति मिलेगी। दोनो विधान मे यक्ष कर्दम मे लिखना चाहिए ॥७॥

सिद्धिदाता बीसा यन्त्र ॥८॥

बीसा यन्त्र वहुत प्रसिद्ध है और यह कई तरह के होते है जैसा कार्य हो वैसे यन्त्र वनाया जाय, तो लाभ होता है। इस यन्त्र को अष्ट गध से भोज पत्र चमेली की या सोने की कलम से लिखना चाहिए। भोजपत्र स्वच्छ लेकर गुरु पुष्पवार विपुण्य योग हो। उस दिन या पूर्णा तिथि

यन्त्र न० ८

९	४	७
५	७	८
६	९	५

को लिखे और पूर्व दिशा या उत्तर दिशा की तरफ मुंह करके लिखे। दीपक धूप सामने रखे। यन्त्र तैयार होने के बाद जिसको दिया जाय वह खड़ा हो दोनो हाथो मे लेकर मस्तक चढावे और पाख रखे तो ससार के कामो मे सिद्धि मिलती है ॥८॥

लक्ष्मीदाता विजय बीसा यन्त्र ॥९॥

इस यन्त्र को लिखना हो तब आम्बे के पटिये पर गुलाल छीडक कर उस पर चमेली की कलम से एक सौ आठ बार यन्त्र लिखे वही गुलाल या दूसरी गुलाल छाटता रहे।

य त्र नं० ९

वारीक कपडे मे गुलाल रखकर पोटली वनाने से छांटने मे सुविधा होगी। जव एक सौ ग्राठ वार लिख ले तव उसी समय ग्रष्ट गंध से भोज पत्र पर या कागज पर यन्त्र को लिख कर पास मे रखे तो उत्तम है। व्यापार या क्रय विक्रय का कार्य पास मे रख कर किया करे ग्रौर हो सके तो नित्य धूप भी देवे ।।६।।

सर्व कार्य लाभ दाता बीसा यन्त्र ।।१०।।

यह यन्त्र तमाम कार्य को सिद्ध करता है। इस यन्त्र को तावे के पत्रे पर या भोज पत्र पर लिख कर तैयार कर अष्ट गध और चमेली की सोने की कलम से लिखे। शुक्ल पक्ष शुभ

यन्त्र न० १०

वार पूर्णा तिथि या सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग हो उस दिन लिख कर रख लेवे और अमृत धूप दीप रख लेवे प्रात काल से यन्त्र की स्थापना कर सामने सफेद ग्रासन पर बैठकर नीचे लिखे मन्त्र का जाप करे। जाप कम से कम साढे वारह हजार और अधिक करे तो सवा लाख जाप पूरा कर, फिर यन्त्र को पास मे रख कर कार्य करे।।

मन्त्र —ॐ ह्री श्री सर्व कार्य फलदायक कुरू कुरू स्वाहा। यन्त्र तैयार हो जाने के बाद जव पास मे रखा जाय ग्रौर ग्रनायास प्रसूति ग्रह या म्रत देह दाह क्रिया मे जाना हो तो वापस ग्राकर यन्त्र को धूप खेवने मात्र से शुद्ध हो जायगा ।।१०।।

शांति पुष्टि दाता बीसा यन्त्र ।।११।।

शाति पुष्टि मिलने के लिये यह यन्त्र वहुत उत्तम माना गया है। जव इस तरह का यन्त्र तैयार करना हो तो स्वच्छ कपडे पहिन कर पूर्व दिशा की ओर देखता हुआ वैठकर धूप दीप

रख कर इष्ट देव का स्मरण कर इस यन्त्र को आबे के पटिये पर एक सौ आठ बार गुलाल छीडक कर लिखो और विधि पूरी होने पर भोज पत्र या कागज पर, अष्ट गध से लिखकर यत्र

यन्त्र न० ११

को अपने पास मे रखे। जिसके लिये यन्त्र बनाया हो उसका नाम यन्त्र मे लिखे अर्थात् मनुष्य के श्रेयार्थ ऐसा लिख शुभ समय मे हाथ मे चावल या सुपारी ले कर यत्र सहित देवे। लेने वाला लेते समय तो आदर से लेवे, और कुछ लेने वाला भेट यन्त्र के नाम से कर धर्मार्थ खर्च करे। यह यन्त्र शुभ फल देने वाला है। शाति पुष्टि प्रदायक है। श्रद्धा रख कर पास मे रखने से फलदायक होता है।

बाल रक्षा बीसा यन्त्र ॥१२॥

इस यन्त्र की योजना मे एक अक्षर बाये से दाहिने और का एक खाना बीच मे छोड़कर दो बार आया है जो रक्षा करने मे बलवान है। इस यन्त्र को शुभ योग मे भोज पत्र या कागज पर अष्ट गन्ध से अनार की कलम से लिखो और लिखने के बाद भेट कर ऊपर रेशम का धागा लपेटते हुए नो आटे लगा देवे। बाद मे धूप खेवे मादलिये मे रखे। गले मे या कमर पर जहाँ

यन्त्र नं० १२

२	९	२	७
६	३	६	५
८	३	८	१
४	५	४	७

सुविधा हो बाध देवे वास्तव मे गले मे बाधना अच्छा रहता है। इसके प्रभाव मे बालक बालिका के लिये भय, चमक, डर आदि उपद्रव नही होते और हर प्रकार से रक्षा होती है ॥१२॥

आपत्ति निवारण बीसा यन्त्र ॥१३॥

मनुष्य के लिये आपत्ति तो सामने खडी होती है। ससार आधि-व्याधि उपाधि की खान है। जब जब कष्ट आते है तब मित्र भी बैरी बन जाते हैं। ऐसे समय मे इस यन्त्र द्वारा शाति मिलती है। आपत्ति को आपत्ति मानता रहे और हताश होता रहे तो अस्थिरता बढती

यन्त्र न० १३

है। अत इस यन्त्र को पच गध से चमेली की कलम से भोजपत्र या कागज पर लिख कर पास मे रखो और जिस मनुष्य के लिये यन्त्र बनाया हो उसका नाम यत्र मे लिखो अमुक की आपत्ति

निवारणार्थ ऐसा लिख कर समेट कर चांवल, सुपारी, पुष्प और यत्र हाथ मे दे देवे। लेने वाला मत्र को पास मे रखे और चावल सुपारी आदि जल मे प्रवेश करा देवे। आपत्ति से बचाव होगा और आपत्ति को नष्ट करने मे हिम्मत पैदा होगी। दिमाग मे स्थिरता आवेगी साथ ही अपने इष्ट देव के स्मरण को भी करता रहे। इष्ट का आराधना ऐसे समय मे बहुत सहायक होता है। और दान, पुण्य करने से आपत्ति का निवारण होता है। इस बात का ध्यान रखे। इष्ट सिद्धि होगी ।।१३।।

गृह क्लेश निवारण बीसा यन्त्र ।।१४।।

ग्रह क्लेश ग्रहस्थ के यहाँ अनायास छोटो बडी बात में हुआ करता है और सामान्य क्लेश हुआ हो तो जल्दी नष्ट हो जाता है परन्तु किसी समय ऐसा हो जाता है कि उसे दूर करने मे कई तरह की कठिनाईयां आ जाती है और क्लेश, दिन-दिन बढता रहता है। और ऐसे समय मे यह बीसा यत्र बहुत काम देता है। इस यत्र को भोज पत्र या कागज पर यक्ष कर्दम से

यन्त्र नं० १४

३	६	१	४
	९		
७	१०	५	८

लिखना चाहिये और लिखने के वाद एक यंत्र को ऐसी जगह लगा देना कि जिस पर सारे कुटुम्ब की दृष्टि पडती रहे और एक यंत्र घर का मुखिया पुरुष निज के पास में रखें और पहला यत्र जिस जगह लगाया हो वह शरीर भाग से ऊ ची जगह पर लगावे और नित्य धूप खेय कर उपसम होने की प्रार्थना करे तो क्लेश नष्ट हो जाएगा। प्रत्येक कार्य में श्रद्धा रखनी चाहिये। इष्ट देव के स्मरण को कभी नही भूलना, जिससे कार्य की सिद्धि होगी ।।१४।।

लक्ष्मी प्राप्ति बीसा यन्त्र ॥१५॥

ससार मे लक्ष्मी की लालसा अधिक रहा करती है। इसीलिये लक्ष्मी प्राप्ति के लिए अनेक उपाय ससार मे गतिमान हो रहे है और ऐसे कार्यो की सफलता के लिये यह यंत्र काम मे आता है। जिसको इस यत्र का उपयोग करना हो तब उत्तम समय देखकर अष्ट

यन्त्र न० १५

गध से या पच गध से लिखले। कलम सोने की या अनार की अथवा चमेली की जैसी भी मिल सके लेकर भोजपत्र या कागज पर लिखे और यत्र को अपने पास मे रखे। हो सके तो इस तरह का यत्र तावे के पत्र पर तैयार करा, प्रतिष्ठित करा, निज के मकान मे या दुकान मे स्थापना कर नित्य पूजा करे। सुवह शाम घी का दीपक कर दिया करे तो लाभ मिलेगा। इष्टदेव के स्मरण को न भूले। पुण्य सचय करे पुण्य से आशाएँ फलती है और दान देवे तो लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥१५॥

भूत-पिशाच-डाकिनी पीड़ा हर बीसा यन्त्र ॥१६॥

जव ऐसा वहम हो जाय कि भूत पिशाच-डाकिनी पीडा दे रही हो तव यत्र-मत्र-तत्र वाले की तलाश की जाती है। और इस तरह के वहम अक्सर स्त्रियो को हो जाया करते है और ऐसे वहम का असर हो जाने से दिन भर सुस्ती रहती है रोती है, रुग्णता रखती है और ऐसे वहम का असर और पाचन शक्ति कम हो जाती है। और भी कई तरह के उपद्रव

हो जाने से घर के सारे मनुष्य चिंतातुर हो जाते है ओर यत्र मत्र वालो की तलाश करने मे बहुत साधन खर्च करते है ऐसे समय मे यह बीसा यत्र काम देता है। यत्र को यक्ष कर्दम से अनार को कलम से लिखना चाहिये लिखते समय उत्तर दिशा की तरफ मुंह करके बैठना और

यन्त्र नं० १६

यत्र भोज पत्र पर अथवा कागज पर लिखवा कर दो यत्र करा लेना। जिसमें से एक यंत्र को मादलिया मे रखकर गले मे या हाथ में बांध देना। दूसरा यत्र नित्य प्रति देखकर डब्बी मे रख देना और जिस समय पीडा हो तब दो-चार मिनट तक आंखे बन्द किये बगैर यंत्र को एक दृष्टि से देखकर वापस रख देना, सो पीडा दूर हो जायेगी, कष्ट मिटेगा और धन व्यय से बचत होगी। धर्म नीति को नही छोडना ॥१६॥

बाल भय हर इक्कीसा यन्त्र ॥१७॥

बालक को जब पीडा होती है, चमक हो जाती है तब अधिक भय पुत्र की माता को

यन्त्र नं० १७

१०	३	८
५	७	९
६	११	४

हुआ करता है और जिस प्रकार से हो सके पीडा मिटाने का उपाय किये जाते है, और घर के सब लोग ऐसा अनुमान करते है कि किसी की दृष्टि लगने से या भय से अथवा चमकते यह पीडा हो गयी है। इस तरह की पीडा दूर करने मे यह यंत्र सहायक होता है। जब यत्र तैयार करना हो तब भोजपत्र अथवा कागज पर यक्ष कर्दम से अनार की कलम लेकर लिखना चाहिये। जब यत्र तैयार हो जाय तब समेट कर कच्चे रेशमी धागे से सात अथवा नौ आटे देकर मादलिये मे रख गले मे या हाथ मे बाधने से पीडा मिट जाती है। आपत्ति चिंता का नाश हो जाता है। बालक आराम पाता है। नित्य इष्टदेव के स्मरण को नही भूलना चाहिये ।। १७ ।।

नजर दृष्टि चौबीसा यन्त्र ।।१८।।

बालक को दृष्टि दोष हो जाता है। तब दूध पीने या कुछ खाते समय अरुचि हो जाने से वमन हो जाता है। पाचन शक्ति कम हो जाने से मुखाकृति रक्त रहित दिखने लगती

यन्त्र न० १८

७	६	११
१२	८	४
५	१०	९

है। इस तरह की हालत हो जाने से घर मे सबको चिंता हो जाती है। इस तरह परिस्थिति मे चौबीसा यत्र भोजपत्र अथवा कागज पर अनार की कलम लेकर यक्ष कर्दम से लिखना चाहिये और मादलिये मे रख गले मे या हाथ पर बाधना और जिस मनुष्य का या स्त्री की दृष्टि की दृष्टि दोष हुआ हो उसका नाम देकर दृष्टि दोष निर्वाणार्थ लिखना चाहिये यदि नाम स्मरण न हो तो केवल इतना ही लिखना कि दृष्टि दोष निर्वाणार्थ यत्र तैयार हो जाय तब समेट कर कच्चे रेशमी धागे मे आटे देकर यत्र के पास मे रखे या गले पर या हाथ पर पर बाधे तो दृष्टि दोष दूर हो जाता है ।। १८ ।।

प्रसूती पीड़ा हर उन्तीसा यन्त्र ॥१६॥

यह यत्र उन्तीसा और तीसा कहलाता है। उपर के तीन कोठे और बायी तरफ के तीन कोठो मे तो उन्तीस का योग आता है। औरमध्यभाग के तीनों कोठे और नीचे के

यन्त्र नं० १६

१५	६	८
२	१०	१८
१२	१४	४

तीन कोठे ओर ऊपर से नीचे तक मध्य विमाना व दाहिनी ओर के तीन कोठों मे तीस का योग आता है गर्भ प्रसव के समय मे यदि पीडा हो रही हो तब इस यंत्र को कुम्हार के अवाड़े की कोरी कोठरी पर अष्ट गध से लिखकर बताने से प्रसव सुख हो जाएगा। बताने के बाद भी पीडा होती है तो यत्र को पीतल या ताबे के पत्ते पर या थाली मे अष्ट गध से अनार की कलम से लिख कर धूप देकर धोकर पिलाने से पीड़ा मिटती है ओर प्रसव सुखपूर्वक हो जायगा ॥ १६ ॥

गर्भ रक्षा तीसा यन्त्र ॥२०॥

यह यत्र जब प्रसव का समय निकट नही और पेट मे दर्द या और तरह की पीडा

यन्त्र नं० २०

१६	२	१२
६	१०	१४
८	१८	४

होती है तो उस यन्त्र को अष्ट गध से लिखकर पास मे रखने से पीडा मिटेगी। अकाल मे प्रसव नही होगा और शरीर स्वस्थ रहेगा ॥ २० ॥

गर्भ रक्षा पुष्टि दाता बत्तीसा यन्त्र ॥२१॥

यह यत्र गर्भ रक्षा के लिए उत्तम माना गया है। जव महिने दो महिने तक गर्भ स्थिर रहकर गिर जाता हो अथवा दो चार महीने वाद ऋतुस्राव हो जाता हो तो इस यंत्र को अष्ट गध से तैयार करके पास मे रख लेने से या कमर पर वाधने से इस तरह के दोष

यन्त्र न० २१

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

मिट जाते हैं। गर्भ की रक्षा होती है और पूर्ण काल मे प्रसव होता है। विशेष कर गर्भ स्थित रहने के पश्चात् वाल बुद्धि से जो स्त्री व्रम्हचर्य नही पालती हो अथवा गर्म पदार्थ खाती पीती हो उसी गर्भ स्राव होना सभव है। और दो चार वार इस त ह हो जाने से प्रकृति ही ऐसी वन जाती है। इसलिये ऐसे अमगल करने वाले कार्य को नही करना चाहिये और यत्र पर विश्वास रखकर शुद्धता से रखेगे तो लाभ होगा ॥ २१ ॥

भयहर सुव्वं व्यवसाय वर्धक चौतीसा यन्त्र ॥ २२ ॥

इस यन्त्र को निज जगह व्यवसाय की रोकड रहती हो या धन-सम्पत्ति रखने का स्थान हो या तिजोरी के अन्दर दीवाली के दिन शुभ समय लिखकर दीप, धूप, पुष्प से पूजा करते रहना। यदि नित्य नही हो सके तो आपत्ति भी नही है। इस यन्त्र को अष्टगध से लिख-

यन्त्र नं० २२

१	१४	४	१५
८	११	५	१०
१३	२	१६	३
१२	७	९	६

कर पास मे रखा जाय तो उत्तम है। तांबे के पत्रे पर तैयार कर प्रतिष्ठित करके तिजोरी मे रखना भी अच्छा है। जैसा जिसको अच्छा मालूम हो करना चाहिए ॥ २२ ॥

मंत्राक्षर सहित चौतीसा यंत्र ॥ २३ ॥

यह चौतीसा यन्त्र बहुत चमत्कारी है। धन की इच्छा करने वाले और ऋद्धि सिद्धि जय विजय के इच्छुक लोगो की मनोकामना सिद्ध करने वाला यह यन्त्र है। इस यन्त्र को ताँबे

यन्त्र न० २३

ॐ	ह्रीं	श्री	क्ली	ध	न
कुरु	९	१६	८	१	दा
कुरु	६	३	१३	१२	य
द्धि	१५	१०	२	७	म
सि	४	५	११	१४	म
य	ज	द्धि	वृ	द्धि	ऋ

के पतडे पर तैयार कर प्रतिष्ठित करा लेवे और हो सके तो मंत्र एक लाख जाप यन्त्र के सामने धूप, दीप, रख कर लेवे। यदि इतना जाप नही हो सके तो साढे वारह हजार जाप तो अवश्य कर लेना चाहिये। जाप करते मत्र वोला जाय उसमे एक गुरु कम है वह यह है कि मत्र के अन्त मे स्वाहा पल्लव से जाप करता जाय अर्थात कुरु कुरु स्वाहा करना चाहिये जिसमे मत्र शक्ति वढ़ेगी और यत्र-मत्र नव पल्लवति जैसा होकर लाभ पहुँचायगा। जाप करते समय एक यंत्र भोज पत्र पर तैयार कर जाप करते समय तावे के पतडे वाले यत्र के पास ही रखे। जव जाप सम्पूर्ण हो जाये तव भोजपत्र वाले यन्त्र को नित्य अपने पास में रखे और तावे के यत्र को, दुकान मे या मकान मे स्थापित कर नित्य दीप, पूजा किया करे। इतना कर लेने के वाद हो सके तो मत्र को एक माला नित्य फेर लवे। और नही हो सके तो कम से कम २१ जाप तो अवश्य करना चाहिये। श्रद्धा रख कर इष्ट देव का स्मरण करता रहे। नीति से चले और दान पुण्य करता रहे तो लाभ होगा ॥ २३ ॥

प्रभाव प्रशंसा वर्धक चौतीसा यंत्र ॥ २४ ॥

चौतीसा यत्र वहुत प्रसिद्ध है। और व्यापारी वर्ग तो इस यत्र का बहुमान विशेष प्रकार से करते हैं। मेदा पाट मरु भूमि और मालव प्रात मे व्यापारी लोग अपनी दुकान पर

यन्त्र न० २४

९	१६	२	७
६	३	१३	१२
१५	१०	८	१
४	५	११	१४

दीवाली के दिन लिखते है प्राचीन काल मे ऐसी प्रथा चलती हैं। कि शुभ समय मे सिन्दुर से गणपति के पास लिखते है। दरवाजे पर, मकान की दीवार पर लिखना हो तो हडमची से लिखना चाहिए। इस यत्र को लिखने के वाद धूप, पूजा कर नमस्कार करने से व्यापार चलता रहता है। और व्यापारियो मे इज्जत वढती है प्रशसा होती है और ऐसे यत्र भोज पत्र पर लिख-

कर पास में रखने से व्यापारी वर्ग में आगे वान की गिनती में आ जाता है। हर एक कार्य में लोग सलाह पूछने आयेंगे। परन्तु साथ ही कुछ योग्यता, बुद्धिमान, धैर्यता और निष्पक्षता भी होना चाहिये। सस्कार न हो और मिलन सार भी न हो तो यंत्र से साधारण फल मिलेगा। और परोपकारी स्वभाव होगा तो विशेष फल मिलेगा ॥ २४ ॥

धन प्राप्ति छत्तीसा यंत्र ॥२५॥

इस छत्तीसे यत्र को दीवाली के दिन रात्रि में लिखना चाहिये। शुभ मे दुकान के अन्दर सामने दरवाजे या मगल स्थापना के दाहिनी और अथवा दुकान के अन्दर सामने की

यत्र नं. २५

१०	१७	२	७
६	३	१४	१३
१६	११	८	१
४	५	१२	१५

दीवार पर सिन्दूर से लिखे तो व्यापार बढता है। व्यापार करते समय किसी प्रकार का भय, सकट आता हो तो मिट जायगा, प्रभाव बढेगा और इस यंत्र को भोज पत्र पर लिख कर पास मे रखना भी शुभ सूचक है ॥२५॥

सम्पत्ति प्रदान चालीसा यंत्र ॥२६॥

चालीसा यत्र दो प्रकार का है। दोनो उत्तम है जो सामने है इस यंत्र को किसी भी महिने की सुदी पक्ष की एकादशी के दिन अथवा पूर्णिमा के दिन पच गध से लिखना चाहिये पंच गंध (१) केसर (२) कस्तूरी (३) कर्पूर (४) चन्दन (५) गोरोचन इन पाचो को मिश्रित कर उत्तम गध बनाकर स्वच्छ भोजपत्र पर लिखना चाहिये। यह यत्र पास में हो तो चोर, भय, मिटता है और नदी के किनारे या तालाब की पाल पर बाव आसन बिछाकर बैठे।

शुभ समय मे यत्र लिखे। लिखते समय दृष्टि जल पर भी पडती रहे और लिखते समय धूप, दीप, अखड रखे तो मने इच्छा पूर्ण होती है। इतना स्मरण रखना चाहिये कि ब्रह्मचर्य पालन

यत्र न २६

१२	१९	२	७
६	३	१६	१५
१८	१३	८	१
४	५	१४	१७

मे सभ्यता का व्यवहार करने मे और शुद्ध सम्यक वृती से रहने मे किसी प्रकार से कमी नही होनी चाहिये। आचरण शुद्ध रखने से क्रिया साधन फल देती है ।।२६।।

ज्वर पीड़ा हर साठिया यंत्र ।।२७।।

यह साठिया यत्र ज्वर ताप एकान्तरा तिजारी आदि के मिटाने के काम मे आता है इस तरह के डोरे धागे व यत्र वनवाने की प्रथा छोटे गावो मे विशेष होती है और जो लोग

यत्र न. २७

१	९	१	१८
६	१३	१७	४
१९	२	८	११
३	१६	१४	७

जिसमे श्रद्धा रखते है उनको मत्र तत्र यंत्र फलते भी है इस तरह के कार्य मे इस यत्र को अष्ट

गध से तैयार कराके पास मे रखने से पीडा दूर होती है शाति मिलती है। भोजपत्र पर अथवा कागज पर लिख पीडित के गले या हाथ पर बांधने से अथवा पास में रखने से लाभ होता है। इस यत्र को कासे के स्वच्छ पात्र मे अष्ट गध से लिखकर पी सकता है, उत्तम पानी से धोकर पानी पिलाने से सभी ज्वरादि पीडा नष्ट हो जाती है ॥२७॥

चोबीस जिन पेसठिया यंत्र ॥२८॥

अथ पंच पष्टि यत्र गर्भित चतुर्विशति जिन स्तोत्रम। वन्दे धर्म जिनसदा सुख करं चन्द्र प्रभं नाभिज। श्री मन्दिर जिनेश्वर जय करं कुन्थुं च शाति जिनम्। मुक्ति श्री फल दायनन्त मुनिप बधे सुपार्श्व विभुं। श्री मन्मेध नृपात्म जंच सुखद पार्श्व मनाडे भीष्टदम ॥१॥ श्री नेमीश्वर सुव्रतोच विमल पद्म प्रभ सावर सेवे सभव श गूर नमि जिन मल्लि जया नदनम्। बदे श्रीजिन शीतल च सुविध सेवेड जित मुक्ति द श्री संघ वतपञ्च विशति नभ साक्षा दर वैष्णवम् ॥२॥ स्तोत्रं सर्व जिनेश्वरे रभिगत मन्त्रेषु मत्र वर एतत् स सङ्गत यत्र एव विजयो द्रव्यौ लिखित त्वाशु भे. पार्श्वे सन्धिरण भाणा सब सुखदो माङ्गल्यमाला प्रदो वामागे वनिता नारास्त दितरे कुर्वन्तुये भावत: ॥३॥ प्रस्थाने स्थिति युद्धवाद करणे राजादि सन्दर्शने। वश्यार्थे सुत हेत वैधन कृते रक्षन्तु पार्श्वे सदा। मार्गे सविण मे दवाग्नि ज्वलिते चिन्ता दिनि नशिने। यत्रो ऽय मुनि नेत्रसिह कविता सङ्ग स्थित सौख्यद: ॥४॥ इति पच षष्टि यत्र स्थापना ॥२८॥ उपर बताया हुआ स्तोत्र बोलते जाइये और जिन तीर्थंकर भगवान के नाम का अंक आवे, उतनो अंक सख्या लिखने से पेसठिया यत्र तैयार हो जाता है। इस तरह के यत्र को, ताबे के पतडे पर तैयार कर शुद्ध

यत्र न. २८

२२	२९	२	७
६	३	२६	२५
२८	२३	८	१
४	५	२४	२७

कराने के वाद घर में स्थापित कर ऊपर बताया हुआ स्तोत्र नित्य पढे, स्तुति वोल कर नमन करना चाहिये। इस तरह के यत्र को भोजपत्र पर लिखवा कर पास मे रखने से परदेश

जाते समय अथवा परदेश मे रहते समय मे लाभ होता रहेगा। किसी के साथ वाद विवाद करने से जय प्राप्त होगी राजा के पास अथवा और किसी के पास जाने से आदर होगा। नि. सन्तान को पुत्र प्राप्ति होगी निर्धन को धन प्राप्त होगा। मार्ग मे किसी प्रकार का भय नही होगा चोरो के उपद्रव से बचाव होगा। अग्नि प्रकोप से पीडा न होगी और अकस्मात भय मे

यत्र न. २६

१५	८	१	२४	१७
१६	१४	७	५	२३
२२	२०	१३	६	४
३	२१	१६	१२	१०
६	२	१५	१८	११

रक्षा होगी चिता नष्ट होगी प्रत्येक कार्य मे विजय प्राप्त होगी इसीलिये जो अपना भविष्य उज्जवल बनाना चाहते हैं उन पुरूषो को इस यत्र का आराधना करनी चाहिये। दूसरा चोवीस जिन पेसठिया यत्र ॥२६॥

पंचा षष्टि यंत्र गर्भित ॥२६॥

श्री चतुर्विशित जिन स्तोत्रम्। आदि नेमि जिन नौमी सभव सुविध तथा, धर्म नाथ महादेव शाति शाति कर सदा ॥१॥ अनंते सुव्रत भक्तया नमि नाथ जिनोत्तमम्। अजित जित कन्दर्प चन्द्र चन्द्र समप्रभम् ॥२॥ आदिनाथ तथा देव सुपार्श्व विमलंजिन। मल्लि नाथ गुणोपेत धनुषा पध विशतिम् ॥३॥ अरनाथ महावीर सुमति च जगद गुरूम् श्री प्रद्म प्रभ भान। वासुपूज्य सुरैर्नतम् ॥४॥ शीतल शीतल लोके श्रेयास श्रैयसेसदा। कुन्थु नाथ चवामेय श्री अभिनन्दन जिनम् ॥५॥ जिनाना नामभिर्वद्ध पचषष्टि समुद्भवा। यंत्रोऽय राजते लोके श्रेयास यत्र तत्र सोख्यम् निरन्तरम् ॥२६॥ यस्मिन गृहे महा भक्तया यन्त्रोऽय पूज्यते बुधै। भूतप्रैतेपिशाचादि भय तत्र न विद्यते ॥७॥ सकल गुण निधान यत्र मेन विशुद्धम्। हृदय

कमल कोषे धी मता ध्येय रूपम् । जयतिलक गुरू श्री सूरि राजस्य शिष्यो वदति सुख निदान । मोक्ष लक्ष्मी निवासम् ।।८।। दूसरे पेसठिये यंत्र की स्थापना ।।२९।। इस यंत्र का जो स्तोत्र आठ श्लोक का बताया है उसका पाठ करते समय जिन तिर्थंकर का नाम आवे उनकी सख्या का अंक लिखने से पेसठिया यत्र तैयार हो जाता है। इस यत्र का महात्मय भी बहुत है। यंत्र के

यत्र नं. २९

२२	३	९	१५	१६
१४	२०	१९	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	४

विधानानुसार ही तैयार करना चाहिये। जिस घर मे एसे यंत्र की स्थापना पूजा हुआ करती है उस घर मे आनन्द मगल रहा करता है जो मनुष्य इस यंत्र की आराधना करते हैं उनको प्रत्येक प्रकार के सुख मिलते है। और जिस मकान मे स्थापना की हो वहां पर भूत-प्रेत पिशाच का भय नही होता। अगर हुआ हो तो नष्ट हो जाता है। इस यंत्र का जितना आदर करेंगे उतना ही अधिक सुख पा सकेंगे। इस यंत्र को निज के पास रखना हो तो भोज पत्र पर तैयार कराके रखना चाहिये। ऐसे यंत्र शुद्ध अष्ट गंध से लिखने से लाभ देते है ।।२९।।

लक्ष्मी प्रदान अडसठिया यंत्र ।।३०।।

यह अडसठिया यंत्र बहुत प्रसिद्ध है। कई लोग दीवाली के दिन शुभ समय दुकान के मगल के स्थान पर लिखते है। इस यत्र मे यह खूबी है कि लक्ष्मी प्राप्ति के हेतु चमेली की

यय न० ३०

२	२८	८	३०
१६	२२	१०	२०
२६	४	३२	६
२४	१४	१८	१२

कलम लेकर अष्टगंध से लिखना चाहिये। और समेट कर रेशम लपेट कर निज के पास रखना और व्यापार करते समय तो य त्र को पास मे रख कर ही करना चाहिये ।।३०।।

नित्य लक्ष्मी लाभ दाता बहतरिया यन्त्र ।।३१।।

बहतरि यंत्र के लिये कई मनुप्य खोज करते है। म त्र का मिल जाना तो सहज बात है परन्तु विधान का मिलना कठिन वात है। इस य त्र को सिद्ध करते समय जहा तक हो सके सिद्ध पुरूप की सानिध्यता मे करना चाहिये और सिद्ध पुरूष का योग नही मिल सके तो किसी य त्र के जानकार की सानिध्यता मे करना चाहिये शुभ दिन देख कर शरीर व वस्त्र

यंत्र न० ३१

२५	२०	२६
२६	२४	२३
२१	२८	२३

शुद्धता का उपयोग कर अधिष्ठाता देव को सान्धिय समझ कर प्रात काल मे ढाई घडी कच्ची दिन चढे पहले अप्ट गध से कागज पर वहत्तर य त्र लिखना चाहिये। कलम जैसी अनुकूल

आवे चमेली की या सोने की निव से लिखे जब य त्र लिखने वैठे तब तक पूर्व दिशा की ओर मुख रखना चाहिये, आसन सफेद लेना चाहिये, उत्तम बताया है लिखते समय मौन रख कर लिखने के विधान को पूरा करले, वे जब य ंत्र लेखन पूरा हो जाय जब य त्र को एक स्वच्छ पट्ठे पर स्थापन अगर बत्ती लगा देवे दीपक स्थापन करे और ढाई घडी दिन बाकी रहे तब अर्थात सूर्यास्त से ढाई घडी पहले लिखे हुये य त्रो को ऊ चे रख कर पानी से धोकर कागज भी जलाशय मे डाल देवे । यह सब क्रिया समय पर ही करने का पूरा ध्यान रखे । एक विधान ऐसा भी है कि बहत्तर य त्र अलग-अलग कागज पर लिखना चाहिये । और कोई एक कागज पर लिखना बताते है । जैसा जिसको ठीक मालूम हो सुविधा अनुसार लिखे । इस प्रकार से बहत्तर दिन तक ऐसी क्रिया करना चाहिये । और बहत्तर दिन ब्रह्मचर्य पालना चाहिये सत्य निष्ठा से रहना और कुछ तपस्या करे जिससे क्रिया फलवती होगी । इस प्रकार से बहत्तर दिन पूरे हो जाय और तिहत्तरवे दिन १ प्रातः काल ही बहत्तर य ंत्र लिखकर एक डब्बी मे लेकर दुकान में रख देवे या गल्ले मे, तिजोरी मे या ताक मे रखकर नित्य पूजा कर लिया करे । इस तरह करते रहने से धन की आय और इज्जत, मान, सम्मान की वृद्धि होगी । सुख और सौभाग्य बढता है । इष्ट देव के स्मरण को वीनत्य, सत्य, निष्टा धर्म नीति को नही छोडना चाहिये १ तिहत्तर दिन प्रात· काल य ंत्र लिख कर डब्बी मे रख देवे य त्र की पूजा कर धूप, दीप, रखना, कुछ भेट भी रखना और दिन रात अखड जोत रखना ।।३१ ।।

सर्प भय हर अस्सीया यन्त्र ।।३२।।

इस यन्त्र का विशेष करके सर्प के उपद्रव मे काम आता है। जब सर्प का भय

यन्त्र नं० ३२

३२	३९	२	७
६	३	३६	३५
३८	३३	८	१
४	५	३४	३७

उत्पन्न हुआ या मकान मे वरावर निकलता हो अथवा घर नही छोडता हो तो अस्सीया यत्र सिन्दूर से मकान की दीवार पर लिख कर और जहाँ तक हो ऐसी जगह लिखना चाहिये कि जहाँ सर्प की दृष्टि यत्र पर गिर जाय अथवा कासी को थाली मे लिखा हुआ तैयार रखे सो जव सर्प निकले जव उसे थाली वता देवे सो सर्प का भय मिट जायेगा। और उपद्रव नही करेगा। विधान तो वताता है कि सर्प उस मकान को छोडकर ही चला जायगा। किन्तु समय का फेर हो तो इतना फल नही देता है तो भी उपद्रव भय तो नही रहेगा। ऐसा समय घर मे सर्प हर नाम की औषधि जो काश्मीर जिले में बहुतायत से मिलती है मगवा कर घर मे रखने से सर्प तत्काल निकल जायेगा। लेकिन सर्प को मारने की बुद्धि नही रखना चाहिये। सर्प को सताने से वह क्रोध कर के काटता है वह समझता है मुझे मारते है और सताया न जाप तो वह अपने आप चला जाता है ॥३२॥

भूत प्रेत हर पिच्चासिया यंत्र ॥३३॥

अक्सर (प्राय) जब मकान मे कोई नही रहता हो और वहुत समय तक बेकार सा पडा हो तो ऐसे मकान मे भूत प्रेत अपना स्थान बना लेते है और भूत प्रेत नही भी बसते हों और मकान मे रहने लगे उसके बाद कुछ अनिष्ट हो जाय तो उस मकान मे परिवार

यन्त्र न० ३३

३४	४२	२	७
६	३	३९	३७
४१	३५	८	१
४	५	३६	४०

के लिये वहम सा हो जाता है और मकान को खाली कर देते हैं। लोकवाणी फैल जाती है और ऐसे मकान मे कोई विना किराये भी रहने को तैयार नही होता है। ऐसी अवस्था

मे यत्र को पक्ष कर्दम से मकान की दीवार पर अन्दर के भाग में लिखें। और आवश्यकता हो तो प्रति मकान मे लिखना भी बुरा नही है। यत्र लिखने के बाद हाथ जोड कर प्रार्थना करे कि हे देव स्वस्थान गछ इस तरह करने से उपद्रव शात हो जायगा और सुख पूर्वक मकान मे रह सकेगे। देव धूप दिल से प्रसन्न होते और प्रार्थना स्वीकार करते है। इसलिये इक्कीस दिन तक सायकाल के समय एक घो का दोपक कर धूप खेव देनी चाहिये ॥३३॥

सुख शांति दाताः इक्याणवे का यन्त्र ॥३४॥

कभी कभी ऐसा बहम हो जाता है कि इस मकान मे आये बाद घर मे से बीमारी नही निकलती है या सुख से नही रहने पाते है। कोई न कोई आपत्ति आ ही जाती है। इस तरह के कारण से उस मकान को छोडने की भावना हो जाती है। ऐसा प्रसग आ जाय तो इस यत्र को यक्ष कर्दम से मकान के अन्दर व दरवाजे के बाहरी भाग पर लिखना चाहिये। सायकाल को धूप खेव कर प्रार्थना करना चाहिये कि यत्राधिष्ठायक देव सुख शाति कुरू २ स्वाहा इस तरह से इक्कीस दिन तक करने से सुख-शाति रहेगी और बहम मिट जायगा ॥३४॥

यन्त्र नं० ३४

३७	४५	२	७
६	३	४२	४०
४४	३८	८	१
४	५	३९	४३

गृह क्लेश हर निन्यानवे का यन्त्र ॥३५॥

गृहस्थी के गृह सस्कारो व्यवसाय के लिये अथवा विशेष कुटुम्ब के कारण या यो कह दीजिये कि स्त्रियो के स्वभाव के कारण जरा सी बात पर मन मुटाव हो जाता है और उसे न सभाला जाय तो घर मे क्लेश बढ़ जाता है। जिस घर मे इस तरह के क्लेश होते है उनकी

आजीविका भी कम हो जाती है और व्यवसाय व व्यवहार मे शोभा भी कम हो जाती है। बाहर के दुश्मन से मनुष्य सम्भल के रह सकता है किन्तु घर का दुश्मन खडा हो तो आपत्ति रूप हो जाती है। धन, वैभव, मकान मिलकियत वही दस्तरे, खत, खतुन जिसके हाथ आई हो दबा देता है। ओर ऐसी अवस्था हो जाने से घर की इज्जत कम हो जाती है। इस तरह की परिस्थिति हो तब इस यत्र को यक्ष कदर्म से मकान के अन्दर और खास कर पणिहारे पर और चूल्हे के पास वाली दीवार पर लिखे और अगरवत्ती या धूप सायकाल को कर दिया करे। इस तरह से इक्कीस दिन तक करे और बाद मे आपस मे फैसला करने बैठे तो कार्य निपट जायगा। साथ ही स्मरण रखना चाहिये कि न्याय नीति और कर्तव्य पूर्वक कार्य करोगे तो सफलता मिलेगी। घर की बात को बाहर नही फैलने देना चाहिये। इसी मे शोभा है इज्जत की रक्षा है। जो लोग स्त्रियो के कहने मे आकर भ्रात प्रेम कुटुम्ब स्नेह और कर्तव्य को भूल जाते है। उनका दिन मान बिगडा समझना। प्रत्येक कार्य मे इष्ट देव को न भूलना चाहिये ॥३५॥

यन्त्र न० ३५

३६	२९	३४
३१	३३	३५
३२	३७	३०

पुत्र प्राप्ति गर्भ रक्षा यन्त्र ॥३६॥

यह सौ का यत्र है और इसको आशा पूर्ण यत्र भी कहते है। जिसको सन्तान नही हो या गर्भ स्थिति के बाद पूर्ण काल मे प्रसन्न होकर पहले ही गिर जाता है तो यह यत्र काम देता है। इस यत्र को अष्ट गध से लिखना चाहिये। अष्ट गध बनाने मे (१) केशर (२) कपूर (३) गोरोचन (४) सिन्दुर (५) हीग (६) खैरसार, इन सब को बराबर लेना परन्तु केशर विशेष डालना, जिससे लिखने जैसा रस तैयार हो जायगा इतना कार्य शुद्धता पूर्वक करके भोज पत्र पर दीवाली के दिन मध्यरात्रि मे तैयार कर स्त्री गले पर या हाथ पर जहाँ ठीक मालूम हो बाध देवे। पुत्र के इच्छुक हो तो पत्नि-पति दोनो को बाधना वैसे तो कर्म

यन्त्र न० ३६

४२	४९	२	७
६	३	४६	४५
४८	४३	८	१
४	५	४४	४[illegible]

प्रधान है। जैसे कर्म उपार्जन किये होगे वैसा ही फल मिलेगा--परन्तु उद्यम उपाय भी पुरुषों को वताए हुए है, करने मे हानि नही है। अपने इष्ट देव को स्मरण करते रहे पुण्य प्राप्त करना सो क्रिया फल देगी। स्त्री गर्भ धारण करेगी, पूर्ण काल मे प्रसव होगा अपूर्ण समय मे गर्भ-पात नही होगा ऐसा इस यन्त्र का प्रभाव है। श्रद्धा विश्वास रखने से सर्व कार्य सिद्ध होते है। पुण्य धर्म साधन नीति व्यवहार से आशा फलती है ।।३६।।

ताप ज्वर पीड़ा हर एक सौ पांचवा यन्त्र ।।३७।।

यह एक सौ पाँचवा यन्त्र है। ताप ज्वर एकान्तरा तिजारी को रोकने से काम देता है।

यन्त्र नं० ३७

५६	७	४२
२१	३५	४९
२८	६३	१४

भोज पत्र पर या कागज पर लिख कर धागे डोरे से हाथ पर वाधने से ताप ज्वरादि मिट जाते

जाते है। यन्त्र तैयार हो जायेगा तव धूप से खेव कर इक्कीस वार ऊपर कर पीडा वाले को वाधने से ज्वर पीडा मिट जाय तव यन्त्र को कूए के पानी मे डाल देना, विश्वास रखना और इष्ट देव को स्मरण करते रहना ॥३७॥

सिद्धि दायक एक सौ आठवां यन्त्र ॥३८॥

इस यन्त्र को अष्ट गध से भोज पत्र या कागज पर लिखना चाहिये। कलम चमेली की लेना चाहिए। सोने की नीव हो तो और भी अच्छा है। यत्र तैयार कर वाजोट पर रखकर धूप,

यन्त्र न० ३८

४६	५३	२	७
६	३	५०	४९
५२	४७	८	१
४	५	४८	५१

दीप, पुष्प चढा कर पूजन वास क्षेप तप से पूजा कर सामने फल नैवेद्य चढा कर नमस्कार कर यत्र को समेट कर पास मे रखो। यत्र जिस कार्य के लिये वनाया हो उसका सकल्प यत्र की पूजा करने के वाद खयाल कर नमस्कार कर लेवे और जहा तक कार्य सिद्ध न हो तव तक प्रात काल मे नित्य प्रति धूप से या अगरवत्ती से खेव लिया करे। इष्ट देव का स्मरण कभी न भूले। कार्य सिद्ध होगा ॥३८॥

भूत प्रेत कष्ट निवारण एक सौ छत्तीस यन्त्र ॥३९॥

इस यन्त्र को मकान के वाहर भी लिखते है और पास मे भी रखने को वताया जाता है। वैसे तो लिखने का दिन दीवाली की रात्रि को वताया है। परन्तु आवश्यकता अनुसार जव चाहे लिखने और हो सके तो अमावस्या की रात्रि मे लिखना जिसमे यन्त्र लाभ दायक होगा।

जब भूत प्रेत डाकिनी का भय उत्पन्न हुआ हो तो इस यन्त्र को बाधनेसे मिट जायगा ओर इसी

यन्त्र नं० ३९

४	५६	१६	६०
३२	४४	२०	४०
५२	८	६४	१२
४८	२८	३६	२४

तरह के कष्ट होगे तो वह भी इस यन्त्र के प्रभाव से कम हो जायेगे और सुख प्राप्त होगा। इस तरह यन्त्र को भोज पत्र पर या कागज पर अष्ट गंध से लिखना चाहिये और मकान की दीवार पर सिन्दूर से लिखना चाहिये ॥३९॥

पुत्रोत्पति दाता एक सौ सत्तरिया यन्त्र ॥४०॥

यह सौलह कोठे का यन्त्र एक सौ सत्तरिया है। इस यन्त्र से धन प्राप्ति मे जय विजय

यन्त्र नं० ४०

७७	८४	२	७
६	३	८१	८०
८३	७८	८	१
४	५	७९	८२

म, पुत्र प्राप्ति के हेतु वनाना हो तो अष्ट गध से लिखना चाहिये। भोज पत्र पर काला दाग न हो और स्वच्छ हो। कागज पर लिखे तो अच्छा कागज लेवे और शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा (पूर्णा) तिथि पचमी दशमी पूर्णिमा को अच्छा होगा देख कर तैयार करे। लेखनी चमेली की या सोने की नीव से लिखे और पास मे रखे तो मनोकामना सिद्ध होगी और सुख प्राप्त होगा। धर्म पर पावन्द रह पुण्योपार्जित करने से आशा शीघ्र फलती है। इष्ट देव के स्मरण को नही भूलना चाहिये ॥४०॥

एक सौ सत्तारिया दूसरा यन्त्र ॥०१॥

इस यन्त्र को लक्ष्मी प्राप्ति हेतु जय विजय के निर्मित इस यन्त्र को भी काम लेते हैं। गर्भ रक्षा और अन्य प्रकार की पीडा मिटाने के लिये भी काम लेते है गर्भ रक्षा करने के लिए इस यत्र को अच्छे दिन शुभ समय मे अष्ट गध से भोजपर पत्र अथवा कागज पर लिखना चाहिये।

यन्त्र न० ४१

४५	३६	५०	३९
४२	४७	३७	४४
३५	४६	४०	४९
४८	३१	४३	३८

ये एक सौ सत्तरिया दोनो यन्त्र लाभदायी है। नीति न्याय पर चलना चाहिए और इष्ट देव को स्मरण करते रहना जिससे यन्त्राधिष्टायक देव प्रसन्न होकर मनोकामना सिद्ध करेंगे। यन्त्र मादलिया में रखे या मोम के कागज में लपेट कर पास मे रखो ॥४१॥

व्यापार वृद्धि दो सौ का यंत्र ॥४२॥

इस य त्र का दो विधान है। पहला विधान तो यह है कि दीवाली के दिन अर्ध रात्रि के समय सिन्दुर या हीगुल से दुकान के वाहर लिखे तो व्यापार की वृद्धि होती है। दूसरा

विधान यह है इस य त्र को भोज पत्र पर अथवा कागज पर पच गंध से लिखे जिसमे केशर, कस्तूरी कपूर, गोरोचन और चदन का मिश्रित हो उत्तम पात्र मे पच गध से तैयार कर चमेली की कलम से लिखे । यह य त्र विशेष कर दीवाली के दिन अर्ध रात्रि के समय लिखना चाहिये

यत्र न० ४२

९२	९९	२	७
६	३	९६	९५
९८	९३	८	१
४	५	९४	९७

और ऐसा समय निकट नही हो और कार्य की आवश्यकता हो तो अमावस्या के अर्ध रात्रि के समय लिख, और जिसके लिये बनाया गया हो, उसी समय प्रात. काल दे देवे । य ंत्र को पास में रखने से ऋतु वीन्त का स्त्राव नही रूकता हो तो रूक जायेगा । गर्भ धारण करेगा और रक्षा होगी इष्ट देव का स्मरण नित्य करना चाहिये ।।४२।।

लक्ष्मी दाता पांच सो का यंत्र ।।४३।।

इस य ंत्र को पास मे रखने से लक्ष्मी प्राप्ती होगी और विधान इसका यह है कि

यत्र न० ४३

२४२	२४९	२	७
६	३	२४६	२४५
२४८	२४३	८	१
४	५	२४४	२४७

पुत्र की इच्छा वाले पति-पत्नी पास मे रखे तो आशा फैलेगी। शुभ कामना के लिये अष्ट गंध से लिखना और वेरी, पुन पराजय के हेतु यक्ष कर्दम से लिखना चाहिये। कलम चमेली की लेना और यत्र मादलिया मे रख पास मे रखना अथवा कागज मे लपेट कर जेव मे रखना। धर्म के प्रताप से आशा फलेगी। दान पुण्य करना धर्म निष्ठा रखना ॥४३॥

सात सो चोबीस यंत्र ॥४४॥

इस यंत्र को एक सो इक्यासिया यत्र भी कहते है। इस यत्र को वशीकरण यत्र को

यत्र नं० ४४

१८१	१८१	१८१	१८१
१८१	१८१	१८१	१८१
१८१	१८१	१८१	१८१
१८१	१८१	१८१	१८१

चाँदी के पतडे पर तैय्यार करा कर प्रतिष्ठा कराकर पूजा कराने से भी लाभ होता है जिसको जैसा योग्य मालूम हो करा लेवे। धर्म पर श्रद्धा रखे। इष्ट देव का स्मरण किया करे ॥४४॥

लक्षिया यंत्र ॥४५॥

इस यत्र को सोना गेरू से लिख कर अपने पास रखने से अग्निभय से वचाव होता है। जिन लोगो को मातेहाती मे काम करना पडता है और उपरी अधिकारी वार २ नाराज होते है। तो इस यत्र को पच गंध से लिखकर अपने पास रखे तो अधिकारी की कृपा रहती है अक्सर कई जगह पति पत्नि के आपस मे वैमनस्व हो जाया करता है। वहमी भी अल्प समय मे हो तो दुखदायी नही होता। परन्तु वार २ क्लेश होता हो तो इस यत्र को कुकुम से लिख कर पुरुष पास मे रखे तो पत्नि के साथ प्रेम वढ़ता है। अक्सर ऐसे यंत्र दीवाली के दिन मध्य

यंत्र नं० ४५

४९९९२	४९९९९	२	७
६	३	४९९९६	४९९९५
४९९९८	४९९९३	८	१
४	५	४९९९४	४९९९७

रात्रि में लिखते है और धन प्राप्ति अथवा दूसरे किसी काम के लिये बनवाना हो तो पंच गंध से लिखते है, जिसमें केसर, कस्तूरी चंदन, कपूर, मिश्री का मिश्रण होना चाहिये ॥४५॥

लखिया यंत्र दूसरा ॥४६॥

इसको भी दीवाली के दिन मध्य रात्रि में लिखते हैं और अष्ट गंध से लिख कर यंत्र जिसके लिये बनाया हो अथवा उसका नाम लिखकर पास में रखने से जय विजय होता है

यंत्र नं० ४६

४२०००	४९०००	२०००	७०००
६०००	३०००	४६०००	४५०००
४८०००	४३०००	८०००	१०००
४०००	५०००]	४४०००	४७०००

व्यवसाय करते समय जिस गद्दी पर बैठते हैं उसके नीचे रखने से व्यवसाय में लाभ होता है। ऊपर बताया हुआ लिखिया यंत्र भी ऐसे कार्य में लाभ देता है। जिसको जो यंत्र ठीक लगे उसी

का उपयोग करे। इस यंत्र का एक विधान और भी है। वह हमारे संग्रह मे नही है। परन्तु विधान यह है कि दीवाली की मध्य रात्रि मे लिखकर उसके सामने एक पहर तक यंत्र का ध्यान करे। और फिर वन खड मे या वाग मे अथवा जलाशय के किनारे बैठकर यत्र के सामने एक पहर तक यत्र का ध्यान करे। जिससे यत्र सिद्ध हो जायगा क्रिया करते समय लोभान का धूप वनाकर रखना चाहिये तो यत्र सिद्ध हो जायगा और भी इन दोनो यत्र के कई चमत्कार है। श्रद्धा रखकर इष्ट देव का स्मरण करते रहना चाहिये जिससे कार्य सिद्ध होगा ॥४६॥

यन्त्र नं० ४७

५१	८	५३	६४	१	४६	६९	६	७१
४६	४४	६२	१९	३७	५५	२४	४२	६०
३५	८०	१७	२८	७३	१०	३३	७८	१५
६६	३	४८	६८	५	५०	७०	७	५२
२१	३९	५७	२३	४१	५९	२१	४३	६१
३०	७५	१२	३२	७७	१४	३४	७९	१६
६७	४	४९	७२	९	५४	६५	२	४७
२२	४०	५८	२७	४५	६३	२०	३८	५६
३१	७६	१३	३६	८१	१८	२९	७४	११

जयपता का यंत्र ।। ४७ ।।

यह जयपता का यत्र है जिस व्यक्ति को महात्माओं की कृपा प्राप्त हो जाती है उसीको इस यत्र की आमनाय मिलती है । सामान्य से इस यत्र के लिये कहा है कि इस यत्र को पच गध अथवा अष्ट गध से लिखे और किसी खास काम पर विजय पाने के लिये बनाना हो तो यक्ष कर्दम से लिखे । लिखते समय इक्यासी कोठे मे पाच का अंक बनाकर चढते अक से लिखने को शुरू करे जैसे प्रथम पक्ति के पाचवा कोठे मे एक का अक लिखे । सातवी लाइन के आठवे कोठे मे दो का अक लिखे । चोथी लाइन के पांचवे कोठों में पाच का अक लिखे । प्रथम लाइन के आठवे कोठे मे ६ का अक लिखे । चोथी लाइन के आठवे कोठे मे सात का अक लिखे । प्रथम लाइन के दूसरे कोठे मे आठ का अंक लिखे । सातवी लाइन के पाचवे कोठे मे नौ का अक लिखे और तीसरी लाइन के छट्ठे कोठे में दस का अंक लिखे । इस तरह से सम्पूर्ण अक को चढते अक से लिखकर पूर्ण करे और तैयार हो जाने पर जिस मनुष्य के लिये बनाया हो उसका नाम व कार्य का संक्षेप नाम यंत्र के नीचे लिखे । इस तरह से तैयार कर लेने के बाद यत्र को एक बाजोट पर स्थापन कर अष्ट द्रव्य से पूजा कर यथा शक्ति भेट भी रखे और बहुत मान से यंत्र को लेकर पास मे रखे तो लाभदायी होता है । नीति न्याय को नही छोडे । चरित्र शुद्ध रखे । जिससे सफलता मिलेगी ।। ४७ ।।

विजयपता का यंत्र ।। ४८ ।।

इस यत्र के लिखने का विधान जयपताका की तरह समझना चाहिये । विशेष इस यंत्र मे यह विशेषता है कि प्रत्येक पक्ति के पांचवे खाने मे अताक्षर एक है चोथे मे अनुस्वर है और छठो पक्ति के प्रत्येक खाने मे अताक्षर दो का है आठवे कोठे मे अताक्षर तीन का है कही ६ का, कही आठ का अक अधिक बार आया है । इस यंत्र को विधि से लिख कर पास मे रखने से विजय मिलती है । वाद विवाद करते समय मुकदमे की बहस करते समय और सग्राम मे अथवा इसी तरह के दूसरे कामो मे प्रयास प्रमाण या प्रवेश किया जाय तब इस यत्र को पास रखने से सहायता मिलती है इस यत्र का लेखन अष्ट गध या पच गंध अथवा यक्ष कर्दम से हो सकता है बाकी विधान जयपताका यत्र की तरह समझ लेना चाहिये श्रद्धा से कार्य सिद्ध होता है विजय पाते हैं हिम्मत रखने से आशा फलती है ।। ४८ ।।

यन्त्र न० ४८

४७	५८	६९	८०	१	१२	२३	३४	४९
५७	६८	७९	९०	११	२२	३३	४४	४६
६७	७८	८	१०	२१	३२	४३	५४	५६
७७	७	१८	२०	३१	४२	५३	५५	६६
६	१७	१९	३०	४१	५२	६३	६५	७६
१६	२७	२९	४०	५१	६२	७३	७५	५
२६	२८	३९	५०	६१	७२	८३	४	१५
३६	३८	४९	६०	७१	८२	४	१४	२५
३७	४८	५९	७०	८१	२	१३	२५	३५

संकट मोचन यंत्र ॥ ४९ ॥

इस यत्र से यह लाभ है कि शरीर अस्वस्थ हो गया हो या पेट दर्द हो गया हो तो उस समय अष्ट गध से कासी की थाली मे यंत्र लिखकर, धोकर पिलाने से दर्द मिट जाता है । इस तरह के विधान है, सो समझ कर उपयोग करे ॥ ४९ ॥

यन्त्र नं० ४९

११५	१५५	१५६	१३२	१५४	१५३	१२७
१३८	११६	१५१	१३१	१५२	१२६	१३७
१३३	१३४	११७	१३०	१२५	१३५	१५६
१३९	१४०	१२४	११८	१४१	१४३	१४३
१४४	१२३	१४५	१२९	११९	१४६	१४७
१२२	१४८	१४९	१२६	१५०	१२०	१२१

विजय यंत्र ॥ ५० ॥

इस यंत्र को विजय यत्र और वर्द्धमान पताका भी कहते हैं हमारे सग्रह मे इसका नाम वर्द्धमान पताका है, परन्तु इस यंत्र को विजय राम यत्र समझना चाहिये क्योंकि यही नाम इस यत्र के मंत्र मे आया है। इस यंत्र को रविवार के दिन लिखना चाहिये। और ऐसा भी लेख है कि केपुसंडिया तारा का उदय हो तब लिखना चाहिये। जव यत्र तैयार हो जाय तब एक बाजोर पर स्थापन कर धूप दीप की जयणा सहित रखकर कुछ भेट रखकर और नीचे बताये हुये मंत्र की एक माला फेरना। ॥ मत्र ॥ॐ ह्रीश्री क्ली नमः विजय मंत्र राज्यधार कस्य ऋद्धि वृद्धि जय सुखं सौभाग्य लक्ष्मी मम् सिद्धि कुरु २ स्वाहा ॥ जिसको जैसा विधान मालूम हो, उपयोग करे। इस तरह की माला फेरते पचामृत मिश्रित शुद्ध वस्तुओ का हवन करना भी बताया है। इस यंत्र के नौ विभाग बताये है प्रत्येक विभाग के अलग-२ यत्र भी है। जिसका वर्णन इस प्रकार है—

(१) प्रथम विभाग के यत्र से दृष्टि दोष, डाकिनी शाकिनी, भूतप्रेत आदि का भय नष्ट होता है।

(२) दूसरे विभाग के यत्र से अधिकारी आदि को प्रसन्नता रहती है।

(३) तीसरे विभाग के यत्र से अग्नि भय, सर्प का भय या उपद्रव नष्ट होता है।

(४) चौथे विभाग के यत्र से ताप एकान्तरा, तिजारी आदि नष्ट होती है।

(५) पाँचवे विभाग के यत्र से नवग्रह आदि पीडा नष्ट होती है।

(६) छठे विभाग के यत्र से विजय पाते है।

(७) सातवे विभाग के यत्र से मन्दिर आदि के दरवाजे पर लिखने से दिन-दिन मे उन्नति होती है।

(८) आठवे विभाग के यत्र से धनुष आदि शस्त्र पर बाधने से विजय पाते हैं।

(९) नवे विभाग के यत्र से दीवालो के दिन दीवार पर लिखने से जय विजय होती है। इस तरह से नो विभाग के यत्रो का वर्णन है। प्रथम विभाग के अक गिनती के अनुसार, प्रथम पक्ति के मध्य का समझना, इसी तरह से दूसरा, तीसरा आदि चढते हुए अंको से समझना चाहिए। इस यत्र का दूसरा विभाग इस प्रकार है कि विधि सहित यत्र तैयार करके एकान्त स्थान मे शुद्ध भूमि बनाकर कुम्भ स्थापना कर अखण्ड ज्योत रखे और चोकोर पाटे पर नन्दी वर्धन साथिया करे। चावल सवा सेर, देशी तेल के केसर से रंगे हुये अखण्ड हो, उनसे साथिया कर फल नैवेद्य और रुपया, नारियल चढावे फिर सामने बैठकर साढे बारह हजार जाप यत्र के सामने पूरे करले। वे नियमित जाप की सख्या प्रतिदिन एक सी हो इस तरह से विभाग कर जाप पाच दिन अथवा आठ दिन मे पूरा कर लेवे। जाप करने के दिनो मे चढने से पहले पूजा कर लेवे। भूमि सयन ब्रह्मचर्य पालन और आरम्भ का त्याग कर नित्य स्थापना कर स्थान मे ही करे। जिसदिन जाप पूरे हो जाय साथिया मे से चावल चूटि भर कर लेवे। और सिरहाने रखकर एक माला यन्त्र की फर कर सो जावे। रात्रि के समय स्वप्न मे शुभा शुभ कथन देव द्वारा मालूम होगे और धन वृद्धि होगी। कार्य सिद्ध होगा। आशा श्रद्धा से और पुण्य से फलती है। पुण्य, धर्म साधन से उपार्जित होता है। इसका पूरा ख्याल करे। ॥५०॥

यन्त्र नं० ५०

७१	६४	६९	८	१	६	५३	४६	५१
६६	६८	७०	३	५	७	४८	५०	५२
६७	७२	६५	४	९	२	४९	५४	४७
२६	१९	२४	४४	३७	४२	६२	५५	६०
२१	२३	२५	३९	४१	४३	५७	५९	६१
२२	२७	२५	४०	४५	३८	५८	६३	५६
३५	२८	३३	८०	७३	७८	१७	१०	१५
३०	३२	३४	७५	७७	७९	१२	१४	१६
३१	३६	२९	७६	८१	७४	१३	१८	११

यन्त्र नं० ५१

२५८	१
३६९	२
४७०	३
३६९	४
४७०	५
५८१	६
४७०	७
५८१	८
६९२	९
५८१	०

सिद्धा यन्त्र ॥ ५१ ॥

यह सिद्धा यन्त्र, सिद्धा सटोरियो के काम का है। इस यन्त्र को पास मे रखने की आवश्यकता नही है। न ही दीप, धूप रखकर भोज पत्र मे लिखने की आवश्यकता है। यह यन्त्र तो जो इसकी गिनती के अनुभवी हैं उन्हो के काम का है। जो पुरुष इसका उपयोग समझ सकेगा, वही लोग ऐसे यन्त्रो से लाभ उठा सकेंगे और बिना अनुभव से कार्य करने वाला हानि उठाता है ॥ ५१ ॥

चौसठ योगिनी यन्त्र ॥५२॥

यह चौसठ योगिनी यन्त्र कई तरह के कार्य सिद्ध करने मे समर्थ है। इस यन्त्र के लिखने मे यह खूबी है कि एक का अक लिखे वाद दो अंक तिरच्छे कोठे मे, तिरच्छे एक कोठे के वीच मे छोड कर लिखा गया है। इसी तरह के तमाम अक तिरछे कोठे मे एक-एक छोडते हुए लिखे है और अन्त मे चौसठवे अक पर समाप्ति की है। इस यन्त्र की लेखन विधि को अच्छी समझ लेना चाहिये और यन्त्र लिख कर जिस कार्य की पूर्ति के लिए वनाया हो उसकी विगत

यन्त्र न० ५२

४६	७	२०	३३	४४	५	१८	३१
२१	३४	४५	६	१९	३२	४३	४
८	४७	६०	५७	६२	५३	३०	१७
३५	२२	६३	५४	५९	५६	३	४२
४८	९	५८	६१	५२	४१	१६	२९
२३	३९	५१	६४	५५	५८	१३	२
१०	४९	३६	२५	१२	१५	४०	२७
३७	२४	११	५०	३९	३६	१	१४

और जिसके लिये बनाया हो उसका नाम यन्त्र मे लिखना चाहिए। जब यन्त्र, विधि सहित तैयार हो जाये तब शुभ समय मे पास मे रखे और हो सके वहाँ तक कार्य सिद्धि तक धारण करना चाहिए। धूप नित्य देने से प्रभाव बढता है कष्ट भी शीघ्र मिटता है और भावना फलती है। इष्ट देव देवी की पूजा करना और दान पुण्य करना सो कार्य ठीक होगा ।।५२।'

दूसरा चौसठ योगिनी यंत्र ॥५३॥

२६० का यह यन्त्र वहुत से कार्य मे काम आता है। लिखने का विधान सर्वत्र समझना चाहिये। इस यन्त्र को तावे के पतडे पर वनवा कर पूजा करने से भी लाभ होता है। इष्ट देव की सहायता से कार्य सिद्ध होता है। मनुष्य का प्रयत्न करने का काम है ॥५३॥

यन्त्र न० ५३

७	८	५९	६०	६१	६२	२	१
१६	१५	५१	५२	५३	५४	१०	९
४२	४१	२२	२१	२०	१९	४७	४८
३३	३४	३०	२९	२८	२७	३९	४०
२५	२६	३८	३७	३६	३५	३१	३२
१७	१८	४६	४५	४४	४३	२३	२४
५६	५५	११	१२	१३	१४	५०	४९
६४	६३	३	४	५	६	५८	५७

उदय अस्त अंक ज्ञाता यंत्र ॥५४॥

यह उदय अस्त अक ज्ञाता यन्त्र है। इसका ज्ञान जिसको है वह जान सकता है कि

भाव क्या खुलेगे ? और क्या बन्द होगे ? इस यन्त्र की गिनती किस प्रकार से करना चाहिए। इस यन्त्र की आम्नाय गुरू नाम से प्राप्त हो जाय तो कार्य सिद्ध होते देर नही लगती। इस यन्त्र को द्रव्य प्राप्ति हेतु चितामणि यन्त्र भी कह देना तो अतिशयोक्ति नही है। नसीब जोरदार हो तो देर नही लगती। यह यन्त्र विशेष करके सटोरियो के काम का है। इसकी गिनती का अभ्यास करने से जानकारी होगी। इष्ट देव के स्मरण को नही भूलना चाहिये। दान-पुण्य करने से इच्छाएँ फलती है ॥५४॥

यन्त्र नं० ५४

	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
१	४००४ ७४३७	२९९२ ६८८१	४९२५ ०३३७	२५५२ ९३४२	२५५२ ६८९७	६३४१ ५७२५	६९५१ ५०९७	७४९७ ५२२५	९३३५ ०६२९	२५३७ ९६७४
२	६००५ ३६७८	७३५७ ४०००	६९०२ ८१४०	४७६९ ३०७०	८०७९ ५३५५	७३५३ ९५९१	४१९३ ६९७९	८३४६ ७०९७	९२१९ ३१०३	४९७९ २५४०
३	३६०४ ४१००	९७७९ २०२४	५३२६ ७५०४	४११५ ९३७०	०८५३ ९१९९	५०८१ २८८२	५९३५ २४०४	६०६४ १९८२	६८९३ ७१०३	३७६० ७३९६
४	५६६६ ३५८०	५७७५ ३००३	२८८६ ६९४४	६४४१ ५७७३	४५०४ ३३६८	७३३७ २८९१	१५१७ ६००७	२५९६ ३१३७	७३७५ ९५४६	३५३७ २९२४
५	६६०२ ३८८१	८००५ ७५९२	६००६ ५३८४	५५६० ८६७१	९५३७ ४१७०	६४६९ ६२३५	६३७९ ४६३४	५५३६ ६४५२	८७०० १५२९	९५०६ ७३५३
६	८३७० ६९१८	७३३१ ८५०५	६९३७ २६७१	७९०७ ३००३	९६९७ ५३६८	७००७ ३६६९	७५६४ ३९९२	७२५७ २५४१	४१७५ ९२०४	५३६९ ३९४२
७	४००४ ४७९६	३७०२ ४२०८	४००७ ७३९५	१८८१ ३७०२	२९०७ ९६१७	१८२८ ०३८६	३९६२ १९७३	३६७२ १९३१	३७०७ १०७४	३७४० ६३१९
८	५०८९ ७८३५	३००३ २९७३	४००५ ६९९७	८६३० ५७८०	३१२९ ६००६	२५५२ ५८६९	७००७ ६४४६	२५५७ २३४७	३७२९ ००७९	२५२६ ७४९३
९	१४०४ ९५९६	४५२८ ६०५७	४७७१ ११३६	८००४ २१९७	२५५२ ७००७	४१७० १३३६	४५०८ १८०१	७४३५ ९६०३	९२८६ ५२६०	८१६९ २९०४
१०	७१६४ ४६५२	६४२४ २०६९	३७७० ९२०९	६३९६ ४००८	३००४ ३९४६	२१६४ ५३१६	९२०५ ३१८३	९३७१ १८६०	५७०६ ५०३६	०१३० २५५३

यंत्र नं० ५५

इन दोनो यन्त्रो को रवि पुष्य, वा रवि हस्त को शुभ योग मे सोना, चादी, तावे के पत्रे पर खुदवा कर अनार की कलम से सुगन्धित द्रव्यो से लिखकर सफेद कपडा पहन कर उत्तर या पूर्व दिशा मे वैठ कर यन्त्र लिखे यन्त्र भोज पत्र पर भी लिख कर यन्त्र तावीज मे डाल कर गले मे या हाथ मे वाधे तो आठ भय से तथा सर्व रोग शात होते है। भूत, प्रेतादिक की पीडा

श्री	श्रा	क्ले	श्व	र	पा	र्श्व	ना	था	य	न	म.	न	य	था	ना	र्श्व	पा	ल	ला	या	जी	श्री
न											णा											ऊग
व										ञ्जु	वो	ह्रि										व
प									य	स	भ	ति	भ्म									ल्ल
ल्ल								भ्म	हि	र्व	पा	वं	ति	अ								म
व							न	र	ति	रि	र्व	सु	क्षि	जी	वा							पा
पा						म	षु	ओ	त	स्स	गा	ह	रो	ग	मा	री						र्श्व
र्श्व					इ	या	स	ह	र	बि	स	णि	ण्णा	सं	मं	दु	पा					ना
ना				व	हो	स	वि	गा	ह	१	८	५	रं	पा	ग	ह्न	वं	वि				था
था			हा	य	ला	जो	क्लं	स	६४	२६	४३	५	४७	खं	ला	उा	ति	ग्धे	र			यं
य		दि	म	पा	फ	इ	मु	५	१५	३१	७४	३६	२८	१	क	रा	ण	णं	वि	म		न
न																						
म.	जि	व	ओ	प्प	हु	रे	ण	६	४६	३८		४२	५९	८	ह्लु	ऊं	दु	जी	वा	वे	चे	मः
न		दे	षु	क	ब	धा	घ	१	२७	३६	३१	४८	१०	५	ण	ति	क्ख	वा	रें	म		न
य			सं	णि	वि	ठे	क्म	व	३३	२०	३७	५४	४१	पा	आ	उ	को	अ	ण			य
था				न	सो	कं	क	भि	दा	५	८	१	वं	सं	वा	व	ह	य				था
ना					णा	लं	मं	ग	लि	फु	र	ह	स	वि	सं	सा	गं					ना
र्श्व						प	भ्म	लु	तो	मं	रे	ह्न	उ	ह्न	चि	मं						र्श्व
पा							ता	चिं	छें	ल	ले	सं	सं	ह	तु							पा
णा								घ	ह्न	णं	ठा	रं	म	रा								णि
वा									ता	ण	र्व	य	हि									म
र										स	पा	वे										ता
व											त											चिं
श्री	अ	मी	ऋ	रा	पा	र्श्व	ना	था	य	न	म.	न	य	था	ना	र्श्व	पा	ह्न	री	त	अं	श्री

शात होती है । लक्ष्मी लाभ, सन्मान, यश, राज्य मान्यता, कोर्ट मे विजय होती है कुष्ट, ज्वर, वायु रोग भी इस यन्त्र को धो कर पिलाने से नष्ट हो जाता है, सर्प का जहर उतर जाता है । एक वर्ण की गाय के दूध से यन्त्र का प्रक्षालन कर पिलाने से बध्या गर्भ धारण करती है ।

जय माला सोना, चादी, प्रवाल रेशमी, सूत अथवा लीला, सफेद, रगनी रखना । शुभ चन्द्र मे मूल मन्त्र की छ मास मे सवा लाख जाप करना चाहिए । यथा शक्ति ब्रह्मचर्य पालना । जाप पूर्ण होने पर प्रतिदिन ९–१०८, २७ या १०८ बार जप करना । यथा शक्ति सप्त क्षेत्रो मे पूजन आदि मे द्रव्य खर्च करना । पाचो गाथाओ का १०८ बार प्रतिदिन जाप करने से सर्व कार्यो की सिद्धी, सर्व रोगो का नाश सुख सपत्ति की प्राप्ति होती है ।।५५–५६।।

यन्त्र ५६ का

ॐ नमो श्रीँ ह्रीँ श्रीँ
ॐ ह्रीँ श्रीँ क्लीँ श्रीँ शंखे
श्वर पार्श्व नाथाय नमः

मम शुभं
भवतु

चोबीस तीर्थकरो का यंत्र

इस यत्र को सुवर्ण या चाँदी के पतड़े पर बनावे रविपुण्य नक्षत्र में । यत्र मे दिये हुए अंको के समान उन २ भगवान को नमस्कार करे । यत्र में लिखे यत्र का प्रातः कम से कम पाच माला जपे । घर मे अटूट धन, घर मे शान्ति रहती है ।। ५७ ।।

यन्त्र नं० ५७

१६	१२	८	५	३	२
१	१४	१३	९	१०	४
६	७	११	१८	१९	२०
२१	२२	२३	२४	१७	१५
ॐ	ह्री	श्री	क्ली	न	म

←यन्त्र न० ५८

कल्प वृक्ष यंत्र

इस यन्त्र को रविपुष्य गुरुपुष्य रवि हस्त या रवि मूल मे शुभो प्रयोग मे सोना चादी के पतडे व भोजपत्र पर अष्टगध से लिखे, हमेशा पूजन करे, अक्षत से उन्हे अपने सिर पर डाले । मनुष्य मान सन्मान सत्कार पावे । रोजगार वृद्धि लक्ष्मी प्राप्ति । यन्त्र के एक एक अक्षर मे चौवी तीर्थंकर देवी का निवास है ।। ५८ ।।

यन्त्र नं० ५९

इस पार्श्वनाथ यन्त्र को पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याण के दिन तांबे के पतडे पर खुदवावे। सुगन्धी द्रव्य से लिखें एक धान का एकासन करे। फूल जाइके से पूजन करे। धरणेन्द्र पद्मावती प्रसन्न होय मन वांछित फल देवे ॥ ५९ ॥

सर्व मनोकामना सिद्ध यंत्र

इस यन्त्र को पास में रखने से सर्व मनोकामना सिद्ध होती है ॥ ६० ॥ ६१ ।,

यन्त्र नं० ६०

यन्त्र नं० ६१

१३० को सर्वतो भद्र यन्त्र सिद्ध मन्त्र

मन्त्रः—ॐ ह्रीं श्रीं चतुर्दश पूर्वेभ्यो नमो नमः

विधि.—इस यन्त्र को रविपुष्य मे, शुभ योग मे वनावे। मन्त्र का सवालाख जाप करे। इससे महाविद्यावान तथा सर्व प्रकार सुखी होवे ॥ ६२ ॥

यन्त्र न० ६२

१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०
१३०	३४	४८	२	१६	३०	१३०
१३०	४६	१०	१४	२८	३२	१३०
१३०	८	१२	२६	४०	४४	१३०
१३०	२०	२४	३८	४२	६	१३०
१३०	२२	३६	५०	४	१८	१३५
१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०

अद्‌भुत लक्ष्मी प्राप्ति यन्त्र

इस यन्त्र को सोना चादि या ताँवे के पत्रे पर खुदाकर पूजन करे तथा ॐ ह्री श्री कली अर्हं नम महा लक्ष्म्यै धरणेन्द्र पद्मावती सहिताय ह्री श्री नम ॥ इस यन्त्र का १२५०० जाप करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥ ६३ ॥

यन्त्र न० ६३

ॐ	ह्री	श्री	क्ली	महा
अ	र्ह	न	म	लक्ष्मै
ध	र	णे	न्द्र	पद्मा
स	हि	ता	य	वती
ह्री	श्री	न	मः	नम

यन्त्र न० ६४

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

इस यन्त्र को सोना व चाँदो, ताबा के पत्ते पर खुदावे। अष्ट गध से रविपुष्य मे लिखकर पूजै। व्यापार वृद्धि होय। लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥ ६४ ॥

यन्त्र न० ६५

४२	७	५६
४९	३५	२१
१४	६३	२८

इस यन्त्र को सुगन्धी द्रव्यो से भोजपत्र पर लिखकर पूजै, विद्या वहुत आवे ।।६५।।

यन्त्र म ६६

यह यन्त्र लक्ष्मी दाता चमत्कारी है। रविपुष्य मे सोने चाँदी के भोजपत्र पर लिखकर हमेशा पूजन करे ।। ६६ ।।

यन्त्र ग्रं० ६७

१	०	०	०
०	०	०	१
०	०	०	०
१	०	०	०

इस यन्त्र को अष्ट गध से लिखकर दीवाली के दिन रोहिणी नक्षत्र मे इसे घड़े मे रखकर, घर के भण्डार मे रखने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है । इसे कु भ मे लिख,कुंभ का पानी रोगी को पिलाने मे रोग नष्ट होता है ॥ ६७ ॥

यन्त्र न० ६८

श्री महा लक्ष्मी प्राप्ति यन्त्र

यह त्रिक (तीन) का यन्त्र लक्ष्मी पूजन का है । चांदी के कलश मे लिखकर घर मे स्थापित करे तो लक्ष्मी की प्राप्ति अवश्य होती है ॥ ६८ ॥

॥ अद्‌भुत विद्या प्राप्ति यन्त्र नं. ६९ ॥

इस यन्त्र को रविपुष्य मे कांसी की थाली मे तैयार कर सुगन्ध द्रव्य से सुदी पंचमी से दशमी तक, चाँदनी रात्रि मे, थाली मे पानी भर कर रखे । प्रातः उस पानी को पीने से अज्ञान दूर होता है विद्या बहुत आती है ॥ ६९ ॥

यन्त्र न० ६६

यन्त्र न० ७०

इस यन्त्र को दीवाली के दिन गुरु पुष्य मे अष्ट गन्ध से जाई की कलम से लिखकर पूजन करे तो सर्व प्रकार की ऋद्धि-सिद्धि प्राप्त हो। गध से पूजकर तिलक करे मान सन्मान प्राप्त हो ॥ ७० ॥

यात्र न० ७१

इस यन्त्र को तालड पत्र या भोज पत्र सोना, चाँदी व ताँबा के पत्रे पर गोरोचन, सिन्दूर, लाल चन्दन, कुकुं और अपनी अनामिका अंगुली के रक्त से यन्त्र लिखना। भक्ति से पूजन कर निम्न मन्त्र से "हन ह्री कह ह्री सह ह्रीं ॥" का सवालाख जप करना चाहिए। जप अमावस्या से शुरू कर तीन पक्ष मे पूरे करे ॥ ७१ ॥

यन्त्र न० ७२

इस यन्त्र को अपने रक्त से भोज पत्र पर लिखकर कठ या बाहु मे बाधे विद्यार्थी नो विद्या की प्राप्ति होती है। ॥ ७२ ॥

यन्य न० ७३

सर्व कार्य सिद्धि यन्त्र श्रीचक्रेश्वरी नमः

इस यन्त्र को रविपुष्य, गुरु पुष्य दीवाली मे भोजपत्र सोना चादी पर लिख पूजे, सर्व कार्य सिद्धि हाय ॥ ७३ ॥

यन्त्र न० ७४

इस यन्त्र की विधि यन्त्र न.   समान है ॥ ७४ ॥

यत्र न० ७५

४३	५०	२	७
६	३	४७	४६
४९	४४	८	१
४	५	४५	४८

इस ऋद्धि सिद्धि यन्त्र को कुंकुम, गोरोचन, केशर से आबिया (आम) के पाटे पर लिखकर पूजन करे, ऋद्धि वृद्धि होय ॥ ७५ ॥

।। चिंतित कार्य सिद्धि यन्त्र ।। ७६ ।।

१	३२	३४	१२	६	२४	४२	५५
३८	५५	५	२८	४१	५१	१३	२८
३१	८	१४	३३	२३	१७	५३	४१
१७	३७	२७	१	५२	४५	१६	१४
३	३७	३१	६१	११	१२	४४	५६
४०	५७	७	२६	४६	४६	१५	१८
२६	४	६६	३५	२१	१२	६४	१८
५८	३६	२५	८	५७	४७	१७	१६

इस यन्त्र को रविपुष्य मे अथवा अपने चन्द्रस्वर मे भोजपत्र पर चाँदी, सोना या तावे के पत्ते पर सुगन्धी द्रव्य से लिखे। जो पूजन करता है उसका चिंतित कार्य सिद्ध हो जाता है ।। ७६ ।।

श्री घंटाकर्ण महावीर अद्‌भुत चमत्कारिक यन्त्र।।७७।।

ॐ	घ	टा	क	र्णो	म	हा	वी	र	स	र्व	व्या
तो	ऽक्ष	र	प	क्ति	भि	रो	गा	स्त	त्र	प्र	धि
खिं	त्क्ष	य	शा	कि	नी	भू	त	वै	ता	ण	वि
लि	पा	स	र्पे	ग्ग	द	श्य	ते	अ	ल	स्य	ना
व	ज	च	घ	टा	क	र्णे	न	ग्नि	रा	ति	श
दे	र्णे	न	ह्ली	र	ठ	ठ	मो	चो	क्ष	वा	क
सि	क	स्य	व्लू	वी	स्वाहा	ठ	स्तु	र	सा	त	वि
ष्ठ	न्ति	त	क्लो	र	न	ॐ	ते	भ	प्र	पि	स्फो
ति	या	ण	श्री	ह्ली	ॐ	स्ति	ना	यं	भ	त्त	ट
व	स्ति	र	म	ले	का	ना	न	न्ति	व	क	क
त्र	ना	य	भ	ज	रा	त्र	त	वा	ध्म	को	भ
य	ल	व	हा	म	क्ष	र	क्ष	र	प्ते	प्रा	य

इस यन्त्र को रवि पुष्य व शुभयोग मे भोजपत्र, चादी, ताबा के पतरे पर व कासी की थाली मे खुदवावे। रवि हस्त अथवा मुला गुरु पुष्य मे भी दीवाली के दिन बन सकता है। यन्त्र का पचामृताभिषेक कर, चन्दन पुष्पादि से पूजा करना चाहिये। जाई जुई के १०८ पुष्प रखे। मन्त्र बोल कर एक—एक फूल थाली मे चढावे। एक टुकडा अ गरबत्ती का लगावे और लकडी से एक टकोर थाली मे लगावे (बजावे)। १०८ बार होने पर थाली मे श्री फल, पंचरत्न की पोटली तथा रुपया एक चादी का रख दे। एक कासी की थाली मे यन्त्र लिखले। इन दोनो यन्त्रो को एक ही विधि है ।। ७७—७८ ।।

यन्त्र न० ७८

ह्रीं

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं क्रौं

ॐ घंटाकर्ण महावीर

८	१	६
३	५	७
४	९	२

ॐ	ह्रीं	श्रीं	क्लीं
हा	धीए		क्रौं
स्म	ह्रीं	ॐ	ॐ
र्णे	क	टा	घं

८	१	६
३	५	७
४	९	२

ह्रीं

यन्त्र नं० ७९

इस चन्द्र यन्त्र को रूपा (चादी) के पतरे पर खुदवाना, अष्टगन्ध से, चन्द्र ग्रहण मे लिख कर अपने घर मे रखे, फिर आवश्यकता पड़ने पर तीन दिन तक धोकर पिलावे तो रोग मिट जाये। शनिवार, रविवार, गुरुवार को इसे धोकर सवेरे पिलावे, कफ, गुल्म नष्ट हो जाये। इसका पूजन करने से जहाँ जाये, वहाँ जय होय सब काम सफल होय ।। ७९ ।।

सर्व रोगनिवारण यन्त्र न० ८०

ॐ	ह्री	वि	स	ह	र	पा	स	नाह
ह्री	ॐ	ह्री	फु	लिं	ग	क	म	ठ
श्री	श्री	ध	र	णे	न्द्र	प	द्मा	व
क्ली	श्री	ती	मा	तृ	दे	वी	मम	विस
भ्रौं	श्री	रोग	शोकं	भय	द्वेष	जरा	मरण	विघ्न
झौ	श्री	विध्न	रा	जा	दि	भ	य	चो
ह्री	श्री	श	दि	भ	य	व्या	घ्रा	दि
ह्री	श्री	भ	य	सिं	हा	दि	भ	य
ह्लँ	क्षः	स	वँ	फु	ट	फु	ट	स्वा
ह	क्ष	हा	ठ	ठ	ठ	ठ.	ठ	स्वाहा

इस यन्त्र को रवि पुष्य या शुभ योग मे कांसी की थाली मे खुदवाना । अष्टगंध या केशर मे अक्षर अक्षर की पूजन कर सुखाना, पीछे उसे पानी से धोकर उस पानी को दिन मे तीन वार पिलाने से सर्वआधि, व्याधि रोग, पीडा भय, मिट जाता है ।।८०।।

यन्त्र नं० ८१

३६	३६	३६
३६	३६	३६
३६	३६	३६

इस छत्तीस यन्त्र को सुगधित द्रव्य से लिख कर धारण करने से आधा शीशी नष्ट हो जाती है ।।८१।।

यन्त्र नं० ८२

७	६	०	१	०	०
८	०	०	३	०	०
२	०	०	०	०	०
५	६	७	८	९	१०
४	०	०	०	०	०
५	३	२	१	०	८

इस यन्त्र को भोजपत्र या साधा कागज पर लिख कर मादलिया ताबीज में रख कर भुजा या गले में बाध दे तो आंधा शीशी जाये ।।८२।।

यन्त्र नं० ८३

ह्रीं	श्रीं	श्रीं	श्रीं
ह्रीं	दे	व	ह्रीं
श्रीं	द	त्त	श्रीं
ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं	ह्रीं

इस यन्त्र को किसी भी प्रकार के रोग के लिए तथा वश करने के लिए सुगधित द्रव्य से लिखे। देवदत्त के स्थान पर अपना नाम लिखे ।।८३।।

गुमडा होने का यन्त्र यन्त्र नं० ८४

हा क स्वा ७	ख पा छ र्श्व
घ ८	३ ग्र
र ६ म ५	२ घ १ य
भ त	क्ष ध

इस यन्त्र को भोजपत्र या कागज पर सुगधित द्रव्य से लिख कर भुजा मे बाधने से सर्व प्रकार के फोडे गुमडे मिट जाते है ।।८४।।

यन्त्र न० ८५

३८	४६	२६	७७
३	८	४	७
१	८	२	३
११	७	२०	६

इस यन्त्र को रविवार के दिन भोज पत्र पर लिख कर बांधने से आधा शीशी का रोग जाय ।।८५।।

यन्त्र न० ८६

इस यन्त्र को हर ताल से बड के पत्ते पर मंगलवार के दिन लिख कर अपनी भुजा मे बाधे तो दुखता (मसा) हरस मिट जाय रक्त स्राव ।।८६।।

यन्त्र न० ८७

२	१०	३
३	२	१०
१०	३	२

इस पद्रहरिया यन्त्र को लिख कर धोकर पिलाने से तुरन्त ही ज्वर-ताप उतर जाता है। भूत प्रेत वगैरह जाय। यह बडा चमत्कारी है ॥८७॥

यन्त्र नं० ८८

१ श्री ह्री २	क्ली ३ ४ ॐ
७ हा खा ८	हन ६ ५ क्ष

इस यन्त्र को मगलवार, गुरुवार या शनिवार को जाई की कलम से आक के पत्ते पर लिख कर भुजा या गले में बांधे या सिरहाने रखे तो सभी प्रकार का ताप ज्वर उतर जावे ॥८८॥

भूत प्रेत पिशाच डाकिन वगैरह निवारण यन्त्र ॥८९॥

इस यन्त्र को हरताल मनसिल हिंगुल तथा गोरोचन से आकड़ा के पत्ते पर लिख, धूप देकर जिसके गले, भुजा या कमर मे वाधे तो भूतादि वाधा नष्ट हो जाय ॥८९॥

व्यापार वर्द्धक यन्त्र नं० ९०

"ॐ ह्री श्री अर्हं नम" इस मत्र को १० माला रोज २१ दिन तक सफेद माला,

ह्री	ह्री	ह्री	ह्री	ह्री
ठः	४२	३५	४०	फु
ठ	३७	३९	४१	फु
ठ	३८	४३	३६	फु
है	भुर	भुर	भुर	फु

सफेद आसन और सफेद पुष्पो से जपे। यत्र को चादी, सोना, ताबा के पत्रे पर खुदवा कर रखे। वदी चतुर्दशी से जाप करे, रात के समय जपे ॥ ९० ॥

यन्त्र नं० ९१

५९२	५९९	२	७
६	३	५९६	५९५
५९८	५९३	८	१
४	५	५९४	५९७

इस यत्र को चादी के पत्रे पर रवि गुरु पुष्य या रविहस्त मूला अथवा दिवाली के दिन जब अपना सूर्य स्वर चलता हो उस समय खुदवा कर प्रतिष्ठा कर रोज पूजन करे तो कोर्ट कचहरी आदि विषय मे जीत होय। यंत्र को जेब मे रखना ॥ ९१ ॥

यत्र न० ६२

इस यंत्र को रवि पुष्य के दिन सोना, चांदी, ताबा या भोजपत्र पर लिख प्रतिष्ठा कर लो। यत्र को ५, १०, १५ तिथि से प्रारम्भ कर साढे बारह हजार करना फिर रोज एक

ॐ	ह्री	श्री	क्ली	ब्लू	न	मि
उ	ण	सुर	अ	मुर	ग	रु
ल	भु	य	ग	प	रि	व
दि	ये	ग	ए	कि	ले	से
अ	रि	हे	सि	द्धा	य	रि
ये	उ	व	ज्झा	ये	स	व्व
सा	हू	ण	न	म	स्वा	हा

माला जपना। मन्त्र प्रारम्भ और अंत करने वाले दिन उपवास करना। सफेद वस्त्र, माला, आसन सफेद, एकाग्रचित से जप करे, मन वाछित कार्य सिद्ध हो, गृह देव प्रसन्न होय ॥ ६२ ॥

अकस्मात धन प्राप्ति यंत्र :—इस यत्र को सफेद चणोठी (सफेद गुंजा) के रस में

यंत्र नं० ९३

१	७	६	२	८	९	९
५	१	७	६	२	७	४
७	६	१	७	६	७	१
४	७	९	१	७	१	१४
१	२	४	५	७	९	१

जैतून की कलम से हर मगल को अ त की संख्या से लिखना। मौन से लिखे। २१ बार लिखने पर सिद्ध होय। पीछे अष्टगध से लिख दाए हाथ मे बाधे, अकस्मात धन लाभ होय ॥ ९३ ॥

यंत्र नं० ९४

इस एकाक्षी नारियल पर सोना चादी का बरख लगाना। उस पर यह मंत्र ॐ श्री क्ली श्री देव्यै नम कुरु-कुरु ऋद्धि वृद्धि स्वाहा। अष्टगंध से लिखे। दिवाली के दिन १२,५०० हजार जप करे। १०८ बार गोला से हवन करना। सिद्ध कर इस नारियल को भंडार की पेटी में रखे, द्रव्य की प्राप्ति होय कोई भी विपत्ति नही आती ॥ ९४ ॥

पूर्व दिशा की ओर मुखकर ॐ ह्रीं श्री क्ली एकाक्षय भगवते विश्व रुपाय सर्व योगेश्वगाय त्रैलोक्य नाथाय सर्व काम प्रदाय नम दीवाली के दिन १२,५०० हजार जप पद्मासन से

यंत्र न० ९५ यत्र न० ९६

पंचांगुली मूल मन्त्र —ॐ ह्री श्री प चागुली देवी मम सरीरे सर्व अरिष्टान् निवारणाय नम स्वाहा, ठ ठ।

इस मूल मन्त्र का पूर्ण विधि विधान से सवालक्ष जप करे तव प चागुली देवी सिद्ध होगी, सर्वकार्य की सिद्धि होती है ॥ ६५ ॥

ज्वाला मालिनी य'त्र विधि

मन्त्र —ॐ ह्री श्री अर्हं चद्र प्रभु स्वामिन्न पादप कज निवासिनी ज्वाला मालिनी स्वाहा नित्य तुभ्य नम।

इस यन्त्र को सुगन्धित द्रव्यो से भोज पत्र पर लिख कर, उपरोक्त मन्त्र का जप सवालक्ष विधि विधान से करे तव सर्व कार्य की सिद्धि हो, सर्व रोग शात हो, महादेवी श्री ज्वाला मालिनी जी का वरदान प्राप्त होता है। पश्चात विशेप कर्म के लिये अलग २ पल्लव जोड कर मन्त्र का जप करने से वैसाही कार्य सिद्ध हो। एक यन्त्र तावा, अथवा चादी, अथवा सोना, अथवा कासे पर खुदवा कर यन्त्र प्रतिष्ठा करके घर मे स्थापित करने से सर्व विघ्न वाधा दूर दूर हो। जो भोज पत्र पर लिखा हुआ यन्त्र है उसको स्वय के हाथ मे तावीज मे डाल कर वाधे, सर्व कार्य सिद्ध हो ॥ ६६ ॥

मृत्यु जय ज्वाला मालिनी यन्त्र मन्त्र की विधि

मन्त्र —ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रौ ह्र हा आ क्रौं क्षी ह्री क्लो ब्लू द्रा द्री ज्वाला मालिनी सर्वग्रह उच्चाटय २ दह २ हन २ शिघ्र २ हू फट् घे घे।

विधि .—उपरोक्त मन्त्र का जप सवालक्ष, प्रमाण विधि विधान से करे पश्चात ज्वाला मालिनी विधान म'त्र का दशास होम करने से सर्व प्रकार की अपमृत्यु का नाश होता है। यन्त्र भोज पत्र अथवा कोई भी धातु के पत्रे पर खुदवा कर, प्रतिष्ठा करके घर मे स्थापित करने से यन्त्र को धोकर पीने से, सर्वरोग शोक शात होते हैं ॥ ६७ ॥

यंत्र नं० ६६.

ज्वाला मालिनी यंत्र नं
ॐ ह्रीँ श्रीं अर्हं चन्द्र प्रभु स्वामिन पादपंकज निवासिनी ज्वाला मालिनी स्वाहा नित्यं तुभ्यं नमः
क्रौं

श्री महा मृत्युं जय ज्वाला मालिनी यत्र न० ६७

यन्त्र मे लिखित मत्र का सवालक्ष प्रमाण विधि पूर्वक जप करने से सर्व प्रकार की अपमृत्यु का नाश होता है ।

यत्र नं० ६८

ऋषिमण्डल यन्त्र न
ॐ आं क्रों ह्रीं इन्द्राय स्वाहा
ॐ आं क्रों ह्रीं सोमाय स्वाहा
पद्मप्रभ वासुपुज्या भ्यां नमः
नेमि मुनिसुव्रता भ्यां नमः

ऋषि मण्डल यन्त्र विधि

मन्त्र —ॐ ह्रा ह्रि ह्रु ह्रू ह्रे ह्रै ह्रौ ह्र असि आउसा सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रे भ्यो ह्री नम ।

विधि —ऋषि मण्डल यन्त्र को भोजपत्र पर सुगन्धित द्रव्य से लिखकर हाथ या गले मे वाधने से सर्व प्रकार के रोग, शोक, ऊपरी हवा नष्ट होती है। परकृत विद्या का नाश होता है। सर्व कार्य सिद्ध होते है। किन्तु प्रथम ऋषि मण्डल मन्त्र को विधि-विधान पूर्वक सिद्ध करे, जैसे प्रथम एक ताम्र पत्र पर अथवा सुवर्ण पत्रे पर अथवा चादी के पत्रे पर अथवा कासे के पत्रे पर यन्त्र खुदवा कर शुद्ध करावे, फिर उस यन्त्र को एक सिंहासन पर विराजमान करके, सामने दीप, धूप रखकर उपरोक्त मन्त्र का ८००० हजार जप करे, आठ दिन मे, सयम से रहे, आचाम्ल तप करे, ब्रह्मचर्य पाले, मन्त्र का जप समाप्त होने के बाद शुभ दिन मुहूर्त मे ऋषि मण्डल विधान करके दशास आहुती देवे तो मन्त्र के प्रभाव से मन चितित कार्य सिद्ध हो। सर्व उपद्रव मिटे। लक्ष्मी लाभ हो, विशेप मन्त्र का छह महीने तक नित्य ही आचाम्ल तप पूर्वक आराधना करने से स्वय के मस्तक पर अर्हत विव दिखेगा। जिसको अर्हत विम्ब दिख जायगा। उसको निश्चय ही सातवे भव मे मोक्ष हो जायगा। साधक को किसी प्रकार का भय, डाकिनी, शाकिनी, भूत, प्रेत, परकृत विद्या, इन चीजो का उपद्रव कभी नही होगा। वैसे मन्त्र की एक माला फेर कर, स्त्रोत का पाठ करने से ही सर्व प्रकार के रोग, शोक वाधाऐ मिटती हैं। इस काल मे ये मन्त्र, यन्त्र की साधना कल्प वृक्ष के समान चिंतित पदार्थ को देने वाला है। विशेप क्या कहे ।। ६८ ।।

यंत्र नं ६६

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर मस्तक पर वाधने से मूठ नही लगती। इस यन्त्र को होली की रात्रि मे नगे होकर धतूरे के रस से लिखना चाहिये ।।६६।।

छुहारा गुण यन्त्र

जिस छुहारे मे दो गुठली हो उसे उठाकर रखले, फिर दीवाली के दिन अनार की कलम से, इस यन्त्र को पहले १०८ बार पृथ्वी पर लिख कर, सिद्ध करे,

यन्त्र नं० ७०

८	१	६
३	५	७
४	९	२

तत्पश्चात् भोजपत्र पर अष्टगन्ध से लिखकर धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजनकर छुहारे की दोनो गुठली को यन्त्र के साथ लपेट कर चादी के ताबीज मे मढवाकर रखले। कार्य पडे तब तावीज को धोकर पिलाने से कष्टी स्त्री का कष्ट दूर होता है। रोगी का रोग दूर होता है। बाझ स्त्री के कमर में बाधने से गर्भ रहता है। पास में रख कर राज दरबार मे जाने से सम्मान प्राप्त होता है। यन्त्र के प्रभाव ऋद्धि सिद्धि प्राप्त होकर सभी इच्छायें पूरी होती है ।। ७० ।।

यत्र नं० ७१

२	१०	२	८
७	३	८४	२४
३६	८१	९	१
४	६	२२	२५

इस यन्त्र को लिखकर, खेत मे गाढ देने से तथा क्षेत्रपाल की पूजा करने से, खेत मे अधिक अन्न उत्पन्न होता है ।। ७१ ।।

यन्त्र न० ७२

८३	८६	२	७
६	७६	७९	७८
८५	७५	८	१
४	५	७७	८२

इस यन्त्र को आश्लेपा नक्षत्र मे शत्रु की हाट मे लिखने से हाट उजड जाती है ।। ७२ ।।

यंत्र न० ७३

६४	६१	२	८
७	३	६८	६८
७०	६५	९	१
४	६	६९	६९

इस यन्त्र को कौंच के वीज से लिख कर घर मे रखने से चूहे कपडे को नही काटते है ।। ७३ ।।

यन्त्र नं० ७४

७९	७८	२	८
७	३	७४	७४
७७	७२	९	१
४	६	७३	७६

इस य त्र को थूहर के रस में (दूध) स्वाति नक्षत्र मे लिख कर, पुरुष अपनी कमर में धारण करे तो शुक्र का स्तम्भन होता है ।। ७४ ।।

यन्त्र नं० ७५

१९	२६	२	८
७	३	२३	२२
२५	२०	९	१
१	६	२१	२३

इस य त्र को सेही के काटे से, पशु के खू टे पर लिख देने से तथा खूंटे को गाढ़ देने से गया हुआ पशु वापस लौट आता है ।।७५।।

यन्त्र न० ७६

६	१३	२	८
७	३	१०	११
२	७	९	१
४	६	९	९

इस य त्र को केवडे के रस से लिख कर, सिरहाने रखकर सोने से स्वप्न मे भूत ही भूत दिखाई पडते है ।।७६।।

यंत्र न० ७७

७७	८४	२	८
७	३	८१	८३
७४	७८	९	१
४	६	७९	८५

इस य त्र को लाख के पानी मे थूहर के पत्ते पर लिखकर, वगीचे मे गाढ देने से अधिक फूल आते है ।।७७।।

यन्त्र नं० ७८

७५	८२	२	८
७	३	७९	७८
६१	७६	९	१
४	६	७७	८०

इस यंत्र को पुष्य नक्षत्र मे लिखकर स्वय के पास रखने से भोग इच्छा खत्म हो जाती है ॥७८॥

यन्त्र नं० ७९

७९	७६	२	७
६	३	८३	८४
८५	८०	८१	१
४	५	८१	८४

इस यन्त्र को कुम्हार के आवे की ठीकरी पर लिख कर, किसी के घर मे डाल देने से, उस घर में कलह होना आरम्भ हो जाता है ॥७९॥

यन्त्र न० ८०

४१	४२	२	७
६	३	४५	४०
४७	४३	८	१
४	५	४३	४०

इस यन्त्र को शत्रु के नाम सहित गधे के मूत्र से लिख कर, ऊपर से जूता मारने से शत्रु का मुँह सूज जाता है।८०॥

यन्त्र न० ८१

६६	९३	२	८
७	३	९०	८९
९१	८६	९	१
४	६	८७	९८

इस यन्त्र को कुलिजन के रस से लिख कर तावीज मे मढवा कर पास रखने से वचन सिद्धि होती है ॥८१॥

यन्त्र नं० ८२

४१	१८	११
१०	२०	३०
१६	२३	३२

इस यन्त्र को भोजपत्र पर केशर से लिखकर सरसो के तेल में जलाने से परस्पर की प्रीति नष्ट होती है ।।८२।।

यन्त्र नं० ८३

तं	तं	तं	तं
त	तं	तं	तं
तं	त	त	त
तं	तं	तं	त

इस यन्त्र को श्मसान के कोयले से शत्रु के वस्त्र पर लिखने से उसको परदेश भाग जाना पड़ता है ।।८३।।

यन्त्र न० ८४

इस यन्त्र को लक्ष्मी पूजा के दिन वसने वदलने के दिन वही खातो पर हल्दी से यन्त्र मन्त्र लिखे, तो लक्ष्मी लाभ होगा । ॐ ह्री श्री क्ली व्लू अर्हं नम. । इस मन्त्र का १०८ वार नित्य जप करे ।।८४।।

यन्त्र नं० ८५

८	३३४	३३४	३३४	७
८	३३४	३३४	३३४	७
८	३३४	३३४	३३४	७

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिखकर गले मे वाधने से मसान का रोग शात होता है ।।५८।।

यंत्र नं० ८६

हं	सं	खं	फं
षं	द	धं	जं
नं	पं	मं	दं
चं	यं	जं	द

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर सोते समय सिरहाने रख लेने से बुरे स्वप्नो का दिखना वन्द हो जाता है ॥८६॥

यन्त्र नं० ८७

इस यन्त्र को कागज पर लिखकर लोबान की धूप देकर, ओखली में धर कर कूटे। डाकिनी का मस्तक फूट जायेगा और वह चिल्लाकर सब कुछ वताने लगेगी और रोगी को छोड़ कर भाग जायगी ॥८७॥

यंत्र नं० ८८

ह्री	ह्री	ह्री
ह्री	ह्री	ह्री
ह्री	ह्री	ह्री

नये खप्पर पर खडिया मिट्टी से यन्त्र को लिख कर पुष्पादि से पूजा कर धूलि से पूर्ण अग्नि मे रखकर खैर को अग्नि से प्रज्वलित करे। इस यन्त्र के प्रभाव से भूतादिक, रोते कापते हुये बालकादिक को अथवा कोई भी हो छोड कर भाग जाते हैं। उस देश मे ही वास नही करते हैं ॥८८॥

यन्त्र नं० ८९

१	४	४४	८
४५	७	२	४६
६	४२	४६	३
४८	४	५	४३

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर, भुजा मे बाधने से दोनो प्रकार के खूनी और बादी बवासीर दूर हो जाता है ॥८९॥

यन्त्र नं० ९०

१२	११
३	३

इस यन्त्र को कागज पर लिख कर लपेट कर रोगी को सुंघाने पर तथा इस यन्त्र में राई भर कर जलने से भूत जिन्न उत्तर जाते हैं ॥९०॥

यन्त्र नं० ९१

श्रीं	श्रीं	श्री
श्री	श्री	श्री
श्री	श्री	श्री

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर गले में बांधने से शीतला (चेचक) नही निकलती है। जिसको निकली है उसकी शांत होती है ॥९१॥

यन्त्र नं० ९२

७१	७१	७१
७१	७१	७१
७१	७१	७१

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर दायी भुजा मे वाधने से, तिजारी बुखार दूर हो जाता है ।।९२।।

यन्त्र नं० ९३

७२	७९	२	७
६	३	७६	७५
७८	७३	८	१
४	५	७४	७७

इस यन्त्र को मार्ग की वालू पर लिख कर ऊपर कोड़ा मारने से, गया हुआ मनुष्य घर लौट आवे ।।९३।।

यन्त्र नं० ९४

२२	२९	२	८
७	६	१६	२५
२८	२६	९	१
३	६	२४	२१

इस यन्त्र को अनार के रस से लिखकर कान में वाध देने से, कान मे दर्द नही है ॥ ९४ ॥

यन्त्र नं० ९५

=		=	‌॥।
–	b	=	≡
॥	॥॥	≡	॥॥
॥॥	॥॥	=	॥।

इस यन्त्र को आम वृक्ष के नीचे वैठकर सवा लक्ष लिखने से अम्बिका देवी प्रसन्न होती है ॥९५॥

यन्त्र नं० ९६

ग	छ	ज	च
छ	न	ज	ठं
ठ	ज	ठं	च
न	छ	जं	ट

इस यन्त्र को अष्टगन्ध से भोजपत्र पर लिखकर, गुगुल का धूप देकर, गले मे धारण करने से दुष्ट स्वप्नो का दीखना बन्द हो जाता है।९६।

यन्त्र नं० ९७

२८	३५	२	७
६	३	३२	३१
३४	३९	८	१
४	५	३०	३३

इस यन्त्र को केशर, गोरोचन अथवा रोली से भोजपत्र पर लिखकर, गाय के गले मे और भेस के सीग मे गूगल की धूप देकर बांधने से वह बच्छे को लगाने तथा बहुत दूध देने लगती है ।९७।

यन्त्र नं० ९८

इस यन्त्र को कागज पर लिख कर, रविवार के दिन, सूर्य के सामने पानी मे धोकर पीने से वायु गोला का दर्द तुरन्त दूर हो जाता है।९८।

यन्त्र नं० ९९

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर मस्तक पर रखने से कुत्ते का विष दूर होता है।९९।

यन्त्र नं० १००

६२३	१ स	८६
७ सी	५ पू	३७
२ म	९८	४ स

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर कमर मे बाधने से धरन ठिकाने पर आ जाती है। १००।

यन्त्र नं० १०१

६	७	२
१	५	९
८	३	४

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर घोडे के गले मे बाधने से उसका पेट दर्द दूर होता है। पेंशाब बन्द हो जाय, तो होने लगता है। सर्व कष्ट दूर हो जाता है। १०१।

यन्त्र न ० १०२

४	५	७४	७७
७९	७२	८	१
६	३	७६	९५
७२	३८	२	८

इस यन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर कमर मे बाधने से नपु सक व्यक्ति की नपु सकता दूर होती है।१०२।

यन्त्र नं० १०३

इस यन्त्र को अष्ट गंध से भोज पत्र पर लिख कर मस्तक पर बांधने से पीलिया रोग दूर होता है ।१०३।

।। यन्त्राधिकार इति ।।

भगवान महावीर के अहिंसा का सार :—

"तुम स्वयं जीओ और जीने दो ।"

पढ़ लेने से धर्म नहीं होता, पोथियों और पिच्छी से भी धर्म नहीं होता, किसी मठ में भी रहने से धर्म नहीं है और केशलोंच करने से भी धर्म नहीं कहा जाता । धर्म तो आत्मा मे है उसे पहचानने से धर्म की प्राप्ति होती है ।

❖ भजन ❖

सकलनकर्त्ता—शान्ति कुमार गंगवाल

महावीर कीर्त्ति गुरु स्वामी, दु ख मेटो जी अन्तरयामी ॥ टेर ॥

(१) रतनलाल के पुत्र कहाये, बू दा देवी जी के जाये ।
सवसे नेहा तोडा, जग से मु ँह को मोडा, दीक्षा धारी—दु ख... ....

(२) वीर सागर से क्षुल्लक दीक्षा धारी,
आदी सागर से मुनि दीक्षा धारी ।
शेढवालमे आ, सबसे आग्रह पा,
पदवी आचार्य की पाई दु ख. . –मेटो जी अन्तरयामी

(३) पाँचो रस का तो त्याग किया है,
त्याग स्वारथ को भी कर दिया है ।
अठारह भाषा के ज्ञाता, सारे शास्त्रो के वेत्ता,
गुरु स्वामी—दु:ख.... . मेटो जी अन्तरयामी

(४) लाखो वार तुम्हे शीश नवाऊं,
मुनीराज दरश कव पाऊं ।
सेवक व्याकुल भया, दर्शन विनयेजिया,
लागे नाही—दु ख ... मेटो जी अन्तरयामी

❖ भजन ❖

सारे जहाँ से न्यारे, मुनिराज है हमारे ।
झाको तो इनके अन्दर, तन–मन से ये दिगम्बर,
वैभव के हर नजारे, इनको लुभा के हारे—सारे जहाँ से ....थोग
इनको न मोह मठ से, रखते न पर से यारी,
धूणी न ये रमाते, होते न जटाधारी ।
टीका तिलक से हटकर, इनके स्वरूप न्यारे—सारे जहाँ .... थोग
सेवक से न खुश हो, दुश्मन से न द्वेष करते ।
कोई भी फिर सताये, ये क्षमा भाव धरते ।
हर क्षण क्षमा का दरिया, वहता है इनके द्वारे—सारे जहाँ से...... थोग

॥ समाप्त ॥

इस खण्ड मे (४—१ से ४—२४)

प्रत्येक तीर्थंकर के काल मे उत्पन्न शासन रक्षक यक्ष यक्षणि के चित्र सहित स्वरूप व होम विधान

चतुर्थाधिकार

प्रत्येक तीर्थंकर के काल में उत्पन्न शासन

रक्षक यक्ष यक्षिणी के

चित्र सहित स्वरूप व होम विधान

(१) श्री आदिनाथ जी (बैल का चिन्ह)

गौ मुख यक्ष—स्वर्ण के समान, काति वाला, गो मुख सदृश वाला, वृषभ वाहन वाला, मस्तक पर धर्म चक्र, चार भुजा वाला ऊपर के दाहिने हाथ मे माला, बाऐ हाथ में फरसा तथा नीचे वाले दाहिने हाथ में वरदान, बांऐ हाथ में बिजौरे का फल धारण करने वाला होता है। (चित्र नं० १)

"चक्रेश्वरी यक्षिणी" (अप्रतिहत चक्रा) :—स्वर्ण के जैसे वर्ण वाली, कमल पर बैठी हुई गरुड़ की सवारी, १२ भुजा वाली, दोनो हाथों में दो वज्र, दो तरफ के चार चार हाथो में आठ चक्र, नीचे के दाहिने हाथ में वरदान धारण करने वाली, नीचे के बांऐ हाथ मे फल। प्रकारान्तर से चार भुजा वाली भी मानी है। ऊपर के हाथों मे चक्र, नीचे के बाऐ हाथ मे बिजोरा, दाहिने हाथ मे वरदान धारण करने वाली है। क्षेत्रपाल ४ जय, विजय, अपराजित, माणि भद्र। (चित्र न० २)

(२) श्री अजितनाथजी (हाथी का चिन्ह)

"महायक्ष"—जिन शासन देव—स्वर्णसी कांति वाला, गज की सवारी चार मुख व आठ भुजा वाला है। बाऐ चारों हाथों में चक्र, त्रिशूल, कमल और अकुश तथा दाहिने चारो हाथो मे तलवार, दंड फरसा और वरदान धारण करने वाला है। (चित्र न० ३)

"रोहणि यक्षिणी"—स्वर्ण समान कांति वाली, लोहासन पर बैठने वाली चार भुजा

वाली हाथो मे शख, चन्द्र अभय और वरदान युक्त है। (चित्र न० ४)

क्षेत्रपाल—४ क्षेम भद्र, क्षाति भद्र, श्री भद्र, शान्ति भद्र।

(३) श्री संभवनाथजी (घोड़े का चिन्ह)

"त्रिमुख यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला, मोर वाहन वाला, तीन नेत्र व तीन मुख वाला, छह भुजा वाला, वाऐ हाथो मे चक्र, तलवार व अकुश और दाहिने हाथो मे दड, त्रिशूल, और तीक्षण कतरनी को धारण करने वाला है। (चित्र न० ५)

"प्रज्ञप्ति यक्षिणी"—श्वेत वर्ण, पक्षी की सवारी छह हाथ वाली हाथ मे अर्द्ध चन्द्रमा, फरसा, फल तलवार, तूम्बी और वरदान को धारण करने वाली है। (चित्र न० ६)

क्षेत्रपाल—४ वीर भद्र, वलि भद्र, गुण भद्र, चन्द्राय भद्र।

(४) श्री अभिनन्दन नाथजी (वानर का चिन्ह)

"यक्षेश्वर यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला. गज की सवारी, चार भुजा वाला, वाऐ हाथ मे धनुष और ढाल, दाहिने हाथ मे वाण और तलवार धारण करने वाला है। (चित्र न० ७)

'वज्र श्रृखला यक्षिणी"—स्वर्ण सी काति वाली, हंस वाहिनी, चार भुजा वाली, हाथो मे नाग पाश, विजोरा फल, माला और वरदान धारण करने वाली है। (चित्र न० ८)

क्षेत्रपाल—४ महा भद्र, भद्र भद्र, शत भद्र, दान भद्र।

(५) श्री सुमतिनाथजी (चकवे का चिन्ह)

"तुम्वरु यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला, गरुड की सवारी और यज्ञोपवति धारण करने वाला, चार भुजा वाला है। ऊपर के दोनो हाथो मे सर्प, नीचे दाहिने हाथ मे वरदान तथा वाऐ हाथ मे फल धारण करमे वाला है। (चित्र न० ६)

"पुरुष दत्ता यक्षिणी"—(खड्गवरा) स्वर्ण के वर्ण तथा हाथी की सवारी करने वाली, चार भुजा वाली है। हाथो मे वज्र, चक्र, और वरदान धारण करने वाली है। (चित्र न० १०)

क्षेत्रपाल—४ कल्याण चन्द्र, महा चन्द्र, पद्म चन्द्र, नय चन्द्र।

(६) श्री पद्मप्रभुजी (कमल का चिन्ह)

"पुष्प यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला, हरिन वाहन, चार भुजा वाला। (वसु नन्दि

प्रतिष्ठा कल्प मेर भुजा वाला) है। दाहिने हाथ मे माला व वरदान तथा बाऐं हाथ मे ढाल और अभय को धारण करने वाला है। (चित्र न० ११)

"मनोवेगा (मोहनी) यक्षिणी"—स्वर्ण वर्ण तथा अश्व वाहन वाली, चार भुजा वाली है। हाथो मे वरदान, तलवार, ढाल और फल को धारण करन वाली है। (चित्र न १२)

क्षेत्रपाल—४ कालाचन्द्र, कल्पचन्द्र, कुमुत चन्द्र, कुमुद चन्द्र।

(७) श्री सुपार्श्वनाथजी (स्वस्तिक का चिन्ह)

"मातङ्ग यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला, सिह की सवारी करने वाला, टेढा मुंह वाला, दाहिने हाथ मे त्रिशूल, बाऐ हाथ मे दण्ड को धारण करने वाला है। (चित्र न० १३)

"काली देवो (मानवो) यक्षिणी" यक्षिणी—श्वेत वर्ण वाली, बैल की सवारी करने वाली चार भुजा वाली है। हार्यों मे घटा, फल, त्रिशूल और वरदान को धारण करने वाली है। (चित्र न० १४)

क्षेत्रपाल—४ विद्याचन्द्र, खेमचन्द्र, विनयचन्द्र।

(८) श्री चन्द्र प्रभुजी (चन्द्रमा का चिन्ह)

"श्याम यक्ष"—कृष्ण वर्ण, कबूतर (कपोत) की सवारी करने वाला, तीन नेत्र तथा चार भुजा वाला है। बाऐ हाथ मे फरसा ओर फल, दाऐ हाथ मे माला और वरदान युक्त है। (चित्र न० १५)

"ज्वाला मालिनी (ज्वालिनी) यक्षिणी"—श्वेत वर्ण भैसा (महिष) की सवारी करने वाली तथा आठ भुजा वाली है। हाथो मे चक्र, धनुष नाग पाश, ढाल, बाण, फल, चक्र, और वरदान है। (चित्र न० १६)

क्षेत्रपाल—४ सोम काति. रविकाति, शुभ्र काति, हेम कांति।

(९) श्री पुष्पदन्तजी (मगर का चिन्ह)

"अजित यक्ष"—श्वेत वर्ण वाला, कछुआ की सवारी तथा चार हाथ वाला है। दाहिने हाथो मे अक्ष माला है और वरदान तथा वाऐ हाथो मे शक्ति और फल को धारण करने वाला है। (चित्र नं १७)

"महाकाली (भ्रकुटि) यक्षिणी"—कृष्ण वर्ण वाली, कछवा की सवारी तथा चार

भुजा वाली है हाथो मे वज्र, फल, मुग्दर और वरदान युक्त है। (चित्र नं० १८)

क्षेत्रपाल—४ वज्रकाति, वीरकाति, विष्णुकाति, चन्द्रकाति।

(१०) श्री शीतलनाथजी (कल्प वृक्ष का चिन्ह)

"वाह्य यक्ष जिन शासन देव"—श्वेत वर्ण, कमल आसन, चार मुख और आठ हाथो वाला है। वाऐ हाथ मे धनुप, दण्ड, ढाल और वज्र तथा दाहिने हाथ मे वाण, फरसा तलवार और वरदान को धारण करने वाला है। (चित्र न० १६)

"चामुण्डा देवी (मानवी चामुण्डी) यक्षिणी"—हरे वर्ण वाली, काले सूवर की सवारी, चार भुजा वाली है, हाथो मे मछली माला, विजोरा फल और वरदान धारण करने वाली है। (चित्र न० २०)

क्षेत्रपाल—४ शतवीर्य, महावीर्य, बलवीर्य, कीर्तिवीर्य।

(११) श्री श्रेयांसनाथजी (गैंडे का चिन्ह)

"ईश्वर यक्ष"—श्वेत वर्ण, वैल की सवारी करने वाला, त्रिनेत्र तथा चार भुजा वाला है। वाऐ हाथ मे त्रिशूल और दण्ड तथा दाहिने हाथ मे माला और फल को धारण करने वाला है। (चित्र न० २१)

"गौरी यक्षिणी"—स्वर्ण वर्ण तथा हरिन की सवारी करने वाली, चार भुजा वाली है। हाथो मे मुग्दर, कलश, कमल, ओर वरदान को धारण करने वाली है। (चित्र न० २२)

क्षेत्रपाल—४ तीर्थ रुचि, भाव रुचि, भव्य रुचि, शान्ति रुचि।

(१२) श्री वासुपूज्यजी (भैंसे का चिन्ह)

"कुमार यक्ष"—श्वेत वर्ण तथा हस की सवारी करने वाला है। त्रिनेत्र और छह भुजा वाला है। वाए हाथ मे धनुप, नोलिया और फल तथा दाहिने हाथो मे वाण गदा और वरदान को धारण करने वाला है। (चित्र न० २३)

"गान्धारी (विन्धुन्मालिनी) यक्षिणी"—हरित वर्ण, मगर वाहिनी तथा चार भुजा वाली है। ऊपर के दोनो हाथ मे कमल, फल, वरदान युक्त है। (चित्र न० २४)

क्षेत्रपाल—४ लब्धि रुचि, तत्व रुचि, सम्यक्त रुचि, तूर्य वाद्य रुचि।

(१३) श्री विमलनाथजी (सूवर का चिन्ह)

"चतुर्मुख यक्ष"—वर्ण मुख, हरित वर्ण वाला, मोर की सवारी करने वाला चार

गौमुख यक्ष नं. १

चक्रेश्वरी यक्षणी नं. २

महायक्ष नं. ३

रोहिणि यक्षणी नं. ४

त्रिमुज यक्ष नं. ५

प्रज्ञप्ति देवी नं. ६

पद्मेश्वर यक्ष नं. ७

वज्रशृंखला यक्षणी नं. ८

तुम्बरु यक्ष नं. ९

पुरुषदत्ता यक्षणी न १०

पुष्प यक्ष नं. ११

मोहिनी यक्षणी न. १२

मातंग यक्ष नं. १३

काली यक्षणी नं १४

श्याम यक्ष नं. १५

ज्वाला मालिनी यक्षणी नं. १६

अजितयक्ष नं. १७

महाकाली यक्षणी नं. १८

ब्रह्मयक्ष देव नं. १९

चामुण्डादेवी नं. २०

ईश्वर यक्ष नं॰ २१

गौरी देवी नं २२

कुमार यक्ष नं॰ २३

गान्धारी यक्षणी २४

षणमुख यक्ष नं. २५

वैराटी देवी नं. २६

पाताल यक्ष नं. २७

अनन्त मती यक्षणी नं. २८

किन्नर यक्ष नं॰ २९

मानसी यक्षणी नं ३०

गारुड यक्ष नं॰ ३१

महामानसी यक्षणी नं॰ ३२

मुख, बारह भुजा वाला है। ऊपर के आठ हाथो मे फरसा तथा बाकी के चारों हाथो मे तलवार, ढाल, माला और वरदान धारण करने वाला है। प्रतिष्ठा तिलक मे छह मुख वाला है। (चित्र न० २५)

"वैराटी देवी यक्षिणी"—हरे वर्ण वाली सर्प वाहिनी, चार भुजा वाली है। ऊपर के दोनो हाथो मे सर्प, नीचे के दाहिने हाथ मे बाण बाऐ हाथ मे धनुष को धारण करने वाली है। (चित्र न० २६)

क्षेत्रपाल—४ विमल भक्ति, आराध्य रुचि, वैद्य रुचि, भावस्य वैद्य वाद्य रुचि।

(१४) श्री अनन्तनाथजी (सेही का चिन्ह)

"पाताल यक्ष" लाल वर्ण तथा मगर की सवारी करने वाला और तीन मुख वाला, मस्तक पर सर्प की तीन फणि को धारण करने वाला तथा छह भुजावाला है दाहिने हाथ मे अकुश त्रिशूल और कमल तथा बाऐ हाथ मे चाबुक हल और फल धारण करने वाला है। चित्र नं० २७।

"अन्नतमति यक्षिणी" स्वर्ण वर्ण वाली, हंस वाहनी, चार भुजा वाली है हाथो में धनुष, बीजोरा फल बाण और वरदान धारण करने वाली है। चित्र नं० २८।

क्षेत्रपाल ४ स्वभाव नामा, पर भाव नामा, अनौपम्य, सहजानन्द।

१५. श्री धर्मनाथजी (वज्र का चिन्ह)

"किन्नर यक्ष"—मू गे (प्रवाल) के वर्णमाला मछली की सवारी करने वाला, त्रिमुख और छह भुजा वाला है बाए हाथो मे फरसा वज्र और अकुश तथा दाहिने हाथ मे मुग्दर माल, और वरदान को धारण करने वाला है। चित्र न० २९।

"मानसी यक्षिणी"—मू गे जैसी लाल काति वाली व्याघ्र की सवारी करने वाली, छह भुजा वाली है। हाथो में कमल, धनुष वरदान, अकुश बाण और कमल को धारण करने वाली है। चित्र न० ३०।

क्षेत्रपाल—४ धर्मकर, धर्माकारी, सातकर्मा (सातृ कर्मक) विनय नाम।

१६. श्री शान्तिनाथजी (हरिन का चिन्ह)

"गरूड़ यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला टेढा मुख वाला (सूवर का सा मुँह वाला) सूवर की सवारी करने वाला चार भुजा वाला है। नीचे के दोनो हाथो मे कमल और फल तथा ऊपर के दोनो हाथो मे वज्र और चक्र लिए हुये है। चित्र नं० ३१।

"**महामानसी (कंदर्पा) यक्षिणी**"—मयूर वाहिनी चार भुजा वाली तथा स्वर्ण के समान वर्ण वाली है। हाथो मे चन्द्र, फल, वज्र और वरदान को धारण करने वाली है। चित्र न० ३२।

क्षेत्रफल—४ सिद्धसेन, महासेन, लोक सेन, विनय केतु।

१७. श्री कुन्थनाथ जी (बकरे का चिन्ह)

"**गंधर्व यक्ष**"—कृष्णा वर्ण वाला, पक्षी की सवारी करने वाला तथा चार भुजा वाला है। ऊपर के दोनो हाथो मे नागपाश नीचे दोनो हाथो मे क्रमश: धनुष और वाण है। चित्र न० ३३।

"**जया गान्धारी**" यक्षिणी—स्वर्ण वर्ण वाली, काले सूवर की सवारी करने वाली चार भुजा वाली है हाथो मे चक्र शख, तलवार और वरदान को धारण करने वाली है। चित्र न० ३४।

क्षेत्रपाल ४ यक्षनाथ, भूमिनाथ, देशनाथ, अवनिनाथ।

१८. श्री अरहनाथजी (मत्स्य का चिन्ह)

"**रवगेंद्र यक्ष**"—शंख की सवारी करने वाला त्रिनेत्र तथा छह मुख वाला है वाए हाथो मे क्रमश धनश, कमल, माला, वीजोराफल, वडी यक्ष माला और अभय को धारण करने वाला है। चित्र न० ३५।

"**तारावती यक्षिणी**"—स्वर्ण वर्ण वाली हस वाहनो, चार भुजा वाली है। हाथो मे सर्प हरिण वज्र और वरदान को धारण करने वाली है। चित्र न० ३६।

क्षेत्रपाल ४ गिरिनाथ, गह्वरनाथ, वरूणनाथ मैत्रनाथ।

१९. श्री मल्लिनाथजी (कलश का चिन्ह)

"**कुवेर यक्ष**"—इन्द्र धनुष जैसे वर्ण वाला, गज वाहिनी चार मुख आठ हाथ वाना है।

"**अपराजिता देवी यक्षिणी**"—हरित वर्ण वाली, अष्टापद की सवारी करने वाली चार भुजा वालो, हाथो मे ढाल फल तलवार और वरदान को धारणा करने वाली है। चित्र न० ३८।

क्षेत्रपाल—४ क्षितिप, भवप, क्षातिप, क्षेत्रप (यक्षप)।

२०. श्री मुनिसुव्रतनाथजी (कच्छप का चिन्ह)

"वरूण यक्ष"—श्वेत वर्ण तथा बैल की सवारी करने वाला जटा के मुकुट वाला, आठ मुख वाला, प्रत्येक मुख तीन तीन नेत्र वाला और चार भुजा वाला है। बाए हाथ मे ढाल और फल तथा दाहिने हाथ में तलवार और वरदान है। चित्र नं० ३९।

"बहुरुपिणी (सुगन्धनो देवी) यक्षिणी"—पीत वर्ण, कृष्ण सर्प की सवारी करने वाली और चार भुजा वाली है हाथो मे ढाल फल तलवार और वरदान धारण करने वाली है। चित्र नं० ४०।

क्षेत्रपाल—४ तंद्रराज, गुणराज, कल्याणराज, भव्यराज।

२१. श्री नमिनाथजी (नील कमल का चिह्न)

"भ्रकुटि यक्ष"—रक्त वर्ण वाला, बैल की सवारी करने वाला चार मुख तथा आठ हाथ वाला, हाथो में ढाल, तलवार, धनुष, बाण, अकुश कमल चक्र और वरदान है। चित्र न० ४१।

"चामुण्डा (कुसुममालनि) यक्षिणी"—हरित वर्ण वाली मगर की सवारी करने वाली चार भुजा वाली, हाथो मे दण्ड, ढाल, माला और तलवार है। चित्र नं० ४२।

क्षेत्रपाल ४ कपिल, वटुक, भैरव, भैरव, सल्लाकारव्य।

२२. श्री नेमिनाथजी (शंख का चिन्ह)

"गोमेद यक्ष"—कृष्ण वर्ण वाला तीन मुख तथा पुष्प के आसन वाला मनुष्य की सवारी करने वाला और छह हाथ वाला है हाथों में मुग्दर फरसा, दण्ड, फल, चक्र और वरदान है। चित्र न० ४३।

"आम्रा (कुष्माण्डनी) यक्षिणी"—सिंह वाहनी आम की छाया मे रहने वाली दो भुजा वाली है बाए हाथ मे प्रिय पुत्र की प्राप्ती के लिए आम्रा की लूम को धारण करने वालो है तथा दाहिने हाथ मे शुभकर पुत्र को धारण करने वाली है। चित्र न० ४४

क्षेत्रपाल ४ कौकल, खगनाम, त्रिनेत्र कलिग।

२३. श्री पार्श्वनाथजी (सर्प का चिन्ह)

"धरणेन्द्र यक्ष" आकार के समान नीले वर्णवाला, कछुआ की सवारी करने वाला,

मुकुट मे सर्प का चिन्ह और चार भुजा वाला है। ऊपर के दोनो हाथो मे सर्प और व नीचे के वाऐ हाथ मे नागपाश और दाहिने हाथ में वरदान को धारण करने वाला है। चित्र न० ४५।

"पद्मावती देवी यक्षिणी"—कमल (आशाधर पाठ मे कुक्कुट)सर्प की सवारी करने वाली कमलासानी माना है मस्तक पर सर्प के तीन फणो के चिन्ह वाली माना है। मल्लि-षेणाचार्य कृत पद्मावती कल्प मे चारो हाथो मे पाश फल वरदान को धारण करने वाली भी माना है। प्रकारान्तर मे छह और चौवीस भुजा वाली भी माना है। छह हाथों मे पाश, तलवार, भाला वाल चन्द्रमा गदा और मूसल को धारण करती है। तथा २४ हाथो मे शंक तलवार, चक्र, वाल चन्द्रमा, सफेद कमल, लाल कमल, धनुष, शक्ति, पाश, अकुश, घटा, वाण, मूसल, ढाल त्रिशूल, फरसा वज्र, माला, फल, गदा पान नवीन, पत्तो का गुच्छा और वरदान को धारण करने वाली है। चित्र न० ४६।

क्षेत्रपाल ४ कीर्तिधर, स्मृमिधर, विनयधर, अञ्जधर (अञ्जारव्य)।

२५. श्री महावीरजी (सिंह का चिन्ह)

"मातंग यक्ष"—मूंगे के जैसे वर्ण वाला, गज वाहन मस्तक पर धर्म चक्र को धारण करने वाला और दो भुजा वाला है। वायें हाथ मे विजोराफल, दाहिने हाथ मे वरदान है। चित्र न० ४७।

"सिद्धायिक यक्षिणी"—स्वर्ण के समान वर्ण वाली भद्रासनी, सिंहवाहनी, दो भुजा वाली वायें हाथ मे पुस्तक व दाहिने हाथ मे वरदान युक्त है। चित्र न० ४८।

क्षेत्रपाल ४ कुमुद, अजन, चामर, पुष्पदता।

॥ इति ॥

गंधर्व यक्ष नं. २३

जया गांधारी यक्षणी नं. २४

स्कंधेन्द्र यक्ष नं. २५

तारावती यक्षणी नं. २६

कुबेर यक्ष नं॰ ३७

अपरा जिता देवी नं॰ ३८

वरुण यक्ष नं ३९

बहुरूपिणी यक्षणी नं ४०

भ्रकुटी यक्ष नं. ४१
चामुण्डा यक्षणी नं. ४२
गोमेद यक्ष नं. ४३
आम्र (कुष्मान्डनी यक्षणी नं. ४४

धरणेन्द्र यक्ष नं. ४५

पद्मावती देवी यक्षणी नं. ४६

मातङ्ग यक्ष नं. ४७

सिद्धायिका देवी नं. ४८

अष्ठमातृका स्वरूप वर्णन

१-(ब्रह्माणी) देवी पद्मराग वर्णवाली, पद्मवाहन, मूसल का आयुध धारण करने वाली है।

२-(माहेश्वरी देवी) सुकर का वाहन, दड और वरदान, आयुध को धारण करने वाली और श्वेतवर्ण वाली है।

३-(कौमारिदेवी) विद्रुम वर्ण वाली, मयुर का वाहन (खड्ग) तलवार का आयुध धारण करने वाली है।

४-(वैष्णविदेवि) इन्द्रनील वर्ण वाली, चक्रायुध धारण करने वाली, और गरूड वाहन वाली है।

५-(वाराहिदेवी) नील वर्ण वाली, वराहका (सुकर) वाहन वाली, हल का आयुध धारण करने वाली है।

६-(इन्द्राणि देवी) सुवर्ण वर्ण वाली, वज्रायुध धारण करने वाली, हाथी का वाहन वाली है।

७-(चामुडिदेवी) अरूण वर्ण वाली, व्याघ्र वाहन वाली, शक्ति आयुध को धारण करने वाली है।

८-(महालक्ष्मीदेवी) सर्वलक्षणो से पूर्ण गदा का आयुध, चूहे का वाहन, और श्वेत वर्ण।

अष्टजयाद्यादेवता स्वरूप

१-(जयादेवी) पाश, असि, खेटक, और फल, सोने के समान वर्ण वाली, पीतांबर को धारण करने वाली, फूल की माला पहने हुये, चार भूजा वाली।

२-(विजयादेवी) छ हाथ वाली कोदंड, बाण, असि, गदा, सरोज, फल, के आयुध धारण करने वाली रक्त वर्ण वाली, रक्ताम्बर वाली।

३-(अजितादेवी) श्वेत वर्ण वाली, सूवर्ण वस्त्र, मत्स्य का वाहन, दो भुजा वाला, एक हाथ मे कृपाण एक हाथ फल।

४–(अपराजितादेवी) कृष्ण वर्ण वाली, कृष्णांवर धारण करने वाली ६ भुजा वाली खेट, कृपाण स्चक, अभय, गदा, पाश, के आयुध को धारण करने वाली।

५–(जभादेवी) लाल वस्त्र को धारण करने वाली, श्वेत वर्ण वाली, अष्ट भुजा वाली, धनुप, वाण, कृपाण, गदा, वर, माला, फल, अवुरूह।

६–(मोहादेवो) रक्तवर्ण वालो, श्वेत वस्त्र को धारण करने वाली, सिहाधिरूढ, चार भुजा वाली, माला, अभय, अभोज, (कमल), वरद, को धारण करने वाली है।

७–(स्तभादेवी) सूवर्ण वर्ण वाली, लाल वस्त्र को धारण करने वाली, हाथी की सवारी, छह हाथ वाला, खडग, त्रिशूल, उत्पल, मातुलिग, वरद, अभय के आयुध वाली है।

८–(स्तभिनीदेवि) रक्तवर्ण वाली, लाल वस्त्र को धारण करने वाली, ४ भुजा वाली, फल, असि, पुत्रीपरिका, अभय के आयुधो को धारण करने वाली, द्विरदाधि रूढ।

सोलह विद्या देवियों के नाम

रोहिणी १ प्रज्ञाप्ते २ वज्र शृखला ३ बज्राकुशे ४ अप्रतिचक्रे ५ पुरूषदता ६ कालि ७ महाकालि ८ गान्धारि ९ गौरि १० ज्वालामालिनि ११ वैरोटि १२ अच्युते १३ अपराजिते १४ मानसि १५ महामानसि १६।

सोलह विद्या देवियो के वाहन व आयुध २४ यक्षिणीचो अन्तर्गत ही है इसलिये अलग से नही दिया है। २४ यक्षिया के चित्र पहिले वर्णन कीया है।

चतुःषष्टि योगिनीओं के नाम

दिव्ययोगिनी १ महायोगिनी २ सिद्धयोगिनी ३ जिणेश्वरी ४ प्रेताशी ५ डाकिनी ६ कालो ७ कालरात्रि ८ निशाचरी ९ हुंकारी १० सिद्धवैताली ११ ह्लीकारी १२ भूतडामरी १३ ऊर्ध्वकेशी १४ विरूपाक्षी १५ शुक्लाङ्गी १६ नरभोजिनी १७ पट्कारी १८ वीरभद्रा १९ घूम्राक्षी २० कलहप्रिया २१ राक्षसी २२ घोररक्ताक्षी २३ विश्वरूपा २४ भयंकरी २५ वैरी २६ कुमारिका २७ चण्डि २८ वाराही २९ मुण्डधारिणी ३० भास्करी ३१ राष्ट्रटकारी ३२ भीपणी ३३ त्रिपुरान्तका ३४ रौरवो ३५ ध्वसिनी ३६ क्रोधा ३७ दुर्मुखी ३८ प्रेतवाहनी ३९ खट्वाङ्गी ४० दीर्घलवोष्ठि ४१ मालिनी ४२ मन्त्रयोगिनी ४३ कालिनी ४४ त्राहिनी ४५ चक्री ४६ ककालि ४७ भुवनेश्वरी ४८ कटी ४९ निकटी ५० माया ५१ वामदेवाकपर्दिनी ५२ केशमर्दी ५३ रक्ता ५४ रामजंघा ५५ महर्पिणी ५६ विशाली ५७ कार्मुकी ५८ लोलाकाक

४ वज्रांकुशा (दिग०)

४ वज्रांकुशा (श्वे०)

५. जाम्बूनदा (दिग०)

५ अप्रतिचक्रा (श्वे०)

६ पुरुषदत्ता (दिग०)

६ पुरुषदत्ता (श्वे०)

१० गाधारी (दिग०)

१० गाधारी (श्वे०)

११ ज्वालामालिनी (दिग०)

११ ज्वाला (श्वे०)

१२. मानवी (दिग०)

१२. मानवी (श्वे०)

१६ महामानसी (दिग०)

१६. महामानसी (श्वे०)

दि० क्षेत्रपाल शांतिनाथ मं० खजराहो

दृष्टि रधोमुखी ५९ मडोयधारिणी ६० व्याघ्री ६१ भूतादिप्रेत नाशिनी ६२ भैरवी, महामाया ६३ कपालिनी वृथाङ्गनी ६४।

यक्ष अथवा यक्षिणीयों की पंचोपचारी पूजा का क्रम

प्रथम सकलीकरण करे, फिर अष्टद्रव्य सामग्री शुद्ध अपने हाथ से धोकर, यक्ष अथवा यक्षिणी की पचोपचारी पूजा भक्ति से श्रद्धानपूर्वक करे।

ॐ आ क्रों ह्री नमोऽस्तु भगवति अमुक यक्ष अथवा अमुक यक्षिणी एहि २ संवौषट्।

इति आह्वान मंत्र

ॐ आ क्रों ह्री नमोऽतु, भगवती, अथवा, भगवते, अमुक यक्ष, अथवा अमुक यक्षिणी, तिष्ठ २ ठ. ठ:

इतिस्थापन मंत्र

ॐ आं क्रो ह्री नमोऽतु भगवति, अथवा, भगवते, अमुक यक्ष, अथवा अमुक यक्षिणी, ममसन्निहिता भव २ वषट्।

इति सन्निधीकरण मंत्र

ॐ आ क्रो ह्री नमोऽतु भगवति अथवा भवावते, अमुकयक्ष अथवा अमुक यक्षिणी, जल-गंध अक्षत् पुष्पादिकान् गृण्ह २ नम।

उपरोक्त मंत्र से प्रत्येक द्रव्य को चढाते समय उपरोक्त मंत्र का उच्चारण करे। प्रत्येक द्रव्य से पूजा हो जाने के बाद विसर्जन करे।

इति द्रव्य अर्पण मंत्र

ॐ आं क्रो ह्री नमोऽतु, भगवति अथवा भगवते, यक्ष, अथवा अमुक, यक्षिणी स्वस्थान गच्छ २ जः ज. ज.।

इति विसर्जन मंत्र

इस प्रकार यक्ष अथवा यक्षिणी की पूजा करनी चाहिये।

होम विधि

पहले शकली करण के बाद होम शुरू करे

तद्यथा—ॐ ह्रीं क्ष्वीं भु स्वाहा पुष्पाञ्जलिः ॥ १ ॥

इस तरह के मन्त्र जाप के विधान को पूर्ण कर दशांस अग्नि होम करे इसका विधान इस प्रकार है।

"ॐ ह्रीं क्ष्वीं" इस मन्त्र का उच्चारण कर पुष्पांञ्जलि क्षेपण करे ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं अत्रस्थ क्षेत्रपालाय स्वाहा ॥ क्षेत्रपालबलिः ॥ २ ॥

इस मन्त्र का उच्चारण कर क्षेत्रपाल को वलि देवे ॥ २ ॥

ॐ ह्रीं वायु कुमाराय सर्व विघ्नविनाशनाय महीं पूतां कुरु कुरु हूं फट् स्वाहा ॥ भूमि सम्मार्जनम ॥ ३ ॥

इस मन्त्र को पढकर भूमिका सम्मार्जन-सफाई करे ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं मेघ कुमाराय धरा प्रक्षालय प्रक्षालय अं हं सं तं पं स्वं झं झं यं क्षः फट् स्वाहा ॥ भूमि सेचनम् ॥ ४ ॥

यह मन्त्र पढकर भूमि पर जल सीचे ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं अग्नि कुमाराय ह्म्ल्व्र्यूं ज्वल ज्वल तेजः पतये अमित तेज से स्वाहा ॥ दर्भाग्निप्रज्वालम ॥ ५ ॥

यह मन्त्र पढकर दर्भ से अग्नि सुलगावे ॥ ५ ॥

ॐ ह्री क्रौं षष्ठि सहंस्त्र संख्येभ्यो नागेभ्यः स्वाहा नागतपर्णम ॥ ६ ॥

इस मन्त्र का उच्चारण कर नागो की पूजा करे ॥ ६ ॥

ॐ ह्रीं भूमिदेवते इदं जलादिकमर्च्चनं गृहाण स्वाहा । भूम्यर्चनम् ॥ ७ ॥

यह मन्त्र पढकर भूमि की पूजा करे ॥ ७ ॥

ॐ ह्रीं अंह क्षं वं वं श्रीं पीठ स्थापनं करोमि स्वाहा ॥ होम कुण्डाऽप्रव्यक पीठ स्थापनम ॥ ८ ॥

इस मन्त्र का उच्चारण कर होम कुण्ड से पश्चिम की ओर पीठ स्थापन करे ॥ ८ ॥

ॐ ह्रीं समग्दर्शनज्ञानः चारित्रेभ्यः स्वाहा ॥ श्री पीठार्चनम ॥ ९ ॥

इस मन्त्र को पढकर पीठ की पूजा करे ॥ ९ ॥

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अंर्ह जगतां सर्व शान्ति कुर्वन्तु श्री पीठे प्रतिमास्थापनम् करोमी स्वाहा ॥ श्री पीठे प्रतिमास्थापनम् ॥ १० ॥

यह मन्त्र पढकर श्री पीठ पर प्रतिमा स्थापन करे ॥ १० ॥

ॐ ह्रीं अर्हं नमः परमेष्ठिभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं अर्हं नमः परमात्मकेभ्य स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनाधिनिधनेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं नमो नृसुरासुर पूजितेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्तज्ञानेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्त दर्शनभ्यः स्वाहा ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽअनन्तबीर्येभ्य स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्त सौख्येभ्यः स्वाहा इत्यष्टभिर्मन्त्रैः प्रतिमार्चनम्ः ॥ ११ ॥

इन आठ मन्त्रो का उच्चारण कर प्रतिमा की पूजा करना चाहिये ॥ ११ ॥

ॐ ह्रीं धर्म चक्रायां प्रतिहत तेज से स्वाहा ॥ चक्रत्रयार्चनम ॥ १२ ॥

इस मन्त्र को पढकर तीनो मन्त्र से चक्रो की पूजा करे ॥ १२ ॥

ॐ ह्रीं श्वेतच्छत्रत्रयश्रियै स्वाहा ॥ छत्रत्रय पूजा ॥ १३ ॥

इस मन्त्र का उच्चारण कर छत्र त्रय की पूजा करे ॥ १३ ॥

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं ह्सौ २ सर्व शास्त्र प्रकाशनि वद् वद् वाग्वादिनो अवतर अवतर। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः संनिहिता भव भव वषट् क्लूं नमः सरस्वत्यै जलं निर्वपामि स्वाहा ॥ एवं गन्धा क्षत पुष्प चरु दीप धूप फल व स्त्राभरणादिकम् । प्रतिमाग्रे सरस्वती पूजा ॥ १४ ॥

ॐ ह्री श्री इत्यादि मन्त्र पढकर सरस्वती का आव्हान स्थापन और सन्निधिकरण करै "क्लू" इत्यादि पढकर जल गन्ध अक्षत पुष्प नवैध दीप धूप फल और वस्त्राभरणादिकसे प्रतिमा के सामने सरस्वती की पूजा करे ॥ १४ ॥

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र पवित्रतरगात्र चतुर शीत लक्षण गुणाष्टा दश सहस्त्र शील गणधरचरणाः आगच्छत २ संवौषट इत्यादि गुरु पादुका पूजा ॥ १५ ॥

"ॐ ह्री" इत्यादि पढकर गणधरो की पादुका की पूजा करे ॥ १५ ॥

ॐ ह्रीं कलियुग प्रबन्ध दुर्मार्ग विनाशन परम सन्मार्ग-परिपालन भगवन् यक्षेश्वर जलार्यनं गृहाण गृहाण इत्यादि जिनस्य दक्षिणे यक्षार्चनम ॥ १६ ॥

"ॐ ह्री" इत्यादि पढकर जिन भगवान के दक्षिण की ओर यक्षो की पूजा करे ॥ १६ ॥

ॐ ह्री कलियुग प्रबन्ध दुमार्ग विनाशिनि सन्मार्ग प्रर्वातिनि भगवती यक्षी देवते जलाद्यर्चनं गृहाण गृहाण । इत्यादि बामे शासन देवतार्चनम ।। १७ ।।

यह मन्त्र पढकर जिन भगवान की बाई ओर शासन देवताओ की पूजा करे ।। १७ ।

ॐ ह्रीं उपवेशनभूः शुद्यतु स्वाहा ।। होम कुंड पूर्व भागे दर्भपूलेनोपवेशन भूमि शोधनम् ।। १८ ।।

यह मन्त्र पढकर होम कु ड के पूर्व भाग मे दर्भ के पूले से बैठने की जमीन को शुद्ध करे ।। १८ ।।

ॐ ह्रीं पर ब्रह्मणे नमों नमः ब्रह्मासने अहमुपविशामि स्वाहा । होम कुण्डाग्रे पश्चिमाभिमुखं होता उपयिशेत ।। १९ ।।

यह मन्त्र पढकर होता (होम करने वाला) होम कु ड के अग्र भाग मे पश्चिम की ओर मुख करके बैठे ।। १९ ।।

ॐ ह्री स्वस्तये पुण्याहकलशं स्थापयामि स्वाहा ।।
शाली पुञ्जोपरि फल सहित पुण्याह कलश स्थापनम् ।।२० ।।

यह मन्त्र पढकर चावलो के ढेर पर पुण्यावाचन के कलश स्थापन करे और उनके ऊपर नारियल आदि कोई सा फल रक्खे ।। २० ।।

ॐ ह्रां ह्री ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते पद्ममहा पद्मतिगीच्छ केसरि पुण्डरिक महापुंडरिक गंङ्गा सिन्धु रोहिद्रोहिता स्याहरिद्वरिकान्ता सीता सीतोदा नारी नर कान्ता सुवर्ण रूप्य कूलारक्तारक्तोदा पयोधि शुद्ध जल सुवंण घट प्रक्षालित वर रत्न गन्धाक्षत पुष्पा चितमा सोदकं पवित्रं कुरु कुरु झं झं झ्रौं झ्रौं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं सः इति जलेन प्रसिञ्चय जल पवित्री करणम् ।। २१ ।।

यह मन्त्र पढकर जल सीचकर पूजा करने के जल को पवित्र करे ।। २१ ।।

मन्त्र :—ॐ ह्रीं नेत्राय संवौषटम ।। कलशार्चनम ।। २२ ।।

यह मन्त्र बोलकर कलशो की पूजा करे ।। २२ ।।

ततो यजमानाचार्यः वाम हस्तेन कलशं धृत्वां सव्यहस्तेन पुण्यहवाचनां पठित्वा कलशं कुंडस्य दक्षिणे भागे निवेशयेत् ।। २३ ।।

इसके बाद यजमान आचार्य बांये हाथ मे कलश लेकर दाहिने हाथ से पुण्याहवाचन को पढता हुआ भूमि का सिचन करे ॥ २३ ॥ और पुण्याहं पुण्याह प्रीयन्ता प्रीयन्तां इत्यादि पुण्याहवाचन को पढता हुआ कलश को कुण्ड के दाहिने भाग मे स्थापन करे ॥ २३ ॥

ततः ॐ ह्रीं स्वस्तये मङ्गलकुंम्भ स्थापयामि स्वाहा वामे मङ्गलकलश स्थापनं तत्र स्थालि पाक प्रोक्षण पात्र पूजाद्रव्य होम द्रव्य स्थापनम् ॥ २४ ॥

इसके बाद "ॐ ह्री स्वस्तये" इत्यादि पढकर कुंड के बाये भाग मे कलश स्थापन करे और वही पर स्थालीपाक गन्ध पुष्प अक्षत फल इत्यादि को से सुशोभित पांच पंच पात्री' प्रेक्षणपात्र, पूजाद्रव्य और होम द्रव्य को स्थापन करे ॥ २४ ॥

ॐ ह्रीं परमेष्ठिभ्यों नमो नमः इति परमात्म ध्यानम् ॥ २५ ॥

इसे पढकर परमात्मा का चिन्तवन करे ॥ २५ ॥

ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं ध्यातृ भिरभीप्सित फलदेभ्यः स्वाहा परम पुरुष स्यार्ध्य प्रदानम् ॥ २६ ॥

यह पढकर परमात्मा को अर्ध्य दे ॥ २६ ॥

तत इदं यन्त्रं कुण्ड मध्ये लिखेत् ॐ ह्रीं नीरज से नमः ॐ दर्पमथनाय नमः । इत्यादि ॥ जलैर्दर्भैर्गन्धाक्षतादिभि होम कुण्डार्चनम ॥ २७ ॥

इसके बाद कुण्ड के बीच मे ॐ ह्री नीरज से नमः ॥ "दर्पमथनाय नम" इत्यादि जिसे पीछे पूर्ण लिख आये है उस मन्त्र को लिखे जल गन्ध अक्षत दर्भ आदि से होम कुण्ड को अर्चना करे ॥ २७ ॥

ॐ ॐ ॐ ॐ रं रं रं रं अग्नि स्थापयामि स्वाहा ॥ अग्नि स्थापनम् ॥ २८ ॥

इसे पढकर कुंड मे अग्नि को स्थापना करे ॥ २८ ॥

ॐ ॐ ॐ ॐ रं रं रं रं दर्भ निक्षिप्य अग्निसन्धुक्षणं करोमी स्वाहा ॥ २९ ॥

यह पढकर कुंड मे दर्भ डालकर अग्नि जलावे ॥ २९ ॥

ॐ ह्री क्ष्वीं क्ष्वीं वं मं हं सं तं पं द्रां द्रां हं सः स्वाहा ॥ आम नम ॥ ३० ॥

यह मन्त्र पढकर आचमन करे ॥ ३० ॥

ॐ भूर्भुवः स्वः असि आ उ सा अर्हं प्राणायामं करोमि स्वाहा ॥ त्रिरुच्चार्य प्राणायाम् ॥ ३१ ॥

इस मन्त्र का तीन वार उच्चारण कर प्राणायाम करे ॥ ३१ ॥

ॐ नमोऽर्हते भगवते सत्यवचनसन्दभार्यं केवल ज्ञान दर्शनप्रज्वलनाय पूर्वोत्तराग्रं दर्भ परिस्तरणमुदुम्बर समित्परिस्तरणं च करोमि स्वाहा ॥ होम कुण्डस्य चतुर्भुजेषू पञ्च पञ्च दर्भ वेष्टितेन परिधि बन्धनम् ॥ ३२ ॥

"ॐ नमोऽर्हते" इत्यादि पढकर कुड के चारो कोनो पर पाच पाच दर्भ को एक साथ बाधकर परिबन्धन करे, दक्षिण और उत्तर के कोने पर रक्खे हुये दर्भों की नोंके पूर्व दिशा की ओर करे और पूर्व पश्चिम के कोने पर रक्खे दर्भों की नोके उत्तर की ओर करे ॥ ३२ ॥

ॐ ॐ ॐ ॐ र र र र अग्निकुमार देव आगच्छागच्छ इत्यादि ।

इत्यादिदेव माहूय प्रसाद्य तन्मौल्युद्भवस्याग्नेरस्य गार्हपत्येनामधेयमन्त्र संकल्प्य अर्हद्दिव्यमूर्तिभावनया श्रृद्धानरूपदिव्य शक्ति समन्वित सम्यग्दर्शन भावनया समभ्यर्चनम ॥ ३३ ॥

"ॐ ॐ ॐ ॐ" इत्यादि मन्त्र पढकर अग्नि देव (अग्निकुमार) का आह्वान करे उसे प्रसन्न करे, अर्थात् अग्नि जलावे, 'ग्राहपत्य' इस नाम की कल्पना करे और अर्हन्त भगवान की दिव्य मूर्ति की तथा श्रद्धान रूप दिव्य शक्ति युक्त सम्यग्दर्शन की भावना कर पूजा करे ॥ ३३ ॥

ॐ ह्रीं क्रौं प्रशस्त वर्ण सर्व लक्षण सम्पूर्ण स्वायुध वाहन वधूचिन्ह सपरिवाराः पञ्चदश तिथिदेवताः आगच्छत आगच्छत इत्यादि कुण्डस्य प्रथम-मेखलायामं तिथि देवतार्चनम ॥ ३४ ॥

" ॐ ह्रीं क्रौं" इत्यादि मन्त्र को बोलकर कुड को प्रथम मेखला पर पन्द्रह तिथि देवताओ की पूजा करे ॥ ३४ ॥

"ॐ ह्रीं क्रौं" प्रशस्तवर्णसर्व लक्षणसम्पूर्णस्वायुध वाहन वधू चिन्हस परिवारा नवग्रह देवता आगच्छत आगच्छतत्यादि । उर्ध्वमेखलायां द्वात्रिंशदि दिन्द्रार्चनम ॥ ३५ ॥

यह मन्त्र पढ़कर तीसरी मेखला पर बतीस इन्द्रो की पूजा करे ॥ ३५ ॥

ॐ ह्लीं क्रौं स्वर्ण सुवर्णवर्ण सर्व लक्षण सम्पूर्ण स्वायुध वाहनवधू चिन्ह सपरिवार इन्द्रदेव आगच्छा अगच्छेत्यादि इन्द्रार्चनम ॥ ३६ ॥

एवं लघ पीठेषु दशदिक्पाल पूजा करे ॥ ३६ ॥

ततः ॐ ह्लीं स्थालिपाक मुपहयमि स्वाहा । पुष्पाक्षतैरुपहार्य स्थाली पाक ग्रहणम ॥ ३७ ॥

इसके वाद "ॐ ह्री स्थालीपाक मुपहयमि स्वाहा" यह पढ़कर पुष्पअक्षतों से भरकर स्थालि पाक को अपने पास रखे ॥ ३७ ॥

ॐ ह्लीं होम द्रव्य मादधामि स्वाहा । ॥ होम द्रव्याधानम्॥३९॥

इसे पढ कर होम द्रव्य अपने पास रखे ।

ॐ ह्लीं आज्यपात्रस्थापनम् ॥४०॥

यह पढ कर होम करने के घी को अपने पास रखे स्थापन करे ॥४०॥

ॐ ह्लीं स्वमुपस्करोमि स्वाहा ॥ स्रुववस्तापनं मार्णनं जलंसेवन पुनस्तापनमग्रे निधापनं च ॥४१॥

यह मन्त्र पढ कर स्त्रुक (सूचो) अर्थात् घो होमणे के पात्र का संस्कार इस प्रकार करे कि प्रथम उसे अग्नि पर तपावे. सेके इसके बाद उसे पौछे इसके बाद उस पर जल सीचे पुनः अग्नि पर तपावे और अपने सामने रखे ॥४१॥

ॐ ह्लीं स्रुवमुपस्करोमि स्वाहा ॥ स्रुपस्थापनं तथा ॥४२॥

यह मन्त्र बोलकर स्त्रुव अर्थात् होम सामग्री को होमने के पात्र को सूचो की तरह संस्कार करे, स्थापना करे ॥४२॥

ॐ ह्लीं आज्यामुद्वासयामि स्वाहा ॥ दर्भपिण्डोज्वलेन आज्यस्यो द्वासन मुत्पाचनमवेक्षणंम च ॥४३॥

यह मन्त्र पढ कर घी को तपावे वह इस तरह कि दर्भ के पूले को जलाकर घी को उठावे उत्पाचन (तपावे) और अवेक्षण (देखे) करे ॥४३॥

ॐ श्रीं पवित्रतर जलेन द्रव्यशुद्धि करोमि स्वाहा होम दुष्टा प्रोक्षणम ॥४४॥

यह मन्त्र पढ़ कर द्रव्य शुद्धि करे ॥४४॥

ॐ ह्रीं कुशमाददामि स्वाहा। दर्भपूलमादाय सर्वद्रव्य स्पर्शनम ॥४५।

यह मन्त्र पढ कर दर्भ के पूले को उठाकर सब द्रव्य से छुवावे ॥४५॥

ॐ ह्रीं परम पवित्राय स्वाहा ॥ अनामिकांगुल्यां पवित्रधारणं ॥४६॥

यह मन्त्र पढ कर अनामिका उ गली मे पवित्र पहिने ॥४६॥

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राय स्वाहा ॥ यज्ञोपवीतधारणम् ॥४७॥

यह मन्त्र पढ कर यज्ञोपवित पहने ॥४७॥

ॐ ह्रीं अग्निकुमाराय परिषेचनं करोमि स्वाहा। अग्निपर्युक्षणम् ॥४८॥

यह मन्त्र पढ कर कु ड के चारो ओर पानी की धार छोडे ॥४८॥

ततः ॐ ह्री अर्हं अर्हत्सिकेवलिभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं पञ्चदशतिथि-देवेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्री नवग्रहदेवेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं द्वात्रिंशदिन्द्रेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं दशलोकपालेभ्यः स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं अग्नीन्द्राय स्वाहा षड़ेतान् मन्त्रानष्टादशकृत्वः पुनरावर्तनेनोच्चारयन् स्त्रुवेणप्रत्येक माज्याहुति कुर्यादित्या-ज्याहुतयः ॥४९॥

इसके वाद "ॐ ह्री अर्हं" इत्यादि छह मत्र को अठारह वार दोहरा कर वोले प्रत्येक मन्त्र को वोल कर सूची घृताहुति करे। इस तरह एक सौ आठ आहुति हो जाती है इसे घृता-हुति कहते है ॥४९॥

ॐ ह्रां अर्हत्परमेष्ठिनस्तर्पयामि स्वाहा ॥ ॐ ह्रीं सिद्धपरमेष्ठिनस्तर्प-यामि स्वाहा ॥ ह्रौं उपाध्यायपरमेष्ठिनस्तर्पयामि स्वाहा ॥ ॐ ह्रः सर्वसाधुपर-मेष्ठिनस्तर्पयामि स्वाहा ॥ अवांतरे पंचतर्पणानि "ॐ ह्रां" इत्यादि मन्त्र पढ़ कर मध्य में पाँच तर्पण करे ॥५०॥

यह तर्पण हर एक द्रव्य का हो और होम हो चुकने के वाद किया जाता है। इसलिये इसे अवान्तर तर्पण कहते हैं।

ॐ ह्रीं अग्नि परिषचयामि स्वाहा ॥ क्षीरेणाग्निपर्युणक्षम ॥५१॥

यह मन्त्र पढ कर अग्नि को दूध की धार देवे ॥४४॥

अथ समिधाहुतय ॐ ह्रा ह्री ह्रू ह्रो ह्र असि आउसा स्वाहा ॥ अनेन मन्त्रेण समिधाहुतय करेण होतव्या इति समिधा होम १०८॥ तत. पडाज्या हुतय पञ्च तर्पणानि पर्युक्षणच ॥५१॥

अब समिधाहुति कहते है। "ॐ ह्रा" इत्यादि मन्त्र के द्वारा हाथ से समिधा की एक सौ आठ आहुतिया देवे। मन्त्रोच्चारण भी एक सौ आठ बार करे, इसके बाद पूर्वोक्त छह धृताहुति देवे। पाँच तर्पण करे और अग्नि पर्युक्षण करे। अग्नि के चारो ओर दूध की धार देने को पर्युक्षण कहते है ॥५२॥

अथ लवगाद्यातुय ॥ ॐ ह्रा अर्हदम्य स्वाहा। ॐ ह्री सिद्धेभ्य स्वाहा ॐ ह्रूं सूरम्य स्वाहा। ॐ ह्रौं पाठकेभ्य स्वाहा ॐ ह्रः सर्व साधुभ्य. स्वाहा ॥ ॐ ह्री जिन धर्मेभ्यः स्वाहा ॐ ह्री जिनागमेभ्यः स्वाहा। ॐ ह्री जिनालयेभ्य स्वाहा। ॐ ह्री सम्यग्दर्शनाय स्वाहा। ॐ ह्री सम्यकज्ञानाय स्वाहा। ॐ ह्री सम्यकचारित्राय स्वाहा। ॐ ह्री जया धृष्ट-देवताभ्य स्वाहा। ॐ ह्री षोडश विद्यादेवताभ्य· स्वाहा। ॐ ह्री चतुर्विशतिय क्षीभ्यः स्वाहा। ॐ ह्री चतुदर्शभवन वासिभ्य स्वाहा। ॐ ह्री अष्टविधव्यन्तरेभ्यः स्वाहा। ॐ ह्री चतुर्वि-ध्योतिरिन्द्रेभ्यः स्वाहा। ॐ ह्री द्वादशविधकल्पवासिभ्यः स्वाहा। ॐ ह्री अष्टविधकल्पवा-सिभ्य स्वाहा। ॐ ह्री नवग्रहेभ्य स्वाहा। ॐ ह्री अष्टविध कल्पवासिभ्य स्वाहा। ॐ ह्री अग्निद्राय स्वाहा। ॐ स्वाहा भू स्वाहा। भुव स्वाहा स्वः स्वाहा। एतान् सप्तविशन्ति मन्त्राश्चतुवारानुच्चार्य प्रत्येक लवंग गन्धाक्षतगुग्गुलुतिलशालिकुड्कुमकर्पूरलाजा गुरु शर्करामिराहुति. सरुचा जुहुयात् इति लवङ्गाद्याहुतय. ॥

"ॐ ह्री अर्हदम्य" इत्यादि सताइस मन्त्रो का चार-चार बार उच्चारण कर हर एक मन्त्र को लोग गन्ध अक्षत–गुग्गुल–कुंकम–कर्पूर लाजा (भुने चावल) अगुरु और शक्कर इनकी सूची से आहूतियाँ देवे। इस प्रकार १०८ आहूति देवे ॥५३॥

॥ पूर्ववत् षडाज्याहुति पञ्चतर्पणैकपर्युक्षणानि ॥५४॥

इसके बाद पहिले की तरह छह धृताहूति पचतर्पण और एक पर्युक्षण करे इनके करते समय पूर्वोक्त मन्त्रो को बोलता जावे ॥५४॥

॥ अथ पीठिका मन्त्राः ॥

ॐ सत्यजाताय नमः। ॐ अर्हज्जाताय नमः। ॐ परमजातायः नमः। ॐ अनुपम-जाताया नमः। ॐ स्वप्रधानाय नमः। ॐ अचलाया नम ॐ अक्षयाय नमः। ॐ अव्या-बाधाया नम। ॐ अनन्तज्ञानाय नम.। ॐ अनन्तदर्शनाय नमः। ॐ अनन्तवीर्याय नम। ॐ अनन्तसुखाय नम.। नीरज से नम.। ॐ निर्मलाय नम.। ॐ अच्छे-द्याय नम.। ॐ अभेद्याय नमः। ॐ अजराय नम। ॐअपराय नम. ॐ अप्रमेयाय नमः। ॐ गर्भ-

वासाय नम । ॐ अविलीनाय नमः ॐ परमनाथाय नम । ॐ लोकाग्रनिवासने नम । ॐ परमसिद्धेभ्य नम ॐ अर्हत्सिद्धेभ्यो नम । ॐ केवलि सिद्धेभ्य नम ॐ अनन्तकृतिसदेभ्य नम. । ॐ परपरासिद्धेभ्य नम । ॐ अनादिपरमसिदेभ्य नम । ॐ अनाद्यनुपमसिद्धेभ्य नम । ॐ सम्यक्दृष्टे आसन्नभव्य निर्वाणपूजार्ह अग्निन्द्राय स्वाहा ।। सेवाफलपट परम स्थान भवतु अपमृत्युनाशनं भवतु ।। पीठिकामन्त्रा ।। पीठिकामन्त्रैरेतै पट्त्रिशभ्देदभिन्ने· प्रतिमन्त्र त्रिवारमुच्चारितै शाल्यन्नक्षीरघृत–भक्ष्यपायस शर्करारम्भाफलैर्मिलितैरन्नाहूति । स्रुचा जुहुयात पुनराज्याहुतितर्पणपर्युक्षणानि ।।५५।।

"ॐ सत्यजाताय नम" इत्यादि छत्तीस पीठिका मन्त्रो का हर एक का तीन तीन वार उच्चारण करे प्रत्येक के अन्त मे, शाली, अन्न दूध, घी, दूसरे खाने के पदार्थ, खोवा, शक्कर और केले इन सवको मिलाकर सूची के द्वारा अन्नाहूति देवे यह भी १०८ वार हो जाती है इसके वाद जीतने मन्त्र जप किया हो उसका दशास होम लवगादि द्रव्य से करे फिर छह घृताहूति, पाच तर्पण एक पर्युक्षण करे ।

।। अथ पुर्ण आहूति ।।

ॐ तिथि देवा पञ्चदशधा प्रसीदन्तु, नवग्रह देवा प्रत्यवापहरा भवन्तु । भावनादयो द्वात्रिश द्देवा इन्द्रा· प्रमोदन्तु । इन्द्रादयो विश्वे दिक्पाला पालयन्तु । अग्निन्द्रामोल्य द्भवाऽप्यानि देवता प्रसन्ना भवंतु । शेपा सर्वेऽपि देवा एते राजान विराजन्तु दातर तर्पयन्तु सघ श्लाघयन्तु वृष्टि वर्पयन्तु । विघ्न विघातयन्तु मारी निवारयन्तु । ॐ ह्री नमोऽर्हते भगवते पूर्ण ज्वलित ज्ञानाय सम्पूर्ण फलार्घ्या पूर्णाहुति विदध्महे ।।इति पूर्णाहूति ५६।।

"अति तिथि देवा" इत्यादि मत्रो के द्वारा पूर्णाहूति देवे । पूर्णाहूति मे फल और पूजा का द्रव्य होना चाहिए । पूर्णाहूति के मन्त्र पूर्ण हो, वहा तक वरावर एक सरीखी घी की धार छोडता रहे ।।५६।।

ततो मुकलित कर —ॐ दर्पणो घोत ज्ञान प्रज्वलित सर्व लोक प्रकाशक भगवन्नर्हन् श्रृद्धा मेघा प्रज्ञा बुद्धि श्रिय वल आयुष्य तेज आरोग्य सर्व शान्ति । विधेहि स्वाहा । एत पटित्वा सम्प्रार्थ्यं शान्ति धारा निपात्य पुष्पाजलि प्रक्षिप्य चैत्यलादि भक्ति त्रय चतुर्विशति स्तवन वा पठि वा पञ्चाग प्रणम्य तद्दिव्य भाम समादाय ललाटा दौ स्वय धृत्वा अन्यानपि दद्यात् ।।५७।।

इसके वाद हाथ जोडकर "ॐ दर्पणो घोत" इत्यादि मन्त्र पढे, प्राथना करे, शान्ति धारा दे पुष्पांजलि क्षेपण करे चैत्यलय वगैरह की तीन भक्ति अथवा चौवीस तीर्थ करो की स्तुति

पढे और पचांग नमस्कार कर होम की दिव्य भस्म को लेकर ललाट वगैरह स्थानो पर लगावे, और औरो को भी देवे ॥५७॥

शाति धारा शान्ति पूर्वक भक्ति से पढे। फिर पहले स्थापित कलश लघू पूण्याह वाचन कर, स्थावित जिनेन्द्र-प्रभु की मूर्ति को स्वस्थान पर विराजमान करके मगल कलश को बाजे, गाजे के साथ अपने घर मे ले जावे।

। इति होम विधान ।

अथ पुन्याह वाचन

ॐ स्वस्ति श्री यजमानाचार्य प्रभृति समस्त भव्यजनानां सद्धर्म श्री बलायुरारोग्यैश्वर्याभि वृद्धिरस्तु।

अद्य भगवतो महापुरूषस्य श्री मदादि ब्रह्मणो मते त्रैलोक्य मध्यं मध्यासीने मध्य लोके श्री मदनावृत यक्ष स सेव्य माने, दिव्य जम्बू वृक्षोपलक्षित, जबू द्वीपे, महनीय महामेरोर्दक्षिण भागे, अनादि काल स सिद्ध भरत नाम धेय प्रविराजित षट् खन्ड मण्डित भरत क्षेत्रे, सकल शलाका पुरुष स भूति सम्बन्ध विराजितार्य खण्डे, परम धर्म समा चरण अस्मिन् देशे, अस्मिन् विनेय जनताभिरामे,.... ....ग्रामे श्री दिगम्बर जैन मूल सघे, सरस्वती गच्छे, बलात्कार गणे श्री मद् कुन्दकुंदाम्नाये महा शाति कर्मणोचित्ते, अत्र .... दिव्य महा चैत्यालये, प्रदेशे एतदव सर्पिणी कालावसाने प्रवृत्त सुवृत्त चतुर्दश मनूपमान्वित सकल लोक व्यवहारे, श्री वृषभ स्वामी पौरस्त्य मगल महापुरुष परिषत्प्रतिपादित परमोपशम पर्व क्रमे, वृषभ सेन सिंह सेन, चारू सेनादि गणधर स्वामी निरूपित विशिष्ट धर्मोपदेशे, दु.खम सुखमानंतर प्रवर्तमान कलियुगा पर नाम धेय दुःखमाभिधान पंचम काल प्रथम पादे, महति महावीर वर्द्धमान तीर्थंकरोपदिष्ट सधर्म व्यति करे, श्री गौतम स्वामी प्रतिपादित सन्मार्ग प्रवृत्त माने, श्रेणिक महा मंडलेश्वर समा चरित सन्मार्गा विशेषे, विक्रमाक नृपाल पालित प्रवृत मानानुकूल शक नृप काले...... वर्षसमिते, प्रवृतमान... ... सवत्सरे, अमुक मासे अमुक पक्षे, अमुक तिथौ, अमुक वासरै, प्रशस्त तारका योग करणद्रे काण होरा मुहूर्त लग्न युक्तायां, अष्ट महा प्रातिहार्य शोभित श्री मद अर्हत्परमेश्वर सन्निधौ श्री शारदा सन्निधौ, राजर्षि परर्षि ब्रह्मर्षि सन्निधौ, विद्वत्सामाज सन्निधौ, अनाधि श्रोतृ सन्निधौ, देव ब्राह्मण सन्निधौ, सुत्राह्मण सन्निधौ, याग मडल भूमि शद्धयर्थं, द्रव्य शुद्धयर्थ, पात्र शुद्धयर्थं, क्रिया शद्धयर्थ. मन्त्र शुद्धयर्थ, महा शाति कर्म सिद्ध साधन यत्न मन्त्र तन्त्र विद्या प्रभाव सं सिद्धि निमित्त विधियै मानस्य अमुक

क्रिया महोत्सव समये, पुण्याह् वाचन करिप्ये। सर्वं. सभाजनैरनु ज्ञायता विद्वद्विशिष्ट जनैरनु ज्ञायता, महाजनैरनु ज्ञायता तद्यथा।

प्रस्थमात्र तदुलोपरि ह्री कार सवेष्टित स्वस्तिक यन्त्रे मन्त्र परिपूजित मणिमय मगल कलश सस्थाप्य, यजमानाचार्यो ऽपसव्य हस्तेन् घृत्वा पुण्याहमन्त्रमुच्चारन् सिचेत्। ॐ स्वस्तिक कलशं स्थापन करोमि।

पास मे छपे हुये यन्त्रानुसार करीव एक सेर चावल लेकर जमीन मे यन्त्र वनावे, फिर उसके ऊपर जल से भरा हुआ कलश रखकर उसमे नागर वेल का पत्ता रखे और पुण्यहवाचन पढते जावे और कलश का पानी उस पत्ते से दाहिने हाथ से छिडकते जावे।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते समस्त गंगा सिध्वादि नदी नद तीर्थ जलं भवतु स्वाहा। जलपवित्री करणं।

ॐ ह्री पुण्याह कलशार्चन करोमि स्वाहा।

साथिया के ऊपर के कलश मे अर्घ चढावे।

ॐ पुण्याह २ प्रियता २ भगवतोऽर्हंत सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनः त्रिलोकनाथा त्रिलोक प्रद्योतनकरा वृपभ अजित-सभव अभिनदन सुमति पद्मप्रभ सुपार्श्व चन्द्रप्रभ पुप्पदत, शीतल श्रेयो वासुपूज्य विमल अनत धर्म शाति कुथु अर मल्लि मुनि सुव्रत नमि नेमि पार्श्व श्री वर्द्धमाना शाता. शातिकरा सकलकर्मरिपु विजय कातार दुर्गविपयेपु रक्षतु नो जिनेद्रा. सर्वविदश्च॥ श्री ह्री धृति कीर्ति काति वुद्धि लक्ष्मी मे धाविन्य· सेवा कृपि वाणिज्य वाद्य लक्ष्य मन्त्र साधन चूर्णिप्रयोग स्थान गमन सिद्धि साधन.या प्रतिहत शक्तयो भवतु नो विद्यादेवता। नित्यमर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु वश्च भगवतो न प्रियता २ आदित्य सोमागार बुद्ध वृहस्पति शुक्र शनैश्चर राहु केतु ग्रहाश्च न प्रियता २। तिथि करण मुहूर्त लग्न देवता. इहचान्य ग्राम नग रादिपु अपि वास्तु देवताश्चता सर्वागुरू भक्ता अक्षिण कोप कोप्टागारा भवेयुर्दान तपोवीर्य नित्यमेवास्तु नः प्रियता २ मातृपितृ भ्रातृ सुत सुहृत्स्व जन सवधी वधुवर्ग सहिताना धनधान्यैश्वर्य द्युति वलयशो वृद्धिरस्तु। प्रमोदोस्तु शाति भंवतु पुष्टि भंवतु सिद्धि भंवतु काम मागल्योत्सवा. सतु शाम्यतु घोराणि शाम्यतु पापानि पुण्य वर्द्धताम् धर्मोवर्द्धताम् श्यायुर्पीवर्द्धताम् कुलगोत्र चाभिवर्द्धताम् स्वस्ति भद्र चास्तु न. हता स्तेपरिपंथिनः शत्रव.

शमयतु । निष्प्रति घमस्तु । शिव मतुलमस्तु । सिद्धा सिद्धि प्रयच्छतु न । ॐ कर्मण: पुण्याहं भवतो ब्रुवतु इति प्रार्थयेत् । प्रार्थितविप्राः पुण्याह कर्मणोऽस्तु " इतिब्रूयु । ॐ कर्मणेस्वस्ति भवतो ब्रुवतु । स्वस्ति कर्मणेऽस्तु कर्मऋद्धि भवतो ब्रुव तु " कर्मऋद्धिस्तु ।

विशेष :—अगर होम नही करना है तो जितना जप किया, उतने जप का दशांस, जप चौगुना जप, ज्यादा कर लेना चाहिये । जैसे—एक हजार जप का दशास १०० जप हुआ, उस १०० जप को चौगुना जपने से, याने ४०० बार जप कर लेने पर होम की पूर्ति हो जाती है । फिर अग्नि होम करने की आवश्यकता नही पड़ती है ।

मन्त्र जप के बाद दशांस होम करने के लायक होम कुण्डों का नक्शा

होम कुण्ड नीचे दिये गये नक्शे के मुताबिक बनावे, और होम कुण्ड के लिये ईटें कच्ची होनी चाहिये । वध, विद्वेषण, उच्चाटन कर्म मे आठ अंगुल लम्बी समिधा ले (लकडी) । पुष्टि कर्म में नौ अगुल, शान्ति, आकर्षण, वशीकरण में, स्तम्भन, कर्म मे बारह अगुल की लकडियाँ हों । लकडियाँ दूध वाले वृक्ष की हो ।

तीर्थङ्कर कुण्ड (१)

गार्हपत्यग्नि

गणधर कुण्ड (२)

आहवनीय

केवली कुण्ड (३)

दक्षिणाग्नि

लघु विद्यानुवाद

इस खण्ड में

(५—१ से ५—५६)

तन्त्राधिकार

पंचम तंत्राधिकार

अश्विनी नक्षत्र मे अर्द्ध रात्रि को नग्न होकर अपामार्ग की जड़ को लावे, फिर कण्ठ में धारण करे तो राज सभा वश होय । १ ।

भरणी नक्षत्र मे संखा होली की जड लावे, ताबीज में रक्खे (पर) स्त्री वश में होय । २ ।

कृत्तिका नक्षत्र में रोहिस की जड लावे, पास रक्खे तो अग्नि नही लगे । ३ ।

रोहिणी नक्षत्र में अर्द्ध रात्रि मे नग्न होय, नेगद बावची की जड लावे और पास रक्खे तो वीर्य चाले नही । ४ ।

कौनसा रुद्राक्ष कहां धारण करना चाहिए—छः मुखा रुद्राक्ष दाहिने हाथ मे, सात मुखा कठ मे, आठ मुखा मस्तक मे, नौ मुखा बाये हाथ मे, चौदह मुखा शिखा मे, बारह मुखा वाले रुद्राक्ष को केश प्रदेश मे धारण करना चाहिये। इसके धारण करने से आरोग्य लाभ सात्विक प्रवृति का उदय, शक्ति का अविर्भाव और विघ्ननाश होता है।

रुद्राक्ष के मुखों के अनुसार उसका फल निम्न प्रकार से है—

(१) एक मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् भोग व मोक्ष रूप फल प्रदान करता है। जहाँ इसकी

पूजा होती है, जहाँ से लक्ष्मी दूर नही जाती। उस स्थान मे सारे उपद्रव नष्ट हो जाते हैं तथा वहाँ रहने वाले लोगो की सम्पूर्ण कामनाएँ पूर्ण होती है

(२) दो मुख वाला रुद्राक्ष देव देवेश्वर कहा गया है। वह सम्पूर्ण कामनाओ और फलो को देने वाला है। गर्भवती महिलाओ की कमर या वाँह पर सूत से वाध देने पर गर्भावस्था नौ महिने के अन्दर किसी भी प्रकार की वाधा, भय, वेहोशी, हिस्टीरिया, डरावने स्वप्न आदि दोष नही होगे साथ मे एक रुद्राक्ष विस्तर पर तकिए के नीचे एक डिविया मे रख देना चाहिये।

(३) तीन मुख वाला रुद्राक्ष सदा साक्षात् साधन फल देने वाला है, उसके प्रभाव से सारी विद्याये प्रतिष्ठित होती है तीन दिन के वाद आने वाला ज्वर इसके धारण करने से ठीक हो जाता है।

(४) चार मुख वाला रुद्राक्ष के दर्शन और स्पर्श से शीघ्र ही धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारो पुरुषार्थो की सिद्धि देने वाला है इससे जीव हत्या का पाप नाश हो जाता है।

(५) पाच मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् कालाग्नि रूप है वह सव कुछ करने मे समर्थ है सव कष्टो से मुक्ति देने वाला तथा सम्पूर्ण मनोवाछित फल प्रदान करने वाला है उसके तीन दाने धारण करने से लाभ होता है।

(६) छः मुखो वाला रुद्राक्ष यदि दाहिनी वाह मे उसे धारण किया जाये तो धारण करने वाला मनुष्य विद्याओ का स्वामी होता है ओर पापो से मुक्त हो जाता है यह विद्यार्थियो के लिए उत्तम है।

(७) सात मुख वाला रुद्राक्ष अनंग स्वरूप और अनग नाम से हो प्रसिद्ध है उसको धारण करने से दरिद्र भी ऐश्वर्य शाली हो जाता है। सभी रोगो का नाश होता है।

(८) आठ मुख वाला रुद्राक्ष अष्ट मूर्ति भैरव रूप है। असत्य भाषण का पाप नष्ट करता है। उसको धारण करने से मनुष्य पूर्णायु होता है और मृत्यु के पश्चात् शूल धारी यक्ष हो जाता है।

(९) नौ मुख वाले रुद्राक्ष को भैरव का प्रतीक माना गया है अथवा नौ रूप धारण करने वाली माहेश्वरी दुर्गा उसकी अधिष्ठात्री देवी मानी गई है जो मनुष्य अपने वाये हाथ मे इसको धारण करता है वह सर्वेश्वर हो जाता है।

(१०) दस मुख वाला रुद्राक्ष साक्षात् भगवान रूप है। उसको धारण करने से मनुष्य की

सम्पूर्ण कामनाएे पूर्ण हो जाती है वह भूत प्रेत बाधा तथा सभी प्रकार की बीमारियों को हरण करने वाला है ।

(११) ग्यारह मुख वाला रुद्राक्ष रुद्र रूप है, उसको धारण करने से सर्वत्र विजयी होता है इसे पूजा गृह अथवा तिजोरी मे मगल कामना के लिए रखना लाभ दायक है यह सबको मोहित करने वाला है।

(१२) बारह मुख वाले रुद्राक्ष को केश प्रदेश में धारण करे, उसको धारण करने से मानो, मस्तक पर आदित्य विराजमान हो जाते है ।

(१३) तेरह मुख वाला रुद्राक्ष विश्व देवो का स्वरूप है, उसको धारण करके, मनुष्य सम्पूर्ण अभिष्ठो को पाता है तथा सौभाग्य और मगल लाभ प्राप्त करता है ।

(१४) चौदह मुख वाला रुद्राक्ष परम शिव रूप है, उसे भक्ति पूर्वक मस्तक पर धारण करे, इससे समस्त पापो का नाश होता है। इस तरह मुखो के भेद से रुद्राक्ष के मुख्यतः चौदह भेद बताये गये है ।

रुद्राक्ष धारण करने के मन्त्र निम्नलिखित रूप मे है ।

१–४–५–१०–१३ इन पाँचों का मन्त्र—ॐ ह्री नमः है ।

२–१४ इन दोनो का मन्त्र—ॐ नमः । है ।

३–इसका मन्त्र—क्ली नमः । है ।

६–६–११ इन तीनो का मन्त्र—ॐ ह्री ह्रू नमः । है ।

७–८ इन दोनो का मन्त्र—ॐ हु नमः । है ।

१२–इसका मन्त्र—ॐ क्रौ क्षौ रौ नम । है ।

उपरोक्त चौदह ही मुखो वाले रुद्राक्षो को अपने अपने मन्त्र द्वारा धारण करने का विधान है रुद्राक्ष की माला धारण करने वाले पुरुष को देखकर भूत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी तथा द्रोहकारी राक्षस आदि सर्व दूर भाग जाते है ।

एक मुखी रुद्राक्ष को साधने का मन्त्र :—

श्री गौतम गणपति जी को नमः ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं एक मुखाय भगवते-ऽनुरूपाय सर्व युगेश्वराय त्रैलोक्य नाथाय सर्व काम फलं प्रदाय नमः ।

विधि :—चैत्र शुक्ला अष्टमी को १०८ रक्त वर्ण के पुष्पो से पूजन करे । धूप, दीप, प्रसाद करे केशर चन्दन कपूर का तिलक करे । प्रत्येक पुष्प पर एक मन्त्र पढ़े । फिर इसी तरह

दीपावली के दिन करे तत्पश्चात् तिजोरी मे रख दे या सोने मे मढ़। कर गले मे धारण करे।

जिनमे एक मुखी रुद्राक्ष जिसका मूल्य ५-१० हजार रुपये तक भी हो जाता है। विशेप रूप से नकली आते है। लेते समय सावधानी रखनी चाहिए। किसी विज्ञ व्यक्ति से पहचान करवा कर लेना चाहिये।

वहेड़ा कल्प

शनिवार की सध्या को वृक्ष के पास जावे, "मम कार्य सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा" इस मन्त्र का उच्चारण करे, चन्दन, चावल, पुष्प, नैवेद्य धूप, दीप द्वारा उसका पूजन करे व मोली बाध कर आ जावे। दूसरे रोज रविवार पुष्य नक्षत्र के दिन सूर्योदय से पहले जावे और निम्नलिखित मन्त्र पढकर मूल व पत्ते ले आवे।

मन्त्र :—ॐ नमः सर्व भूताधिपतये ग्रस शोषय भैरवीऽवाज्ञापयति स्वाहा।

घर पर लाकर पंचामृत से धोकर अच्छी तरह स्थापना कर, उपरोक्त मन्त्र मे फिर अभिमन्त्रित करना चाहिये तत्पश्चात् प्रयोग मे लाया जा सकता है।

जैसे —(१) दाहिनी जाघ के नीचे रखकर भोजन करे, तो अपनी खुराक से बीस गुना ज्यादा भोजन कर सकता है।

(२) तिजोरी मे रखे तो अटूट भडार रहे।

निर्गुण्डी कल्प

विधि —रात्रि के समय अकेला निर्गुण्डी वृक्ष के पास जावे और २१ प्रदक्षिणा निम्नलिखित मन्त्र को बोलते हुये सात रात्रि तक बरावर दे, तो वृक्ष सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र :—ॐ नमो गौतम गणेशाय कुबेरये कद्रि के फट् स्वाहा।

तत्पश्चात् सातवे रोज वृक्ष का पचाग ले आवे। फिर धूप दीप मे पूजन करे। पचामृत से धो कर शुद्ध जगह रखकर उपरोक्त मन्त्र की एक माला से अभिमन्त्रित कर निम्नलिखित प्रयोगो मे काम ले।

जैसे —(१) पुष्य नक्षत्र मे निर्गुण्डी और सफेद सरसो, दुकान के द्वार पर रखी जाये, तो अच्छा क्रय विक्रय होता है।

(२) वृक्ष की छाल का चूर्ण, जीरे का चूर्ण सम भाग ग्राठ दिन तक सेवन करने से हर प्रकार का ज्वर दूर हो जाता है ।
(३) एक महीने तक सेवन करने से भूमिगत द्रव्य दिखाई देता है ।
(४) चालीस दिन तक सेवन करने से आयुष्य मे वृद्धि होती है ।
(५) पचास दिन तक सेवन करने से शरीर मे बल ग्रत्यन्त बढता है । मृत्यु पर्यन्त निरोग रहता है इसका सेवन करते समय हल्का भोजन, खिचडी आदि खाना चाहिये ।

हाथा जोडी कल्प

शुभ दिन शुभ योग मे ले, ग्रौर निम्नलिखित मन्त्र का १२५०० जाप करके इसको सिद्ध कर ले ।

मन्त्र :—ॐ किलि किलि स्वाहा ।

योग :—(१) किसी भी व्यक्ति से वार्ता करने मे साथ रखे, तो बात माने ।
(२) जिसको भी वश करना हो उसका नाम लेकर जाप करे तो इसके प्रभाव से वह व्यक्ति वशीभूत होगा ।
(३) प्रयोग के बाद चांदी की डिबिया मे सिन्दूर के साथ रखे ।

विजया कल्प

इसका भिन्न भिन्न मास मे भिन्न भिन्न अनुपान से सेवन करने से अलग अलग फल है जो निम्न प्रकार से है :—

१ चैत्र मास मे पान के साथ खाने से पडित बने ।
२ वैशाख मास में अकलकरा के साथ खाने से जहर नही चढेगा ।
३ ज्येष्ठ मास मे नीबू से खाने से, ताबे के से रग का शरीर हो ।
४ आषाढ मास मे चित्र वल से खाने से, केश कल्प हो ।
५ श्रावण मास मे शिवलिगी से खाने से, बलवान बने ।
६ भाद्र मास मे रुद्रवती से खाने से, सबका प्रिय होता है ।
७ ग्राश्विन मास मे माल कागनी से, खाने से अमरी उतरे स्वस्थ हो ।
८ कार्तिक मास मे बकरी के दूध के साथ खाने से, सभोग शक्ति बढे ।
९ मार्ग शीर्ष मास मे गाय के घृत के साथ खाने से, दृष्टि दोष मिटे ।

१० पोप मास मे तिलो के साथ खाने से जल के भीतर की वस्तु भी दृष्टि गोचर हो
११ माघ मास मे मोथा की जड के साथ खाने से शक्तिशाली हो ।
१२ फाल्गुन मास मे आवला के साथ खाने से पैदल यात्रा की शक्ति बढे ।

यक्षिणी कल्प

(१) विचित्रा (२) विभ्रमा (३) विशाला (४) सुलोचना (५) वाला (६) मदना (७) धूम्रा (हसनी) (८) मानिनी (९) शतपत्रिका (१०) मेखला (११) विकला (१२) लक्ष्मी (१३) काल करणी (१४) महाभय (१५) माहिन्द्रीका (१६) श्मसानी (१७) वट यक्षिणी (१८) चन्द्रिका (१९) चक्रपाली (घंटा कर्णि) (२०) भीपणा (२१) जनरजिका (२२) विशाला (२३) शोभना तथा (२४) शखिनी ।

विचित्रा—मन्त्र :—ऐं विचित्रे विचित्र रूपे सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा ।

विधि :—वट वृक्ष के नीचे एक लाख जाप करने से, विचित्रा नामक यक्षिणी सिद्धि होती है ।

प्राप्ति :—अजरामरत्व का वरदान देती है ।

विभ्रमा—मन्त्र :—ॐ ह्रीं भर भर स्वाहा ।

विधि :—एक लाख जाप करे तथा तीन कोनो का यज्ञ कुड बनाकर उसमे दुग्ध, घृत व मधु से दशास हवन करे तो विभ्रमा नामक यक्षिणी सिद्ध होती है ।

प्राप्ति :—साधक के स्त्री रूप मे रहती है तथा चितित अर्थ देती है ।

विशाला—मन्त्र :—ऐं विशाले ह्रीं ह्रीं क्लीं एहि एहि ह्रां विभ्रम मुये स्वाहा ।

विधि :—श्मसान मे दो लाख जाप करे । गुग्गुल व घृत का दशास हवन करे ।

प्राप्ति :—साधक के स्त्री के रूप मे रहे । ५०० यक्तियो तक का भोजन दे । साधक अन्य स्त्री के साथ सगम न करे ।

सुलोचना—मन्त्र :—ॐ लें लें सुलोचने सिद्धं देहि-देहि स्वाहा ।

विधि :—पर्वत पर या नदी के किनारे तीन लाख जाप करे । घृत से दशास हवन करे, तो सुलोचना नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति :—आकाश गामिनी दो पादुकाएं भेंट करे जिससे जहाँ चाहे जा सके ।

मदना—मन्त्र :—ऐं मदने मदन विंटदिनी आत्मीय मम देहि २ श्री स्वाहा ।

विधि :—राज द्वार पर एक लाख जाप करे तथा जाति पुष्प व दूब से दशास हवन करे तो मदना नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति :—एक गुटिका भेट करे, जिसे मुह मे रखने से अदृश्य हो जाने की शक्ति प्राप्ति होती है।

मानिनी—मन्त्र :—ऐं मानिनी ह्रीं ऐहि-एहि सुन्दरि हस-हस समीह मे सगमकं स्वाहा।

विधि —जहाँ चौपाये जानवर रहे। वहाँ बैठकर १,२५,००० जाप करे व लाल फूल व तीन मधुर वस्तुओ से दशास होम करे, तो मानिनी नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति :—साधक के पास स्त्री रूप मे आकर उससे संभोग करे। उसके बाद एक तलवार भेट दे। जिससे वह विद्याधर बनने की शक्ति प्राप्त करे।

हंसिनी—मन्त्र :—हंसिनी हंसयनि क्लीं स्वाहा।

विधि :—नगर द्वार पर एक लाख जाप करे व कमल पत्र से दशांस हवन करे तो हसिनी नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति —साधक को अजन भेट करे, जिससे पृथ्वी के अन्दर की वस्तुये देखी जा सके।

शतपत्रिका—मन्त्र :—शतपत्रिके ह्रां ह्रीं ध्वीं स्वाहा।

विधि —वट वृक्ष के नीचे एक लाख जाप करे व घृत से दशांस हवन करे, तो शतपत्रिका नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति —पृथ्वी मे गडे खजाने को बताये।

मेखला —मन्त्र :—ह्रूं भम मेखले ग ग ह्रीं स्वाहा।

विधि :—पलाश वृक्ष के नीचे १४ दिन तक जाप करे, तो मेखला नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति —प्रतिदिन ५०० रुपये तक भेट दे।

विकला—मन्त्र :—विकले ऐ ह्रीं श्रीं ह्रूं स्वाहा।

विधि —घर मे तीन मास तक जाप करे, तो विकला नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति :—अणिमा (छोटा होना) आदि विद्या दे।

लक्ष्मी —मन्त्र :—ऐ कमले कमल धारिणी हंस स्वाहा।

विधि —लाल कनेर के फूलो से एक लाख जाप करे। कुंड मे गग्गुल से दशांस हवन करे। इससे लक्ष्मी नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति :—पाच विद्या दे तथा मनवाछित धन दे।

कालकर्णि—मन्त्र :—क्रौं कालकर्णिके ठः ठः स्वाहा।

विधि :—ब्रह्म वृक्ष के नीचे एक लाख जाप करे, मधु-मिश्रित दशाश हवन करे, तो कालकर्णि नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति –सैन्य स्तभन, अग्नि-स्तभन, मधु-स्तभन तथा गर्भ-स्तभन की विद्या दे ।

महाभय—मन्त्र :—ह्रीं महाभय एहि स्वाहा ।

विधि —श्मसान मे जहाँ मुर्दा जलाया गया हो, वहाँ बैठकर एक लाख जाप करे तो महाभय नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति :—रसायन दे, जिसके खाने से वृद्धावस्था नही आये व वृद्धावस्था हो तो युवा हो जाये।

माहिन्द्री—मन्त्र—माहिन्द्री कुल-कुल युल-युल स्वाहा ।

विधि :—इन्द्र धनुप के उदय के समय निर्गुण्डी वृक्ष के नीचे बैठ कर १२,००० जाप करे, तो माहिन्द्री नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति —आकाश गामिनी, पाताल गामिनी, नगर प्रवेश, वचन सिद्ध, देव, भूत, प्रेत, पिशाच, शाकिनी, वेताल, सोटिग, आदि को दूर करने की शक्ति दे ।

श्मसानी मन्त्र —ह्रा ह्रीं स्यु श्मशान वासिनी स्वाहा ।

विधि —श्मसान मे नग्न हो कर ४ लाख जाप करे, तो श्मसानी नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति —एक पट्ट दे, जिससे अदृश्य होकर तीनो लोको मे घूम सके ।

वट्यक्षिणी मन्त्र —ऐ कपालिनी ह्रा ह्रीं क्लीं क्लू हस हम्क्ली फुट् स्वाहा ।

विधि —वट वृक्ष के नीचे बैठ कर चादनी रात मे तीन लाख जाप करे, तो वट नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति —साधक की स्त्री के रूप मे रहकर वस्त्र, अलकार, स्वर्ण, गन्ध व पुष्प आदि दे ।

चन्द्रिका मन्त्र :—ॐ नमो भगवती चन्द्रिकाय स्वाहा ।

विधि —शुक्ल पक्ष की रात्रि मे एक लाख जाप करे, तो चन्द्रिका नामक यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति अमृत रसायन दे, जिससे हजार वर्ष तक जीवित रहने की शक्ति प्राप्त हो ।

घंटाकर्णि मन्त्र :—ऐं घटे पुर क्षोभय राजा नाम क्षोभय क्षोभय भगवती गंभीरः इवर्ल्ब्लीं स्वाहा ।

विधि - बजते हुये घण्टे के साथ बीस हजार जाप करे, तो घटाकर्णि यक्षिणी सिद्ध हो ।

प्राप्ति — इतनी शक्ति दे कि पूरे नगर को भयभीत कर सके ।

भीषणा -जनरजिका विशाला ।

मन्त्र :—भीषणा क्षपेत माता छिते चिरं जीवितं कर्मव्या, साधकेन भगिन्या जन-रंगिनी कालोंजन रंगि के स्वाहा।

विधि —एक लाख जाप से भीषणा सिद्ध हो जायेगी। उसके सिद्ध होने से जनरजिका सिद्ध हो जायेगी। ५० हजार और अधिक जाप से विशाला सिद्ध हो जायेगी।

प्राप्ति —विशाला स्त्री के समान तथा जनरजिका, दासी के समान रहेगी तथा भीषणा इन दोनों के प च की स्थिति मे रहेगी।

शोभना मन्त्र :—ॐ अशोक पल्लवा काटकर तले श्रीं क्षः स्वाहा।

विधि :—लाल वस्त्र व माला से तीनो समय १४ दिन तक जाप करे, तो शोभना नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति —साधक की स्त्री के समान रहेगी।

शंखिनी मन्त्र :—ॐ शंख धारिणी शंखा भरणे ह्रां ह्रीं क्लीं ग्लौं श्रीं स्वाहा।

विधि :—सूर्योदय के समय शख माला से १० हजार जाप करे, कनेर के फूल, सफेद गाय के घृत तथा आठ प्रकार के धान्य सहित दशास हवन करे, तो शखिनी नामक यक्षिणी सिद्ध हो।

प्राप्ति :—अन्न व पाँच रुपये प्रतिदिन दे।

रत्न, उपभोग, फल व विधि

भारत मे भिन्न २ ग्रहो की दशा मे भिन्न भिन्न रत्नो को धारण करने का विधान है। इस सम्बन्ध मे निम्नाकित बाते विशेष रूप से ज्ञातव्य है।

माणिक्य (मानिक) कौन धारण करें —माणिक्य सूर्य का रत्न है। यदि किसी के जन्म के समय सूर्य अनिष्टकारी हो तो उसे माणिक्य धारण करना चाहिये।

धारण विधि —कम से कम ३ रत्ती का माणिक्य होना चाहिये। अपने जन्म मास की १, ९, १० या २८ वी तारीख को या रविवार को प्रात काल ग्रीवा, भुजा, या अ गुली में इसे धारण किया जाता है। लालडी (सूर्य मणि) को भी चादी मे जडवाकर रविवार को मध्यान्ह में धारण किया जाता है।

माणिक्य को धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है —

ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानों निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च।
हिरण्येन सविता रथेनादेवो याति भुवनानि पश्यन्॥

मोती कौन धारण करें :—मोती चन्द्रमा का रत्न है। यदि किसी को जन्म के समय चन्द्रमा निर्बल है तो उसे मोती धारण करना चाहिये।

धारण विधि :—२, ४, ६, ११ रत्ती का मोती होना चाहिये। ७ या ८ रत्ती का मोती नही पहनना चाहिये। मोती को चादी मे जडवा कर शुक्ल पक्ष, सोमवार को सध्या के समय ग्रीवा, भुजा, या अगुली मे धारण करना चाहिये। इसे धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है —

ॐ इमं देवा असपत्नं सुवध्वं महते क्षत्राय

महते ज्येष्ठाय महते जान राज्यायेन्द्र स्येन्द्रियाय,

इम मनुष्य पुत्र ममुष्यै पुत्रमष्यै विष एष वोऽमी

राजा सोमोऽस्मांक ब्राह्मणानां राजा।

मूंगा कौन धारण करें —मूंगा मगल ग्रह का रत्न है। अत: मगल ग्रह की दशा मे इसे धारण करना चाहिये।

धारण विधि —जन्म कुडली मे मगल ग्रह ४, ८ या १२ वे स्थान पर हो तो ८ रत्ती का मूगा, सोने की अगूठी मे पहनना चाहिये। चन्द्र मगल के योग मे चादी मे, मूगा जडवाकर पहनना चाहिये। ५ या १४ रत्ती का मूगा कभी नही होना चाहिये। मगलवार के दिन सूर्योदय से एक घटा पश्चात् ग्रीवा, भुजा या तीसरी अगुली मे इसे धारण करना चाहिये।

इसे धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है —

ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पत्तिः पृथिव्या अयम्।

अपा रेतांसि जिन्वति।

पन्ना कौन धारण करें —पन्ना बुध ग्रह का रत्न है। अत बुध की दशा मे ५ केरेट का पन्ना धारण करना चाहिये।

धारण विधि —पन्ने को स्वर्ण को मे जडवाकर अपने जन्म मास की ५, १४ या २३ तारीखको या बुधवार के दिन सूर्योदय के दो घटे पश्चात् ग्रीवा, भुजा, या मध्यमा अगुली मे धारण करना चाहिते।

इसे धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है —

ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्व मिष्टापूर्त्ते संसृजेथामयं च । अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत्त ।

पुखराज कौन धारण करे—पुखराज गुरु ग्रह का प्रतिनिधि रत्न है। गुरु की दशा में पुखराज धारण करना चाहिये ।

धारण करने की विधि—७ या १२ कैरट का पीला पुखराज सोने की अंगुठी मे जडवाकर गुरुवार को साय सूर्यास्त से एक घटे पूर्व ग्रीवा, भुजा या तीसरी अंगुली में धारण करना चाहिये । ६, ११, १५ रत्ती का पुखराज कभी धारण नही करना चाहिये ।

इसे धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है—

ॐ बृहस्ते अति यदिर्यो अर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु ।
यद्दीदयच्छवश ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ।

हीरा कौन धारण करे :-हीरा शुक्र ग्रह का प्रतिनिधि रत्न है। शुक्र की दशा मे हीरा धारण करना चाहिये ।

धारण विधि—शुक्रवार की प्रात ग्रीवा, भुजा या अगुली में धारण करना चाहिये ।

इसे धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है :—

ॐ अन्नात् परिस्त्रुतों रसं ब्रह्मणा व्यपिवत्
क्षत्रं पयः सोमं प्रजापितः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं
विपानं शुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोमृतं मधु ।

नीलम कौन धारण करें—नीलम शनि ग्रह का प्रतिनिधि रत्न है। शनि की दशा में नीलम धारण करना चाहिये।

धारण विधि—५ या ७ रत्ती का नीलम धारण करना चाहिए। शनिवार को सूर्योस्त से दो घटे पहले से ४० मिनट बाद तक इसे एक नीले कपड़े मे बाध कर भुजा पर धारण कर, तीन दिन परीक्षा करनी चाहिये यदि अनुकूल सिद्ध हो, तो धारण किये रहना चाहिये। हृदय पर धारण करने से यह उसे शक्ति प्रदान करता है।

इसे धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है—

ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु, पीतये शंयो रभिस्त्रवन्तु नः ।

गोमेद कौन धारण करें—गोमेद, राहु ग्रह का प्रतिनिधि रत्न है। राहु की दशा में इसको धारण करने से लाभ होता है।

धारण विधि —गोमेद ६, ११ या १३ कैरट का होना चाहिये। ७, १० या १६ रत्ती का कभी नही होना चाहिये। इसे धारण करने का समय सायकाल के अनन्तर दो घटे रात तक है।

गोमेद को धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है —

ॐ कयानश्चित्र आभुव दूती सदा वृधः सखा कया शचिष्ठया वृता।

लहसुनिया कौन धारण करें —लहसुनिया, केतु ग्रह का प्रतिनिधि रत्न है। केतु की दशा मे इसे धारण करना लाभ प्रद है।

धारण विधि —३, ५ या ७ कैरट का लहसुनिया धारण करना चाहिये। २, ४, ११ या १३ रत्ती क निषिध है। इसको चादी मे जडवाकर अर्द्ध रात्रि मे धारण करना चाहिये।

लहसुनिया को धारण करने का निम्नाकित मन्त्र है —

ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशोमर्य्या अपेषसे। समुषद्भिरजायथाः।

॥ ० ॥

श्वेतार्क कल्प

विधि —शनिवार के दिन वृक्ष के पास न्यौता देने जाये तो सर्वप्रथम 'मम कार्य सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा" यह मन्त्र वृक्ष के सामने हाथ जोडकर बोले और चदन, चावल, पुष्प, नैवेद्य से पूजन करे, धूप दे और मोली वाधकर आ जाये। दूसरे रोज रवि पुष्य नक्षत्र को सुवह से पहले २ वृक्ष के पास नहा धोकर शुद्ध वस्त्र पहनकर जाये [और निम्न मन्त्र वोलकर वृक्ष की जड को वर ले आवे। जड पूर्व या उत्तर की ओर मु ह करके लेनी चाहिये।

मन्त्र :—ॐ नमो भगवते श्री सूर्याय ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रः ॐ संजु स्वाहा।

इस मन्त्र से मूल को लाकर पचामृत से धोकर ऊचे व शुद्ध स्थान पर रख दे, तत्पश्चात् पुष्य नक्षत्र रहते उस जड से भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति वनावे व निम्नलिखित मन्त्र से पूजा करे। इससे श्री गौतम गणेशजी की मूर्ति भी वनाई जाती है।

मन्त्र —ॐ नमो भगवति शिव चक्रे ! मालिनी स्वाहा।

उपरोक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर फिर किसी भी कार्यवश साथ मे लेकर जाये, तो अवश्य सफल हो इस सम्बन्ध मे निम्नाकित वाते और ज्ञातव्य है।

(१) जहा सफेद आक होता है कहते है कि वहा आसपास गडा हुआ धन होना चाहिए।

(२) सातवी ग्रन्थि मे ऐसी गाठ पडती है कि उसमे गणेश जी कि सू डवाली आकृति बनती है। यदि दक्षिणावर्ती सू डवाली आकृति के श्री गणेश मिल जाये, तो बहुत चमत्कारी होती है।

(३) पुरुष के दाहिने हाथ और स्त्री के बाये हाथ मे इसे बाधने से सौभाग्य व लाभ होता है। ऐसा माना जाता है।

(४) वध्या स्त्री की कमर मे बाधने से सतान की प्राप्ति होती है।

(५) मूल को ठण्डे पानी मे घिसकर लगाने से बिच्छू आदि का जहर व हर प्रकार का जहर उतरता है।

(६) मूल मे गोरोचन मिलाकर गुटिका कर तिलक करे तो सर्वजन वश हो।

(७) यह मूल, वच, हल्दी तीनो बराबर मिलाकर तिलक करे, तो अधिकारी वश मे हो।

(८) मूल, गोरोचन, मैनासिल भ्र गराज चारो मिलाकर तिलक करे, तो अधिकारी वश मे हो।

(९) मूल, हल्दी, कुट (लाज कुरी) स्वरक्त से भोज पत्र पर लिखकर हाथ में बाधे, सर्वजन वश हो।

(१०) मूल, वीर्य भ्र गराज, मिलाकर अंजन करे, तो अदृश्य हो।

(११) मूल का मेघा नक्षत्र मे कस्तूरी मे अजन करे, तो अदृश्य हो।

(१२) मूल का वच के साथ घिसकर हाथ के लेप करे तो हाथ नही जले।

(१३) मूल को छाया मे सूखाकर, चूर्ण कर घृत के साथ आधा रत्ती की मात्रा में खाने से भूत, प्रेत दूर होते है। स्मरण शक्ति बढती है। देह की क्राति कामदेव के समान हो जाती है। ४० दिन थोडी मात्रा मे सेवन करे। ऊष्णता का अनुभव हो, तो छोड दे।

पंचांग – फल, फूल, जड, पत्ते व छाल को पचाग कहते है।

पंचमैल :—कान, दात, आख, जिह्वा, और स्ववीर्य को पाच प्रकार का मैल कहते है।

मूल :— किसी भी पेड की जड को मूल कहते है।

बदा .—एक वृक्ष पर दूसरा वृक्ष निकल आता है। उसे बदा कहते है। उस वृक्ष की गांठ लेना चाहिये।

अपनी मा का नाम कागज पर लिखकर, मस्तक के नीचे दबाकर सोने से स्वप्न दोष कभी नही होता है। और यह रोग मिट जाता है।

काले धतूरे की जड ६ मासा प्रमाण चूर्ण कर कमर मे बाँधने से, स्वप्न दोप कभी नही होता है और बवासीर रोग ठीक होता है।

ह्रीं कार कल्प

सवर्ण पार्श्वं लय मध्य सिद्ध अधिश्वरं भास्वर रूप भासम् ।
खन्डेन्दु विन्दु स्फुट नाद शोभं, त्वां शक्ति बीज प्रमना प्रणौमि ॥१॥

अर्थ —जिसके पार्श्व मे (स) वर्ण है (ऐसा, 'ह') 'ल' और 'य' के मध्य मे सिद्ध विराजमान है। ऐसा 'र' उसके अन्दर इ' स्वर है जिसकी कान्ति दैदिप्यमान सूर्य के जैसी है, और जो अर्थ चन्द्र (कत) विन्दु और स्पष्ट नाद से शोभा पा रहा है। ऐसा यह शक्ति वीज है। मैं तुमको उल्हासपूर्वक मन मे भावपूर्वक स्तुति करता हू ॥१॥ नमन करता हूं।

ह्रीं कार मेकाक्षर मादि रूपं, मायाक्षरं कामद मादि मन्त्रम् ।
त्रैलोक्य वर्ण परमेष्ठि बीज, विज्ञाः स्तुवन्तीशभवन्त मित्यम ॥२॥

अर्थ —हे ईश ह्री कार आपकी विद्वान पुरुष ह्री कार, एकाक्षरी, आदि रूप मायाक्षर कामद, आदि मन्त्र, त्रैलोक्य वर्ण और परमेष्ठि वीज, ऐसे विशेपणो से स्तुति, करते हैं।

शिष्यः सुशिक्षां सु गुरोर वाप्य, शुचिर्वशी धीर मनाश्च मौनो ।
तदात्म बीजस्य तनोतु जाप मुपांशु नित्यं विधिना विधिज्ञः ॥३॥

अर्थ —सद्गुरु के पास पूर्ण आज्ञा प्राप्त करके, विधि को जानने वाले शिष्य को पवित्र होकर सर्व इन्द्रियो को वश मे कर पूर्ण रूप से, मन मे धर्य धारण कर, मोन रखकर इस आत्म वीज ह्री कार का विधियुक्त उपाशु जाप नित्य करना चाहिये ॥३॥

विशेष —ह्री कार के जाप व ध्यान करने वाले को प्रथम गुरु से आज्ञा प्राप्त करना चाहिए। फिर स्वय पूर्णरूपेण शुद्ध होकर धैर्यपूर्वक इन्द्रियो को वश मे करता हुआ मौन से उपाशु जाप करे। जाप करने के पहले सकलीकरण करना परम आवश्यक है। यहा उपाशु जाप का अर्थ है कि विना वोले मन्त्र पढना, जिस मे होठ हिलते रहे। जाप १ लक्ष करना चाहिये। जाप करने का स्थान श्वेत खडी से रगा हुआ मकान हो, सफेद ही कपडा हो, सफेद ही अन्न का भोजन करे, सफेद ही माला हो, जाप करने वाले को अपने शरीर मे सफेद चदन का विलेपन करना चाहिये। पट भी शुक्ल हो, पहले एक ताम्र पत्र अथवा सोना, चाँदी वा कासे के ऊपर ह्री कार खुदवा ले, फिर ह्री

कार यत्र का पचामृत अभिषेक कर के, उत्तमोत्तम अष्ट द्रव्वो से पूजा करे, फिर ॐ ह्रीं नम की आराधना शुरू करे। जाप करने वाले को एकासन अथवा उपवास करना जरूरी है। उपवास कृष्णपक्ष की अष्टमी वा चतुर्दशी को करके विद्या आराधना करे शुक्ल पक्ष मे भी कर सकते है। षट् कर्मो के लिये कोष्टक को देख लेवे। उपवास करने वाले साधक को दस हजार जाप से भी विद्या सिद्ध हो जाती है। विद्या सिद्ध हो जाने के बाद इस माया बीज ह्रीं कार को कौन-कौन कार्य के लिये किस किस वर्ण का ध्यान करना चाहिये सो कहते है। ('सफेद रग का ह्रीं" का ध्यान करने का फल") ।

त्वांचिन्तयन् श्वेत करानुकारं, जोत्स्नामयीं पश्यतिया स्त्री लोकोत्मा ।

(म) श्रयन्ति तंतरक्षणतोऽनवद्य विद्या कला शान्तिक पौष्टि कानि ।।४।।

अर्थ .—चन्द्रमा के समान उज्ज्वल ह्रीं का ध्यान करने वाले को सर्व विद्याए, सर्व कलाए और शातिक पौष्टिक कर्म तत्क्षण सिद्ध हो जाते है। जो ह्रीं को तीनो लोक मे प्रकाशमान होता हुआ ध्यान करता है। और शुक्लवर्ण का ध्यान करता है। उसकी विपत्ति का नाश होता है। अनेक रोगो का नाश, लक्ष्मी और सौभाग्य की प्राप्ति, बधन से मुक्ति। नये काव्य की रचना शक्ति प्राप्त होती है। नगर मे क्षोभ पैदा करना व सभा मे क्षोभ पैदा करने की शक्ति और आज्ञा ऐशवर्यफल की प्राप्ति होती है ।।४।।

"रक्त ह्रीं कार के ध्यान का फल"

त्वामेव बाला रुणमण्ड लाभं स्मृत्वा जगत् त्वत्कर जाल प्रदीप्तम् ।

विलोक तेयः किल तस्य विश्वं विश्वं भवेदवश्यम वश्यमेव ।।५।।

अर्थ—हे ह्रीं कार तुम उदित हुए बाल सूर्य की कान्ति के समान अरुण हो। आपके अरुण मण्डल मे सारा ससार विहिन है। जो इस रूप मे आपका ध्यान करता है उसके वश मे समस्त ससार अवश्य हो जाता है। अन्य आचार्यो के मतानुसार लाल वर्ण के ह्रीं कार का ध्यान करने से समोहन, आकर्षण और अक्षोभ भी होता है ।।५।। स्त्री आकर्षण के लिए स्त्री के योनि के मध्य मे ध्यान करना।

पीतवर्णी ह्रीं कार के ध्यान का फल

यस्तप्त चामी कर चारु दीप्तं, पिङ्ग प्रभं त्वां कलयेत् समन्वात् ।

सदा मुदा तस्य गृहे सहेलिं, करोतिकेलिं कमला चलाऽपि ।।६।।

अर्थ —जो पीले कान्ति सहित तुमको तप्त सुवर्ण के समान सुन्दर सर्वत्र प्रकाशमान ध्यान करता है। उसके घर मे चलाय मान लक्ष्मी भी आनन्द और लीला सहित क्रिडा करती है। वह स्तभन कार्य और शत्रु के मुख बन्धन मे उत्तम कार्य करता है ॥६॥

—————

'श्याम वर्ण ह्रीं के ध्यान का फल'

यश्यामल कज्जलमेचकाम, त्वां वीक्षतेवा तुष धूम धूम्रम

विपक्ष पक्षः खलु तस्यवाना, तताऽभ्रवद्या त्यचिरेण नाशम् ॥७॥

अर्थ —जो साधक ह्री कार मायाबीज को काला काजल के समान श्याम वर्ण रूप अथवा छिलके के धुआ के समान ध्यान करता है। उसके शत्रु समुह क्षण भर मे नाश को प्राप्त हो जाते है। जैसे पवन से मेघ बिखर जाते है। नि सन्देह शत्रु को मरण प्राप्त करा देता है। और नील वर्ण का (ह्री) तुम्हारा ध्यान करने से विद्वेषण और उच्चाटन करता है ॥७॥

—————

कुडली स्वरूप ह्रीं के ध्यान का स्वरुप

आधार कन्दोद्गत् तन्तु सूक्ष्म लक्ष्यद्रूोर्वं ब्रह्म सरोज वासम् ।

योध्यायति त्वां सर्व बिन्दु बिम्बा मृतं स च स्यात् कवि सर्व भौमः ॥८॥

अर्थ जो मूलधार कन्द मे से निकलता हुआ तन्तु के समान सूक्ष्म सुषुम्ना नाडी मे रहने वाले लक्ष्यो (चक्रो) को भेद कर ऊपर जाता हुआ अन्त मे सहस्रार कमल मे रह स्थिर हो कर वहाँ चन्द्रमा के बिम्ब के समान अमृत भर रहा हो ऐसा ह्री कार माया बीज का ध्यान करता है वह साधक कविओ मे श्रेष्ठ चक्रवर्ति होता है ॥८॥

पल श्रुति षड् दर्शनि स्व स्व मताद्लैपैः स्वे 'दैवतं त (त्व) न्मय बीज मेव । ध्यात्वा तदाराधन वैभवेन. भवदे जेयः परिवादि वृन्दैः ॥९॥

अर्थ :—षडदर्शन के जान कार अपने अपने इष्ट देवता ह्री कार बीज का ध्यान करके वे आराधना के वैभव से प्रविष्ट होकर वादिओ के समुह से अजेय बन जाते है। ऐसा इस माया बीज का अतिशय है।

—————

किं मन्त्र यन्त्रै विविधागमोलैः दुःसाध्यसं
नीति फलाल्प लाभैः

सुसेव्यः वः (सद्यः सुसेव्यः) फलचिन्तितार्थाश्रिक प्रदश्च (त) सिंचेत्व मेकः ॥१०॥

अर्थ :—साधक के हृदय मे एक ह्री बार अगर विद्यमान है, तो अन्य यन्त्र मन्त्र जिनका कि अल्पफल है और दु साध्य है, ऐसे मन्त्रो अथवा यन्त्रो का क्या प्रयोजन है। अन्यत्र आगम मे जिनका वर्णन है ॥१०॥

चौरारि-मारि-ग्रह-रोग, लूता भूतादि दोषा नल बन्ध नोत्थाः ।
भियः प्रभावात् तव दूर मेव नश्यन्ति पारीन्द्रखारि वेभा ॥११॥

अर्थ जैसे वनराज सिह की गर्जना से हाथी दूर भाग जाते है, वैसे ह्री कार तुम्हारे प्रभाव से चोर, गाणु मारी, ग्रह, रौग ह्लता रोग तथा भूत, व्यतर, राक्षस, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी पिशाचदी दोष और अग्नि तथा बन्धन से उत्पन्न होने वाला भय दूर हो जाते है ॥११॥

प्राप्नोत्यपुत्रः सुतमर्भहीनः श्री दायते पतिरपोशतीह ।
दूःखो सुखी चाऽभ भवेन्न किं किं, त (त्व) द्रुपचिन्ता मणिचिन्तनेन ॥१२॥

अर्थ —चिन्तामणि समान तुम्हारे रूप का चितन करने से क्या-क्या प्राप्त नही होता ? जिसको पुत्र नही है उसको पुत्र की प्राप्ति होती है, जिसके पास लक्ष्मी नही है उसको लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। सेवक भी स्वामी बनता है दु खी भी अत्यत सुखी होता है ॥१२॥

विशेष—इस ह्री कार को साधक सालबन ध्यान से निरालबन ध्यान करे फिर निरालवन ध्यान मे से पराश्रित ध्यान करे, उसके बाद उल्टा पराश्रित ध्यान मे से निरालंबन और निरालबन मे से सालवन ध्यान करे, इस प्रकार ध्यान करने से अनेक सिद्धिया प्राप्त हो जाती है। सल बन बाह्य पर आदि आलबन सहित ध्यान ॥ निरालबन—बाह्य आल बन विना केवल मन के द्वारा ह्रीकार की आवृतिका ध्यान करना। पराश्रित ह्री कार से वाच्य ऐसे परमात्मा के गुणादिका ध्यान करना।

पुष्पादि जापामृतहोम पूजा, क्रिया धिकारः सकलोऽस्तुदूरे ।

य केवल ध्यायति वीज मेव, सौभाग्य लक्ष्मी वृणुंत स्वयंतम् ।।१३।।

अर्थ :—पुष्प वगैरह के जाप से क्या, घी के होम से भी क्या, पूजा वगैरह समस्त क्रियाओ का अधिकार दूर रहा, किन्तु केवल तुम्हारे वीज रूप ध्यान से समस्त सौभाग्य रूपी लक्ष्मी स्वय वरण, करती है ।।१३।।

महिमा :—

त्वतोऽपि लोकः सु कृतार्थ काम, मोक्षान पुमर्भाश्चतुरो लभन्ते ।
यास्यन्ति याता अथ यान्तिये ते, श्रेय परं त्वमहिमा लवः सः ।।१३।।

अर्थ —तुम्हारे प्रभाव से लोक धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चार पुरुषार्थो की प्राप्ति करते हैं। जो मोक्ष का स्थान हे उसको प्राप्त कर रहे है, कर गये है और आगे भी करेगे। वे सव तुम्हारी महिमा का अ श मात्र है। क्योकि एक ह्री कार माया वीज के अन्दर चौवीस तीर्थ कर, चौविस यक्ष, चौवीस यक्षिणी, समाविष्ट है। ह्रीकार को सिद्ध परमेष्ठि वाचक भी कहा है, और इस ह्री कार मे धरणेन्द्र पद्मावती पार्श्वनाथ प्रभू का भी वास है। मोक्ष प्राप्ति के इच्छुक को ह्री कार का कैसे स्थान चाहिये सो वताते है।

वृक्ष, पर्वत, शिलाओ से रहित क्षीर समुद्र के समान जो सम्पूर्ण वाधाओ से रहित आनन्द दायक शात अद्वितीय क्षीर से परिपूर्ण जैसे क्षीर का महासागर हो ऐसी इस पृथ्वी का चितवन करे। फिर ऐसी पृथ्वी के वीच अष्ट दल कमल, कमल दल पर ह्री कार उसके वीच कर्णिका मे स्वयं मै उज्ज्वल कान्तिमान पद्मासन लगा कर वैठा हू ऐसा चितवन करे। फिर स्वय को चतुर्मुख तीर्थ कर, के समान समवसरण सहित ध्यान करे, चारो गतियो का विच्छेद करने वाला सर्व कर्मो से रहित पद्मासन से वैठा हुआ श्वेत स्फटिक के समान शोभा को प्राप्त कर रहा हू उसके वाद ब्रह्मरध्र मे स्थापन किया हुआ स्फटिक के समान वर्णवाला ह्री कार के वीच अपनी आत्मा को वैठा हुआ देखे फिर ह्री कार के प्रत्येक अ ग से अमृत झर रहा है। और उस अमृत से मेरी आत्मा का सिंचन हो रहा है, ऐसा चितवन करे, ऐसा ध्यान करने से साधक तद भव मोक्ष सुख पा लेता है, अथवा तीन चार भव मे नियम से मोक्ष पा लेता है।

विधामय. प्राक प्रणवं नमाऽन्ते, मध्येक (च) वीजननु जग्नपाति
तस्यैक वर्णा वितन्योतय वन्ध्मा, कामार्जुमी कामित केव विद्या ।।१४।।

जयसिहपुरा खोर (कानीखोह) के दिगम्बर जैन मन्दिर की मूल वेदी मे—
१०८ आचार्य गणधर श्री कुन्थुसागर जी महाराज

दिगम्बर जैन मन्दिर जयसिंहपुरा खोर पर १०८ आचार्यश्री कुन्थुमागर जी महाराज
व गणनी १०५ आर्यिका श्री विजयमती माताजो आहार लेते हुये, पास मे मन्दिर के
मानद-व्यवस्थापक, श्री लल्लूलाल जैन गोधा, दिखाई दे रहे है।

जयपुर निवासी गुरु भक्त संगीताचार्य श्री शान्तिकुमार गंगवाल आचार्य श्री के चातुर्मास अकलूज
जिला सोलापुर (महाराष्ट्र) मे माताजी के केश लोंचन समारोह के बाद अपने
परिवार जनो के साथ पिच्छी व ग्रन्थ भेंट करते हुए ।

अर्थ :—जो साधक पहले प्रणव "ॐ" और अन्त में "नमः" मध्य में अनुपम बीज "ह्री" कार का बार बार जाप करता है, उसके सर्व मनवाच्छित कार्य एक वर्नबाही अवश्य और कामधेनु के समान ह्री कार विद्या विस्तारती है, इसको एकाक्षरी विद्या कहते 'हे' ॐ ह्री नमः ।१५।

नोट —ध्यान रहे कि शुक्ल ध्यान का ह्री को छोड कर बाकी पिली, लाल, काली, जो भी वर्ण का ध्यान करने का आया है, उस उस वर्ण के ह्री, को शत्रु के हृदय मे ध्यान करे मारण कर्म के लिये शत्रु के नाभि मे ध्यान करे ।

मालामिमा स्तुतिमयीं सुगुणां त्रिलोकी ।

बीजस्य यः स्दहृदये निधयेत् क्रमात सः ॥

अङ्कुऽष्ट सिद्धिर वशा लुठतीह तस्य

नित्यं महोत्सव पदं लभते क्रमात् सः ॥१६॥

अर्थ :—जो मनुष्य त्रैलोक्य बीज रूप अच्छे गुण वाली स्तुति रूपी इस रूपी इस माला को तीनो काल अपने हृदय मे धारण करता है, उसके गोद मे आठो सिद्धिया अवश्य बन कर नित्य ही आती है और क्रम से मोक्ष पद की प्राप्ति कराती है ।१६।

सोना चांदी बनाने के तन्त्र

(१) स्वर्ण माक्षिक ८ मासा

पारा ४ मासा

ताबा ४ मासा

सुहागा ४ मासा

इन सबको मिला कर 'कुप्पी' मे डाले 'फिर अग्नि मे गलावे' तो शुद्ध चांदी हो ।

(२) गंधक को ओटा कर (गर्म कर) प्याज के रस मे भुजावे १०८ बार, फिर उस गंधक को चादी के साथ गलावे तो सोना होता है ।

(३) हिगुल शुद्ध १८ तोला, अभ्रक ३२ तोला को एकत्र करके रूद्रवन्ति के रस मे घोट कर, चादी के पत्रे पर लेप करके पुट देवे, तो सोना हो ।

(४) साग बीज एक जात की बूटी होती है । उसके पत्ते की लुगदी में ताबा रख कर अग्नि मे फूके तो स्वर्ण वने ।

(५) गाथा —नाग फणिए मुलं, नागण तोए एणगभनागेण

नागण होइ सूवण धमत पुण्ग जोगेण ।।

समयसार जयसेनाचार्य की टीका मे ।

अर्थ —नागफणी की जड लेना, चादी गलाइ हुई लेना, उसमे सिन्दूर मिला कर घोटना फिर उस द्रव्य को अग्नि मे धोकना तो सोना बनता है, यदि पुण्ययोग हुआ तो ।

(६) शुद्ध हिंगुल का एक तोले का डला लेकर उस हिंगुल के डले को गोल बेगन काला वाला को चीर कर उसमे उस हीगुल को रख कर उपर से कपडा लपेट कर, फिर मिट्टी का उस बेगन पर खुब गाढा लेप करे, फिर उस बेगन को जगली कडो के अन्दर रख रख कर जलावे, जब कण्डो की अग्नि जल कर शात हो जावे तब उस बेगन को निकाले। बेगन के अन्दर से उस हिंगुल के डले को निकाल लेवे । इसी तरह क्रमश १०८ बेगन मे उस हिगुल के डले को फूके । यह रसायन तैयार हो गई । इस रसायन मे से एक रत्ती लेकर एक तोला तावे के साथ मिला कर कूप्पी मे गलावे तो १ तोला सोना तैयार हो जायगा, लेकिन णमोकार मन्त्र का सतत जप करना होगा ।।

(७) लोहे के लुपा चेउधा चेपक्का सेर दुधाचेमा लोल सारख त्याल सेराचा दुधत्या भर मिलउन सख्या समोल तोले ६ आत घालणे धोडयाची चूल करणे वर लोट के ठेव ने शनसेनी अग्नि देवी रुचिक आटवने मगपुरे करने म्हण जे कल्क झाला जतन ठेवणे तोला १ लॉव्या चेपानी करणे रसफिरो लागलाम्हण जे सामध्ये अर्द्ध मासा कल कणे काटकाणे समरस करणे हालवने भुसीस धमकव ने से नाचे मुसील बोलने घड भा ल्यावर काढने म्हण जे शुद्ध धवल होय ।।इति।।

(८) कई होय अर्द्ध मेला होय मागुनो पानी कर ने एक तोल मास दाने तोले रूप मिलविणे धवल शुद्ध होय हा एक तोल्या चा अनुपान ।

(९) लाल फूल वटो लापान बहुत होय है । रानोरान जडभूल का किया थाना । नाथ कहे कथील हुआ रूपा वटोल पान सफेद फूले येफै लोसव ही रान एक थेत्र से पारा मारू नाथ कहे कचन रूप ।

(१०) जस्त तोला १ पॉढय्रा व सूच्या भावना सात देणे मग पत्र करणे कटक वेधनी ताडन रसान सिजवे म्हण जे एक फुट जाले मागु ते लाडन सिजवने म्हण जे पुटि २ झाले मागुते लाडन एसे पुट सात देणे मगपुरे करणे मग एक मुसीत घालोन कोलसा वर ठेऊन कोल से पेटवा वे त्याचे पानी करणे रस वरापि घलला म्हण जे मग काही थोडी

बहुत मुस थोडी बहुत घड झाल्या वर रस जो मुसीर ढले सरल तो त्या मध्ये पारा तोला १ मे लवने पारा व जस्त तत क्षण एक होती मग ते खला मध्ये वारीक करून ठेवणे म्हण जे कलक सिद्ध साध्य झाला एक करून ठेवणे ताब पत्र कटक वेधनी करुन मग रूई चेपाना चा रस काहुन हे वणे मग ताम्र पत्र लाऊन रूई रसात सिजवने एसेपुट ७ देणे मगपूरे करणे मग श्वेत झालीया एक मुसीत घालणे त्याचे पानी करणे ।। इति ।।

शुल्वस्य भाग त्रतय नेकैकं नाग वेगयोः ।। ११ ।।
समावर्त्य विचूरायार्थं सिद्ध चूर्णेन पूर्ववत् ।
नागमेक द्वयंशु ल्वंषट् शुल्वं चैकं पन्नगं ।। १२ ।।
रूध्वाधियातंतु तच्चू हेमगेरिकं ।। १३ ।।
रूध्वाध्मातं पुनश्चूर्णे सिद्ध चूर्णे न पूर्ववत् ।
गंध केनहतं शुल्वं माक्षि कं कंच समं समं ।। १४ ।।
हंस पाच्यि त्रक द्राये दिन मेकं विमर्दयेत् ।
तैनैव तार पत्राणिलिप्त्वा रूध्वा पुटेप चेत् ।। १५ ।।
समुद्ध पुटा त्पश्चा त्कृत्वा पत्राणि लेपयेत ।
पूर्वक ल्केन रूध्वाथपुटं दत्वा समुद्धरेत् ।। १६ ।।
इत्येवं सप्तधा कुर्यात्तार मायाति कांचनम् । इति ।
राजावर्त्त च पारापत मलं समं ।। १७ ।।
असित्यसेन कुरू तेस्वर्ण रोप्यं च पूर्ववत् । इति ।
रसै शिरीष पुष्पस्य आर्द्र कस्य रसै समै ।। १७ ।।
भावयेत्सम वाराणि राजावर्तसु चूर्णितं ।
तेनैव शत स्वर्ण तार द्रुतं समं ।। १६ ।।
वेधयेत् सर्व मांशेन वत्सिद्धं दिव्यं भवति कांच नं । इति ।
कुंकुमं विमलं ताप्यं रस कंद रदं शिला ।। २० ।।
राजावर्त प्रवालं च राजी गैरिक टंकणं ।
सैधवं चूर्ण ये त्तुल्यंम शीत्यंशेन वेधयेत ।
काच माच्या द्रवैः समं ।। २१ ।।

णमं मर्धतु तैरूध्वा आरण्योत्पल कै पुटेत् ।
इत्ये वं तुत्रिधा कुर्यान्मर्दितं पुट पाचितं ।। २२ ।।

तर्द्ध हिंगुलं शुद्ध क्षिप्त्वा तस्मिन्वि मर्दये त्कांजि कै यमि मात्रंहि पुटे नै केन पाचयेत् ।। २३ ।।

अस्य कल्कस्य भागकं भागा श्चत्वारिहाटकं ।
अंधमुर्वाग तंध्मातं समादाय विचूर्णयेत् ।। २४ ।।
पूर्ववत्पूर्व वत्कल्केन रूध्या दयं पुटे पुनः ।
अनेन षोऽशां शेनसित वर्ण वेध येत ।। २५ ।।
सेचये त्कांगुणी तैलं रक्त वर्णन भावित ।
पुनर्वेध्य पुनः सेच्य षोडशांशेन बुद्धिमानं् ।। २६ ।।
एवं वार त्रयं वेध्यं दिव्यं भवति कांच नं । इति ।
ताम्र तुल्य स्य नागस्य शोध येत् ध्यमनेन च ।
ताम तुल्यं शुद्ध हेम समा वर्त्य लिपत्रयेत् ।। ३२ ।।
इष्टि का तुवरी चैव स्फटिका लवणं तथा ।
गैरिकं भाग वृद्धंशं मारना लेन पेषयेत् ।। ३३ ।।
तेनलिप्तवा पूर्व पत्रं रूध्वा सज पुटे पचेत् ।
एवं पुनः पुनः पाच्यं थावत्स्वर्ण विशेषितं।। ३४ ।।

तत्स्वर्णं ताम्र संयुक्तं समावर्त्या तुपत्रयेत्पूर्व वत्पुट पाकेन पचेत्स्वर्ण विशेषितं ।। ३५ ।।

इत्येवं षड्गुणं ताम्र स्वर्णे वाह्यं क्रमेण तत् ।
तत्स्वर्ण जायते दिव्यं पद्मराग समः प्रभः ।। ३६ ।।
षड्त्रिशेन ते नैवमष्ट वर्णंतु वेध येत् ।
तत्सर्वं जायते दिव्यं दशवर्णं न नंशयः ।। २७ ।। इति ।
समं ताप्यं ताम्र चूर्ण ताप्यार्द्ध लोह चूर्णकं ।
कन्या द्रावै क्षणं मर्द्य तै रे व मर्दयेत् ।। ३६ ।।

एवं वाराश्च तुषष्टि त तः शुष्कं विचूर्णयेत् ।।

षोऽशां शेन तैनैव मण्ट वर्णं तु वेधयत् ।। ४० ।।

तत्स्वर्णं जायते दिव्यं दश वर्ण न संशयः ।इति ।

गंधकेन हत स्वाल्वं दर्दार्द्ध युत सुतकम् ।

मन शिले समायुक्तं मातुर्लिगेन मर्द ते ।।

नाग पत्र प्रलेपानां त्रिपुटं कुंक मारून सन्नभम् ।।

तार वेदश्य त्रिगुणं ध्मैतं तारामायात कंचनम् ।। १ ।।

गधक लेके वाटे पानी से तावे चे तगड को लेप करे । अग्निदेय ताम्र भरेनतर हिंगुल जस्त मनशिल समभाऽ। लेय वा ताम्र मरलेला एकम् करिनिंबू रस से खरल करे दिन इनतर सीस को पत्र करीते वाट लेली जिनरु तेपत्रास लेप करे मग रान गोविरी की अगार कापुटती न देय। तर ते शीस मरेल नतर ३ भाग चांदी १ भाग ते नाग भस्म मुसमे गलावे वसु थाय ।। इति।।

गन्धकेन हले सुल्वं दर देन समान मिता ।।

तत समा मनि शिला युक्तं मातु लिंगेन मर्दताम् ।।

त्रिषष्ट पुट नं नागं कु कुमारुन सन्न भम् ।।

पोडशं शतार वेदांत एवं भव नु कांचनम् ।। २ ।।

गधक से ता वामारे हिंगुल क दोई समान मन शिल लेप निबू रस मे मर्दन करे शीशे पतरा को लेप करे नतर रान गोवि रोके छपुट दे अग्नि की मूतर कु कम सारभस्म होय षोडश भाग चादी एक भाग ते भस्म एक भाग मुसमे गलावे पीत ।। इति ।।

गंधिकं मधु संयुक्तं हरि वीर्येन मर्दताम ।।

भूमिस्ता मास मेकं तारा मयात कंचनम् ।। ३ ।।

गन्धिक मदुपारा एकत्र करी खल करै दिवस २ शीशी मे भरे। उकरडा मे गाढे मास १ मग काढुन तोला चा दीसु मासादेय वसु ।। इति ।।

हार मेकं मयं तीरं तार नीक्षण चतुर्गठां ।।

चतुरष्ट मण्टवंगं च वंगं स्थंभन रौषधंम् ।। ४ ।।

पीतल चादी पौलाद रेत ४ कथील भाग ८ एकत्र मुस मेंगलावे, एक मेक होय जाय

तब निकाल लेय ते जिनस घट होय नतर वारीक वाटी तोला कथील को पानी करी एक मासा कथीला सी देय रजत ।। इति ।।

हिगुलक उत्तम लेय तोला १ खडा काले बैंगन मे भरे। फिर बैंगन की कपर मिट्टी का लेप करे। अग्नि मे देय जब बैंगन पक जाय, ठड भये काटे। एसे १०८ बैंगनमे पकावे। एप्रमाण करे भस्म होय ते भस्म तोला तावे को गूज देय वसु ।।

मन्त्र :—ॐ नमो अरिहंताणं रसायनं सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा ।

इस मन्त्र का जाप्य ४५०० करे ।। इति ।।

जूनी ई ट लेय १ साचे दल वाटे ४ के सममधी खड्डा करके खड्डी मे पारा भरे तोला २ मग जस्ताची वाटी तो पाच की ऊपर बौधी ढेवे। पारा को ऊपर मग भौताल वाटी की सधी (साठ) गुड चुना ओमू चे मग तीन पत्थर के ऊपर ई ट चढावे। नीचे अगार नर वेर की लकडी की देय प्रहर १६ मगने वाटी ऊपर हजार नीबू को रस लेप चो वादे सोलह प्रहर मग ठंडी भवे निकारे नारियल फोडे।

मन्त्र जप :—ॐ नमो भवावते अर भटे मम रसायनं सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा ।।

जप १०,००० नतर ते भस्म पर की तोला तावे को गूज १ देय उत्तम पीत। जस्त भस्म देय तर मध्यम भगार ।। इति ।।

पारास्तंभन का तंत्र

मन्त्र :—अल बाधो, थल बांधो, बांधो जल का नीरा, सात कोस समुंदर बांधो, बांधो बावन वीरा, लंका ऐसी कोट, समुंदर ऐसा खाइ, पारा तेरा उडना बांधो, शिव तोर वी जाई बंध जा पारवती की दोहाइ ॐ ठः ठः स्वाहा ।

विधि – इस मन्त्र को कमलाक्ष की माला से पूर्व की तरफ मुख करके चौरासी हजार जप करे, दशास अग्नि मे आहुति देवे, होम द्रव्य, खोवा, १ सेर, शहद १ सेर, सौप १ सेर, दूध १ सेर, घी १ सेर आम की लकडी। तब मन्त्र सिद्ध होता है।

मन्त्र सिद्ध हो जाने के बाद पारा एक रुपया भर से लेकर नोसो भर पारा तक एक पात्र मे धर, छोटा बरि आरी बूटी का दो चार पत्र डारि, इसी मन्त्र को १०८ अथवा तीन, अथवा सात, अथवा एक इस बार मन्त्र पढि २ पारा कु फूक के ढाक ते जाना, मन्त्र पढते जाना, अच्छी भाति ढाकी के गोवढे (कडे) सेर २ सेर के अग्नि मे कप रोटी करके डार देना, पारा की चादी हो जायगी। यह सिद्ध सावर मन्त्र हे रसायन का।

(१) गधक एक भाग, पारा दो भाग, हरताल भाग तीन, सिसा भाग चार, पीला वधारी याने पीले तीलवनी उसके रस मे खल कर तावे को पुट देने से सुवर्ण के समान पीत होता है। सिद्धम् इति।

(२) हरण खुरीताश्वे रस में घुमाना चाहिये। तांबे मे पारा भस्म अथवा शिशभस्म प्रथमत डाले उसके बाद रस मे घुमावे। सिद्धम्।

(३) फन्हेरा मंशिल पतोला उसका रंग कनेर के फुल जैसा रहता है। १ तोला कयिल का पानी करना। उसमे एक रती गुंज म सिल डालना।।उसमें शुद्ध शुभ्र होता है।

(४) कलकपारा सेर ७७२ काले पत्थर के खल मे उसको घोटना। सफेद रिंगणी उसके फूल सफेद होते है उसको तोडकर उसके वाद भूजा शाखा पाला घिसकर उसका रस बनाना। २सेर खल में डालकर उसको खलना। पारा मक्खन जैसा बनता है। कुम्भार से एक बेलनी लाना। उसमे खल किया हुआ पारा डालना। एक वीतभर खड्डा खनना। खैरका कोयला भट्टी जलाना। उसपर वेलनी रखना। उसमें रिंगणी का रस डालना। वेलणी आटे को पाक करना। पारा और रस ओटने के बाद पूरा पारा पीता है।

(५) समभाग सोना भाग १ सब्जी खार भाग १ फटकडी भाग १ सोरा कलमी भाग १ सख्या समोल १ नगसागर रूनी कौषध कज्जकली ६ वटिका करना। उस पर पुट देते जाना, सात बार पुट देना। ताम्र धवल शुद्ध होता है।

(६) सफेद फुलोक कोहला लेकर उसका ऊपरी हिस्सा निकालना। उसकी शाक पकाना। उसमे कथीफ डालना। पकने बाद ठंडा होने के बाद निकालना। शुभ्र धातु होय।

पूज्यपाद स्वामी कृत

सोना बनाने की विधि :—

श्लोक —पारद पलमेक च हरिताल च तत्समम्।
गंधक च तयो तुल्यं मर्दनीयं विशेषतः।
दिनेक सूर्य दुग्धेन पश्चात् छाया विशेशतं।
कोपिको दूरे विनिक्षिप्य मुख रूध्वा विपाचित।
रतिमात्र प्रयोगेन दिव्यं भवति कांचनम्।

अर्थ —पारद १ पल, हरताल १ पल, और गंधक १ पल, इन द्रव्यो को लेकर विशेष रूप से मर्दन करे, आकडे के दूध मे, फिर छाया में सुखा कर उसको सोने गलाने को कुप्पी मे डालकर मुख को रूध करे, फिर अग्नि मे फूंके तब एक रसायन तैयार हो जायगा, उस रसायन को १ रती, तोला तांबे के ऊपर प्रयोग करे तो शुद्ध सोना होता है।

गंधक से तांबा को मारकर हिंगुलक दोई समान, मनशिल लेप नीबू रस मे मर्दन करे, शीसा के पतरा पर लेप करे, फिर रानगोबिरो के ६ पुट देवे अग्नि मे तो कुंकुमसार भस्म हो जायगा। सोलह भाग चांदी पर वह एक भाग रसायन भस्म, लेकर कुप्पी मे गलावे तो सोना होता है।

श्लोक – गधिक मधु सयुक्त हरी वीर्येन मर्दताम् ।
भूमीस्ता मासमेक तारामायात कचनम् ।

गधक, मद, पारा, एकत्र करके खरल करे, दिवस २ शीशी मे भरे, उकरडा मे गाडे मासा १ निकाल कर एक तोला चादी के साथ गलावे तो सोना होता है ।

पीतल चांदी पौलाद रेत ४ भाग कथील भाग ८ एकत्र मुसल मे गलावे, एक मेक हो जाय, तब निकाल कर, जब जिनस घट्ट हो जाय नन्तर वारीक वाटी तोला कथील को पानी-करी एक मसा कथील देय तो चादी बने ।

चांदी बनाने का तंत्र

तरबूज सेर पाच मे ज्यादा कुछ तौल मे होय ऐसा एक तरबूज ताके तले की तरफ तेचकरी वाट के उसमे संमलखार पैसे दो भर चिथरा मे लपेट कर डारि के तब पेदा तरबूजा की लगाय के कपरौटा सात दफे सुखाय २ के करना तवगज पुट का आच देना, जब तरबूज जलने नही पावे तब निकाल लेना, तब तावा तोला १ पर मासा १ उपरोक्त रसायन देना तो शुद्ध चादी बने ।

सोना बनाने का तंत्र

शीशा को प्रहर चार अग्नि मे देना जब ठडा होय तब तोला एक का पत्र बनाय कर, उसके ऊपर हिंगुल तोला १ नीबू के रस मे खरलकर पत्ते पर चुपड कर दो दीए के बीच मे रख कर बद करे ऊपर कपरौटी करे, सुखावे, सेर एक जगली कडे मे उसको फूके, जहां किसी की छाया नही पडे, जब ठंडा हो तब निकालना, इस भात सात वार करे तब शीशा की भस्म वनेगी, वेधक होय सो तोला एक चादी भरे तो एक की मात्रा डालने से शुद्ध सोना बनेगा ।

हीरा बनाने की विधि

मऊ के वीज का तैल तैयार रक्खे, जब वेनौला आकाश से पडे, तब तुरन्त अग्नि जलाकर, उस तैल को अग्नि पर चढादे, फिर गर्म करे, उस गर्म तैल में विनौला ले, लेके डालते जाना, सब पत्थर हो जायगा जम करके वही कोरा हीरा है । लेकिन मउ की लकडी को ही आच दे । कडाई को जब वे नोला पत्थर हो जाय तब नीचे उतारना । भाग्य अच्छा हो तो यह कार्य अच्छा हो जाय ।

—: समाप्त :—

ग्रंथ प्रकाशन कार्य में दान दाताओं की सूची

लघु विद्यानुवाद ग्रन्थ प्रकाशन कार्य में निम्न महानुभाओं से आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है :—

६००१) श्रीमान् दानवीर सेठ पन्नालालजी सेठी आसाम (नागालैण्ड)
४००१) गुप्तदान
४००१) गुप्तदान
१५०१) श्री माणकचन्दजी मोतीचन्दजी अकलूज सौलापुर (महाराष्ट्र) वाले (स्वर्गीय श्री गंगाराम जी दोशी की पुण्य स्मृति में)
२८०६) अकलूज जैन निवासियों से प्राप्त राशि
११५१) श्री जौहरी लालजी मोतीलालजी, छिन्दवाड़ा
१००१) श्री हीराचन्दजी खेमचन्दजी फड़े अकलूज,
१००१) श्री मियाचन्दजी रतुचन्द फडे अकलूज
१००१) श्री ताराचन्दजी जैन कार्य पालन मंत्री पी. डब्लू. डी. भिंड
१००१) श्री दुलचन्दजी देवचन्दजी दोशी अकलूज
१००१) श्री अभयकुमारजी रूपचन्दजी फडे अकलूज
१००१) श्री महावीर मोतीचन्दजी शाह अकलूज
१००१) डा० सुरेशकुमार जैन इलाहबाद
५०१) श्रीमती चतुराबाई सुन्दरलाल चक्रेश्वरा
५०१) श्री शांतिलालजी गुलाबचन्दजी गांधी अकलूज
५०१) श्री जयकुमारजी खुशालचन्दजी गांधी अकलूज
५०१) श्री दीपचन्द जी लालचन्द जी फडे अकलूज
५०१) श्री प्रेमचन्दजी गुलाबचन्दजी गांधी अकलूज (श्री कांतिलालजी प्रेमचन्दजी कपुनी य स्मृती में)
५०१) श्रीमती चच्चल बाई हीरचन्द गंगाराम भम्मडूकर अकलूज
५०१) श्री अनंतलालजी फूलचन्दजी फडे अकलूज
५०१) श्री बापूचन्दजी वीरचन्दजी दोशी अकलूज
५०१) श्री बापूचन्दजी मोतीचन्दजी अकलूज
५०१) श्री प्रेमचन्दजी फूलचन्दजी फडे अकलूज
५०१) श्री नेमीचन्दजी फूलचन्दजी फडे अकलूज
५०१) श्री मान् सेठ सम्पत कुमार जी कटक
५०१) श्रीमान् सेठ विजय कुमार जी कटक
१५०१) श्री भाग चन्दजी छाबडा जयपुर
१००१) श्री हरक चन्दजी पाण्डया (गोहाटी वाले) जयपुर
१००१) श्री मोतीलालजी छाबडा, जयपुर

१००१) श्री मोतीलालजी जौहरीलालजी, खड़गपुर
१००१) श्री महावीर कुमारजी लौंग्या, जयपुर
१००१) श्री शांतिकुमारजी गंगवाल जयपुर
५०१) श्री मोतीलालजी हाड़ा जयपुर
५०१) श्री रतनलालजी गिरराज जी राणा
५०१) श्री गुलाबचन्दजी चौमू वाले फर्म (रामसुख चुन्नीलाल) जयपुर
५०१) श्री चिरंजी लालजी महावीर कुमारजी सोगाणी जयपुर
५०१) श्री सुन्दर लालजी गप्पूलालजी पापड़ीवाल, जयपुर
५०१) श्री कपूरचन्दजी पाण्डया, जयपुर
५०१) श्री हीरालालजी सेठी जयपुर
५०१) श्री कमल चन्दजी चिंतामणीजी बज जयपुर
५०१) श्री हरिश्चन्द्रजी पाटनी, जयपुर
५०१) श्री प्रेमचन्दजी अनिलकुमारजी काला, जयपुर
५०१) श्री रामअवतारजी राजकुमारजी, जयपुर

"कुंथु विजय ग्रंथ माला" समिति उपरोक्त सभी महानुभाओ का आभार प्रकट करती है। कि समिति के द्वारा भविष्य में जब २ भी इस प्रकार के अद्भुत अलभ्य ग्रंथों का प्रकाशन होगा, सहयोग मिलता रहेगा।